6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 331 | पृष्ठ : 20
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 11 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2082

क्रिकेट | टी-20 विश्वकप से पहले कैप्टन कूल से जीत का मंत्र लेकर आए थे सूर्य...स्पोर्ट्स



## आपको इस पर यकीन नहीं होगा!

### हाँ, यह असंभव लगता है - लेकिन यह सच है

## भारत में पहली बार
## 97% महिलाओं को सम्मान, पंजाब सरकार का ऐतिहासिक कदम

### मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना

अब पंजाब की हर महिला को
**₹1,000**
प्रतिमाह

एस.सी. वर्ग की महिलाओं को
**₹1,500**
प्रतिमाह

“पंजाब ने पूरे देश के सामने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है। "मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना" यह साबित करती है कि अगर सरकार की नीयत साफ हो, तो हर गारंटी पूरी की जा सकती है। जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा।”

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



## शानदार चार साल, भगवंत मान दे नाल

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब




**21वां रोजा इफ्तार**

11 मार्च 2026
सुन्नी 6:28 बजे
शिया 6:38 बजे

**22 वां रोजा सहरी**

12 मार्च 2026
सुन्नी 5:16 बजे
शिया 5:06 बजे

**नोट :** सहरी और इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।


# ग्रीन बजट से पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर

## दिल्ली में ग्रीन बजट की तैयारी, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाएगी सरकार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ग्रीन बजट की तैयारी में जुटी है। इसका मकसद है कि बजट का एक बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण कम करने, साफ ऊर्जा और पानी बचाने जैसी योजनाओं पर लगे, ताकि विकास और हरियाली साथ-साथ चल सकें।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, ग्रीन बजट में साफ तौर पर दिखेगा कि सरकार पर्यावरण से जुड़े कामों पर कितना खर्च कर रही है और उसके नतीजे क्या आ रहे हैं। इससे बजट में पारदर्शिता आएगी और पैसा सही जगह लगेगा। कई देशों और भारत के कुछ राज्यों ने पहले से ही ग्रीन बजट या क्लाइमेट बजट शुरू कर दिए हैं। दिल्ली सरकार भी इन मॉडलों को देख रही है और राजधानी के लिए सबसे सही तरीका तलाश रही है।




**विशेषज्ञों से सलाह**

सरकार अब विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, नीति बनाने वालों और अलग-अलग विभागों से बात कर रही है। सबकी राय लेकर ग्रीन बजट को जमीन पर उतारा जाएगा। मकसद साफ है दिल्ली में हर नया प्रोजेक्ट पर्यावरण के हिसाब से हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां साफ हवा, साफ पानी और हरा-भरा शहर पाएं।

### विकास का नया रोल मॉडल बनेगा

दिल्ली को साफ, हरा और टिकाऊ शहर बनाने में ग्रीन बजट बड़ा रोल निभा सकता है। यह न सिर्फ प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करेगा, बल्कि राजधानी को पूरे देश के लिए हरित विकास का मॉडल भी बन सकता है।

**ग्रीन बजट पर निवेश बढ़ेगा**

यह बजट सिर्फ पर्यावरण बचाने तक नहीं रुकेगा। इससे अर्थव्यवस्था को भी फायदा होगा। स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, कचरा प्रबंधन, पानी बचत और हरी इमारतों जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा। नई तकनीकें आएंगी और खासकर युवाओं के लिए रोजगार के ढेर सारे मौके पैदा होंगे। मतलब, पर्यावरण बचाओ और कमाओ भी, दोनों काम एक साथ होंगे। दिल्ली सरकार ने पहले से इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।

# व्यस्त समय में बढ़ेंगी बसें, डीटीसी 5,800 बसों के लिए बना रहा शेड्यूल

**नई दिल्ली।** राजधानी में बसों का इंतजार कम करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) बस संचालन का नया टाइमटेबल बनाने पर काम कर रहा है। इसके तहत व्यस्त समय में बसों की आवृत्ति बढ़ाई जाएगी और कई प्रमुख रूटों पर बसें हर 30 मिनट की बजाय 15 मिनट के अंतराल पर चलाई जा सकती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हाल ही में दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) के तहत संचालित करीब 2,500 बसों का संचालन डीटीसी के पास आने के बाद अब निगम लगभग 5,800 बसों के पूरे नेटवर्क के लिए नया परिचालन प्लान तैयार कर रहा है। अब तक डीटीसी और डीआईएमटीएस की बसें अलग-अलग संचालन व्यवस्था के तहत चलती थीं। इस कारण कई बार दोनों एजेंसियों की बसें एक ही रूट पर लगभग एक ही समय पर पहुंच जाती थीं, जबकि दूसरे समय अंतराल में यात्रियों को बस के लिए इंतजार करना पड़ता था।

**इंतजार कम करने के लिए डीटीसी बस संचालन का नया टाइमटेबल बनाने पर हो रहा काम**

अधिकारियों का कहना है कि सभी बसों का संचालन एक व्यवस्था में आने से अब रूट और समय का बेहतर समन्वय किया जा सकेगा। नए टाइमटेबल में उन रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है जहां यात्रियों की संख्या अधिक रहती है। इनमें पुरानी दिल्ली से महरौली, कपासहेड़ा, बदरपुर, मोलड़बंद, नरेला और नजफगढ़ जैसे रूट शामिल हैं। नई योजना के तहत यात्रियों की मांग के आधार पर बसों का संचालन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच, जब यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है, बसों की आवृत्ति घटाई जा सकती है।

विभाग की समीक्षा में यह भी सामने आया है कि सुबह 5 बजे से बसें चलने के बावजूद शुरुआती समय में कई बसें खाली चलती हैं। ऐसे में प्रस्ताव है कि सुबह के शुरुआती समय में बसों की संख्या थोड़ी कम रखी जाए और सुबह 6 बजे के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसों की संख्या बढ़ाई जाए। ब्यूरो

**आज के कार्यक्रम**

**नृत्य**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** शाम 7 बजे मैत्रियम नामक नृत्य प्रस्तुति का आयोजन।

**प्रदर्शनी**

- **त्रिवेणी कला संगम :** सुबह 11 बजे कला प्रदर्शनी का आयोजन।
- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** शाम खुर्जा- द क्ले स्पेस फिल्म प्रदर्शनी का आयोजन।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

# सिलिंडर की आपूर्ति पर संकट, गैस एजेंसियों पर लग रहीं लंबी कतारें

## सप्लाई में देरी और सीमित उपलब्धता के कारण कई जगहों पर सिलिंडर की डिलीवरी हुई प्रभावित

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर अब दिल्ली-एनसीआर की रसोई पर दिखने लगा है। गैस की सप्लाई चेन बाधित होने से दिल्ली में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत होने लगी है। गैस एजेसियों में बड़ी संख्या में लोगों इसकी शिकायत कर रहे हैं।

दिल्ली के कई इलाकों में मंगलवार को गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिली। माता सुंदरी रोड डीडीए मार्केट स्थित एक गैस सर्विस सेंटरों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। इसके अलावा, झंडेवालान स्थित एक गैस एजेंसी के बाहर दर्जनों लोग खड़े नजर आए, जहां सिलेंडर पहुंचते ही मिनटों में खत्म हो जाते हैं। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि पिछले एक हफ्ते से सिलिंडर की मांग अचानक बढ़ गई है। कई लोग जरूरत से ज्यादा सिलिंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर सिलिंडर पहुंचते ही कुछ ही मिनटों में खत्म हो जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लैक मार्केट में सिलिंडर की कीमत 1500 रुपये तक पहुंच गई है।

**होटलों और रेस्तरां को गैस नहीं मिल रही :** दक्षिण दिल्ली के एक इंडेन गैस डिलीवरी बॉय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सिलिंडर की मांग 25-30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। घबराहट में कई उपभोक्ता अतिरिक्त सिलिंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ गैस एजेंसियों के संचालकों के अनुसार, पिछले दो दिनों से कॉमर्शियल सिलिंडरों की सप्लाई नहीं आ रही है। इससे होटल और रेस्तरां को गैस नहीं मिल पा रही है। कुछ एजेंसियों ने अपने कार्यालयों के बाहर नोटिस भी लगा दिए हैं कि फिलहाल कॉमर्शियल गैस की सप्लाई उपलब्ध नहीं है। उषा गैस सर्विस संचालक के अनुसार कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति पर अभी संकट है। इसलिए वे फिलहाल सप्लाई नहीं दे पा रहे हैं। इससे कई ग्राहक परेशान होकर एजेंसी पहुंच रहे हैं।

**स्ट्रीट फूड बेचने वाले हुए बेरोजगार :** रेहड़ी पर फूड स्टॉल लगाने वाले रमेश ने बताया कि वह 5 किलो के सिलिंडर पर चाय बना कर बेचते थे। अब उनको छोटा सिलिंडर मार्केट में नहीं मिल रहा है। इस कारण उनके रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है।




कड़कड़डूमा स्थित गैस एजेंसी पर सिलिंडर लेते उपभोक्ता। अमर उजाला

**बन सकती है गैस खत्म होने की स्थिति**

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष जोरावर कालरा ने कहा कि दिल्ली के कई होटल, रेस्तरां और ढाबों में मंगलवार रात से गैस खत्म होने की स्थिति बन सकती है। रेस्तरां उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि केवल ऑफलाइन ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी से जुड़े क्लाउड किचन भी इस संकट से प्रभावित हो सकते हैं।

### नंबर स्विच, व्हाट्सएप नहीं ले रहा बुकिंग

मॉडल टाउन के रहने वाले सतीश भारद्वाज ने बताया कि बीते शुक्रवार को इंडेन गैस में बुकिंग कराई थी, लेकिन मौजूदा समय तक डिलीवरी नहीं हुई है। घर में गैस कभी भी खत्म हो सकती है। ऐसे में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शाहदरा निवासी राहुल ने बताया कि उनका सिलिंडर खत्म होने वाला है। ऐसे में मंगलवार सुबह 11 बजे से बुकिंग प्रकिया शुरू करने की कोशिश की, लेकिन नंबर स्विच ऑफ बता रहा था। ऐसे में व्हाट्सएप के जरिए बुकिंग करने की कोशिश की, तो वहां से भी नहीं हुआ।

### लोग परेशान न हों, एलपीजी सिलिंडर पर्याप्त

एलपीजी सिलिंडर के घरेलू उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट अगर आगे भी चला तो भी रसोई गैस की दिक्कत नहीं होगी। हमारी फेडरेशन में करीब 33 करोड़ उपभोक्ता हैं, इनमें से 75 फीसदी के पास दो सिलिंडर है। इससे इनको दिक्कत नहीं होगी। सरकार भी भरोसा दिला रही है कि रसोई गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। **-पीएन सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष, ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर फेडरेशन**

### एलपीजी संकट पर आप का केंद्र सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति को लेकर बढ़ती आशंकाओं और कॉमर्शियल गैस की सप्लाई सीमित किए जाने की खबरों के बीच आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर अब भारत में गैस और तेल की उपलब्धता पर दिखाई देने लगा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी की सजा देश की जनता को भुगतनी पड़ रही है।

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि देशभर में शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर बाकी कॉमर्शियल संस्थानों को एलपीजी सिलिंडरों की सप्लाई बंद कर दी गई है। फिलहाल केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि कुछ दिन पहले तक सरकारी सूत्र देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं होने का दावा कर रहे थे, लेकिन अब सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत गैस की आपूर्ति को नियंत्रित कर रही है। सिसोदिया ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अब गैस की सप्लाई को नियंत्रित किया जा रहा है, रिफाइनरियों को गैस डायवर्ट करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। ब्यूरो

# कश्मीरी गेट के दबाव को बांटेगा भलस्वा आईएसबीटी

## भलस्वा लैंडफिल जमीन पर बनेगा आईएसबीटी, बाहरी राज्यों से आने वाली बसों को शहर के भीतर नहीं आना पड़ेगा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए सरकार भलस्वा क्षेत्र में नया अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) बनाने की योजना पर काम कर रही है। प्रस्तावित आईएसबीटी भलस्वा लैंडफिल से कचरा हटाकर रिक्लेम की गई जमीन पर विकसित किया जाएगा। साथ ही पास में अर्बन एक्सटेंशन रोड-दो (यूईआर-दो) के आसपास एक अतिरिक्त डीटीसी डिपो बनाने की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जा रहा है।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को परिवहन विभाग और डीटीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों के मुताबिक, नया आईएसबीटी बनने के बाद कश्मीरी गेट बस अड्डे पर यात्रियों और बसों का दबाव कम होगा। अभी उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली ज्यादातर अंतरराज्यीय बसें कश्मीरी गेट तक आती हैं, जिससे आसपास के इलाकों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। प्रस्तावित भलस्वा आईएसबीटी का उद्देश्य बाहरी राज्यों की बसों को शहर के भीतर आने से पहले ही टर्मिनेट करना है। कई बसों को कश्मीरी गेट तक लाने की बजाय भलस्वा आईएसबीटी तक ही सीमित किया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार नए आईएसबीटी का उपयोग मुख्य रूप से उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली बसों के लिए किया जा सकता है। इनमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की बसों को यहां से संचालित करने की योजना है।



बैठक लेते परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह। संवाद

### इस साल शुरू हो जाएंगे दो एटीएस

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नए बस टर्मिनल, डिपो और आधुनिक परीक्षण केंद्र जैसे कदम शहर के परिवहन ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बैठक में यूईआर-दो कॉरिडोर के साथ एक नया डीटीसी बस डिपो विकसित करने की संभावनाओं का भी आकलन करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बुराड़ी स्थित मौजूदा बस डिपो को भी अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में वाहन फिटनेस परीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि नंद नगरी और तिहखंड में स्थापित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) अप्रैल से जनता के लिए शुरू किए जाने की संभावना है।

# कश्मीरी गेट आईएसबीटी में फिर शुरू होंगी दुकानें

## डीटीआईडीसी ने 20 कॉमर्शियल स्पेस के लिए निकाला टेंडर

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट आईएसबीटी में यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने और राजस्व में इजाफा करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (डीटीआईडीसी) ने दोबारा कॉमर्शियल गतिविधियां शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत बस अड्डे के अंदर करीब 20 स्थानों की पहचान कर उन्हें किराये पर देने के लिए टेंडर जारी किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इन जगहों का इस्तेमाल रिटेल दुकानों, सर्विस आउटलेट और सुविधा स्टोर के रूप में किया जा सकेगा। इन स्थानों को शुरुआत में दो साल के लाइसेंस पीरियड के लिए दिया जाएगा, जिसे कामकाज के प्रदर्शन के आधार पर एक साल और बढ़ाया जा सकेगा। डीटीआईडीसी के अनुसार कश्मीरी गेट आईएसबीटी दिल्ली के सबसे व्यस्त बस टर्मिनलों में से एक है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। ब्यूरो

### दो साल पहले लगा था प्रतिबंध

दो साल पहले कश्मीरी गेट आईएसबीटी के दौरे के दौरान उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने यहां खाने-पीने की दुकानों में गंदगी और अव्यवस्था देखकर बस अड्डे के भीतर सभी कॉमर्शियल गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से टर्मिनल के अंदर खाने-पीने की दुकानों सहित कोई भी दुकान संचालित नहीं हो रही थी। हालांकि इससे यात्रियों को कुछ असुविधा हुई, लेकिन सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ। अब डीटीआईडीसी वहां कैंटीन और अन्य कॉमर्शियल सुविधाएं नियंत्रित व्यवस्था के साथ दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और निगम की आय भी बढ़ सके।

### रेलवे ने मार्च तक स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ाने का फैसला किया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मार्गों पर चल रही स्पेशल ट्रेनों का संचालन मार्च के अंत तक जारी रखा जाएगा। रेलवे के अनुसार दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल, पटना-नई दिल्ली, धनबाद-दिल्ली, शेखपुरा-आनंद विहार टर्मिनल, सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल और पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार टर्मिनल सहित कई महत्वपूर्ण रूटों पर स्पेशल ट्रेनों की सेवाएं बढ़ाई गई हैं। इन ट्रेनों के संचालन की अवधि 13 से लेकर 31 मार्च तक अलग-अलग तारीखों तक बढ़ाई गई है। दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (03257) का संचालन 15 से 29 मार्च, आनंद विहार टर्मिनल-दानापुर स्पेशल (03258) 16 से 30 मार्च, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल (05219) 13 से 27 मार्च और आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल (05220) 14 से 28 मार्च तक संचालित की जाएगी। इसके अलावा पटना-नई दिल्ली स्पेशल (03293) 16 से 30 मार्च, दिल्ली-पटना स्पेशल (03294) 17 से 31 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। ब्यूरो

# नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू आज संभालेंगे पदभार

## पूर्व राजदूत संधू राजनिवास में लेंगे शपथ, सीएम ने किया स्वागत, मुलाकात में दिल्ली की प्रगति पर हुई चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली को नया उपराज्यपाल मिल गया है। भारतीय विदेश सेवा के अनुभवी अधिकारी तरनजीत सिंह संधू बुधवार को राजनिवास में शपथ लेकर आधिकारिक तौर पर पदभार संभाल लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

पदभार ग्रहण से एक दिन पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संधू से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में स्वागत किया। सीएम के मुताबिक, इस दौरान दिल्ली की तरक्की और लोगों के हित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात हुई। रेखा गुप्ता ने कहा कि संधू के व्यापक प्रशासनिक अनुभव और कुशल नेतृत्व से दिल्ली विकास में नए मुकाम हासिल करेगी।

तरनजीत सिंह संधू विनय कुमार सक्सेना की जगह ले रहे हैं, जिन्हें हाल ही में लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू 1988 बैच के आईएफएस अधिकारी रहे हैं और अमेरिका में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर चुके हैं।



नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू का स्वागत करतीं सीएम रेखा गुप्ता। अमर उजाला

# गति सुस्त होने से बढ़ा प्रदूषण हवा खराब श्रेणी में बरकरार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हवा की गति कम होने के कारण हवा खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 265 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें सोमवार की तुलना में 56 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 340 दर्ज किया गया, यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 329, गुरुग्राम में 307 और नोएडा में 288 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 224 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

दोपहर चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 256.2 और पीएम2.5 की मात्रा 128.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। ऐसे में सीपीसीबी का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार तक हवा मध्यम श्रेणी में पहुंचने के संभावना है।

# मार्च में देखने को मिली धुंध थमी वाहनों की रफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मार्च का महीना आमतौर पर चटक धूप और बढ़ती गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन इस साल मौसम के मिजाज ने सबको हैरान कर दिया है। मंगलवार सुबह दिल्ली के कई इलाकों में घने धुंध नजर आए।

इससे सड़कों पर दृश्यता की कमी रही जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालय की पहाड़ियों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर और पूर्वी हवाओं और अधिक नमी के चलते ऐसी स्थिति देखने को मिली है। यह मार्च के महीने में सामान्य स्थिति है। पिछले साल के आंकड़े बताते हैं कि मार्च की शुरुआत में घने कोहरे की स्थिति अक्सर बनती रही है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मार्च में इस तरह का घना कोहरा कोई पहली बार नहीं देखा गया है। साल 2008 में 6 से 8 मार्च के बीच भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। इससे बिजली ट्रांसमिशन लाइनें फेल हो गई थीं। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस मौसम में वाहन चलाते समय अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। कोहरे के वाहन चालकों की दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। उनके अनुसार, जैसे-जैसे दिन में धूप निकलती है और तापमान बढ़ता है, कोहरा धीरे-धीरे घुल जाएगा और दृश्यता सामान्य हो जाएगी।

**हिमालय की पहाड़ियों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर, पूर्वी हवाएं व अधिक नमी मुख्य कारण**

**कोहरे के पीछे का वैज्ञानिक कारण**

- मौसम वैज्ञानिकों ने इस बेमौसम बदलाव के पीछे किसी चमत्कार के बजाय ठोस भौगोलिक कारणों को जिम्मेदार ठहराया है
- **पश्चिमी विक्षोभ:** हिमालयी क्षेत्रों में सक्रिय विक्षोभ के कारण मैदानी इलाकों में हवाओं का रुख बदला है।
- **नमी का प्रवेश :** पिछले दिनों हुई हल्की बूंदाबांदी और निचले वायुमंडल में स्थिर बाउंड्री लेयर की वजह से नमी संघनित होकर घने कोहरे में बदल गई।
- **तापमान में गिरावट :** रात के समय तापमान गिरने और पूर्वी हवाओं के संगम ने दिसंबर जैसी धुंध की स्थिति पैदा कर दी।

**ईरान-इजरायल युद्ध का कनेक्शनः अफवाह या हकीकत?**

इस कोहरे को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे ईरान-इजरायल युद्ध में इस्तेमाल हो रहे हथियारों और रसायनों के धुएं से जोड़ रहे हैं। उनका तर्क है कि युद्ध के कारण वैश्विक जलवायु प्रभावित हो रही है। जबकि मौसम वैज्ञानिकों ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है।

**खुशखबरी** | डीडीए की योजना से खेल ढांचे में होगा सुधार, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की भी संभावना

# नरेला में 75 एकड़ में बनेगा मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नरेला में 75 एकड़ जमीन पर मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार की है। नरेला के सेक्टर जी-3 और जी-4 में प्रस्तावित यह परियोजना आकार और सुविधाओं के लिहाज से राजधानी के बड़े खेल परिसरों में शामिल हो सकती है।

यह राजधानी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में खेल सुविधाओं का बड़ा केंद्र विकसित होगा। डीडीए ने इसके लिए निजी निवेश के माध्यम से निर्माण और संचालन कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना का उद्देश्य केवल एक स्टेडियम बनाना नहीं, बल्कि ऐसा आधुनिक खेल परिसर विकसित करना है जहां एक ही स्थान पर विभिन्न खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हों।

प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स में आउटडोर खेलों के मैदान के साथ-साथ इनडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं, प्रशिक्षण केंद्र, खिलाड़ियों के लिए आधारभूत ढांचा और खेल आयोजनों के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। इसके बनने के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों की मेजबानी की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं। दिल्ली में मौजूद बड़े स्टेडियमों की बात करें तो अधिकांश खेल परिसर दक्षिण और मध्य दिल्ली में स्थित हैं। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम और अंबेडकर स्टेडियम जैसे प्रमुख खेल स्थल शहर के केंद्रीय और दक्षिणी हिस्सों में केंद्रित हैं। इसके विपरीत उत्तर और बाहरी दिल्ली में बड़े खेल परिसरों की संख्या सीमित है। ऐसे में नरेला में प्रस्तावित यह मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम उत्तर दिल्ली के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सुविधा साबित हो सकता है।

**आकार के लिहाज से भी होगा बड़ा परिसर**

करीब 75 एकड़ में बनने वाला यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स क्षेत्रफल के लिहाज से दिल्ली के कई मौजूदा खेल परिसरों से बड़ा होगा। आमतौर पर शहर के कई स्टेडियम सीमित क्षेत्र में बने हैं, जबकि नरेला परियोजना को बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स कैंपस के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे एक ही परिसर में कई खेलों की गतिविधियां आयोजित करना आसान होगा। नरेला क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग-1 और अन्य प्रमुख सड़कों से जुड़ा हुआ है। आने वाले वर्षों में यहां सड़क और परिवहन ढांचे में भी सुधार की योजना है।

**खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का केंद्र**

प्रस्तावित मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स केवल प्रतियोगिताओं के आयोजन तक सीमित नहीं रहेगा। इसे खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के केंद्र के रूप में भी विकसित करने की योजना है। यहां प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल अकादमियां और अन्य सहयोगी ढांचा विकसित किया जा सकता है, जिससे उभरते खिलाड़ियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर अभ्यास का अवसर मिलेगा।

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 331 | पृष्ठ : 20
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 11 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2082



**खरी-खरी** यूएन में भारत का अफगानिस्तान को समर्थन, पाकिस्तान को कहा पाखंडी...14 दिल्ली-एनसीआर

# गैस संकट : देशभर में ईसीए लागू, घरेलू उपभोक्ताओं व वाहनों को निर्बाध आपूर्ति

## युद्ध का असर : घरेलू गैस आवंटन में बड़ा बदलाव, उपभोक्ताओं को श्रेणियों में बांटा

## व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति समस्याओं की जांच के लिए समिति

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाली गैस आपूर्ति में रुकावटों को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू गैस आवंटन में बड़ा बदलाव किया है। घरेलू उपभोक्ताओं और वाहनों के लिए गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) लागू करते हुए प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 जारी किया है। रिफाइनरी एवं कंपनियों को घरेलू गैस (एलजीपी) का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, होटल-रेस्तरां के लिए व्यावसायिक एलपीजी की जरूरतों की समीक्षा के लिए समिति बनाई गई है।

संघर्ष के कारण भारत की 30 फीसदी गैस आपूर्ति बाधित होने के बाद तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोमवार देर रात ईसीए की अधिसूचना जारी की। गैस उपलब्धता के आधार पर उपभोक्ताओं को श्रेणियों में बांटा गया है। नई व्यवस्था के तहत अब प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में घरेलू पाइप वाली गैस (पीएनजी), वाहनों के लिए सीएनजी और घरेलू गैस सिलिंडर के उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों को बीते छह महीने की औसत खपत का 100 फीसदी हिस्सा मिलता रहेगा। दूसरी प्राथमिकता, उर्वरक कंपनियों को खपत का 70 फीसदी हिस्सा दिया जाएगा। तीसरी व चौथी प्राथमिकता चाय उद्योग, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को दी है, जिन्हें औसत खपत का 80% गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। भारत अपनी गैस खपत 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन का आधा हिस्सा आयात करता है। होर्मुज से टैंकरों की आवाजाही रुकने से छह करोड़ मानक घन मीटर रोज गैस आपूर्ति बाधित हुई है।

अधिसूचना के अनुसार, देश की प्राकृतिक गैस आपूर्ति का प्रबंधन सरकारी कंपनी गेल करेगी, ताकि प्राथमिक क्षेत्रों में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और घरेलू रसोई गैस तथा परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। एलएनजी बिक्री के लिए सभी अनुबंध व वाणिज्यिक समझौते रद्द हो गए हैं। >> युद्ध का दंश : पेज 16



इंतजार...लखनऊ में रसोई गैस सिलिंडर के लिए एजेंसी के बाहर लगीं कतारें। एजेंसी

### एलपीजी का उत्पादन 10% बढ़ा, अभी संकट नहीं

सरकारी उपायों के बाद तेल रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन करीब 10 फीसदी बढ़ा है। सभी रिफाइनरियां 100 फीसदी क्षमता पर काम कर रही हैं।

भारत की स्थिति अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। सरकार ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई देशों के साथ लगातार संपर्क में है। सूत्रों ने दावा किया, फिलहाल एलपीजी का कोई संकट नहीं है।

**औद्योगिक गैस में कटौती**

घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए सरकार ने गैर-जरूरी और औद्योगिक क्षेत्रों की गैस आपूर्ति में कटौती का आदेश दिया है। पेट्रोकेमिकल संयंत्र व बिजली उत्पादन इकाइयों की गैस आपूर्ति कम की जा सकती है। रिफाइनरियों से गैस खपत में 35 फीसदी कटौती करने को भी कहा है, ताकि वह गैस जनता को उपलब्ध कराई जा सके। प्रोपेन और ब्यूटेन जैसी गैसों का इस्तेमाल पेट्रोकेमिकल्स के बजाय अब खाना पकाने की गैस बनाने में किया जाएगा।

### दिल्ली में भी गैस एजेंसियों पर लगी रहीं लंबी-लंबी कतारें

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर अब दिल्ली-एनसीआर की रसोई पर दिखने लगा है। गैस की सप्लाई चेन बाधित होने से दिल्ली में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत होने लगी है। गैस एजेंसियों में बड़ी संख्या में लोगों इसकी शिकायत कर रहे हैं। >> अपना शहर

### पीएम ने की उपायों पर चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रियों को तालमेल के साथ काम करने के लिए कहा, ताकि युद्ध का असर



पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमतों पर न पड़े। यह बैठक देश की ऊर्जा स्थिति की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी।

■ सूत्रों ने बताया, प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम की बढ़ती कीमतों का खामियाजा न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का बड़ा आयातक है। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहे।

### होटल-रेस्तरां रहे बंद, समिति करेगी निगरानी

युद्ध का असर अब भारत में रोजमर्रा के जीवन पर दिखने लगा है। दिल्ली, बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा,



चेन्नई में बंद रेस्तरां।

तमिलनाडु समेत कई राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडरों की भारी कमी हो गई है। होटलों और रेस्तरां ने गैस आपूर्ति न होने से मंगलवार को काम बंद रखा। उद्योग संगठनों के अनुसार, अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो एक-दो दिन में बड़ी संख्या में होटल व रेस्तरां बंद करने पड़ सकते हैं।

■ *नेशनल रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष जोरावर कालरा ने कहा कि समस्या जारी रहती है, तो रेस्तरां उद्योग को प्रतिदिन 1200-1300 करोड़ रुपये का संभावित नुकसान हो सकता है।*

■ **समिति करेगी बात :** व्यावसायिक गैस आपूर्ति की समस्याएं सुनने के लिए बनाई समिति में तेल कंपनियों एचपीसीएल, आईओसी व बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक शामिल हैं। समिति होटल-रेस्तरां की एलपीजी जरूरतों की समीक्षा करेगी। सरकार ने स्पष्ट किया, उनकी वास्तविक जरूरत पूरी की जाएगी।

भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए केंद्र ने किया बदलाव

# एफडीआई के नियमों में ढील चीन से निवेश की राह आसान

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। अब इन देशों की 10 फीसदी तक की हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां अनिवार्य मंजूरी के बिना देश में निवेश कर सकेंगी। अभी इन देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार की मंजूरी अनिवार्य होती थी। हालांकि, एफडीआई मानदंडों की अन्य शर्तें, जिनमें क्षेत्रीय सीमाएं और प्रवेश मार्ग शामिल हैं, इन निवेशों पर लागू होंगी।

नए नियमों के तहत, इन निवेशों से जुड़े विवरण उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग को पूर्व में देने होंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एफडीआई नियमों से जुड़े 2020 के प्रेस नोट-3 (पीएन3) में बदलाव किया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, संशोधन में लाभकारी स्वामित्व के निर्धारण के लिए परिभाषा व मानदंड का प्रावधान है, जिसका उपयोग निवेश समुदाय की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम नियम, 2003 के तहत किया जाता है। लाभकारी स्वामित्व परीक्षण निवेशक इकाई के स्तर पर लागू होगा।

गैर-नियंत्रणकारी भूमि सीमावर्ती देशों (एलबीसी) के निवेशकों को क्षेत्रीय सीमाओं, प्रवेश मार्गों व शर्तों के अनुसार स्वचालित मार्ग के तहत 10 फीसदी तक लाभकारी स्वामित्व की अनुमति मिलेगी। सरकार ने विशिष्ट क्षेत्रों में एलबीसी से निवेश प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी का भी निर्णय किया है। इसके तहत, पूंजीगत व इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं-घटक, पॉलीसिलिकॉन एवं इनगॉट-वेफर या कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति के सुझाव पर निवेश प्रस्तावों पर 60 दिन में निर्णय होगा। इन मामलों में, निवेशित इकाई की अधिकांश शेयरधारिता व नियंत्रण भारतीय नागरिकों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली भारतीय कंपनी का होगा। कोविड-19 महामारी के कारण भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहणों को रोकने के लिए, सरकार ने अप्रैल, 2020 में एफडीआई नीति में संशोधन किया था।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### स्टार्टअप-डीपटेक को मिलेगा बढ़ावा

एफडीआई नीति में संशोधन का मकसद स्टार्टअप और डीप टेक के लिए वैश्विक फंडों से अधिक एफडीआई आकर्षित करना और कारोबार में सुगमता की कार्य योजना को आगे बढ़ाना है।

■ *भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार व अफगानिस्तान हैं। हालांकि पाकिस्तान के साथ अभी भारत के सभी कारोबार बंद हैं।*

### भारत के एफडीआई में 0.32% थी चीनी हिस्सेदारी

अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक भारत में एफडीआई में चीनी हिस्सेदारी महज 0.32% (2.51 अरब डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है।

■ **जून, 2020** में गलवां घाटी में सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते बेहद खराब हो गए। तब भारत ने टिकटॉक, वीचैट जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया।

■ हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम एफडीआई मिला, फिर भी द्विपक्षीय व्यापार कई गुना बढ़ गया।

**चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है...**

■ 2024-25 में भारत का चीन को निर्यात 14.5% घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया। 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा 2023-24 के 85 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 99.2 अरब डॉलर हो गया।

■ अप्रैल-जनवरी 2025-26 में, भारत का चीन को निर्यात 38.37 फीसदी बढ़कर 15.88 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.82 फीसदी बढ़कर 108.18 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 92.3 अरब डॉलर रहा।

### पीएन3 संशोधन को यूं समझिए

■ किसी चीनी फर्म के निवेश के लिए अब भी सरकार की मंजूरी जरूरी होगी, लेकिन अब इसमें एक क्लॉज है जिसके अनुसार देश के लिए महत्वपूर्ण कुछ चुनिंदा सेक्टरों में सरकार को 60 दिन के अंदर निवेश प्रस्ताव के बारे में फैसला लेना होगा।

■ जिन निवेशक फर्म में चीनी स्वामित्व 10 फीसदी से कम है, वे अब निवेश का सामान्य रास्ता चुन सकते हैं। यह सभी क्षेत्रों पर लागू होगा। यानी सिंगापुर की पीई फर्म, जिसमें चीनी निवेश 10 फीसदी से कम है, उनके साथ सामान्य अमेरिकी पीई फर्म की तरह व्यवहार किया जाएगा।

■ इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में तय लक्ष्य हासिल करने के लिए चीन व भारत के बीच तीन आयामी गठजोड़ जरूरी है। ये हैं-चिप्स, निवेश और प्रतिभा।

# हवाई सफर भी महंगा, एअर इंडिया ने ₹399 बढ़ाया ईंधन अधिभार

## कल से घरेलू उड़ानों पर लागू...फिर सार्क देशों पर, पश्चिम एशिया की उड़ानों के लिए 10 डॉलर

**नई दिल्ली।** तेल संकट का असर हवाई यात्रा के किरायों पर भी दिखने लगा है। एअर इंडिया व एअर इंडिया एक्सप्रेस ने विमान ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि का हवाला देते हुए 12 मार्च से घरेलू उड़ान के प्रत्येक टिकट पर 399 रुपये का ईंधन अधिभार लगाने की घोषणा की है।



एयरलाइंस ने अंतरराष्ट्रीय बुकिंग के लिए शुल्क में भी वृद्धि की है।

एयरलाइन ने कहा कि नया ईंधन अधिभार चरणबद्ध तरीके से लागू होगा। पहले चरण में, 12 मार्च से घरेलू उड़ान टिकटों पर 399 रुपये का अधिभार लगाया जाएगा। यही अधिभार सार्क देशों की उड़ानों पर भी लागू होगा। पश्चिम एशिया की उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार 10 डॉलर होगा और अफ्रीका की उड़ानों के लिए यह 30 डॉलर बढ़कर 90 डॉलर हो जाएगा। दक्षिण पूर्व एशिया की सेवाओं के लिए यह 20 डॉलर बढ़कर 60 डॉलर हो जाएगा। सिंगापुर से आने-जाने वाली उड़ानों सहित ये सभी बदलाव 12 मार्च से प्रभावी होंगे। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर यह 3,000 रुपये तक होगा। ब्यूरो

## राजोरी : घुसपैठ की कोशिश नाकाम एक आतंकी ढेर

**राजोरी।** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार दोपहर पाकिस्तान की ओर से की गई घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया। सेना के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया, जबकि दूसरे आतंकी को ढूंढ निकालने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने दोपहर करीब तीन बजे नौशेरा सेक्टर के झांगड़ इलाके में दो आतंकियों की गतिविधि देखी। हरकत में आए जवानों की गोलीबारी में एक पाकिस्तान समर्थित आतंकी ढेर हो गया। दूसरे आतंकी के क्षेत्र में ही छिपे होने की आशंका है। उसकी तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है। तलाशी अभियान में ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। संवाद

## इंडिगो के सीईओ पीटर का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** उड़ानों के बड़े पैमाने पर संकट के करीब तीन माह बाद इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। मामले में डीजीसीए ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। >> कारोबार

## जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी, 2028 तक लागू रहेगा

**नई दिल्ली।** कैबिनेट ने 8.69 लाख करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी दे दी। योजना अब दिसंबर, 2028 तक लागू रहेगी। कुल परिव्यय में 3.59 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय मदद के रूप में होंगे। सरकार ने मिशन के इस चरण में बुनियादी ढांचे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ व नागरिक-केंद्रित पेयजल सेवा वितरण पर विशेष जोर देने का फैसला किया है। >> पेज 13






# कारोबारी के हत्यारोपियों से मुठभेड़, पुलिस पर चलाई गोली, बुलेट प्रूफ जैकेट से बची जान

अमर उजाला ब्यूरो



इसी जगह आरोपियों से पुलिस की हुई मुठभेड़। अमर उजाला

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने शाहबाद डेयरी इलाके में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है और वे अस्पताल में इलाजरत हैं। दोनों ओर से 11 राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के दौरान जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी बाल-बाल बचे। एक गोली उनके बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मोहम्मद इरफान और ऐश्वर्य पांडे के रूप में हुई है। दोनों बवाना इलाके में एक माह पहले लूटपाट के दौरान कारोबारी वैभव गांधी की हत्या के आरोप में वांछित थे। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### दो बदमाशों को लगी गोली, जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी बचे

पश्चिम परिक्षेत्र के संयुक्त आयुक्त ने पुलिस मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता ने बताया कि 9 फरवरी को बदमाशों ने बवाना सेक्टर-4 इलाके में कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या और लूटपाट का मामला दर्ज कर पुलिस ने 15 फरवरी को पांच बदमाशों रवि, संजय, अरुण, संदीप और हरीश को गिरफ्तार किया था। उसने पूछताछ में पता चला कि वारदात में मोहम्मद इरफान और ऐश्वर्य पांडे भी शामिल थे। दोनों बदमाशों पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जिले की नारकोटिक्स टीम को निगरानी के दौरान सोमवार की रात दोनों बदमाशों के शाहबाद डेयरी इलाके में मौजूदगी का पता चला। पुलिस उपायुक्त स्वामी की देखरेख में निरीक्षक गौरव चौधरी के नेतृत्व में टीम बनाकर पुलिस ने बाइक से आए बदमाशों को रोका, जिस पर बदमाश छह राउंड गोलियां चलाकर, वहां से भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस टीम ने बचाव में पांच गोलियां चलाईं। बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे बेहोश हो गए। दोनों को पास के अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद क्राइम और फोरेंसिक टीम ने वहां से साक्ष्य हासिल किए। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से दो पिस्टल, चार कारतूस, छह खोखा और समयपुर बादली इलाके से चोरी बाइक बरामद हुई है।

**मुख्य आरोपी पर दर्ज हैं 40 से अधिक मामले :** पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय मोहम्मद इरफान चांद बाग का रहने वाला है। उसपर 40 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट, लूटपाट, डकैती, चोरी और झपटमारी के मामले शामिल हैं। इनमें से 32 मामले दिल्ली और 8 उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। वहीं, वर्षीय ऐश्वर्य पांडे डिफेंस कॉलोनी भोपुरा चौक हिंडन मोड़, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसपर हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और चोरी के पांच मामले दर्ज हैं, जिसमें 4 उत्तर प्रदेश और एक दिल्ली में दर्ज है।

## अपराध संक्षेप

### चोर को पकड़ते हुए गई जान, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रेलवे पुलिस ने शाहदरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर युवक से मोबाइल झपटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। झपटमारी की वारदात के बाद बदमाश का पीछा करने के दौरान पीड़ित वाजिदपुर बागपत यूपी निवासी 22 साल के रोहित कुमार की काठ गोदाम एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने मौत हो गई थी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान 25 साल के रोहित झा के रूप में हुई है। उसपर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। ब्यूरो

### चाकू से हमला करने वाले दो नाबालिग धरे

**नई दिल्ली।** थाना मुखर्जी नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास में दो नाबालिगों को पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो चाकू भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने चाकू ऑनलाइन शॉपिंग ऐप से खरीदे थे। पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि छह मार्च को जहांगीरपुरी निवासी आकाश तोमर (18) ने मुखर्जी नगर थाने में शिकायत दी थी। इसमें बताया कि पांच मार्च की शाम करीब पांच बजे वह अपने मित्रों के साथ जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-4 के पास एक रेहड़ी पर खाना खा रहा था। इसी दौरान उसका दो नाबालिगों से टकराव हो गया। कहासुनी के दौरान आकाश के नाबालिग मित्र ने एक को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद कुछ ही देर में उन नाबालिगों ने आकाश और उसके मित्र पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। संवाद

### आउटर नॉर्थ जिला सर्वश्रेष्ठ यूनिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के आउटर नॉर्थ जिले को बौद्धिक संपदा प्रवर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ पुलिस यूनिट का पुरस्कार मिला है। भारत मंडपम में हुए समारोह में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जिले के डीसीपी हरेश्वर स्वामी को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये का नकद देकर पुरस्कृत किया। यह सम्मान नकली उत्पादों और कॉपीराइट उल्लंघन के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियानों के लिए दिया गया है।डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस ने नकली सामान बनाने वाले कई गिरोहों का भंडाफोड़ किया था। इस उपलब्धि पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई दी है। संवाद

### रास्ता मांगने पर किशोर को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी के बी ब्लॉक में सोमवार देर रात गली में झगड़ा कर रहे कुछ युवकों ने रास्ता मांगने पर एक 16 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला कर दिया। वह आजादपुर मंडी में काम कर रहे पिता को खाना देकर लौट रहा था। पीड़ित को पास के अस्पताल से लोक नायक अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़ित परिवार के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। परिवार का आरोप है कि सभी आरोपी नशे की हालत में थे। हाथ, पेट और पीठ के नीचे चाकू लगने से किशोर की हालत नाजुक बनी हुई है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देने की बात कह रही है। ब्यूरो

### रुपयों के लेन-देन में हुई थी हत्या, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला के सीमापुरी इलाके में रविवार रात रफीकुल शाह (29) इसके दोस्त आमिर पर धारदार हथियार से हमला करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में मुख्य आरोपी जावेद उर्फ गुंडा (27) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल कैंची व वारदात के समय पहने कपड़े भी बरामद किए हैं। छानबीन में पुलिस को पता चला कि आरोपी की आमिर व रफीकुल से पैसे को लेकर रंजिश थी। आरोपी ने कुछ सामान रफीकुल व आमिर को बेचा था। यह लोग उसके पैसे नहीं दे रहे थे। रविवार को झगड़े के बाद आरोपी जावेद उर्फ गुंडा ने दोनों पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में रफीकुल की मौत हो गई। ब्यूरो

### कॉन्ट्रैक्टर गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** द्वारका कोर्ट ने मंगलवार को कॉन्ट्रैक्टर को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। उसे जनकपुरी में बाइक गड्ढे में गिरने से बैंक कर्मचारी की मौत के मामले में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि कॉन्ट्रैक्टर हिमांशु गुप्ता गिरफ्तारी से बच रहा था और पुलिस की कड़ी तलाशी के बाद मंगलवार सुबह उसे राजस्थान के उदयपुर से पकड़ा गया। दिल्ली पुलिस ने हिमांशु गुप्ता को ड्यूटी मजिस्ट्रेट अनुराधा सोनकर के सामने पेश किया, जिन्होंने उसे एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह मामला कमल ध्यानी की मौत से जुड़ा है, जो एचडीएफसी बैंक की रोहिणी ब्रांच में असिस्टेंट मैनेजर के तौर पर काम करते थे। 5 फरवरी की रात को उनकी मोटरसाइकिल जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड के काम के दौरान कथित तौर पर खुले छोड़े गए 15 फुट गहरे सीवेज पिट में गिर गई थी। पिछले महीने हाई कोर्ट ने दो कॉन्ट्रैक्टर, हिमांशु गुप्ता और कविश गुप्ता को एंटीसिपेटरी बेल देने से मना कर दिया था, यह कहते हुए कि पब्लिक सड़कों को मौत का जाल बनने की इजाजत नहीं दी जा सकती। संवाद

# चार दिन से लापता यूट्यूबर का शव झाड़ियों में मिला, हत्या की आशंका

## परिजनों ने ही तलाशा शव, मंडावली से 7 मार्च की दोपहर में पैसे लेकर निकले थे

अमर उजाला ब्यूरो



मंडावली थाने के बाहर प्रदर्शन करते परिजन। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में शनिवार की दोपहर से संदिग्ध हालत में लापता यूट्यूबर का शव आनंद विहार एरिया से सोमवार शाम को बरामद हुआ। मृतक की शिनाख्त पुष्पेंद्र उर्फ आकाश (31) के रूप में हुई है। आकाश के यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर साढ़े चार लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।



आकाश। फाइल

आकाश फैशन के वीडियो बनाते थे। शनिवार दोपहर के समय आकाश कैश लेकर मार्केट जाने के लिए निकले थे। इसके कुछ ही देर बाद उनका फोन बंद हो गया। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। दो दिन तक परिवार आकाश की तलाश में इधर-उधर भटकता रहा। सोमवार शाम को आखिर परिजनों ने खुद ही आकाश का शव ढूंढ निकाला। बाद में पुलिस को खबर दी गई। मौके पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद आकाश का शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिसिया कार्रवाई से नाराज परिजनों ने आकाश का शव मंडावली थाने के बाहर रखकर घेराव किया। बाद में पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर परिजनों को हटाया।

**परिजनों का आरोप, लूट के बाद की गई हत्या :** परिजनों का आरोप है लूटपाट के बाद उसकी हत्या की गई है। वहीं पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में हत्या का मामला नहीं लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आए तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से अलीगढ़, नगलिया के रहने वाले आकाश परिवार के साथ स्कूल ब्लॉक, मंडावली में रहते थे। इसके परिवार में पिता बुधपाल सिंह, मां सुनीता, छोटा भाई विकास के अलावा पत्नी रितु और तीन साल की बेटी यादवी है। आकाश का मंडावली इलाके में स्टाइलिंग के नाम से गारमेंट शोरूम था। आकाश फैशन के वीडियो बनाकर ऑनलाइन भी कपड़े बेचते थे।

> परिजनों के तमाम आरोपों की पड़ताल की जा रही है, फिलहाल शव के हालत देखकर नहीं लग रहा कि आकाश की हत्या की गई है। हम जांच कर रहे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी। मंडावली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।
>
> -राजीव कुमार, पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त

### परिजन बोले, पुलिस ने आकाश को तलाशने में नहीं की मदद

आकाश के चचेरे भाई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे आकाश डेढ़ लाख रुपये लेकर गांधी नगर से माल लेने के लिए निकले। दोपहर करीब 2.20 बजे उनकी पत्नी ने आकाश को कॉल किया तो उनके फोन की घंटी बजती रही, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद 2.33 बजे उनका फोन बंद हो गया। परिजनों ने उनसे संपर्क का बहुत प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकती। शाम के समय परिवार मंडावली पहुंचा और आकाश की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस से उन्होंने आकाश को ढूंढने का दबाव बनाया। आरोप है कि एक सिपाही ने सीडीआर निकलवाने के नाम पर परिजनों से 10 हजार रुपये भी ले लिए। पुलिस ने उनकी लॉस्ट लोकेशन का पता किया तो वह आनंद विहार एरिया की आई। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद भी पुलिस ने उनकी तलाश में कोई रूचि नहीं दिखाई। परिजनों ने अपने सोर्स से फोन की आखिरी लोकेशन पता की। उसके आसपास परिवार उनकी तलाश करता रहा। सोमवार शाम को आकाश का शव बरामद हो गया। आकश को ढूंढते हुए परिजन टेलको टी-प्वाइंट के पास डीडीए के खाली प्लाट पर पहुंचे। यहां से शव बरामद हुआ। इसके बाद मंडावली पुलिस को खबर दी गई। शव से कुछ दूर आकाश का फोन बंद हालत में मिल गया। परिजनों का आरोप है कि आकाश की सोने की चेन और कैश गायब मिला है। आकाश को कुछ जहरीला पदार्थ खिलाकर मारा गया है।

# फरीदाबाद में मिला दिल्ली के युवा कारोबारी का शव

अमर उजाला ब्यूरो



अरीब। फाइल

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के चांदनी महल इलाके से लापता हुए मोहम्मद अरीब (31) की फरीदाबाद में पैसे के लेन देन के लिए हत्या कर दी गई। आरोपियों की निशानदेही पर मंगलवार शाम को अरीब का क्षत-विक्षत शव फरीदाबाद के आदर्श नगर थाना क्षेत्र में सेक्टर-61 के जंगलों से बरामद हुआ। उसके धड़ के निचले हिस्से को पूरी तरह जानवरों ने खाया हुआ है।

दरअसल 7 मार्च को अरीब के गायब होने के बाद दिल्ली पुलिस जांच करते हुए आरोपी राहुल के पास पहुंची। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल की। बाद में उसकी निशानदेही पर अरीब का शव बरामद हुआ।पुलिस ने बाबू नामक एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि अरीब के साथ रुपयों की लेनदेन को लेकर कुछ विवाद था। अरीब के फरीदाबाद आने के बाद वह उसे माल दिखाने के बहाने अपने साथ बल्लभगढ़ ले गए। वहां उसके हाथ बांधकर उसे मार डाला। आरोपी उसकी स्कूटी व ढाई लाख रुपये भी लूट ले गए।

अब पुलिस राहुल व बाबू से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अरीब की स्कूटी व फोन बरामद करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव कब्जे में लेकर फरीदाबाद के बीके अस्पताल की मोर्चरी में भेजा है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर ने बताया कि अरीब परिवार के साथ गली मंदिर वाली, कूचा चालान, दिल्ली गेट पर रहता था इसके परिवार में पत्नी तस्मीया के अलावा चार साल का बेटा और भाई व अन्य सदस्य हैं। अरीब का मशीन टूल्स का कारोबार था। अक्सर मशीन के टूल्स खरीदने के लिए वह फरीदाबाद अलग-अलग कंपनियों में जाता था।

### माल दिखाने के बहाने ले गए बल्लभगढ़, कारोबारी को बांधकर उतारा मौत के घाट

**7 मार्च को घर से निकला था :** शनिवार सुबह करीब 11.45 बजे अरीब अपनी स्कूटी से निकला था। उसने पत्नी को बताया कि वह पार्टी से माल लेने के लिए फरीदाबाद जा रहा है। जाते समय तस्मीया ने अरीब को ढाई लाख रुपये दिए थे। दोपहर में अचानक अरीब का फोन बंद हो गया। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुट गए। शाम तक जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने चांदनी महल थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने उसकी सीडीआर निकाली तो पता चला कि आखिरी बाद उसकी बातचीत करावल नगर निवासी हर्ष (25) से हुई थी। टीम उसके पास पहुंची और जानकारी जुटाई।

### अलीगढ़ से राहुल को दबोचा तो हुआ खुलासा

हर्ष से जानकारी जुटाने के बाद पुलिस फरीदाबाद निवासी राहुल की तलाश में उसके घर पहुंची। राहुल घर पर ताला लगातार लापता था। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से लोकेशन का पता किया तो जानकारी मिली कि आरोपी अलीगढ़ में है। दिल्ली पुलिस व फरीदाबाद पुलिस की संयुक्त टीम अलीगढ़ पहुंची और राहुल को दबोचा। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसने शनिवार दोपहर को ही उसकी हत्या कर शव का को सेक्टर-61, आदर्श नगर, फरीदाबाद के जंगलों में ठिकाने लगा दिया था।

### फरीदाबाद पुलिस करेगी जांच या दिल्ली पुलिस संशय बरकरार

अरीब की गुमशुदगी दिल्ली के चांदनी महल थाने में दर्ज हुई और उसके अपहरण का मामला भी यहीं पर दर्ज हुआ, लेकिन उसकी हत्या फरीदाबाद एरिया में हुई। उसकी हत्या की जांच फरीदाबाद पुलिस करेगी या दिल्ली पुलिस यह सवाल बना है। फिलहाल मध्य जिला पुलिस ने कहा कि अभी फरीदाबाद पुलिस की आगे की कार्रवाई और जांच करेगी।

# संदिग्ध हालात में खड़ी कैब में मिले दो युवकों के शव

अमर उजाला ब्यूरो



इसी कार में थे दोनों। संवाद

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र के खेड़ाखुर्द इलाके में मंगलवार सुबह दो युवकों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। दोनों शव एक कैब में मिला। दोनों युवकों के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। मौके पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार से शराब की तीन पाउच और ग्लास मिले हैं।

पुलिस को आशंका है कि शराब पीने के बाद दोनों युवक कैब के अंदर सो गए। कैब का गेट व शीशे बंद होने के कारण उनकी दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त 42 साल विकास और 36 साल के बिजेंद्र उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। विकास का शव चालक वाली सीट पर जबकि बिजेंद्र का शव पीछे वाली सीट पर पड़ा मिला है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि दोनों मृतक खेड़ा खुर्द गांव के ही रहने वाले थे।

### दोनों युवकों के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले, गाड़ी में थे शराब के ग्लास

# दुकानदार पर बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, मौत

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के अंबेडकर नगर स्थित मदनगीर इलाके में सोमवार की रात एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं गईं। हमले में निखिल नागर उर्फ निक्की (30) बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे कई गोलियां लगीं थीं। हमले के बाद परिजन उसे एम्स ट्रामा सेंटर ले गए, जहां उपचार के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम व एफएसएल को भी बुलाया गया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। शुरुआती जांच से पुलिस आशंका जता रही है कि रंजिश में निखिल पर हमला किया गया।

### गोली लगने के बाद एम्स ट्रामा सेंटर में कराया गया था भर्ती

**डेढ़ माह पूर्व आया था जेल से बाहर :** परिजनों का कहना है कि डेढ़ माह पूर्व ही निखिल हत्या के एक मामले में जेल से बाहर आया था। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि निखिल नागर परिवार के साथ मदनगीर, अंबेडकर नगर में रहता था। वह घर के पास ही चिकन बेचने की दुकान चलाता था। सोमवार रात करीब 8.30 बजे दुकान पर मौजूद निखिल पर बदमाशों ने आते ही गोलियां चला दीं और फरार हो गए।

### एक किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करी के एक सिंडिकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत दो करोड़ से अधिक है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इज्जत नगर, बरेली, यूपी निवासी फईम बेग (29), फरीदपुर, बरेली निवासी कय्यूम खान (33) और पडेरा फतेहगंज ईस्ट, बरेली निवासी आमिर खान (28) के रूप में हुई है। बरेली से शामली, सहारनपुर व दिल्ली-एनसीआर में हेरोइन की सप्लाई की जाती थी। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि 22 फरवरी को खबर मिली कि मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल कुछ लोग आनंद विहार रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास आने वाले हैं। टीम ने ट्रैप लगाकर फईम बेग और कय्यूम खान को दबोच लिया। इनके पास से 101 ग्राम और 601 ग्राम हेरोइन के दो पैकेट बरामद हुए। ब्यूरो

### उत्तम नगर में तरुण की हत्या का मामला

# बुधवार तक मकानों को न तोड़े एमसीडी : हाईकोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

अदालत से

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दौरान हुई झड़प मामले में दो आरोपियों से जुड़े मकानों पर मंगलवार शाम 4 बजे से बुधवार सुबह 10:30 बजे तक कोई विध्वंस कार्रवाई न करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने जरीना (आरोपी इमरान की मां) और शहनाज की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा, कि एमसीडी को बताएं कि अब से कल सुबह 10:30 बजे तक जब यह मामला सुनवाई के लिए आएगा, तब तक कुछ नहीं होना चाहिए। कल सूचीबद्ध करें।

याचिकाकर्ताओं ने जेजे कॉलोनी, उत्तम नगर स्थित अपने आवासीय मकानों को गैरकानूनी तरीके से तोड़े जाने से सुरक्षा की मांग की। दोनों महिलाओं के वकील ने अंतरिम सुरक्षा देने की गुहार लगाई, जबकि अधिकारियों की ओर से पेश वकील ने मामले को बुधवार को सुनने का अनुरोध किया। जरीना ने अपनी याचिका में कहा कि आरोपी उमर के मकान के हिस्से को एमसीडी द्वारा तोड़े जाने से इलाके में आतंक और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। इससे उन्हें भी डर है कि उनके मकान को भी ध्वस्त कर दिया जाएगा।

8 मार्च को एमसीडी ने एक आरोपी के परिवार के मकान के हिस्से को नाली पर अवैध निर्माण बताकर ध्वस्त कर दिया था। एमसीडी अधिकारियों का कहना है कि एंटी-इनक्रोचमेंट अभियान में पूर्व नोटिस देने की कोई बाध्यता नहीं है। यह मामला 4 मार्च को होली के दौरान जेजे कॉलोनी में दो पड़ोसी परिवारों के बीच पुराने विवाद के कारण हुई झड़प से जुड़ा है।

### महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोपी की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने दिल्ली मेट्रो ट्रेन में एक महिला के साथ छेड़छाड़ में आरोपी मोहम्मद ताहिर की सजा को बरकरार रखा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरवारिंदर सिंह जागी ने आरोपी की अपील खारिज करते हुए कहा कि महिलाओं की सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और अधिक कदम उठाने की जरूरत है।अदालत ने ट्रायल कोर्ट के 24 मई 2025 के दोषसिद्धि फैसले और 6 अक्टूबर 2025 के सजा आदेश को सही ठहराया। जज ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले को यथार्थ संदेह से परे साबित किया और आईपीसी की धारा 354 (महिला की शील भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत अपराध सिद्ध हुआ है। फैसले में कहा गया, ट्रायल कोर्ट के फैसले में कोई विकृति नहीं है और आरोपी की अपील में कोई दम नहीं है।घटना 27 मार्च 2021 की शाम येलो लाइन पर साकेत और हौज खास स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रेन में हुई थी। आरोपी मोहम्मद ताहिर ने शिकायतकर्ता के बगल में खड़े होकर हस्तमैथुन किया और उसकी कंधे पर हाथ रगड़ा, जबकि महिला ने विरोध जताया। महिला ने अलार्म बजाया, जिसके बाद सह-यात्रियों ने आरोपी को ट्रेन से उतरने पर मजबूर किया। ब्यूरो

**आदेश** | आयोग ने रिटन स्टेटमेंट हटाया, उपभोक्ता आयोग ने होम लोन विवाद में पलटा फैसला

# देरी से जवाब देने पर फाइनेंस कंपनी को झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की देरी से दाखिल किए गए जवाब (रिटन स्टेटमेंट) को रिकॉर्ड से हटा दिया। याचिकाकर्ता सीए राकेश नाथ श्रीवास्तव की रिवीजन याचिका को मंजूर करते हुए अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल और महिला सदस्य बिमला कुमारी की पीठ ने जिला आयोग के 17 अगस्त 2024 के फैसले को पलट दिया। पीठ ने कहा कि उपभोक्ता कानून में 30 दिनों की समय सीमा सख्त है। कंपनी के बहाने ईमेल लिंक न खुलना, पोस्ट में कॉपी न होना पर्याप्त नहीं हैं। आयोग ने कंपनी के जवाब को रद्द करने का आदेश दिया।

मामला एक होम लोन विवाद का है। सफदरजंग एन्क्लेव के निवासी याचिकाकर्ता राकेश नाथ श्रीवास्तव ने 18 सितंबर 2024 को जिला उपभोक्ता आयोग-8 (केंद्रीय जिला) में शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने लोन शर्तों का उल्लंघन किया।

जिला आयोग से कंपनी को नोटिस 30 जून 2023 को ईमेल और 18 जुलाई 2023 को स्पीड पोस्ट से भेजा गया। लेकिन, कंपनी ने 5 सितंबर 2023 को जवाब दाखिल किया, जो समय सीमा से बाहर था। ब्यूरो

### सफदरजंग एन्क्लेव के निवासी ने दर्ज की थी याचिका

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला

श्रीवास्तव ने ऑर्डर-6 रूल-17 सीपीसी के तहत आवेदन देकर कंपनी के जवाब को रद्द करने की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 2020 के फैसले (न्यू इंडिया एश्योरेंस बनाम हिली इंडिया कोल्ड स्टोरेज) का हवाला दिया, जिसमें देरी पर सख्ती की बात कही गई। जिला आयोग ने 17 अगस्त 2024 को यह आवेदन खारिज कर दिया। कंपनी ने सफाई दी कि ईमेल का अटैचमेंट दो बार नहीं खुला, स्पीड पोस्ट में शिकायत की कॉपी नहीं थी। अगस्त 2023 के मध्य में ई-मेल एक्सेस हुआ, तो तुरंत जवाब तैयार कर दाखिल किया। साथ ही, जून 2023 में कोई नोटिस डायरेक्शन नहीं था, बल्कि 17 जुलाई 2023 के आदेश में 17 अक्तूबर 2023 के लिए नोटिस का जिक्र था। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता ने पहले ऑर्डर-8 रूल-10 सीपीसी के तहत आवेदन दिया था, जो बाद में वापस ले लिया, इसलिए नया आवेदन गलत है।

# हादसे में मृत युवक के परिजनों को मिलेगा 39.13 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2020 में गुरुग्राम में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए 21 वर्षीय व्यक्ति के माता-पिता को 39.13 लाख रुपये का मुआवजा दिया है। पीठासीन अधिकारी दीपिका सिंह वेद प्रकाश पांडे के माता-पिता द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई कर रही थीं, जिनकी 12 दिसंबर, 2020 को गुरुग्राम में एक ट्रक द्वारा बाइक को टक्कर मारने के बाद मौत हो गई थी। ट्रिब्यूनल ने कहा कि यह पूरी तरह साबित हो चुका है कि यह दुर्घटना आरोपी ट्रक चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई। ब्यूरो

# चौकीदार ने 100 साल पुराने कब्रिस्तान को बताया निजी संपत्ति, दावा खारिज

**नई दिल्ली।** तीस हजारी जिला अदालत ने एक फैसला सुनाते हुए सिविल लाइंस इलाके में स्थित करीब सौ साल पुराने शेर जंग कब्रिस्तान पर निजी मालिकाना हक के दावे को खारिज किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह पूरी जमीन वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज है, इसलिए किसी व्यक्ति का इस पर निजी स्वामित्व नहीं बन सकता। कल्लू मिस्त्री के बेटे नवाब ने करीब 82 बीघा जमीन पर अपना मालिकाना हक होने का दावा किया। उन्होंने अदालत में याचिका दायर की, लेकिन अपने दावे को साबित करने के लिए कोई ठोस दस्तावेज या सबूत नहीं पेश कर सके। ब्यूरो

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 331 | पृष्ठ : 20
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 11 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2082

amarujala.com


विजन-2047 आजादी के शताब्दी वर्ष तक सेनाएं बनेंगी आत्मनिर्भर और आधुनिक...13





# सुप्रीम कोर्ट ने कहा...देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया

## शरिया कानून के प्रावधान रद्द करने की मांग पर सीजेआई बोले-मुस्लिम महिलाओं से भेदभाव का यही समाधान ■ सुप्रीम सवाल-क्या अदालतें कर सकती हैं शरीयत की सांविधानिक जांच

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वक्त आ गया है। शीर्ष अदालत 1937 के शरिया कानून के कुछ प्रावधान रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। ये प्रावधान मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव करते हैं। कोर्ट ने कहा, यह बहुत अच्छा मामला है, इस पर सिर्फ विधायिका को ही विचार करना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, अगर अदालत शरिया उत्तराधिकार कानून रद्द कर देती है, तो मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई वैधानिक कानून न होने से कानूनी निर्वात पैदा हो जाएगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति अति-उत्साह में हम कहीं उन्हें वंचित न कर दें और उन्हें जो मिल रहा है, उससे भी कम मिल सकता है। 1937 का शरिया अधिनियम अगर खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल ही क्या उठता है? क्या इससे अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा?

जस्टिस बागची ने कहा, भेदभाव पर आपका मामला बहुत मजबूत है, पर कोर्ट के लिए यही उचित होगा कि इसे विधायिका के विवेक पर छोड़ा जाए क्योंकि उसे सरकारी नीति के निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है। इस पर सीजेआई ने कहा, इस पूरे मामले का जवाब सिर्फ समान नागरिक संहिता है। ब्यूरो



### ■ एक पुरुष के लिए एक पत्नी का नियम सभी समुदायों में लागू नहीं

जस्टिस बागची ने कहा, एक पुरुष के लिए एक पत्नी का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं होता। पर क्या इसका यह अर्थ है कि न्यायालय सभी द्विविवाहों को असांविधानिक घोषित कर सकता है? इसलिए हमें मार्गदर्शक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को विधायी विवेक पर छोड़ना ही सर्वोत्तम है। इस कोर्ट ने बार-बार विधायिका को समान नागरिक संहिता लागू करने की सिफारिश की है।

### अदालत शरिया कानून रद्द कर दे तो महिलाओं को मिलेंगे अधिकार

सुनवाई की शुरुआत में प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के समान उत्तराधिकार अधिकार प्राप्त हैं और यदि न्यायालय 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) एप्लीकेशन एक्ट को निरस्त कर देता है, तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

### नारसु अप्पा माली फैसला

वर्ष 1951 के इस चर्चित फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा था, पर्सनल लॉ संविधान के अनुच्छेद 13 के तहत आने वाली कानून की परिभाषा का हिस्सा नहीं हैं। इसी आधार पर अब तक इन्हें मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के नाम पर चुनौती देने से बचा जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट अब इसी कानूनी ढाल की प्रासंगिकता को परख रहा है।


# ईरान ने इस्राइल और खाड़ी देशों पर तेज किए हमले इराक में अमेरिकी सेना मुख्यालय पर दागीं मिसाइलें

## इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को फिर बनाया निशाना

**दुबई/तेहरान/तेल अवीव।** ईरान ने इस्राइल और खाड़ी देशों पर हमले और तेज कर दिए हैं। उसने मंगलवार को इस्राइल के साथ ही बहरीन, सऊदी अरब, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। हमलों में इस्राइल में 191 से अधिक घायल हुए हैं। ईरान ने इराक में भी अमेरिकी सैन्य मुख्यालय पर निशाना साधा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध खत्म करने के बयान पर पलटवार करते हुए ईरान ने कहा, हम तय करेंगे कि युद्ध कब खत्म होगा। इस बीच, इस्राइली सेना ने फिर लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों व हथियारों के भंडार पर बमबारी की।

बहरीन में अधिकारियों ने बताया, ईरान के हमले में राजधानी मनामा में रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया, जिसमें 29 वर्षीय महिला की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। सऊदी अरब ने कहा कि ईरान ने उसके पूर्वी तेल क्षेत्र में दो ड्रोन दागे, जिसे नष्ट कर दिया गया। कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए। वहीं, ईरान के ड्रोन हमले में यूएई के पेट्रोकेमिकल संयंत्र वाले औद्योगिक शहर रुवैस में आग लग गई। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। यरूशलम और तेल अवीव में भीषण धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इस्राइल स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 24 घंटे के दौरान ईरान के हमलों में 191 से अधिक लोग घायल हुए हैं।


संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों ने बताया कि युद्ध के कारण लेबनान में 84 बच्चों की मौत हो गई। 6 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। एजेंसी



इस्राइली हमले में लेबनान के बेरुत में इमारतों से उठता धुआं।

### इस्राइल पर दागी मिसाइल पर लिखा आपकी सेवा में सैयद मोजतबा

ईरान के सर्वोच्च नेता की जिम्मेदारी संभालते ही अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामनेई एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने इस्राइल पर दागी जाने वाली मिसाइल पर अपने हस्ताक्षर किए और संदेश में लिखा-आपकी सेवा में, सैयद मोजतबा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा के सर्वोच्च नेता का पद संभालने कुछ घंटों बाद ही ईरान ने अपना पहला हमला इस्राइल पर किया। ऐसा करने के साथ ही नए सर्वोच्च नेता ने संघर्ष को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं।



### अमेरिका को ईरान की सीधी चेतावनी

ईरान खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इस्राइल पर मिसाइल व ड्रोन से हमला करने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को भी निशाना बना रहा है। माना जा रहा है कि उसका मकसद इन हमलों से अमेरिका और इस्राइल पर उसके खिलाफ हमले रोकने के लिए दबाव बनाना है।


■ ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर कलिबफ ने अमेरिका को सीधी चेतावनी देते हुए कहा, हम युद्ध विराम नहीं चाहते। हमलावर को मुंह पर घूंसा मारा जाना चाहिए, ताकि उसे सबक मिले और वह फिर कभी हम पर हमला करने के बारे में न सोचे।

### ट्रंप बोले-ईरान से बातचीत के लिए तैयार

11 दिन से जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार ईरान से बातचीत के संकेत दिए हैं। एक साक्षात्कार में ट्रंप ने दावा किया कि उन्हें खबरें मिली हैं कि ईरान बातचीत के लिए काफी उत्सुक है। ईरानी नेताओं से वार्ता के सवाल पर उन्होंने कहा, यह संभव है, पर निर्भर करता है कि शर्तें क्या होंगी। ट्रंप ने कहा कि वैसे तो हम किसी से बात करने के मूड में नहीं है, लेकिन अगर आप वाकई इस बारे में सोच रहे हैं, तो यह मुमकिन है। >> युद्ध का दंश : पेज 16

## ऊर्जा आपूर्ति चिंताओं के बीच जयशंकर की अराघची से वार्ता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बात की। अमेरिका-इस्राइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद से जयशंकर की अराघची से यह तीसरी बातचीत थी।





जयशंकर ने मंगलवार को हुई बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि अराघची के साथ उनकी वर्तमान संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए। जयशंकर ने अराघची को भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया।

■ **बता दें कि** ईरान की ओर से फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है।

■ इस जलडमरूमध्य के रास्ते वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20% हिस्सा गुजरता है।

# महिला आरक्षण अगले साल से लागू होगा, संविधान संशोधन की तैयारी

## यूपी, पंजाब व उत्तराखंड के विस चुनाव में संभव, परिसीमन से बाहर करने की मंशा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अगले साल से महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। सरकार नारी वंदन अधिनियम में बदलाव के लिए विपक्ष के साथ आम सहमति बनाने की कोशिश में जुटी है, ताकि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण दिया जा सके। सरकार की कोशिश है कि 2027 में उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में ही महिला आरक्षण प्रभावी हो जाए। इससे 2029 के लोकसभा चुनाव में भी इसका रास्ता साफ हो जाएगा।

सरकार चाहती है कि महिला आरक्षण लागू करने में बड़ी रुकावट दूर करने के लिए इस व्यवस्था को परिसीमन प्रक्रिया से अलग कर दिया जाए और संभव हो, तो तत्काल नई व्यवस्था लागू करने के लिए 33 फीसदी सीटों पर दोहरे प्रतिनिधित्व का विकल्प अपनाया जाए। इसके लिए नारी वंदन अधिनियम में बदलाव के लिए संविधान संशोधन की जरूरत होगी, जो दो-तिहाई बहुमत से ही संभव है। ऐसे में आम सहमति बनाने के लिए कांग्रेस, द्रमुक, सपा समेत सभी विपक्षी दलों को विश्वास में लेने की कवायद जारी है। नारी वंदन अधिनियम लागू करने व महिलाओं के लिए संसद से लेकर विधानसभाओं तक एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए जनगणना और फिर सीटों के परिसीमन की अनिवार्यता रखी गई थी। इसमें लंबा समय लग सकता है। इसलिए संविधान संशोधन के लिए सरकार ने विपक्षी दलों के साथ मशविरा किया है। ब्यूरो



### बड़ी पार्टियां समर्थन में

सूत्रों के मुताबिक, बड़ी पार्टियां सरकार के प्रस्ताव के समर्थन में हैं।

■ विधेयक पेश किए जाने के समय ही कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महिला आरक्षण तुरंत लागू हो। इसे जनगणना व परिसीमन से जोड़ने की जरूरत नहीं है।

■ **खरगे ने यह भी कहा कि** ऐसी शर्तें विधेयक की प्रासंगिकता पर भी सवालिया निशान खड़े करती हैं।

**संसद में बदल जाएगी सूरत**

■ **लोकसभा :** अभी 543 सांसदों में 78 महिलाएं हैं, आरक्षण मिलने पर 181 होगी संख्या ■ **राज्यसभा :** 245 सदस्यों में महिला सांसदों की संख्या 32 है, जो बढ़कर 80 हो जाएगी

**इसलिए जल्दबाजी में सरकार**

सरकार ने सितंबर, 2023 में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित कराकर इसे 2029 के आम चुनाव में लागू करने का वादा किया था। वर्तमान में जनगणना प्रक्रिया 31 मार्च, 2027 तक पूरी होगी। इसके बाद आंकड़े प्रकाशित करने में डेढ़ से दो साल लगेंगे। फिर परिसीमन आयोग गठन होगा, जिसे रिपोर्ट सौंपने में 3-4 साल लगेंगे। सरकार नहीं चाहती कि आगामी आम चुनाव में विपक्ष उस पर महिलाओं से वादाखिलाफी का आरोप लगाए। इसीलिए वह संविधान संशोधन का रास्ता अपनाना चाहती है।

# कोविड टीकाकरण के प्रतिकूल असर पर मुआवजा नीति बनाए केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कोविड टीकाकरण के बाद गंभीर प्रतिकूल घटनाओं के लिए दोषरहित मुआवजा नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विक्रम नाथ एवं जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा, टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटनाओं की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

जस्टिस नाथ ने कहा, टीकाकरण के बाद की प्रतिकूल घटनाओं के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए अलग से किसी विशेषज्ञ निकाय की जरूरत नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया, उसके इस फैसले से किसी भी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से नहीं रोका जा रहा।

पीठ ने कहा, दोषरहित मुआवजा नीति निर्माण को भारत सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी दायित्व या गलती की स्वीकारोक्ति नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन याचिकाओं पर आया, जिनमें से एक में आरोप था कि 2021 में कोविशील्ड टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी। ब्यूरो

# मेघालय : वेस्ट गारो हिल्स में हिंसा पुलिस फायरिंग में दो की मौत, कर्फ्यू

## दो दिन के लिए इंटरनेट बंद, सेना ने संभाला मोर्चा, फ्लैग मार्च

**शिलांग/गुवाहाटी।** मेघालय में गारो हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (जीएचएडीसी) के चुनाव से पहले वेस्ट गारो हिल्स जिला हिंसा की चपेट में है। मंगलवार तड़के चिबिनांग गांव में कर्फ्यू का उल्लंघन कर जुटी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं तनाव को देखते हुए सेना को तैनात किया गया है। यहां जवानों ने फ्लैग मार्च भी किया।

चिबिनांग बाजार में सोमवार शाम उपद्रवियों की ओर से दुकानों में तोड़फोड़ के बाद तनाव व्याप्त हो गया था। मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया तो संघर्ष हिंसक हो गया। उसके बाद पुलिस को गोलियां चलानी पड़ीं। जिला मजिस्ट्रेट विभोर अग्रवाल ने कहा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कड़ा कदम उठाना अनिवार्य था। तनाव का मुख्य कारण चुनाव के लिए जारी हालिया अधिसूचना है, जिसमें उम्मीदवारों के लिए वैध अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है। आदिवासी संगठन गैर-आदिवासी उम्मीदवारों के नामांकन का कड़ा विरोध कर रहे हैं, जिससे दोनों समुदायों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है। एजेंसी



बवाल के बाद मौके पर बिखरे ईंट-पत्थर।

# 10 लाख घूस...रेलवे के मुख्य अभियंता समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 10 लाख रुपये की घूसखोरी में मध्य रेलवे के मुख्य विद्युत वितरण अभियंता और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। घूस की रकम अभियंता के दफ्तर से बरामद की गई। सीबीआई ने मध्य रेलवे में मुख्य विद्युत वितरण अभियंता के रूप में कार्यरत भारतीय रेलवे सेवा के 2003 बैच के अधिकारी और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन गिरफ्तारियों के बाद मुंबई, नवी मुंबई और महाराष्ट्र के कर्जत में पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। इस दौरान मुख्य अभियंता के परिसर से 90.79 लाख रुपये नकद, 241.30 ग्राम सोने के आभूषण और 2.5 किलोग्राम चांदी के आभूषण, जिनकी कीमत 42.52 लाख रुपये है, तथा निवेश से संबंधित अन्य दस्तावेज जब्त किए। मुख्य अभियंता के कार्यालय कक्ष से 3.85 लाख रुपये भी जब्त किए। इस तरह कुल जब्ती 1.47 करोड़ रुपये की गई। आरोप है कि मुख्य अभियंता ने 40 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी, जो एक निजी कंपनी को दिए जा रहे 40.54 करोड़ रुपये की निविदा मूल्य का एक प्रतिशत था। ब्यूरो

# भारत के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध : बालेंद्र शाह

## नेपाल के भावी पीएम का मोदी को जवाब, भारतीय क्रिकेट टीम को दी बधाई

अतुल मिश्र

**काठमांडो।** नेपाल की राजनीति में तेजी से उभरे और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की ओर से पीएम पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह बालेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश का गर्मजोशी से जवाब दिया है। बालेन ने न केवल भारत के साथ भविष्य के रिश्तों का खाका खींचा, बल्कि भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर बधाई भी दी।

बालेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह भारत-नेपाल के ऐतिहासिक व घनिष्ठ संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भविष्य में द्विपक्षीय बहुआयामी संबंधों के और प्रगाढ़ होने की बात भी कही। कूटनीतिक चर्चा के साथ-साथ बालेन ने लगातार दो टी-20 विश्वकप जीतने पर भारत सरकार व जनता को बधाई भी दी। वहीं, निवर्तमान पर्यावरण मंत्री माधव चौलागैन ने कहा है कि नई सरकार के तहत भारत-नेपाल संबंध और मजबूत होंगे। नया नेतृत्व द्विपक्षीय साझेदारी की संवेदनशीलता व दोनों देशों के बीच गहरे जन-संबंधों के महत्व को समझता है।



### बालेन बनेंगे पहले मधेसी पीएम

बालेंद्र शाह नेपाल के पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और वह सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी होंगे। उनके विरोधी चारों खाने चित्त हुए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीटें मिलीं, उसके बाद सीपीएन-यूएमएल को 9, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को 8, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को 3 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को 1 सीट मिली। एक निर्दलीय भी जीता।

### *लामिछाने बोले-भारत के साथ विकास केंद्रित कूटनीति*

नेपाल में आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया और विकास केंद्रित कूटनीति द्वारा भारत-नेपाल संबंध मजबूत होने की आशा जताई। वह बोले, हमारी पार्टी की सरकार आपसी सम्मान व साझा समृद्धि आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इसमें पार्टी विकास केंद्रित कूटनीति को प्राथमिकता देगी।



# नोएडा हवाईअड्डे से फरीदाबाद पहुंचने में लगेंगे 15 मिनट

## कैबिनेट ने दी मंजूरी : 3,630 करोड़ से बनेगा 31.42 किलोमीटर लंबा ग्रीन फील्ड गलियारा

**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की कनेक्टिविटी को मजबूती देने के लिए 3,630.77 करोड़ रुपये के संशोधित परिव्यय को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-सोहना उपमार्ग से हवाईअड्डे तक 31.42 किलोमीटर लंबा नया मार्ग बनाया जाएगा और फरीदाबाद से जेवर तक का सफर सिर्फ 15 मिनट में पूरा होगा, जिसमें अभी दो घंटे लगते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह गलियारा फरीदाबाद के सेक्टर 65 के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड से शुरू होगा। यह गलियारा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा, जिससे बहुआयामी परिवहन संभव होगा। उन्होंने कहा, हवाईअड्डे तक आसान व सुगम पहुंच, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे कॉरिडोर की पूरी क्षमता के उपयोग और फरीदाबाद में सतत शहरी विकास सुनिश्चित करने के लिए इसका निर्माण बेहद जरूरी है। ब्यूरो



फरीदाबाद के सेक्टर 65 के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड से शुरू होगा गलियारा

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे व डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा

### 11 किलोमीटर लंबा हिस्सा एलिवेटेड

■ परियोजना का लगभग 11 किलोमीटर लंबा हिस्सा एलिवेटेड होगा, जो डीएनडी-बल्लभगढ़ बाईपास और नोएडा हवाईअड्डे के बीच नए संपर्क मार्ग का महत्वपूर्ण खंड है।

■ प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर की अतिरिक्त लागत 689.24 करोड़ रुपये है। हरियाणा सरकार ने इसमें 450 करोड़ रुपये वहन करने पर सहमति जताई है।

■ इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को भी सहायता मिलेगी। इससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद से हरियाणा व राजस्थान जाना भी आसान हो जाएगा।

# आबकारी नीति मामला : ईडी की याचिका पर भी केजरीवाल समेत 23 को नोटिस

## हाईकोर्ट ने कहा, विशेष जज की टिप्पणियां सामान्य, वर्तमान केस से जुड़ी नहीं

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले में दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर नोटिस जारी कर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों से जवाब दाखिल करने को कहा है।

ईडी ने याचिका में विशेष अदालत की ओर से 27 फरवरी को पारित आदेश से कुछ प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी। इस पर जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा की एकल पीठ ने कहा, ये अवलोकन सामान्य प्रकृति के प्रतीत होते हैं और वर्तमान मामले से सीधे संबंधित नहीं लगते।



सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी की ओर से तर्क दिया कि विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) जितेंद्र सिंह के फैसले में एजेंसी के खिलाफ अनुचित, व्यापक और अनावश्यक टिप्पणियां की गई हैं। जांच एजेंसी को सुनवाई का मौका दिए बिना ही निंदा की गई, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

ईडी ने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियां धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उसकी स्वतंत्र जांच को प्रभावित कर सकती हैं। इस पर पीठ ने कहा, टिप्पणियां उस जज की भावना से जुड़ी हो सकती हैं कि जांच निष्पक्ष नहीं थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोई भी उन्हें आदेश देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। ब्यूरो

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR UNITS OR SECURITIES.
NOT FOR PUBLICATION, RELEASE OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

RAAJMARG InvIT
An InvIT sponsored by NHAI

# RAAJMARG INFRA INVESTMENT TRUST

The Trust has been registered in the Republic of India as an irrevocable trust set up under the Indian Trusts Act, 1882, on November 24, 2025, and registered as an infrastructure investment trust under the Securities and Exchange Board of India (Infrastructure Investment Trusts) Regulations, 2014, on December 22, 2025, having registration number IN/InvIT/25-26/0034.

**Principal Place of Business:** G - 5 & 6, Sector 10, Dwarka, New Delhi – 110 075; **Telephone:** +91 11 2507 4100/200 - 3211; **Compliance Officer:** Gunjan Rajpal; **E-mail:** compliance@riimpl.in; **Website:** www.raajmarginfratrust.in

| SPONSOR | INVESTMENT MANAGER | TRUSTEE |
|---|---|---|
| भा रा रा प्रा NHAI | | IDBI trustee<br>IDBI Trusteeship Services Ltd |
| NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA | RAAJMARG INFRA INVESTMENT MANAGERS PRIVATE LIMITED | IDBI TRUSTEESHIP SERVICES LIMITED |

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO [●] UNITS OF RAAJMARG INFRA INVESTMENT TRUST ("TRUST") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER UNIT TOGETHER WITH SPONSOR CONTRIBUTION AGGREGATING UP TO ₹ 60,000.00 MILLION ("ISSUE"). THE ISSUE IS AN INITIAL PUBLIC OFFER IN RELIANCE UPON REGULATION 14(4) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (INFRASTRUCTURE INVESTMENT TRUSTS) REGULATIONS, 2014, AS AMENDED ("INVIT REGULATIONS").**

## Price Band: ₹99 to ₹100 per Unit

**Bidders (other than Anchor Investors and Strategic Investors) can make Bids for a minimum of 150 Units and in multiples of 150 Units thereof**

**Minimum Bid Size for Bidders other than Anchor Investors and Strategic Investors - ₹14,850**

## RISKS TO INVESTORS:

- The Trust is a newly settled trust with no operating history and limited historical financial information and, as a result, investors may not be able to assess its prospects on the basis of past records and the financial information disclosed in the Offer Document.
- The Project SPV has not executed the concession for InvIT Assets with the concessioning authority.
- The Trust must maintain certain investment ratios, which may present additional risks to the Trust.
- The ability of the Trust to make or maintain consistency in distributions to Unitholders depends on the financial performance of the Project SPV and their profitability.

**Credit Ratings:** (i) (a) Provisional CARE AAA; Stable from CARE Ratings Limited for the proposed bank loan facilities aggregating to ₹40,000.00 million to be availed by the Trust; and (b) Provisional CARE AAA; Stable, from CARE Ratings Limited as issuer rating. and
(ii) (a) Provisional Ind AAA/Stable from India Ratings & Research Private Limited for the proposed bank loan facilities aggregating to ₹40,000.00 million to be availed by the Trust; and (b) Provisional Ind AAA/Stable as issuer rating from India Ratings & Research Private Limited.

| BID ISSUE/PROGRAM | BID/ISSUE OPENS TODAY | BID/ISSUE CLOSES ON FRIDAY, MARCH 13, 2026* |
|---|---|---|

**The Investment Manager may in consultation with the Book Running Lead Managers, consider closing the Bid/ Issue Period for QIBs one Working Day prior to the Bid/ Issue Closing Date, in accordance with the InvIT Regulations.*

| ASBA# | Simple, Safe, Smart way of Application!!! | #Applications Supported by Blocked Amount ("ASBA") is a better way of applying to Issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA. | Mandatory in public issues. No cheque will be accepted. |
|---|---|---|---|

UPI – UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

**UPI-Now available in ASBA for Individual Non-Institutional Investor applying in public issues where the application amount is up to ₹ 500,000, applying through Registered Brokers, Syndicate, CDPs & RTAs. Individual Non-Institutional Investors also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account. Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN. Bidders must ensure that their PAN is linked with Aadhaar and are in compliance with CBDT notification dated February 13, 2020 and press release dated June 25, 2021.**

ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors and Strategic Investors. UPI may be availed by Individual Non-Institutional Investors with an application size of up to ₹ 500,000 in the Non-Institutional Category. For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in the Bid Cum Application Form and abridged prospectus and also please refer to the section *"Issue Information"* on page 271 of the Offer Document. The Bid Cum Application Form and the Abridged Prospectus can be downloaded from the websites of BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE", and together with BSE, the "Stock Exchanges") and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=35 and https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes &intmId=43, respectively as updated from time to time. For the list of UPI apps and banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. UPI Bidders Bidding using the UPI Mechanism may apply through the SCSBs and mobile applications whose names appear on the website of SEBI, as updated from time to time. ICICI Bank Limited and HDFC Bank Limited have been appointed as the Sponsor Banks for the Issue, in accordance with the requirements of SEBI circular dated November 1, 2018 as amended. For Issue related queries, please contact the Book Running Lead Managers ("BRLMs") on their respective email IDs as mentioned below. For UPI related queries, investors can contact NPCI at the toll free number: 18001201740 and mail Id: ipo.upi@npci.org.in.

In case of any revision to the Price Band, the Bid/Issue Period will be extended by at least one Working Day, subject to the total Bid/Issue Period not exceeding 30 days, provided that there shall not be more than two revisions to the Price Band during the Bid/Issue Period. Any revision to the Price Band and the revised Bid/Issue Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges during the Bid/Issue Period and by indicating the change on the websites of the Trust, the Sponsor, the Investment Manager, Book Running Lead Managers, Syndicate Members, SCSBs and Stock Exchanges.

In case of force majeure, banking strike or similar circumstances, the Bid/ Issue Period may, for reasons to be recorded in writing, be extended by a minimum period of three Working Days, subject to the total Bid/ Issue Period not exceeding 30 days.

This Issue is being made through the Book Building Process and in compliance with the InvIT Regulations and the SEBI InvIT Master Circular, wherein not more than 75.00% of the Net Issue (excluding the Strategic Investor Portion) shall be available for allocation on a proportionate basis to Institutional Investors, provided that the Investment Manager may, in consultation with the Book Running Lead Managers, allocate up to 60.00% of the Institutional Investor Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the InvIT Regulations and the SEBI InvIT Master Circular. Further, not less than 25.00% of the Net Issue (excluding the Strategic Investor Portion) shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Investors, in accordance with the InvIT Regulations and the SEBI InvIT Master Circlar, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. The Issue will also include participation by Strategic Investors, wherein not less than 5.00% of the Net Issue and not more than 25.00% of the Net Issue shall be allocated to the Strategic Investors in accordance with the InvIT Regulations and the SEBI InvIT Master Circular. All Bidders, other than Anchor Investors and Strategic Investors, are required to utilise the Application Supported by Blocked Amount (**"ASBA"**) process by providing details of their respective ASBA accounts and UPI ID (in case of individual Non-Institutional Investors using the UPI Mechanism Bidding with a Bid Amount of ₹ 0.50 million or less), in which case the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks (**"SCSBs"**) or under the UPI Mechanism, as applicable, to participate in this Issue. Anchor Investors are not permitted to participate in the Anchor Investor Portion of the Issue through the ASBA process. For details, please see the section entitled *"Issue Information"* on page 271 of the Offer Document.

**Bidders/Applicants should ensure that DP ID, PAN and the Client ID and UPI ID (for UPI Bidders bidding through UPI Mechanism) are correctly filled in the Bid cum Application Form. The DP ID, PAN and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the DP ID, PAN, Client ID and UPI ID available (for UPI Bidders bidding through the UPI Mechanism) in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Bidders/Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active. Bidders/Applicants should note that on the basis of the PAN, DP ID, Client ID and UPI ID (for UPI Bidders bidding through the UPI mechanism) as provided in the Bid cum Application Form, the Bidder/Applicant may be deemed to have authorized the Depositories to provide to the Registrar to the Issue, any requested Demographic Details of the Bidder/Applicant as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for giving Allotment Advice or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to the Issue. Bidders/Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Bidders/Applicants' sole risk.**

**LISTING:** The Units to be offered pursuant to the Offer Document are proposed to be listed on the National Stock Exchange of India Limited (the **"NSE"**) and BSE Limited (the **"BSE"**, together with NSE, the **"Stock Exchanges"**). In-principle approval for listing of the Units has been received from BSE and NSE pursuant to letters, each dated February 13, 2026. For the purposes of the Issue, NSE is the Designated Stock Exchange. The Investment Manager shall apply to the Stock Exchanges for the final listing and trading approval, after the Allotment and the credit of the Units to the demat accounts of the Allottees.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** It is to be distinctly understood that submission of Offer Document to SEBI should not in any way be deemed or construed that the same has been cleared or approved by SEBI. SEBI does not take any responsibility either for the financial soundness of any scheme or the project for which the Issue is proposed to be made or for the correctness of the statements made or opinions expressed in the Offer Document.

**DISCLAIMER CLAUSE OF NSE (the Designated Stock Exchange):** It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the Disclaimer clause of NSE.

**DISCLAIMER CLAUSE OF BSE:** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by BSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the Disclaimer clause of the BSE.

**GENERAL RISKS**: Investments in Units involve a degree of risk and Bidders should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. For taking an investment decision, Bidders must rely on their own examination of the Trust, the Units and this Issue. Bidders are advised to carefully read the section entitled ***"Risk Factors"*** on page 42 of the Offer Document before making an investment decision relating to this Issue. Each Bidder is advised to consult its own advisors in respect of the consequences of an investment in the Units being issued pursuant to this Issue. The Offer Document has been prepared by the Trust solely for providing information in connection with this Issue. The Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**) and the Stock Exchanges assume no responsibility for or guarantee the correctness or accuracy or adequacy of any statements made, opinions expressed or reports contained herein. Admission of the Units to be issued pursuant to this Issue for trading on the Stock exchanges should not be taken as an indication of the merits of the Trust or of the Units.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGERS | | | | REGISTRAR TO THE ISSUE |
|---|---|---|---|---|
| SBICAPS Complete Investment Banking Solutions | AXIS CAPITAL | ICICI Securities | motilal oswal Investment Banking | KFINTECH EXPERIENCE TRANSFORMATION |
| **SBI CAPITAL MARKETS LIMITED**<br>1501, 15th Floor, A & B Wing, Parinee Crescenzo Building, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051, Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 22 4196 8300; **E-mail:** raajmarg.ipo@sbicaps.com<br>**Investor grievance e-mail:** investor.relations@sbicaps.com<br>**Contact person:** Sanjay Sethia<br>**Website:** www.sbicaps.com<br>**SEBI registration number:** INM000003531 | **AXIS CAPITAL LIMITED**<br>1st Floor, Axis House, Pandurang Budhkar Marg, Worli Mumbai 400 025, Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 22 4325 2183<br>**E-mail:** raajmarg.ipo@axiscap.in<br>**Investor grievance e-mail:** compliants@axiscap.com<br>**Contact person:** Harish Patel/ Mayuri Arya<br>**Website:** www.axiscapital.co.in<br>**SEBI registration number:** INM000012029 | **ICICI SECURITIES LIMITED**<br>ICICI Venture House, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai 400 025, Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 22 6807 7100<br>**E-mail:** raajmarg.ipo@icicisecurities.com<br>**Investor grievance e-mail:** customercare@icicisecurities.com<br>**Contact person:** Shri Subramanyam / Sumit Singh<br>**Website:** www.icicisecurities.com<br>**SEBI registration number:** INM000011179 | **MOTILAL OSWAL INVESTMENT ADVISORS LIMITED**<br>Motilal Oswal Tower, Rahimtullah Sayani Road, Opposite Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai – 400 025, Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 22 7193 4380<br>**E-mail:** riit.ipo@motilaloswal.com<br>**Investor grievance e-mail:** moiaplredressal@motilaloswal.com<br>**Contact person:** Shashank Pisat/Sankita Ajinkya<br>**Website:** www.motilaloswalgroup.com<br>**SEBI registration number:** INM000011005 | **KFIN TECHNOLOGIES LIMITED**<br>Selenium, Tower B, Plot No-31 and 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy - 500 032, Telangana, India<br>**Tel.:** +91 1800 309 4001 / +91 40 6716 2222<br>**E-mail:** riimpl.invit@kfintech.com<br>**Investor grievance e-mail:** einward.ris@kfintech.com<br>**Website:** www.kfintech.com<br>**Contact person:** M. Murali Krishna<br>**SEBI registration number:** INR000000221 |

| CONTACT PERSON AND COMPLIANCE OFFICER | |
|---|---|
| **Gunjan Rajpal,** G - 5 & 6, Sector 10, Dwarka, New Delhi – 110 075; **Telephone:** +91 11 2507 4100/200 - 3211; **E-mail:** compliance@riimpl.in | Bidders can contact the Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related problems such as non-receipt of Allotment Advice/ letter of Allotment, non-credit of Allotted Units in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode. |

**AVAILABILITY OF THE OFFER DOCUMENT:** Investors are advised to refer to the Offer Document and the ***"Risk Factors"*** beginning on page 42 of the Offer Document before applying in the Issue. A copy of the Offer Document is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in and is available on the websites of the Book Running Lead Managers, i.e., www.sbicaps.com and www.axiscapital.co.in, www.icicisecurities.com, www. motilaloswalgroup.com, the website of the InvIT at www.raajmarginfratrust.in and the websites of the Stock Exchanges, for BSE at www.bseindia.com and for NSE at www.nseindia.com.

**AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:** Bid-cum-Application Forms can be obtained from the principal place of business of Raajmarg Infra Investment Trust, **Telephone:** +91 11 2507 4100/200 - 3211 at the offices of the Book Running Lead Managers: **SBI CAPITAL MARKETS LIMITED, Tel:** +91 22 4196 8300, **AXIS CAPITAL LIMITED, Tel:** +91 22 4325 2183, **ICICI SECURITIES LIMITED, Tel:** +91 22 6807 7100 and **MOTILAL OSWAL INVESTMENT ADVISORS LIMITED, Telephone:** +91 22 7193 4380 and Syndicate Member: Motilal Oswal Financial Services Limited and SBICAP Securities Limited and at the select locations of the Sub-syndicate Members, SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid-cum-Application Forms will also be available on the websites of the Stock Exchanges and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

**Sub-syndicate Members:** Alankit Imaginations Limited, Almondz Global Securities Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C. Mehta Investment Interrmediates Limited, Axis Securities Limited, Centrum Broking Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt. Limited, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd., G Raj & Co. (Consultants) Limited, HDFC Securities Limited, IIFL Capital Services Limited, Innovate Securities Pvt Limited, Jhaveri Securities, JM Financial Services Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd., Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Kotak Securities Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Prabhudas Lilladher Pvt Ltd., Pravin Ratilal Share and Stock Brokers Ltd., RR Equity Brokers Pvt. Ltd., Sharekhan Limited, SMC Global Securities Limited, SS Corporate Securities Limited, Tanna Financial Services, TradeBulls Securites (P) Limited, Upstox Securities Private Limited, Yes Securities (India) Limited

**APPLICATIONS SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA):** Investors other than Anchor Investors and Strategic Investors, have to apply through the ASBA process. For details on the ASBA process, please refer to the details given in the ASBA Form and abridged offer document and also please refer to the section ***"Issue Information"*** beginning on page 271 of the Offer Document. ASBA Forms can also be downloaded from the websites of the Stock Exchanges. ASBA form can be obtained from the list of banks that is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. ASBA Form can be obtained from Members of the Syndicate, SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs, the list of which is available on the website of SEBI.

**ESCROW COLLECTION BANK, REFUND BANK AND SPONSOR BANK:** ICICI Bank Limited

**PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK AND SPONSOR BANK:** HDFC Bank Limited

**SPONSOR CONTRIBUTION BANK:** Yes Bank Limited

**UPI: UPI Bidders can also Bid through UPI Mechanism.**

*All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Offer Document.*

For **Raajmarg Infra Investment Trust**
on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Gunjan Rajpal
Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: March 10, 2026

**RAAJMARG INFRA INVESTMENT TRUST** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Units and has filed the Offer Document dated February 28, 2026 with SEBI and the Stock Exchanges. The Offer Document is made available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the Book Running Lead Managers i.e., SBI Capital Markets Limited at www.sbicaps.com, Axis Capital Limited at www.axiscapital.co.in, ICICI Securities Limited at www.icicisecurities.com and Motilal Oswal Investment Advisors Limited at www. motilaloswalgroup.com, the website of the NSE at www. nseindia.com and the website of the BSE at www.bseindia.com and the website of the Trust at www.raajmarginfratrust.in. Any potential investor should note that investment in Units involves a high degree of risk and for details relating to such risks, please see the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 42 of the Offer Document. Potential investors should not rely on the Draft Offer Document for making any investment decision.

The Units have not been and will not be registered under the United States Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") and may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Units are only being offered and sold outside the United States in "offshore transactions" as defined in and in reliance on Regulation S under the Securities Act ("Regulation S") and the applicable law of the jurisdictions where such offers and sales are made.

Adfactors

## कैंपस डायरी

### जेएनयू में आतंकवाद-रोधी रणनीति पर चर्चा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (एसआईएस) में अमृत काल में भारत की आतंकवाद-रोधी रणनीति को बदलना : उभरती प्रवृत्तियां और सुरक्षा दुविधाएं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। विशेषज्ञों ने आतंकवाद की बदलती प्रकृति और अमृत काल- 2047 तक विकसित और लचीला राष्ट्र बनने की भारत की परिकल्पित यात्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के सामने आने वाली चुनौतियों का आलोचनात्मक विश्लेषण किया। सम्मेलन में जेएनयू एसआईएस डीन अमिताभ मट्टू सहित अलग-अलग राज्यों के पूर्व डीजीपी और आईजी शामिल हुए। सम्मेलन संयोजक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रशांत साहू ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के 50 से अधिक युवा शोधकर्ता और विशेषज्ञ शामिल हुए। ब्यूरो

### मानद विशेष फेलो की नियुक्ति पर विवाद

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के छत्रपति शिवाजी महाराज सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज में एक नियुक्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया है। जेएनयू शिक्षक संघ ने सेंटर के कपड़ा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल को मानद विशेष फेलो नियुक्त करने पर विरोध दर्ज कराया है। संघ के अध्यक्ष सैयद अख्तर हुसैन और सचिव अविनाश कुमार के अनुसार विश्वविद्यालय के नियमों में ऐसा कोई पद नहीं है। पद के सृजन और नियुक्ति का अधिकार केवल कार्यकारी परिषद को है। उन्होंने कुलगुरु शांतिश्री डी. पंडित से नियुक्ति को तुरंत वापस लेने और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर आगे भी विरोध जारी रखने की चेतावनी दी है। ब्यूरो

### छात्रों को प्रकृति से जोड़ने के लिए तितली उद्यान शुरू

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मंदिर मार्ग स्थित नवयुग स्कूल में विकास भी, विरासत भी-पौधों के साथ बढ़ें थीम पर तितली उद्यान की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन एनडीएमसी की सदस्य सरिता तोमर ने किया। उद्यान को 'लिविंग क्लासरूम' के रूप में तैयार किया गया है। सरिता तोमर ने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को प्रकृति और जैव-विविधता के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रचना मोहन की पुस्तक ''बटरफ्लाई गार्डन : नर्चरिंग फ्यूचर एनवायरनमेंटल स्टीवर्ड्स'' का भी विमोचन किया गया। प्रधानाचार्य तरुण सिकरी ने कहा कि यह उद्यान छात्रों को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझने का अवसर देगा। ब्यूरो

### आईपीयू के दो प्रोफेसरों को मिला नेशनल पब्लिक अवेयरनेस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के प्रोफेसर रविंदर कुमार और प्रो. रवि कांत को समाज में जनजागरूकता बढ़ाने और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े अभियानों में उल्लेखनीय योगदान के लिए नेशनल पब्लिक अवेयरनेस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक समारोह में दिया गया। समारोह में राजधानी और देश भर में जेंडर आधारित सुरक्षा पहलों की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्रोफेसर रविंदर कुमार को महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने की दिशा में जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के लिए विशेष रूप से सराहा गया। समारोह में शिक्षाविदों और कानूनी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी मौजूद रहीं। ब्यूरो

# प्रश्न पत्र का क्यूआर कोड किया स्कैन, बजा गाना

## स्कैन करने पर यू-ट्यूब वीडियो खुला, गोपनीयता को लेकर उठे सवाल, सीबीएसई ने कहा- पेपर सुरक्षित है

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सोमवार को बारहवीं की गणित परीक्षा के कुछ प्रश्न पत्र में क्यूआर कोड स्कैन पर ब्रिटिश पॉप गाना नेवर गोना गिव यू अप बजने लगा। दावा किया गया कि प्रश्न पत्र का क्यू-आर कोड स्कैन करने पर यू-ट्यूब वीडियो खुल रहा है। इस पर घटना ने प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

सीबीएसई ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रश्न पत्र को पूरी तरह से सुरक्षित बताया है। वहीं, यह मामला दिन भर छात्रों, शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

इस वीडियो के वायरल होने के बाद छात्रों अभिभावकों की ओर से प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता को लेकर सवाल उठने लगे। काफी छात्र अपने-अपने प्रश्न पत्र के क्यू-आर कोड को स्कैन करके देखने लगे लेकिन उन्हें साधारण अक्षर या कोड ही दिखा। इस कारण से भ्रम की स्थिति रही। बताया जा रहा है कि यह घटना एलायड मैथमेटिक्स के कुछ प्रश्न पत्रों में हुई।

सीबीएसई ने गणित के प्रश्नपत्र को लेकर उठे विवाद पर स्पष्ट किया है कि प्रश्नपत्र पूरी तरह से असली हैं और उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की सेंध नहीं लगी है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ संयम भारद्वाज की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 9 मार्च 2026 को आयोजित बारहवीं की गणित की परीक्षा के दौरान कुछ प्रश्नपत्र सेट में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक यूट्यूब वीडियो का लिंक खुलने की जानकारी सामने आई है। इस घटना के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच प्रश्नपत्र की सत्यता और सुरक्षा को लेकर शंकाएं पैदा हो गई थीं।

सीबीएसई ने कहा कि प्रश्नपत्रों में कई तरह के सुरक्षा फीचर दिए जाते हैं, जिनमें क्यूआर कोड भी शामिल हैं। इन क्यूआर कोड का उद्देश्य किसी भी संदिग्ध स्थिति में प्रश्नपत्र की सत्यता की जांच करना होता है। इसमें सेट नंबर, सीरियल नंबर या एन्क्रिप्टेड जानकारी रहती है जिससे यह पता चलता है कि दस्तावेज असली है और उसमें किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है।

### आवश्यक कदम उठाए जा रहे

बोर्ड ने कहा कि क्यू आर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब लिंक खुलने की घटना को गंभीरता से लिया गया है। इस संबंध में जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। छात्रों और अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। बोर्ड परीक्षा की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी है। बोर्ड का उद्देश्य छात्रों को निष्पक्ष और व्यवस्थित परीक्षा प्रणाली उपलब्ध कराना है।

### सैयद अख्तर बने जेएनयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) शिक्षक संघ की नई टीम के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो गई है। इस चुनाव में शिक्षक संघ का अध्यक्ष सैयद अख्तर हुसैन को चुना गया है।

उपाध्यक्ष पद के लिए अजय व सुचरिता सेन, सचिव पद के लिए अविनाश कुमार और संयुक्त सचिव के पद के लिए गजाला जमील व शरद पी. बाक्सिकर का चयन किया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष काली चिट्टीबाबू को बनाया गया है। कार्यकारिणी में विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। ब्यूरो

# एसओएल में बीएससी कंप्यूटर साइंस व एमबीए हेल्थकेयर की होगी पढ़ाई

## पाठ्य सामग्री तैयार, दाखिले के लिए जरूरी योग्यता के संबंध में तैयार किया जा रहा खाका

रश्मि शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) शैक्षणिक सत्र 2026-27 में दो नए प्रोग्राम बीएससी ऑनर्स कंप्यूटर साइंस व एमबीए हेल्थकेयर को शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

इनमें दाखिले के लिए जरूरी योग्यता के संबंध में खाका तैयार किया जा रहा है। इनकी पाठ्य सामग्री तैयार कर ली गई हैं। अब इसे डीयू की अकादमिक व कार्यकारी परिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद जून में दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी।

कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक डॉ. पायल मागो ने बताया कि एमबीए हेल्थकेयर के लिए एसओएल ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के साथ एमओयू किया है। इसके तहत हमारे छात्र वहां इंटर्नशिप करेंगे।

### दाखिले जून से हो सकते हैं शुरू

स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक कोर्सेज में ऑनलाइन दाखिले जून से शुरू हो सकते हैं। यह प्रक्रिया सितंबर के अंत तक चलेगी। हालांकि, इससे पहले डिस्टेंस एजुकेशन बोर्ड(डीईबी) से मंजूरी लेनी होगी। इसके लिए डीईबी अप्रैल में अपनी विंडो खोलेगा।

**पिछले से 1 लाख 28 हजार दाखिले :** मालूम हो कि एसओएल में स्नातक स्तर पर बीए पास, बीए पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स, बीकॉम प्रोग्राम, बीकॉम ऑनर्स, बीए अंग्रेजी ऑनर्स, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स, बीबीए फाइनेंशियल इनवेस्टमेंट एनालिसिस, बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज(बीएमएस) और एमबीए कोर्सेज में दाखिले होते हैं। डीयू के नियमित कॉलेजों से अधिक दाखिले एसओएल में ही होते हैं। बीते साल स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर 1 लाख 28 हजार दाखिले हुए थे।



जेएनयू में छात्र संघ के जनमत संग्रह में हिस्सा लेते हुए छात्र। अमर उजाला

### नीट एसएस की काउंसलिंग शुरू

**नई दिल्ली।** नीट एसएस 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। इससे फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने खुशी जाहिर की है। फेमा के अनुसार, उनके लगातार फॉलोअप और दबाव के कारण आखिरकार नीट एसएस 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हुई है।

फेमा ने एक महीने से ज्यादा समय तक मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) से अनुसूची जारी करने की मांग की थी। नीट एसएस परिणाम आने के बाद देरी से सुपर स्पेशियलिटी के हजारों उम्मीदवार परेशान थे और अस्पतालों में स्टाफ की कमी हो रही थी। फेमा ने बताया कि उनके इस प्रयास से उन डॉक्टरों को बड़ी राहत मिली है जो सुपर स्पेशियलिटी (डीएम/एमसीएच/डीएनबी) कोर्स में एडमिशन का इंतजार कर रहे थे। ब्यूरो

### जामिया में उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली ।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय की उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने उद्घाटन किया।

केंद्र के मानद निदेशक प्रो. रिहान खान सूरी ने कहा कि उद्यमशीलता और प्रबंधकीय क्षमताओं के निर्माण के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया है। इससे प्रतिभागियों को स्थायी उद्यम स्थापित करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। ब्यूरो

### जेएनयू : कुलगुरु के लिए जनमत संग्रह

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) कुलगुरु शांतिश्री डी. पंडित की कथित जातिगत टिप्पणी और भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में उनके पद पर बने रहने को लेकर छात्र संघ ने मंगलवार को जनमत संग्रह किया, जिसका परिणाम बुधवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में जारी किया जाएगा।

जेएनयू छात्र संघ के महासचिव सुनील यादव ने कहा कि जनमत संग्रह में करीब तीन हजार छात्रों ने हिस्सा लिया। जनमत संग्रह के लिए 16 बूथ बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि कुलगुरु के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। दोबारा टेंट लगाकर विरोध शुरू है। प्रशासन ने पिछले वर्ष लाइब्रेरी में हुई तोड़फोड़ मामले में जेएनयू छात्र संघ के पदाधिकारियों को निष्कासित कर रखा है। इसके बाद से जेएनयू परिसर में छात्र अलग-अलग तरह से विरोध दर्ज करा रहे हैं। ब्यूरो

### रवि ने जीते तीन स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** एमसीडी के जूनियर इंजीनियर रवि चौहान ने एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने मास्टर्स-1 (110 किलोग्राम) वर्ग में भाग लेते हुए फुल पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट स्पर्धाओं में पदक हासिल किए। रवि ने कुल 575 किलोग्राम वजन उठाया। वे एमसीडी के केशवपुरम जोन में जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद पर कार्यरत हैं। रवि इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और 20 से अधिक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में स्पेन में आयोजित अर्नोल्ड क्लासिक यूरोप 2024 में दो स्वर्ण पदक, थाईलैंड में विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में तीन स्वर्ण पदक, रूस में विश्व कप 2023 में दो स्वर्ण व एक रजत पदक तथा स्लोवेनिया में विश्व चैंपियनशिप 2023 में दो स्वर्ण पदक शामिल हैं। ब्यूरो


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–विशाल मिश्रा, उम्र–30 वर्ष, उँचाई–5 फीट, 11 ईंच, रंग–गोरा, पहनावा–सफेद रंग का शर्ट एवं काला रंग का फुल पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति विशाल मिश्रा, सा0–राम मंदिर के सामने, साई क्लोनी, फलैट नं0–118, गोसाई टोला, नियर संत कोलम्बस स्कूल चुटिया, जिला–राँची, जो दिनांक–05.02.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में चुटिया थाना–18/2026, दिनांक–10.02.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706137

थाना प्रभारी, चुटिया, राँची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 374643 Police(25-26)#D



**नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय, हरियाणा**

नगर योजना भवन, प्लॉट नंबर 3, ब्लॉक-ए, सेक्टर-18-ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़

टेली-फ़ैक्स:-0172-2548475: 0172-2549851,

ईमेल : tcpharyana7@gmail.com

वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in

ज्ञापन संख्या RCP-29-VOL-II-A/JD(G)/2026/8219 दिनांक: 09-03-26

**सार्वजनिक नोटिस**

गुड़गांव मानेसर शहरी परिसर-2031 एडी के सेक्टर-36, 36ए, 36बी और 37बी की क्षेत्रीय योजना, जिसका आरेखण संख्या डीटीपी (जी) 2130/2012 दिनांक 20.12.2012 है, को 24.12.2012 को अनुमोदित किया गया था।

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने गुरुग्राम के सेक्टर-36ए में सीपीआर तक कनेक्टिविटी के लिए 30.0 मीटर चौड़ाई वाली भूमि का अधिग्रहण किया है और अनुरोध किया है कि उक्त अधिग्रहण की संरेखण रेखा को गुरुग्राम के सेक्टर-36ए की क्षेत्रीय योजना में शामिल किया जाए। अनुरोध की जांच की गई और इसे सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

सरकार ने 30.0 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़क के उक्त संरेखण को सेक्टर-36ए की क्षेत्रीय योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है और गुरुग्राम के सेक्टर-36ए की अनुमोदित क्षेत्रीय योजना में संशोधन के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है।

तदनुसार, पहले से स्वीकृत क्षेत्रीय योजना की एक प्रति, जिसका आरेखण संख्या DTP(G)2130/2012 दिनांक 20.12.2012 है, और साथ ही सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत संशोधित क्षेत्रीय योजना, जिसमें प्रस्तावित संरेखण ('A' से 'B') शामिल है, जिसका आरेखण संख्या DTP(G)2765/2026 दिनांक 02.03.2026 है, विभागीय वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

उपरोक्त संशोधित क्षेत्रीय योजना के प्रस्तावित संशोधन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर, वह इस सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम के कार्यालय, जो हुडा कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-14, गुरुग्राम में स्थित है, में कारण सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(अमित खत्री, आईएएस)

निदेशक, नगर एवं ग्राम योजना, हरियाणा, चंडीगढ़

दिनांकित:-

स्थान:- चंडीगढ़

PRDH:- 1118/11/181/2026/43679/1/7 Dt. 10/03/2026


### कॉलेज में राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीता कॉलोनी में मंगलवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य से जोड़ना रहा। मुख्य वक्ता साक्षी शाह ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति और एकता का प्रतीक रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को विकसित भारत-2047 की परिकल्पना और वंदे मातरम् के महत्व की पावर पॉइंट से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुले मंच से भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। ब्यूरो


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 3/लेखा/25-26/9098-9118 दिनांक :- 26/02/2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 39/2025-26**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा के0डी0ए0, कोटा में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी विभागो के अन्तर्गत ''एए'' तथा ''ए'' क्लास (विद्युत कार्यो के लिए Exy-1 श्रेणी) संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 53 कार्यो (UBN : UIK2526WSOB00851 To UIK2526WSOB00903) हेतु ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota पर देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/22123 अधिशाषी अभियन्ता



**गाजियाबाद नगर निगम**

(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 112/निर्माण/2025–26 दिनांक:10.03.2026

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो (निगम निधि, अवस्थापना विकास निधि, 15वीं वित्त आयोग एवं अन्य) हेतु ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रं उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे https://etender.up.nic.in वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा हेतु 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद नगर निगम



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **03 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई–नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:–

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 11.03.2026 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12034 (F1) (मंगलवार), 12040 (F1), 12045 (F1), 12060 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार), 12060 (F1) (सोमवार, मंगलवार), 12425 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 12572 (F1), 12584 (F1, R1), 12596 (R1), 12650 (F1), 12986 (F1), 22210 (R1), 22438 (R1), 22482 (F1), 54076 (F2, R1). |
| 2. | 12.03.2026 को 10:30 बजे | 09310 (F1, F2, R1) (For short term lease), 12057 (F1), 12265 (F1), 14714 (F1), 15026 (F1), 15035 (F1, F2, R1), 22438 (F1), 22454 (F1, F2, R1), 22472 (F1), 22986 (F1). |
| 3. | 17.03.2026 को 10:30 बजे | 12457 (F1, F2, R1), 12481 (R1), 12612 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14507 (F1, F2, R1), 14681 (R1), 14731 (F1, R1), 15116 (F1), 15622 (F1), 20473 (F1). |
| 4. | 20.03.2026 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2, R1), 14053 (F2, R1), 14305 (F1, F2, R1), 14521 (F1, F2, R1), 20488 (F1, R1), 20946 (F1). |
| 5. | 23.03.2026 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12055 (F1), 12448 (F1), 12963 (F1), 14164 (F1), 14212 (F1), 14331 (F1, F2, R1), 14679 (F1), 14681 (F1), 22421 (F1, F2, R1). |
| 6. | 24.03.2026 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में 12454/12453, 14012/14011, 14050/14049, 20408/20407. |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 804/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जेएलएन स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स का आगाज

## आठ देशों के 257 खिलाड़ी दिखाएंगे दम, भारत का 219 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में मंगलवार को न्यू दिल्ली 2026 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स के दूसरे संस्करण का उद्घाटन हुआ। 11 से 13 मार्च तक चलने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आठ देशों के करीब 257 पैरा एथलीट अपने जज्बे और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि भारत की ओर से लगभग 219 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल इसमें हिस्सा ले रहा है।

city sports

### देश के कई स्टार पैरा एथलीट मैदान में उतरेंगे

भारत, नेपाल, भूटान, हांगकांग, सर्बिया, बोस्निया, मिस्र और न्यूट्रल पैरा एथलीटों की मौजूदगी से यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय रंग में नजर आएगी। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच है, बल्कि लोगों को पैरा खेलों के प्रति जागरूक करने और दिव्यांग खिलाड़ियों की क्षमता को करीब से देखने का अवसर भी देगा।

प्रतियोगिता में भारत के कई स्टार पैरा एथलीट मैदान में उतरेंगे। इनमें पैरालंपिक चैंपियन मरियप्पन थंगावेलु, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और हाई जंपर प्रवीण कुमार शामिल हैं। इसके अलावा पैरालंपिक पदक विजेता अजीत सिंह और देवेंद्र सिंह गुर्जर, एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता अंकुर धामा, टी-12 धाविका सिमरन और पेरिस 2024 पैरालंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली प्रीति पाल भी हिस्सा लेंगी।

इन खिलाड़ियों की मौजूदगी प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाएगी। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि यह आयोजन भारत में पैरा खेलों के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा कि जेएलएन स्टेडियम में खेल सुविधाओं में हुए सुधार का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को मिला है, जिसका असर हाल के वर्षों में देश के बढ़ते पदक प्रदर्शन में दिखाई देता है।

इस बार आयोजन में 'स्वयम' संस्था को आधिकारिक एक्सेसिबिलिटी पार्टनर बनाया गया है। संस्था ने स्टेडियम का एक्सेसिबिलिटी ऑडिट किया और खिलाड़ियों की आवाजाही आसान बनाने के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था भी सुनिश्चित की।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एंव उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है:– **ई–निविदा सूचना सं. 2025-26: 181of2025-26. कार्य का नाम व स्थान:** Conversion of SWR to LWR in Loop lines in the section of the ADEN/ BME of Jodhpur Division. **अनुमानित लागत रुपये:** 3,35,71,280.58. **बयाने की राशी रुपये:** 3,17,900.00. निविदा सूचना संख्या 181of2025-26 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 01/04/2026 को 15.00 बजे तक है वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है– www.ireps.gov.in.

341-PM/26

हमे /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


### महिला के आंतरिक संसार को किया उजागर

**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर में नृत्यांगना श्रुति शोबी की एकल नृत्य नाटक कनल चिलम्बु (द एंकलेट ऑफ फायर) का आयोजन किया गया। यह प्रस्तुति कवि प्रभा वर्मा की कविता पर आधारित एक महाकाव्यात्मक काव्य कथा से प्रेरित है। नाटक ने महिला के जटिल आंतरिक संसार को उजागर किया, जो पितृसत्ता, भाग्य और समय के विरुद्ध साहसपूर्वक खड़ी होती है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-136-25-26 दिनांकः 07.03.2026

**कार्य का नामः-** पीपी यार्ड के एफएमवाई मे शटिंग उद्देश्य के लिए अतिरिक्त लाईने बिछाना। (इस कार्य में फॉरमेशन हेतु अर्थ वर्क, ट्रैक बिछाने का कार्य लगभग 1250 ट्रैक मीटर, पुल का विस्तार तथा अन्य संबंधी कार्य शामिल है) निविदा मूल्यः ₹ 4,14,30,849/-, ईमडीः ₹ 3,57,200/-.

(2) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-137-25-26 दिनांकः 07.03.2026

**कार्य का नामः-** मरौदा में नए शटिंग नेक का निर्माण। (इस कार्य मे फॉरमेशन हेतु अर्थ वर्क, ट्रैक बिछाने का कार्य लगभग 500 ट्रैक मीटर, पुल का विस्तार तथा अन्य संबंधी कार्य शामिल है) निविदा मूल्यः ₹ 1,01,56,619/-, ईमडीः ₹ 2,00,800/-. **निविदा प्रस्तुत करनाः** 11.00 बजे तक दिनांक 30.03.2026, **निविदा खोलनाः** 11.00 बजे दिनांक 30.03.2026.

निविदा दस्तावेज का विवरण, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय /एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

मंडल अभियंता-III

पीआर/आर/इंजी./एस्न/351 द.पू.म.रे., रायपुर

South East Central Railway @secrail



**Medical Helpline**


**इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल**

अब सेक्टर–35 नोएड़ा में

**नि:शुल्क**

नि:संतानता परामर्श

सप्ताह के 7 दिन खुला



**8826975080, 8585808073**

ए–1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)

RAVI HOSPITAL

Email : noida@ravihospital.org

आगरा । अलीगढ । फिरोजाबाद । नोएडा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पिलखुवा जनपद - हापुड़**

पत्रांक :- 2032 /2025-26 दिनांक:- 10/03/26

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, पिलखुवा जनपद हापुड वित्तीय वर्ष-2026–27 के लिए फ्लैक्सी / बैनर / पोस्टर से विज्ञापन शुल्क वसूली एवं शासनादेश सं0-161सी0एम/ नौ-9–9–97 23 ज/97 दिनांक 16.12.1997 के अनुसार सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत वाहनों के लाईसेन्स निर्गत किये जाने हेतु दिनांक 23.03.2026 को सार्वजनिक नीलामी की जायेगी।

अतः इच्छुक ठेकेदार / फर्म / निर्धारित नियम व शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित जमानत धनराशि जमा कर बोली में भाग ले सकते है।

| कं0सं0 | विवरण | दर रू0 मे | जमानत राशि रू | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फ्लैक्सी/बैनर / पोस्टर से विज्ञापन शुल्क धनराशि | अंकन रू0-500 प्रति वर्ग मी0 प्रति वर्ष | 10,000 | |
| 2 | शासनादेश सं0-161 सी0एम/ नौ-9-9-97 23 ज/97 दिनांक 16.12.1997 के अनुसार वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क की धनराशि | - 2 सीटर रिक्शा 360<br>- 4 सीटर रिक्शा 500<br>- 7 सीटर रिक्शा 750<br>- मिनी बस - 1500<br>- बस - 2500, ट्राली - 150<br>-रिक्शा - 150<br>- ठेला / ठेली - 100<br>- हाथ ठेला-25<br>- बैल / भैंसा गाड़ी-25<br>- 4 पाहिया वाहन - 1000 | 10,000 | 23.03.2026 समय :11 बजे प्रातः |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पिलखुवा।

अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, पिलखुवा।

# बारापुला नाले में नहीं गिरेगा गंदा पानी, 8 झुग्गी बस्तियों में लगेंगे छोटे सीवेज प्लांट

नितिन राजपूत



बारापुला नाला। फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** बारापुला नाले में गंदे पानी के बहाव को रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने कदम तेज कर दिए हैं।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के बाद डीजेबी ने झुग्गी बस्तियों से निकलने वाले सीवेज को रोकने और स्थानीय स्तर पर उपचार करने की योजना बनाई है। इसके तहत आठ झुग्गी क्लस्टरों में छोटे और मॉड्यूलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए जाएंगे, ताकि गंदा पानी नाले में न गिरे। डीजेबी ने इस संबंध में एक रिपोर्ट शपथ-पत्र के साथ एनजीटी में दाखिल की है। डीजेबी के मुख्य अभियंता भूपेश कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि 10 झुग्गी (जेजे) क्लस्टरों के नालों को ट्रैप करने की योजना बनाई गई थी। इनमें से दो का काम पहले ही पूरा हो चुका है। श्री

### एनजीटी के निर्देश के बाद डीजेबी ने गंदे पानी को रोकने को बनाई योजना

राम कैंप (धौलाकुआं के पास स्प्रिंगडेल स्कूल के नजदीक) और मद्रासी कैंप के नालों को पहले ही दिल्ली जल बोर्ड के सीवर नेटवर्क से जोड़ दिया गया है।

हालांकि, बाकी आठ क्लस्टरों में अब भी गंदा पानी बारापुला ड्रेन में गिर रहा है। इन क्षेत्रों में सीवेज को एक जगह इकट्ठा कर मुख्य सीवर लाइन से जोड़ना संभव नहीं है। ऐसे में इन बस्तियों में छोटे-छोटे डिसेंट्रलाइज्ड एसटीपी लगाने का फैसला किया है। आठ झुग्गी क्लस्टरों में आरके पुरम का अंबेडकर बस्ती (वेस्ट ब्लॉक-2), मोहन सिंह मार्केट के सामने स्थित लेब्रोसी कॉलोनी, सेक्टर-7 का नेहरू एकता कैंप, सेक्टर-6 की एसपी/जेपी कॉलोनी और सेक्टर-1 की पुलिस पोस्ट के पास स्थित हनुमान कैंप शामिल हैं। इसके अलावा वसंत विहार क्षेत्र के नेपाली कैंप, सेवा कैंप (मुनिरका डिपो के पास) और शिवा कैंप भी इस योजना में शामिल हैं।

**एसटीपी होंगे फैब्रिकेटेड टैंकों पर आधारित :** डीजेबी ने इन सभी क्लस्टरों के लिए आरके पुरम सेक्टर-12 में एक स्थान चिह्नित किया है, जो अंबेडकर बस्ती नाले के पास और रिंग रोड स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के नजदीक है। प्रस्तावित एसटीपी फैब्रिकेटेड टैंकों पर आधारित होंगे। इन संयंत्रों में गंदे पानी को साफ किया जाएगा, जिसका उपयोग बागवानी या अन्य कार्यों में किया जा सकेगा।

रिपोर्ट में बताया गया कि बारापुला ड्रेन मूल रूप से वर्षा जल निकासी का नाला है। इसमें सीवेज डालना गैरकानूनी है। इससे नाले की क्षमता कम हो जाती है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।

**परियोजना के लिए डुसिब से कई बार किया संपर्क :** रिपोर्ट में बताया गया कि परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डुसिब) से कई बार संपर्क किया गया, लेकिन वहां से कोई ठोस सहयोग नहीं मिला। पत्रों में कहा गया था कि जेजे क्लस्टरों का सीवेज एक स्थान पर एकत्र कर डीजेबी को सौंपा जाए, ताकि उसे सीवर नेटवर्क से जोड़ा जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, 27 नवंबर 2025 को दोनों एजेंसियों ने संयुक्त निरीक्षण भी किया था, लेकिन उसके बाद भी डुसिब की ओर से कोई स्पष्ट कार्य योजना सामने नहीं आई। इस स्थिति में डीजेबी ने एनजीटी में डुसिब के खिलाफ एक आवेदन भी दाखिल किया है।

**एनडीएमसी से मांगी नक्शे और ट्रैपिंग योजना की जानकारी :** रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा डीजेबी ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को भी पत्र लिखकर उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों की स्थिति, नक्शे और ट्रैपिंग योजना की जानकारी मांगी है। इस संबंध में 5 जनवरी को रिमाइंडर भी भेजा गया है और संयुक्त निरीक्षण का प्रस्ताव रखा गया है। डीजेबी ने नालों में बहने वाले पानी की मात्रा मापने के लिए भी कदम उठाए हैं। इसके लिए एक टेंडर जारी किया गया।

गौरतलब है कि एनजीटी ने 9 सितंबर 2025 को अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि किसी भी स्थिति में बिना उपचार का सीवेज स्टॉर्म वॉटर ड्रेन में नहीं डाला जा सकता।

## मेरी आवाज सुनो...

### बीच सड़क पर मलबे के ढेर से राहगीर परेशान

झिलमिल में बीच सड़क पर मलबे के ढेर होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे यातायात बाधित हो रहा है। यहां से रोजाना सैकड़ों वाहन और लोग गुजरते हैं। बिना सुरक्षा इंतजाम के काम करना हादसे को न्योता दे रहा है। संबंधित अधिकारियों को इसपर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

-आशिष तोमर, राहगीर

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो।

जानकारी साझा करें

del-cityincharge@del.amarujala.com

## न्यूज डायरी

### एमसीडी में शामिल हुए 48 नए टिपर ट्रक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एमसीडी के बेड़े में 48 नए टिपर ट्रकों को शामिल किया गया। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को एमसीडी मुख्यालय से इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, उद्यान समिति के अध्यक्ष हरीश ओबरॉय व आयुक्त संजीव खिरवार भी मौजूद रहे। महापौर ने बताया कि सीएनजी से चलने वाले ये ट्रक हाइड्रोलिक टिपिंग सुविधा से लैस हैं। इनकी खरीद भारत सरकार के अर्बन डेवलपमेंट फंड (यूडीएफ) के तहत मिली वित्तीय सहायता से की गई है। ब्यूरो

### आरडब्ल्यूए ने उठाई आईकार्ड की मांग

**नई दिल्ली।** नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के नंदनगरी स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में जनगणना-2027 और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला उपायुक्त अजय कुमार और एसडीएम गोकलपुर पूनम ने की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, विभिन्न नोडल एजेंसियों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने मतदाता सूची के संशोधन के लिए प्रभावी समन्वय और जन-जागरूकता पर जोर दिया। बैठक में आए लोगों ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को पहचान पत्र (आईकार्ड) जारी करने की मांग उठाई। पहले आरडब्ल्यूए को आईकार्ड मिलते थे। ब्यूरो

### पेंशन बढ़ाने की मांग को सांसदों ने दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** ईपीएस-95 पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर पेंशनरों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जंतर-मंतर पर जारी रहा। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले देश के कई राज्यों से आए हजारों पेंशनरों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और गोवा समेत कई राज्यों के पेंशनर शामिल हुए। संवाद

### बेहतर कार्य के लिए 21 महिलाएं हुईं सम्मानित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर मंगलवार को भारतीय बौद्ध संघ की ओर से सामाजिक समरसता महिला सशक्तीकरण सम्मान समारोह हुआ। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के मावलंकर हॉल में हुए कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया। संवाद

# एफटीए से खुले वैश्विक बाजार, कृषि निर्यात में भारत के लिए बड़ा अवसर : पीयूष गोयल

## चार दिवसीय आहार मेले का आगाज, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया उद्घाटन, बोले-निर्यात 5 लाख करोड़ तक पहुंचा

अमर उजाला ब्यूरो



भारत मंडपम में आहार मेले में जानकारी लेते लोग। जी पाल



आहार मेले में लगे स्टाल। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** भारत के बढ़ते व्यापार समझौते व भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग बड़े अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक बनाने की दिशा में मिलकर काम करना है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ये बातें मंगलवार को भारत मंडपम में आहार मेले का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का खाद्य और कृषि उत्पादों का निर्यात सालाना करीब 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें कृषि उत्पाद और मत्स्य पालन भी शामिल है।

इसके साथ ही भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पाद निर्यातक बन गया है। पीयूष गोयल के मुताबिक, 2014 से 2025 के बीच पिछले 11 वर्षों में भारत के कृषि और खाद्य निर्यात में तेजी आई है। इस दौरान प्रोसेस्ड फूड का निर्यात चार गुना, फल और दालों का निर्यात तीन गुना, प्रोसेस्ड सब्जियों का निर्यात चार गुना, कोको का निर्यात तीन गुना और अनाज का निर्यात दोगुना हो गया है। वहीं, चावल के निर्यात में करीब 62 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

पीयूष गोयल ने कहा कि इस तरह के विकास से भारत के कृषि और प्रोसेस्ड फूड निर्यात में दुनिया में शीर्ष स्थान पर काबिज होने की उम्मीद बनती है। यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल हो सकता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन से मेल खाता है, जिसमें भारत को दुनिया की फूड बास्केट बनाने की बात कही गई है।

**एफटीए ने बढ़ाए अवसर :** पीयूष गोयल ने बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। इसमें 38 विकसित और समृद्ध देशों के बाजारों तक पहुंच मिली है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए बड़े अवसर खुले हैं। आज भारत को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक बाजार पहुंच प्राप्त है।

गोयल ने बताया कि एफटीए वार्ता के दौरान सरकार ने घरेलू हितधारकों, खासकर किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा है। डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेशी उत्पादकों को कोई रियायत नहीं दी गई है। इसी तरह जीन संशोधित (जीएम) उत्पादों को भी शुल्क में छूट या बाजार तक पहुंच नहीं दी गई है।

**इटली भागीदार देश :** आहार मेले यह 40 वां संस्करण है। 14 मार्च तक चलने वाले आहार मेले में पहली बार इटली जैसा भागीदार देश मिला है। इसकी प्रदर्शनी शुक्रवार, 13 मार्च की शाम से शनिवार तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इससे आगंतुकों, विशेष रूप से युवाओं को भारत और विश्व भर के खाद्य, पेय और आतिथ्य क्षेत्रों की खूबियों का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

# सरकार और उद्योग जगत के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक : आशीष

अमर उजाला ब्यूरो




दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने समारोह में हिस्सा लिया। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि 2047 तक दिल्ली को विकास, नवाचार और वैश्विक साझेदारी की राजधानी बनाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग आवश्यक है। वह मंगलवार को सीआईआई दिल्ली स्टेट एनुअल सेशन 2025-26 एवं बिजनेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधि, नीति निर्माता और विशेषज्ञ शामिल हुए। दिल्ली 2047 : कैपिटल ऑफ ग्रोथ, इनोवेशन एंड ग्लोबल पार्टनरशिप्स विषय पर आयोजित सत्र में सूद ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर दिल्ली को भविष्य के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद और नीतिगत सुधार बेहद जरूरी हैं। दिल्ली सरकार उद्योग संगठनों और हितधारकों के साथ लगातार बातचीत कर रही है, ताकि व्यापार और उद्योग के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जा सके। इसके तहत फायर एनओसी प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है, श्रम नियमों में सुधार किए जा रहे हैं और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े लाइसेंसिंग प्रावधानों को भी अधिक जनहितकारी बनाया जा रहा है।

**पांच वर्षों में 325 करोड़ के निवेश का लक्ष्य :** युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार नई इन्क्यूबेशन नीति पर काम कर रही है। इसके तहत पांच वर्षों में लगभग 325 करोड़ रुपये का निवेश कर 2035 तक करीब 5,000 स्टार्टअप्स को समर्थन देने की योजना है। आईटीआई के पाठ्यक्रमों को आधुनिक तकनीक के अनुरूप बनाया जा रहा है, ताकि युवाओं को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिल सके।

# चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का समर्पण है अमूल्य : सीएम रेखा



सर गंगा राम अस्पताल में पहुंची सीएम रेखा गुप्ता। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का समर्पण देश के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ है। वह मंगलवार को सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित 'वुमन इन मेडिकल प्रोफेशन' कार्यक्रम में बोल रही थी।

सीएम ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। आज महिलाएं डॉक्टर, सर्जन, शोधकर्ता, नर्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में काम कर रही हैं। वह न केवल लोगों को बेहतर इलाज दे रही हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में महिला स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। यह अस्पताल लाखों मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा, शोध और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि सर गंगाराम अस्पताल जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं और यहां की समर्पित महिला चिकित्सा पेशेवर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी।

# देवी बसों के चालकों पर लापरवाही का आरोप, कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** द्वारका उपनगर में चलने वाली देवी नाम की बसों में हो रही लापरवाही पर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

निवासियों का आरोप है कि इन बसों के चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं और तेज रफ्तार में बस चलाते हैं, जिससे सड़क पर चल रहे लोगों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने बसों के निर्धारित स्टॉप पर नहीं रुकने का भी आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी महेश तौलिया का कहना है कि कई बार बसें रेड लाइट पर भी नहीं रुकतीं। उन्होंने बताया कि कुछ बस चालक बस चलाते समय तेज आवाज में संगीत भी सुनते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ऑल द्वारका रेजिडेंट्स फेडरेशन की उपाध्यक्ष कविता चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी और दैनिक यात्रा करने वाले मुख्य रूप से बस सेवा पर निर्भर हैं। ब्यूरो

# गंदे पानी की सप्लाई पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कई क्षेत्रों में गंदे पानी की सप्लाई के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि राजधानी के अधिकांश हिस्सों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बनी है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्लीवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं करा सकतीं तो उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ देना चाहिए।

देवेंद्र यादव ने कहा कि पूर्वी, उत्तरी और बाहरी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों से गंदे पानी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पूर्वी दिल्ली के मधु विहार, आईपी एक्सटेंशन, मंडावली और पटपड़गंज

### रेखा गुप्ता को सीएम पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं : देवेंद्र यादव

जैसे इलाकों में नलों से आने वाले पानी में कीड़े निकलने की शिकायतें मिली हैं। वहीं भलस्वा, जनकपुरी, अशोक नगर, नारंग कॉलोनी, चंदर नगर और द्वारका समेत अन्य क्षेत्रों में भी दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार बोरवेल और अन्य स्रोतों से आने वाले पानी को बिना पर्याप्त शोधन के ही आपूर्ति कर दी जाती है, जबकि उसमें बैक्टीरिया, गंदगी और हानिकारक रसायन मौजूद हो सकते हैं। यादव ने दावा किया कि हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में पानी के लगभग 40 प्रतिशत से अधिक नमूने परीक्षण में फेल पाए गए हैं।

# सरकारी विज्ञापन में एलजी को चौथे स्थान पर दिखाने पर उठाया सवाल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के हालिया विज्ञापनों में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का नाम चौथे स्थान पर दिखाए जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने खुद को दिल्ली का अभिभावक बताने वाले एलजी को अब उनकी जगह दिखा दी है।

सरकारी विज्ञापनों का हवाला देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इनमें सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम दिया गया है। उसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का नाम है, जबकि केंद्र सरकार के राज्य मंत्रियों के नाम तीसरे स्थान पर हैं और उपराज्यपाल वीके सक्सेना का नाम चौथे स्थान पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पहले एलजी का नाम प्रमुखता से ऊपर रहता था, लेकिन अब उन्हें पीछे कर दिया गया है। भारद्वाज ने कहा कि यह वही उपराज्यपाल हैं, जो अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल के दौरान खुद को दिल्ली का अभिभावक बताते थे और कई मौकों पर बोर्डों पर अपना नाम मुख्यमंत्री से ऊपर लिखवाते थे।

### आप ने उपराज्यपाल को विदाई पार्टी का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनके स्थानांतरण के मौके पर विदाई टी पार्टी का न्योता दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि बुधवार सुबह 10 बजे कालिंदी कुंज घाट पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यह आयोजन एलजी के कार्यकाल के दौरान दिल्ली सरकार के कामों में आई रुकावटों और फाइलों के लंबे सफर जैसे यादगार पलों को याद करने के लिए किया जा रहा है।

कुलदीप कुमार ने कहा कि हाल ही में एलजी ने अपने आवास पर एक हाई-टी कार्यक्रम आयोजित किया था, जो उनके लद्दाख स्थानांतरण से पहले की विदाई पार्टी मानी जा रही है। उनका आरोप है कि यह कार्यक्रम सरकारी खर्च पर आयोजित किया गया, लेकिन इसमें केवल भाजपा से जुड़े लोगों को ही आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के विधायकों, नेता प्रतिपक्ष या दिल्ली के राज्यसभा सांसदों को इसमें नहीं बुलाया गया। ब्यूरो

### सौरभ ने न्यायपालिका का किया अपमान

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज की ओर से अदालत के न्यायाधीश की निष्पक्षता पर सवाल उठाने की कड़ी आलोचना की। सचदेवा ने कहा कि किसी न्यायाधीश के भाजपा से संबंध होने की बात कहना पूरी न्यायिक व्यवस्था का अपमान है। उन्होंने बताया कि दिल्ली भाजपा इस मामले को अदालत के संज्ञान में लाने के लिए न्यायिक विशेषज्ञों से सलाह ले रही है।

सचदेवा ने कहा कि जब भी अदालत में किसी मामले में नया आपराधिक केस दर्ज किया जाता है या किसी फैसले के खिलाफ अपील की जाती है, तो वह जीत की उम्मीद के साथ ही दायर की जाती है। ऐसे में भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को सजा मिलने की उम्मीद जताना सामान्य कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। ब्यूरो

### भाजपा के बयानों पर आप ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में निचली अदालत से आम आदमी पार्टी के नेताओं को दोषमुक्त किए जाने के बाद भाजपा नेताओं के बयानों पर सियासी घमासान तेज हो गया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पूछा कि भाजपा नेताओं को कैसे पता है कि इस मामले में आगे अदालत का क्या फैसला आने वाला है।

पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के बयानों से कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं। वीरेंद्र सचदेवा कह रहे हैं कि जैसे-जैसे अदालत की कार्यवाही आगे बढ़ेगी, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को सजा जरूर मिलेगी। वहीं कपिल मिश्रा ने कहा कि पिक्चर अभी बाकी है। सौरभ भारद्वाज ने सवाल किया कि जब मामला अभी उच्च न्यायालय में लंबित है और सुनवाई बाकी है। ब्यूरो

# फंगल इंफेक्शन जांच के लिए लैब सामग्री और टेस्ट किट खरीदे जाएंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) और सुचेता कृपलानी अस्पताल ने फंगल इंफेक्शन की जांच के लिए जरूरी लैब सामग्री और टेस्ट किट खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए आपात खरीद प्रक्रिया के तहत सप्लायर्स से कोटेशन मांगे हैं। यह कोटेशन तीन कार्यदिवस के भीतर जमा करने होंगे। अस्पताल की ओर से जारी नोटिस में बताया गया है कि यह खरीद सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर-155) के तहत की जा रही है। अस्पताल के स्टोर अधिकारी मिथलेश कुमार के अनुसार, माइक्रोबायोलॉजी लैब में फंगल संक्रमण की जांच के लिए कुछ जरूरी उपकरण और टेस्ट स्ट्रिप्स की तत्काल आवश्यकता है, इसलिए जल्द खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है।

अस्पताल द्वारा जिन सामग्रियों की मांग की गई है, उनमें मुख्य रूप से एंटी-फंगल दवाओं की संवेदनशीलता जांचने वाली ई-टेस्ट स्ट्रिप्स शामिल हैं। इन स्ट्रिप्स की मदद से यह पता लगाया जाता है कि किसी मरीज में पाए गए फंगस पर कौन-सी दवा असरदार होगी।

**रिपोर्ट** जर्नल कंप्यूटर्स इन ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित हुआ अध्ययन, 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 25 युवाओं को शामिल किया था

# 72 घंटे तक मोबाइल कम चलाने पर बढ़ जाती है एकाग्रता

सोनम प्रतिहस्त

एआई



**नई दिल्ली।** हर मिनट में नोटिफिकेशन देखने की आदत और हर समय मोबाइल को हाथ में रखने की स्टाइल अब एक लत बन गई है। इससे छुटकारा तो लोग पाना चाहते हैं पर वह उनसे संभव नहीं हो पाता। सोशल मीडिया से वह ज्यादा देर तक दूर नहीं रह पाते। कई लोग तो ऐसे भी हैं जो कि सोते हुए उठकर फोन चलाने लगते हैं।

अब नए अध्ययन में सामने आया है कि यदि स्मार्टफोन का इस्तेमाल कुछ समय के लिए सीमित कर दिया जाए तो दिमाग की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। जर्नल कंप्यूटर्स इन ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि सिर्फ 72 घंटे तक स्मार्टफोन का सीमित इस्तेमाल करने से दिमाग के रिवॉर्ड सेंटर की सक्रियता कम हो जाती है, जबकि ध्यान और आत्म-नियंत्रण से जुड़े हिस्से अधिक सक्रिय हो जाते हैं। अध्ययन में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 25 युवाओं को शामिल किया गया था।

शोध के दौरान प्रतिभागियों को 72 घंटे तक स्मार्टफोन का उपयोग सीमित रखने के लिए कहा गया। प्रयोग से पहले और बाद में प्रतिभागियों के दिमाग की गतिविधि को एफएमआरआई स्कैन के जरिए जांचा गया। परिणाम में पाया गया कि तीन दिनों में ही स्मार्टफोन से जुड़े संकेतों पर दिमाग की प्रतिक्रिया में बदलाव दिखाई दिखा।

**फोन फॉग बन रही नई समस्या :** विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से फोन फॉग जैसी समस्या देखने को मिल रही है। इसमें व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, मानसिक थकान और नींद से जुड़ी परेशानियां महसूस हो सकती हैं। लगातार नोटिफिकेशन और सोशल मीडिया के कारण दिमाग को आराम नहीं मिल पाता।

**डिजिटल ब्रेक से दिमाग को मिलता है आराम :** मानव व्यवहार एवं संबद्ध संस्थान के मनोचिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश का कहना है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग दिमाग पर लगातार दबाव बनाता है। लगातार स्क्रीन देखने से ध्यान और स्मरण शक्ति प्रभावित हो सकती है। कुछ समय के लिए डिजिटल ब्रेक लें तो मानसिक संतुलन बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए कुछ छोटी आदतें अपनाई जा सकतीं हैं। खाने के समय फोन से दूरी, सोने से पहले स्क्रीन के इस्तेमाल में कमी और तय समय पर ही संदेश या सोशल मीडिया देखने से दिमाग को आराम मिलेगा और एकाग्रता में सुधार होगा।



Divisa

"अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।"

मॉर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त

Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar

पेट सफा... तो हर रोग दफा

24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores

Dr. Juneja's पेट सफा — NO.1 BRAND — Natural Laxative Granules & Tablets


# प्रदूषण से लड़ाई तेज, 22 नई तकनीकों की होगी जमीनी जांच

## सरकार के अनुसार, इनोवेशन चैलेंज में देशभर से कुल 284 प्रस्ताव मिले थे

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू इनोवेशन चैलेंज को अगले चरण में पहुंचा दिया है। अब इस पहल के तहत चुनी गई 22 नई तकनीकों का शहर के अलग-अलग प्रदूषण हॉटस्पॉट पर जल्द ही ऑन-ग्राउंड ट्रायल होगा। दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि इन तकनीकों का उद्देश्य वाहनों से निकलने वाले धुएं, धूल और हवा में मौजूद प्रदूषक कणों को कम करना है। ट्रायल में यह देखा जाएगा कि कौन-सी तकनीक प्रदूषण को सबसे प्रभावी तरीके से कम करती है।

सरकार के अनुसार, इस इनोवेशन चैलेंज में देशभर से कुल 284 प्रस्ताव मिले थे। विशेषज्ञों की तकनीकी समिति द्वारा जांच के बाद 22 डिवाइस को ट्रायल के लिए चुना है। इनमें से 13 तकनीक वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने पर केंद्रित हैं। इनमें व्हीकल-माउंटेड एयर प्यूरीफायर, बसों और ट्रकों के लिए रेट्रोफिट एमिशन कंट्रोल सिस्टम, बायो-अल्कलाइन एग्जॉस्ट स्क्रबर और जेनसेट्स के लिए प्रदूषण नियंत्रण उपकरण शामिल हैं। वहीं, 9 तकनीक हवा को साफ करने और धूल कम करने के लिए बनाई गई हैं। इनमें स्टैटिक एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम, डस्ट सप्रेशन यूनिट और स्मॉग कंट्रोल तकनीकें शामिल हैं, जिन्हें खुले इलाकों, सड़क कॉरिडोर और औद्योगिक क्षेत्रों में लगाया जा सकता है।

मंत्री सिरसा ने कहा कि इन ट्रायल का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि कौन-सी तकनीक वास्तव में प्रदूषण को कम करने में कारगर साबित होती है और जिसे बड़े स्तर पर लागू किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ट्रायल वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से किए जाएं। साथ ही, पर्यावरण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ट्रायल के दौरान सभी उपकरणों के प्रदर्शन और डेटा की निगरानी करेंगे। इन नतीजों के आधार पर अंतिम विजेता तकनीक का चयन किया जाएगा और उसे दिल्ली की क्लीन एयर रणनीति में शामिल किया जाएगा।

### स्थायी समिति अध्यक्ष ने सफाई पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को सभी 12 जोनों के उपायुक्तों और अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें शहर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से सड़कों के किनारे पड़े मलबे और निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) कचरे को प्राथमिकता के आधार पर हटाने पर जोर दिया गया।

सत्या शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों, गलियों, रेलवे ट्रैक के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या मलबा किसी भी स्थिति में जमा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सभी जोनों में नियमित निगरानी करते हुए सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में 10 दिवसीय विशेष सघन स्वच्छता अभियान की भी समीक्षा की गई। इस अभियान के तहत रेलवे ट्रैक, सड़कों, गलियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से कचरा व निर्माण एवं विध्वंस मलबे हटाने की कार्रवाई की जा रही है उन्होंने जोनों में अवैध पार्किंग की समस्या पर भी ध्यान देने को कहा और निर्देश दिए कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध पार्किंग के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ब्यूरो

### महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज करने की मांग

**नई दिल्ली।** वकील जय अनंत देहाद्राई ने दिल्ली हाईकोर्ट से टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की उस याचिका को शुरुआती चरण में ही खारिज करने की मांग की है, जिसमें उन्होंने अपने पालतू रॉटवीलर कुत्ते हेनरी की साझा कस्टडी की मांग की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की एकल पीठ ने देहाद्राई की याचिका पर सांसद को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 14 मई को निर्धारित की गई है। देहाद्राई ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर कोर्ट से अनुरोध किया कि उनकी याचिका को सांसद की सुनी हुई अपील (जो 29 अप्रैल को सूचीबद्ध है) से पहले सुनी जाए। यह विवाद महुआ मोइत्रा और जय अनंत देहाद्राई के पुराने रिश्ते के टूटने के बाद हेनरी नाम के रॉटवीलर कुत्ते की कस्टडी को लेकर शुरू हुआ। साकेत जिला अदालत ने नवंबर 2025 में महुआ मोइत्रा की हर महीने 10 दिनों के लिए अंतरिम साझा कस्टडी देने की मांग खारिज कर दी थी। ब्यूरो

# फिल्मों को दिव्यांगजनों के लिए भी सुगम बनाने की हों सुविधाएं : हाईकोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्मों को दृष्टिबाधितों के लिए अनुकूल बनाए जाने का निर्देश दिया है। अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्देश दिया है कि वे फिल्मों में ऑडियो डिस्क्रिप्शन, समान भाषा में सबटाइटल्स जैसी पहुंच सुविधाओं को जल्द से जल्द लागू करें।

याचिकाकर्ता राहुल बजाज ने अपनी याचिका में पुष्पा 2: द रूल समेत कई हालिया फिल्मों में इन सुविधाओं की कमी या सीमित उपलब्धता का मामला उठाया था। उन्होंने बताया कि कुछ फिल्मों में ये फीचर्स केवल चुनिंदा स्क्रीनों या भाषाओं तक ही सीमित रहे, जबकि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सिनेमाघरों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर समान पहुंच सुनिश्चित करना अनिवार्य है। न्यायालय ने सीबीएफसी को वेबसाइट पर खोजने योग्य डेटाबेस तैयार करने, फिल्म रिलीज से पहले पहुंच सुविधाओं की अधिसूचना जारी करने और इनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का आदेश दिया है।

### एसिड अटैक पीड़िता के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र और पुनर्मूल्यांकन में तेजी लाएं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एसिड अटैक सर्वाइवर की याचिका पर केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह उनकी दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने और 2024 की अधिसूचना के अनुसार पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करे। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता को एसओपी के तहत आवेदन करने की छूट देते हुए कहा कि आवेदन पर बिना किसी देरी के विचार किया जाए। याचिकाकर्ता ने बताया कि पहले से ही 30% स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित है। मार्च 2024 के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार उनकी दिव्यांगता 70% होनी चाहिए। उन्होंने यूडीआईडी पोर्टल पर पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने का प्रयास किया, लेकिन पोर्टल में ऐसा विकल्प उपलब्ध नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए मौजूदा कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि इस प्रक्रिया में बहुत समय लगेगा। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एसओपी के अनुसार आवेदन कर सकती हैं। उनकी अर्जी पर त्वरित निर्णय लिया जाए, बिना विलंब के। मामले को इसी आधार पर निस्तारित कर दिया गया।

# तीस हजारी कोर्ट में आज महिला अधिवक्ताओं की होगी कैंसर स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत तीस हजारी कोर्ट परिसर में महिला अधिवक्ताओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग बुधवार को होगी। शिविर में कैंसर की मुफ्त जांच, मैमोग्राफी, एचपीवी-डीएनए जांच एवं जागरूकता और शैक्षणिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान (डीएससीआई) की क्लीनिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा शुक्ला ने बताया कि स्तन और सर्वाइकल कैंसर को नियमित जांच और समय पर पहचान से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर के दौरान मैमोग्राफी के लिए 15 स्लॉट और एचपीवी-डीएनए जांच की 50 किट पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे।

डीएससीआई के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इस तरह के कैंप से लोगों तक सही जानकारी और समय पर जांच की सुविधा पहुंचती है। ब्यूरो

# पीडब्ल्यूडी सेवा एप के नए रूप से शिकायत दर्ज करना होगा आसान

**नई दिल्ली।** राजधानी में सड़कों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपने सेवा एप को नए स्वरूप में लॉन्च किया है। एप को नया और सरल इंटरफेस दिया गया है, जिससे नागरिक आसानी से शिकायत दर्ज कर सकेंगे और उसकी प्रगति पर नजर रख सकेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, अपडेटेड एप के जरिए लोग टूटी सड़कों, क्षतिग्रस्त फुटपाथ, खराब स्ट्रीट लाइट और सफाई से जुड़ी समस्याओं की शिकायत सीधे दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए उपयोगकर्ता को अपने मूल विवरण दर्ज करने होंगे, संबंधित शिकायत श्रेणी चुननी होगी, समस्या की फोटो अपलोड करनी होगी और लोकेशन मार्क करनी होगी। शिकायत दर्ज होते ही एक यूनिक रेफरेंस नंबर जारी होगा, जिसके माध्यम से शिकायत की स्थिति को रियल टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा।

विभाग ने बताया कि एप में एक डैशबोर्ड भी जोड़ा गया है, जहां शिकायत की स्थिति, जैसे कि शिकायत किस विभाग को सौंपी गई है, उस पर काम चल रहा है या समस्या का समाधान हो चुका है आदि दिखाई देगा। नागरिक विभागों के बीच शिकायत की प्रगति, समयसीमा और स्टेटस अपडेट की नोटिफिकेशन भी प्राप्त कर सकेंगे। फीडबैक देने का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि नए संस्करण से शिकायतों के निस्तारण में कम समय लगेगा। फील्ड स्टाफ व वरिष्ठ इंजीनियरों के बीच बेहतर समन्वय बनेगा। बैकएंड सिस्टम से अधिकारी शिकायतों का डाटा देख सकेंगे, संबंधित डिवीजन को काम सौंप सकेंगे और कार्रवाई से पहले और बाद की तस्वीरें अपलोड कर सकेंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभाग मौके पर जाकर समस्या का समाधान करेगा और उसकी तस्वीरें एप पर अपलोड करेगा। मानसून के दौरानअंडरपास के पास जलभराव पर नजर रखने के लिए 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था रहेगी। ब्यूरो

### इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने ट्रेन संख्या 20957/20958 इंदौर जंक्शन-नई दिल्ली-इंदौर जंक्शन सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार हिसार जंक्शन तक करने का निर्णय लिया है। इंदौर जंक्शन-दिल्ली सफदरजंग सुपरफास्ट 11 मार्च से इंदौर से चलकर हिसार तक जाएगी। ब्यूरो


**नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा । निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.com** एवं UPLC की वेबसाईट **http://etender.up.nic-in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें

(क).

1. **20/म०प्र०/ए०ओ०/वरि०प्र०-(वि०/यॉ)-II/2025-26/ई०नि०**, सैक्टर – 21ए में स्थापित डी०जी० सिस्टम की वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत **रू० 30.47 लाख**।
2. **17/म०प्र०/(वि०/या)-व०प्र० (वि/या)3/2025-26**, सैक्टर–96 में 33/11 के०वी० उपकेन्द्र के वार्षिक संचालन एवं अनुरक्षण कार्य। लागत **रू० 49.32 लाख**।

जिन्हें दिनॉक **24.03.2026** को सायं **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनॉक **25.03.2026** को **प्रातः 11.00** बजे खोली जायेगी।

**कार्यालय:** सेक्टर-5, नौएडा — **महाप्रबन्धक (वि/यॉ०) नौएडा।**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com



**अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना संख्या: 03255012/180**

RO No. 61/2025-26/Stores — दिनांक-10.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी निदेशक/भण्डार, इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई-खुली निविदा (एकल पैकेट) निम्नानुसार आमंत्रित करते हैं-

| क्रम सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा प्रस्तुत करने / खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 03255012A | आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग एक पूर्ण अनुकूलित सॉफ्टवेयर के साथ सेट-अप समय को कम करने के लिए पुष्टिकरण ऑसिलोग्राफ कार रन के लिए उन्नत उपकरण सेट-अप परीक्षण निदेशालय के संलग्न दस्तावेज के अनुसार। | 01 Set | 06/04/2026 समय 13:30 बजे (सोमवार) |

निविदा शर्तों और निविदा में जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) की पूरी जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

कार्यकारी निदेशक/भंडार/आर.डी.एस.ओ./ लखनऊ

**निदेशक/भण्डार-I**



**गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण**
(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाज़ियाबाद

**"सार्वजनिक सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नूरनगर स्थित खसरा संख्या–96 व 97 पर नंदग्राम आवासीय योजना **"अपनी जमी–अपना आसमान"** (रेरा पंजीकरण संख्या **UPRERAPRJ932839/02/2026**) में 77 आवासीय भूखण्डो के आवंटन हेतु प्राधिकरण द्वारा जनहित पोर्टल **janhit.upda.in के माध्यम से दिनांक 25.02.2026 से 15.03.2026** तक आवेदन फार्म ऑनलाईन प्राप्त किये जा रहे है। ऑनलाईन प्राप्त आवेदन फार्म/आवेदको के मध्य भूखण्डों का आवंटन ई–लॉटरी के माध्यम से दिनांक 25.03.2026 को **"हिन्दी भवन"**, लोहिया नगर, गाजियाबाद में उपस्थित आवेदको के समक्ष पूर्वान्ह 11:30 बजे किया जाना प्रस्तावित था परन्तु **अब भूखण्डो का आवंटन उपरोक्त नियत स्थल, तिथि व समय पर ही सामान्य लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।**

प्रभारी सम्पत्ति

ई–मेल: helplinegda@gmail.com, : @gdagzb, : @gdagzb
हैल्पलाईन: 0120–3342433 / व्हाट्सैप नं: 9818988807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर....... हमारा संकल्प



**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

डीएफसीसीआईएल के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य महाप्रबंधक/नोएडा, वांछनीय अनुभव एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली फर्मो/कंपनियों से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **1. खुली निविदा संख्याः** DFCCIL/NDA/1225/2025-26/01R4. **2. कार्य का नामः** हेवी हॉल इंस्टीट्यूट (एचएचआई), सेक्टर–145, नोएडा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन एवं रखरखाव। **3. कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 3,60,000/– + 1 वर्ष के लिए बिजली शुल्क (केवल तीन लाख साठ हजार रुपये मात्र)। **4. कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 1 वर्ष। **5. निविदा शुल्कः** रु. 5,900/– (निविदा दस्तावेज मुख्य महाप्रबंधक नोएडा कार्यालय से रु. 5,900/– का ऑनलाइन भुगतान कर भौतिक रूप से प्राप्त किया जा सकता है।) **6. प्रस्ताव की वैधताः** निविदा खोले जाने की तिथि से 30 दिन तक। **7. कार्यालय प्रभारी एवं हेल्पडेस्कः** श्री संदीप चौहान (उप परियोजना प्रबंधक/एस एंड टी, नोएडा यूनिट) मोबाइल+ +91–9971187266. **8. निविदा प्रारंभ एवं जमा करने की तिथि व समयः** कार्य का आवंटन खुली बोली के आधार पर किया जाएगा, जो 16.03.2026 को 15:30 बजे मुख्य महाप्रबंधक नोएडा कार्यालय, डीएफसीसीआईएल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–145, नोएडा, पिन–201306 में आयोजित होगी। **9. निविदा खोलने की तिथि व समय (खुली निविदाकरण):** दिनांक 16.03.2026 को 15:30 बजे, मुख्य महाप्रबंधक नोएडा कार्यालय, डीएफसीसीआईएल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–145, नोएडा, पिन–201306.



**भूमि के साथ भवन की आवश्यकता**

**विश्वविद्यालय को संस्थापित करने के लिए बंद या गैर-कार्यशील इंजीनियरिंग कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय अथवा कॉलेज की आवश्यकता है।**

हम विश्वविद्यालय को स्थापित करने के उद्देश्य हेतु बंद या गैर-कार्यशील इंजीनियरिंग कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय को प्राप्त करने की तलाश में है, जिसमें एकमुश्त खरीदने के लिए **10 एकड़** (मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वरीयता) से अधिक की भूमि हो।

**आवश्यकताएं:-**
- स्थान : नोएडा एवं मेरठ
- भूमि क्षेत्रफल : 10 एकड़ से अधिक भूमि
- मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वरीयता
- स्पष्ट टाईटल और सभी कानूनी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।

**इच्छुक पार्टियां संपर्क कर सकती हैं:-**
+91 7989679414 / 8939253216
ईमेल: dr.hemanthnath@gmail.com



**लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार**
**(हरियाणा विधानमंडल अधिनियम 7/2010 द्वारा स्थापित)**

क्रमांक एलयूवीएएस/पीजीएस/अकाद./2026/4835 — दिनांक: 07.03.2026

**मास्टर और पीएचडी प्रोग्रामों के लिए प्रवेश सूचना**

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूवीएएस), हिसार में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के द्वितीय सेमेस्टर के लिए मास्टर और पीएचडी प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म आमंत्रित किए जाते हैं। उपर्युक्त प्रोग्रामों के लिए ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म जमा करने की समय सारणी इस प्रकार है:

| | स्नातकोत्तर प्रोग्राम — विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.luvas.edu.in) पर प्रवेश फॉर्म उपलब्ध होने की तिथि 10.03.2026 है। | ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि | | प्रवेश का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | बिना विलंब शुल्क के | विलंब शुल्क के रूप में 1000 रुपये (एनआरआई के लिए 2500 रुपये) लागू होंगे। | |
| 1. | एम.टेक. प्रोग्राम | 06.04.2026 | 10.04.2026 | बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) की मेरिट के साथ-साथ अन्य लागू वेटेज भी शामिल होंगे। |
| 2. | एम.वी.एससी. प्रोग्राम | 06.04.2026 | 10.04.2026 | एनटीए-आईसीएआर-एआईईईए (प्रवेश के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा) पीजी-2025 का स्कोर और अन्य लागू वेटेज। |
| 3. | पीएच.डी. प्रोग्राम | 06.04.2026 | 10.04.2026 | एनटीए-आईसीएआर-एआईसीई(अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा)- जेआरएफ/एसआरएफ (पीएच.डी.)-2025 का स्कोर और अन्य लागू भार। |

मास्टर और पीएचडी प्रोग्रामों में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रवेश फॉर्म ऑफलाइन जमा करना होगा, जिसे स्पीड पोस्ट द्वारा या डीन, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज, एलयूवीएएस, हिसार-125004, हरियाणा के कार्यालय में हाथ से जमा किया जा सकता है। पीजी कार्यक्रम के लिए प्रॉस्पेक्टस और प्रवेश फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट (admission.eluvas.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रॉस्पेक्टस में पात्रता मानदंड, आरक्षण नीति, प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क और अन्य प्रासंगिक विवरणों की विस्तृत जानकारी दी गई है। काउंसलिंग का कार्यक्रम और शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दूसरे सेमेस्टर में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों का विवरण भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म भरने से पहले सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**टिप्पणी:-**
(i) प्रथम सेमेस्टर 2025-26 में आवेदन करने वाले और प्रवेश न पाने वाले उम्मीदवार द्वितीय सेमेस्टर 2025-26 की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार को द्वितीय सेमेस्टर 2025-26 के लिए अपने आवेदन पर विचार करने हेतु लिखित अनुरोध डीन, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज, हिसार को द्वितीय सेमेस्टर के प्रवेश आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले प्रस्तुत करना होगा।
(ii) प्रथम सेमेस्टर 2025-26 में प्रवेश प्राप्त कर चुके छात्र द्वितीय सेमेस्टर 2025-26 की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। छात्र को द्वितीय सेमेस्टर के लिए अपने आवेदन पर विचार करने हेतु डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज, एलयूवीएएस, हिसार को द्वितीय सेमेस्टर के प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से पहले लिखित अनुरोध प्रस्तुत करना होगा। शुल्क, पंजीकरण, चिकित्सा और अन्य औपचारिकताओं के लिए छात्र को नए विभाग/विषय में नए प्रवेश के रूप में माना जाएगा और छात्र को प्रवेश प्राप्त कार्यक्रम के लिए नए विभाग/विषय में न्यूनतम आवासीय आवश्यकता पूरी करनी होगी। हालांकि, पिछले विषय में प्रथम सेमेस्टर के दौरान उत्तीर्ण किए गए पाठ्यक्रम, यदि नए विषय के पाठ्यक्रम में शामिल हैं, तो उन्हें उत्तीर्ण माना जा सकता है।

**SAMVAD:-1305/11/110/2026/43667/C/1/4 DT.10/03/2026** — डीन, पीजीएस



भारत सरकार
राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण
अहमदाबाद बेंच 1
पहली और दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट भवन
जाइडस अस्पताल के पास, ऑफ एस.जी. हाईवे,
थलतेज, अहमदाबाद-380059.
फोन नं. (079) 2685 4591.
Email:courtofficer-ahm@nclt.gov.in

अगली सुनवाई की तिथि का प्रकाशन नोटिस

सी.पी. (आईबी)/53 (एएचएम) 2026
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
परम रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
एनसीएलटी/एएचएम/पीयूबी/सी.पी. (आईबी)/53/(एएचएम) 2026/552/2026

दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत एक आवेदन आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था और 27.02.2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था और उक्त आवेदन अब 27.03.2026 को माननीय न्यायाधिकरण, एनसीएलटी अहमदाबाद के समक्ष सुनवाई के लिए तय किया गया है।

माननीय न्यायाधिकरण द्वारा अपने आदेश दिनांक **27.02.2026** द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रतिवादी, **परम रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड** को इसके निदेशकों या अधिकृत व्यक्ति या आपके द्वारा नियुक्त वकील या पेशेवर के माध्यम से 27.03.2026 को सुबह 10.30 बजे नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, अहमदाबाद बेंच-I के समक्ष उपस्थित रहने का निर्देश दिया जाता है। आपको नोटिस के प्रकाशन की तारीख से सात दिनों के भीतर भौतिक रूप से और साथ ही ई-मोड के माध्यम से अग्रिम प्रति के साथ उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि अगर आप बताए गए दिन और समय पर नहीं आते हैं, तो कानून के नियमों के मुताबिक आपकी गैरमौजूदगी में मामले की सुनवाई और फैसला किया जाएगा।

तिथि: 02.03.2026
स्थान: अहमदाबाद

कोर्ट ऑफिसर
एनसीएलटी अहमदाबाद बेंच-I



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट–निविदा सूचना**

पत्रांक 2582/96 एम/ई–निविदा/बु0वृत्त/25–26 — दिनांक :–28.02.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्यो के लिये निविदायें, लोक निर्माण विभाग में तालिका के कालम 10 के अनुसार श्रेणी में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 12.03.2026 से 18.03.2026 तक अपराह्न 12:00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी–2 के अनुसार द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवा निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी (सेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | स्वीकृति की प्रत्याशा | | | | | | | | |
| 1 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत सौंदा पुल डिडौली से फिरोजपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कार्य। | 42.23 | 4.11 | 6 Months | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0+ रू0 414.0 =2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0–2 लो0नि0वि0 गाजियाबाद | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ | A,B,C |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कालम सं0–5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा पिछले 5 वर्षो का टर्नओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षो से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यो का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
   ई–निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. ठेकेदार को दोष दायित्व अवधि की समाप्ति की तिथि से 45 दिनों तक वैध निष्पादन धरोहर धनराशि (परफोरमेन्स सिक्योरिटी) जमा करनी होगी एवं असंतुलित बिड हेतु अतिरिक्त निष्पादन धरोहर धनराशि (एडीशनल परफोरमेन्स सिक्योरिटी) अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार को कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि तक की जमा करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0, गाजियाबाद — अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर

www.upgov.nic.in
Upid- 247632 Dt. 09.03.2026



**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**
**Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)**
भारत सरकार/ Government of India
तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली - 110003
फ़ोन: 011-24695044

**सार्वजनिक नोटिस**

**प्रथम नियंत्रण अवधि (01.04.2026 से 31.03.2031) के लिए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर हेतु ऐरोनॉटिकल सेवाओं हेतु टेरिफ निर्धारण के लिए हितधारकों की परामर्श बैठक।**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) ने पांच साल (01.04.2026 से 31.03.2031) के प्रथम नियंत्रण अवधि टैरिफ साइकिल के लिए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर हेतु ऐरोनॉटिकल सेवाओं हेतु टेरिफ निर्धारण के संबंध में 06.03.2026 को परामर्श पत्र संख्या 07/2025-26 जारी किया है (जो एईआरए वेबसाइट यूआरएल www.aera.gov.in पर उपलब्ध है)

एईआरए अधिनियम, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधान के अनुसार, परामर्श पत्र में निहित प्राधिकरण के विभिन्न टैरिफ प्रस्तावों को हितधारकों के परामर्श के लिए रखा गया है। इस संबंध में हाइब्रिड मोड (भौतिक/ऑनलाइन) में हितधारकों की परामर्श बैठक 23 मार्च, 2026 (सोमवार) को दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है:

**स्टेकहोल्डर्स रूम तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरगंज एयरपोर्ट, नई दिल्ली- 110003**

सभी हितधारकों जैसे यात्रियों/ यात्री संघों, आम जनता, हवाई अड्डा संचालकों, एयरलाइंस, उद्योग संघों/निकायों, कार्गो के लिए स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं, ग्राउंड हैंडलिंग और ईंधन फार्म आदि से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में शामिल हों और नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयर पोर्ट, जेवर के टैरिफ प्रस्तावों पर उपरोक्त परामर्श पत्र पर अपने बहुमूल्य सुझाव/ टिप्पणियां/ विचार दें।

प्रतिभागी 20 मार्च, 2026 तक नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर के साथ ईमेल द्वारा (to director-ps@aera.gov.in और rajan.gupta1@aera.gov.in पर) एईआरए को अपनी पुष्टि भेज सकते हैं, ऑनलाईन लिंक टैब "न्यूज एंड एनाउन्समेंट" के तहत हितधारकों की बैठक के समक्ष एईआरए वेबसाईट (https://aera.gov.in) पर साझा की जाएगी।

हस्ता/-
सचिव, एईआरए

**CBC 03112/12/0014/2526**

# प्रवाह

77 साल बेमिसाल

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना : 18 अप्रैल 1948 • आगरा

शांति व स्वतंत्रता अविभाज्य हैं। विश्व को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिये मिलकर काम करना चाहिए। -जवाहरलाल नेहरू

**गर्मियों के आधिकारिक आगमन के पूर्व ही देश के विभिन्न राज्यों में तापमान जिस असामान्य ढंग से बढ़ रहा है, वह बदलते मौसमी चक्र का एक और संकेत है। अगर अब भी इसे गंभीर चेतावनी के रूप में नहीं लिया गया, तो आने वाले वर्षों में स्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण ही होंगी।**

## मार्च में मई



मार्च का महीना अमूमन उत्तर भारत में वसंत की विदाई और गर्मियों की हल्की आहट का समय माना जाता है, जब सुबह-शाम की हवा में हल्की ठंडक, जबकि दिन का तापमान धीरे-धीरे बढ़ना शुरू होता है, लेकिन इस वर्ष उत्तर भारत के कई हिस्सों में गर्मी ने जिस तरह से समय से पहले ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, उससे संकेत मिलता है कि आने वाले महीनों में हालात गंभीर भी हो सकते हैं। मार्च के पहले हफ्ते में राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अपने आप में एक असाधारण स्थिति है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2011 के बाद से मार्च में इतना तापमान नहीं पहुंचा है। इससे आगामी महीनों में लू चलने की आशंका भी बढ़ गई है। मौसम की इस असामान्यता का आंशिक कारण इस बार ठंड के मौसम का अपेक्षाकृत शुष्क होना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि बीती फरवरी, 1901 के बाद से अब तक की तीसरी सबसे शुष्क फरवरी रही। जनवरी और फरवरी में अखिल भारतीय वर्षा मात्र 16 मिमी रही, जो सामान्य से 60 फीसदी कम है। आमतौर पर सर्दियों में उत्तरी भारत में बादल और बारिश लाने वाले पश्चिमी विक्षोभ में कमी ही वर्षा में गिरावट की वजह बनी। सर्दियों के बाद जब मिट्टी नम होती है, तो गर्मी शुरू होने से पहले कुछ नमी वाष्पित होती है, पर कम या बिल्कुल भी बारिश न होने पर सूखी जमीन तेजी से गर्म हो जाती है, जिससे तापमान बढ़ जाता है। ये मौसमी स्थितियां जलवायु के बदलते पैटर्न की ओर इशारा करती हैं, जो किसी एक राज्य तक सीमित नहीं हैं। मार्च, 2026 में विभिन्न भारतीय राज्यों में मौसमी तापमान औसत चार से लेकर बारह डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इसको देखते हुए ही, मध्य व पश्चिमी भारत में स्थानीय स्तर पर मौसम संबंधी चेतावनियां भी जारी की जा चुकी हैं। जाहिर तौर पर तापमान में अचानक हुई वृद्धि का सीधा असर खड़ी रबी फसलों पर पड़ेगा। ऐसे में, सरसों, गेहूं, चना, मूंगफली, तिल, ज्वार इत्यादि फसलों के अलावा आलू व सेब की फसलों को भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होगी। मिट्टी में नमी का स्तर बनाए रखने के लिए बार-बार सिंचाई से फसलों को बचाने में मदद मिल सकती है। बहरहाल, यह स्थिति हमें याद दिलाती है कि मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीन हाउस गैसों, वनों की कटाई और अनियोजित शहरीकरण ने मौसम को कितना अस्थिर बना दिया है। मार्च में मई-जून जैसी गर्मी बदलते मौसमी चक्र का एक और संकेत है। अगर अब भी इसे गंभीर चेतावनी के रूप में नहीं लिया गया, तो आने वाले वर्षों में स्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण ही होंगी।

# चुप क्यों हैं ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन

**सवाल यह नहीं कि ईरान का अंतिम हश्र क्या होगा, सवाल यह भी नहीं कि खाड़ी क्षेत्र कभी एक सीधी व सरल रेखा में चलेगा? सवाल तो यह है कि जो मंच दुनिया को बड़े-बड़े सपने दिखा रहे थे और वैश्विक शांति का पाठ पढ़ा रहे थे, वे जीवित हैं या मरणासन्न हो चुके हैं?**

पिछले दिनों सूचना की दुनिया में ट्रंप के दो बयान तैरते दिखे। पहला यह कि, 'जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार अपने हाथ में ले लेना। शायद पीढ़ियों में यही एक ऐसा मौका होगा।' और दूसरा था-'जिन लोगों के बारे में हम सोच रहे थे, उनमें से अधिकांश मारे जा चुके हैं।' तो क्या डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा बयान उन्हें इस विचार से दूर ले जाता हुआ दिख रहा है कि 'यह युद्ध 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से स्थापित ईरान की धार्मिक शासन व्यवस्था को समाप्त करने का अवसर हो सकता है।' इससे अलग विषय यह है कि इस अभियान में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई सहित कई शीर्ष अधिकारी भी मारे जा चुके हैं। तो क्या मरने वालों में वे नाम भी शामिल हैं, जिन्हें ट्रंप सरकार की बागडोर सौंपना चाहते थे?



रहीस सिंह
*वैदेशिक मामलों के जानकार*

वैसे हमारा मूल प्रश्न यह नहीं है। हमारा मौलिक प्रश्न यह भी नहीं है कि ईरान का अंतिम हश्र क्या होगा? अर्थात वह तबाही और मलबे से निकल पाएगा अथवा नहीं? प्रश्न यह भी नहीं है कि खाड़ी क्षेत्र किसी सीधी और सरल रेखा में चलेगा या फिर शिया और सुन्नी नाम की दो दुनियाओं के अंदर निर्मित धुरियों पर ठिठक कर धर्म की गांठों को पहले खोलेगा और अपने ही ध्वंस की पटकथा लिखेगा। प्रश्न तो यह है कि जिन मंचों पर ये देश गले मिल रहे थे और वे मंच, जो दुनिया को बड़े-बड़े सपने दिखा रहे थे, वे कहां हैं? जीवित हैं या फिर मरणासन्न अवस्था में हैं? अगर जीवित हैं, तो उसका प्रमाण दें।

यहां पर संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर उन अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों या संगठनों की बात नहीं हो रही है, जो पूरी तरह से पश्चिमी छाया में पनपे और उन्हीं के प्रभाव में रहकर शेष दुनिया को अपनी शर्तों के अनुसार चलाने की कोशिश करते रहे। बात तो उनकी हो रही है, जिन्हें एशियाई और कुछ हद तक यूरेशियाई देशों ने पश्चिमी मंचों के विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश की थी। शायद आप समझ गए हों, हमारा इशारा ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की तरफ है, जिनमें ईरान शामिल होकर फूला नहीं समा रहा था। पर दोनों ही मंच मौन साध गए हैं। ऐसे में, प्रश्न उठता है कि आखिर वह कौन-सी वजह है, जिसके चलते इन मंचों से युद्ध और युद्ध अपराध पर कोई आवाज नहीं उठी। क्या वजह रही कि ये संगठन उसी तरह की निष्क्रिय सक्रियता अथवा सक्रिय निष्क्रियता का परिचय नहीं दे पाए, जैसा कि कभी गुटनिरपेक्ष आंदोलन का मंच दे जाता था? क्या इसे कूटनीतिक संतुलन (डिप्लोमेटिक बैलेंस) अथवा पुनर्संतुलन जैसे कूटनीतिक चश्मे से देखकर छोड़ दिया जाए या फिर यह माना जाए कि अमेरिका के डर से ये मंच चुप रहे। पर 2025 में तो ब्रिक्स बैठक में अमेरिका-इस्राइल के ईरान पर हमलों को लेकर निंदा की गई थी। तब तो इसे वैश्विक दक्षिण की कूटनीतिक प्रतिक्रिया मानकर सराहा गया था। फिर अब क्या हुआ?




खैर अयातुल्ला अली खामनेई का अंत किसी वैश्विक शोक की कहानी होनी चाहिए या जश्न की, यह तो वक्त तय करेगा। पर यहां प्रश्न यह है कि क्या इस प्रकार की शिथिलताएं और निःशक्तताएं भावी वैश्विक कूटनीति के लिए बानगी भर हैं या इससे कुछ ज्यादा। आज विश्व व्यवस्था एक ऐसे व्यक्ति द्वारा तय की जा रही है, जिसे किसी देश का राष्ट्रपति यदि अच्छा नहीं लगता है, तो उसे उसके घर से उठा लिया जाता है अथवा मार दिया जाता है। यही तो हुआ। ट्रंप को वेनेजुएला का राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पसंद नहीं आया, तो उसे रातों-रात उठाकर न्यूयॉर्क ले जाया जाता है और फिर एक सामान्य अपराधी की तरह मुकदमा चलाया जाता है। एक दूसरे राष्ट्र का सर्वोच्च नेता खामनेई उसे या उसके मित्र को पसंद नहीं आता है, तो उसे मार दिया जाता है। दुनिया चुप है और भावी विश्व व्यवस्था का खाका खींचने व नेतृत्व करने का दावा करने वाली संस्थाएं स्टैंडबाय मोड पर। जबकि इससे पहले तक इनका दावा था कि दुनिया की अर्थव्यवस्था की लाइन-लेंथ ये ही तय करेंगी और कूटनीति भी इन्हीं के अनुसार सरकेगी। पर यहां तो उल्टा दिख रहा है। आखिर इस उलटबांसी का सच क्या है?

हम मान लेते हैं कि ब्रिक्स मुख्य रूप से एक आर्थिक व राजनीतिक सहयोग मंच है, इसलिए किसी युद्ध या शांति जैसे विषय पर तुरंत संयुक्त सैन्य या राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। पर ब्रिक्स तो समानांतर विश्व व्यवस्था की बात करता हुआ आया है। क्या तब भी उसे रूस-यूक्रेन और इस्राइल, अमेरिका व ईरान संबंधों पर नहीं बोलना चाहिए? हम यह भी मान लें कि एससीओ सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग व क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करता है। यह नाटो की तरह कोई सैन्य गठबंधन नहीं है। लेकिन क्या यह बात अमेरिका, उसके पश्चिमी सहयोगी और नाटो मानते हैं? यहां कुछ बातें स्पष्ट करनी आवश्यक हैं। पहली यह कि अभी तक तो यही बताया जा रहा था कि एससीओ वैश्विक अर्थव्यवस्था व भू-राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। शंघाई सहयोग संगठन की ही 23वीं बैठक में 'सिक्योर सिद्धांत' को पेश किया गया था, जिसमें एक बिंदु संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का आदर भी था। क्या यह सिर्फ एक आदर्श वाक्य भर था? इस मंच के जरिये चीन और रूस ने संयुक्त युद्धाभ्यासों को एक रणनीति के तहत विकसित करने की योजना बनाई थी, जो 'वार-गेम' का हिस्सा थी, जिसे एससीओ 'पीस मिशन' नाम देता रहा, पर नाटो इसे अपना प्रतिद्वंद्वी करार देते हुए शीतयुद्ध कालीन वारसा पैक्ट के रूप में पोर्ट्रेट करता रहा। लेकिन आज के दिन, वह भी मौन।

एक प्रश्न यह भी कि क्या पूंजी और बाजार की दुनिया किसी सीधी व सरल रेखा में चलने वाली नैतिक दुनिया है? नहीं, वह तो कूटनीति, छद्मनीति और सैन्यतंत्र के बिना चलती ही नहीं। यदि ऐसा न होता, तो पेंटागन मिलिट्री इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स के इशारे पर काम न करता। अमेरिका की जान डॉलर है और उसकी रक्षा के लिए वह कुछ भी कर सकता है। भरोसा न हो, तो इतिहास के आईने में झांकिए, आपको सद्दाम हुसैन के खात्मे का कारण वही दिखेगा, जो मादुरो का है। तो क्या ब्रिक्स व एससीओ किसी आदर्श चरित्र वाली पूंजी और व्यापार का चेहरा हैं? नहीं, बस डरे हुए। अगर कुछ और हो सकता है, तो यह कि कुछ देश अमेरिका की ओर झुके हुए हैं और चीन व रूस इस समय को अवसर के रूप में देख रहे हैं। तेहरान में अमेरिकी व्यस्तता रूस को यूक्रेन पर विशेष अवसर प्रदान करेगी। यह युद्ध जितना लंबा खिंचेगा, रूस के लिए उतना ही लाभदायक होगा। चीन भी इस घटनाक्रम के बीच ताइवान की ओर देख रहा है। यदि अमेरिका ईरान पर कमजोर पड़ा या दिखा, चीन इसका लाभ अवश्य उठाना चाहेगा।

बहरहाल, किसी भी युद्ध में किसी ऐसे पक्ष की भर्त्सना, जो अनायास युद्ध थोप रहा है, उसका विरोध या समर्थन नहीं होता। सक्रियता का संदेश होता है, जिसकी अपेक्षा दुनिया रखती है। अफसोस, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग, इससे बहुत दूर दिखे।

edit@amarujala.com

# जीवन धारा




ओरिसन स्वेट मार्डेन

जीवन के रास्ते पूरी तरह कठिन नहीं होते। उनमें कहीं न कहीं सरल व उजले स्थान भी होते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह उन्हीं उजले पक्षों को देखे और दूसरों को भी उनके बारे में बताए, ताकि थके हुए मन को कुछ विश्राम मिल सके।

## थके हुए मन को थोड़ा विश्राम दें

*मनुष्य का जीवन अनमोल है, फिर भी अक्सर लोग इसे अनावश्यक चिंता, तनाव और गंभीरता से भर देते हैं। बहुत-से लोग हर समय किसी न किसी चिंता में डूबे ही रहते हैं। उनके चेहरे पर थकान, मन में भय और हृदय में असंतोष दिखाई देता है, मानो जीवन केवल संघर्ष और बोझ का नाम हो। सच्चाई यह है कि जीवन केवल कर्तव्यों व समस्याओं का नहीं, बल्कि आनंद, आशा और संतुलन का भी नाम है।*

*आज के समय में अधिकांश लोग अपने काम, जिम्मेदारियों और भविष्य की चिंता में इतने उलझ जाते हैं कि वे वर्तमान की खुशी को महसूस ही नहीं कर पाते। हर छोटी बात को गंभीरता से लेना, हर परिणाम को जीवन-मरण का प्रश्न बना देना और हर समय व्यस्त रहने की आदत मनुष्य को भीतर से थका देती है। जब मन लगातार तनाव में रहता है, तो धीरे-धीरे जीवन की खुशियां भी दिखाई देना बंद हो जाती हैं। वास्तव में जीवन को सहजता से जीना ही सच्ची बुद्धिमानी है। इसका अर्थ यह नहीं कि मनुष्य अपने कर्तव्यों से दूर भागे या प्रयास करना छोड़ दे, बल्कि यह है कि वह अपने प्रयासों के साथ संतुलन भी बनाए रखे। यदि मनुष्य हर परिस्थिति में थोड़ा धैर्य व हास्य तथा थोड़ी सकारात्मकता बनाए रखे, तो जीवन कहीं अधिक सरल और सुखद बन सकता है। तनाव से मुक्ति का एक सरल उपाय यह है कि मनुष्य अपने जीवन में आनंद के छोटे-छोटे क्षणों को महत्व दे। प्रकृति की सुंदरता को देखना, परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना, संगीत सुनना या किसी अच्छे विचार को पढ़ना मन को हल्का कर देता है। जब मन हल्का होता है, तो समस्याएं बोझिल नहीं लगतीं।*



*खुशी केवल बड़ी उपलब्धियों में ही नहीं होती। वह छोटी-छोटी बातों में भी छिपी होती है। कभी किसी की सहायता करना, किसी को मुस्कान देना, या किसी थके हुए व्यक्ति को उत्साह देना भी जीवन को अर्थपूर्ण बना देता है। जब मनुष्य दूसरों के जीवन में आशा और उत्साह का कारण बनता है, तब उसका अपना जीवन भी अधिक उज्ज्वल हो जाता है। एला व्हीलर विलकॉक्स ने कहा था कि संसार पहले ही बहुत दुखी है, इसलिए अपने दुखों से इसे और भारी मत बनाओ। जीवन के रास्ते पूरी तरह कठिन नहीं होते। उनमें कहीं न कहीं सरल और उजले स्थान भी होते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह उन्हीं उजले पक्षों को देखे और दूसरों को भी उनके बारे में बताए, ताकि थके हुए मन को कुछ विश्राम मिल सके।*

*जीवन का उद्देश्य केवल चिंता करना नहीं है, बल्कि आशा के साथ आगे बढ़ना है। जब मनुष्य अपने विचारों को सकारात्मक बनाता है, तब उसका मन शांत होता है और तनाव धीरे-धीरे कम होने लगता है। इसलिए जरूरी है कि हम जीवन को बोझ न समझें, बल्कि उसे एक अवसर की तरह स्वीकार करें और हर दिन थोड़ी खुशी, थोड़ी आशा और थोड़ा प्रकाश खोजने का प्रयास करें।* - द जॉय ऑफ लिविंग के अनूदित अंश

### शांति का प्रकाश फैलाएं

सूत्र

*मनुष्य का जीवन केवल चिंता और तनाव के लिए नहीं है, बल्कि आनंद और आशा के लिए भी है। यदि हम हर परिस्थिति में सकारात्मकता बनाए रखें और छोटी-छोटी खुशियों को महत्व दें, तो जीवन सरल और सुखद बन सकता है। हमें अपने व्यवहार और शब्दों से दूसरों के जीवन में आशा, उत्साह और शांति का प्रकाश फैलाना चाहिए।*

दूसरा पहलू

हिमालय में पौधों की प्रजातियां 'अल्पाइन ट्रैप' की ओर बढ़ रही हैं, जहां एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने के बाद वे विलुप्त हो जाएंगी।

## क्या विलुप्त हो जाएंगी हिमालय की वनस्पतियां

**धरती** पर हरियाली या वनस्पतियों का विस्तार अच्छा माना जाता है, पर जब वही हरियाली प्रकृति द्वारा तय सीमाओं को लांघ कर दूसरे क्षेत्र में अतिक्रमण करने लगे, तो उसके नतीजे विनाशकारी भी हो सकते हैं। ऐसी ही चेतावनी एरीज, नैनीताल के वैज्ञानिकों के नए शोध में सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में वनस्पतियों का यह विस्तार प्राकृतिक आपदाओं और जल चक्र के असंतुलन का गंभीर संकेत है।



जयसिंह रावत

गूगल अर्थ इंजन के उपग्रहीय आंकड़ों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र की वनस्पतियां जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हो चुकी हैं।

गूगल अर्थ इंजन के माध्यम से वर्ष 2001 से 2022 तक के उपग्रहीय आंकड़ों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र की वनस्पतियां जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हो चुकी हैं। यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन का संकेत है। शोध में आधुनिक रिमोट सेंसिंग तकनीकों, नॉर्मलाइज्ड डिफरेंस वेजिटेशन इंडेक्स (एनडीवीआई) और एन्हांस्ड वेजिटेशन इंडेक्स (ईवीआई) का उपयोग कर यह समझने की कोशिश की गई कि हिमालय की वनस्पति किस दिशा में जा रही है। एनडीवीआई को आप 'वनस्पति का थर्मामीटर' कह सकते हैं। यह तकनीक इस सिद्धांत पर काम करती है कि स्वस्थ पौधे सूर्य की रोशनी के एक खास हिस्से को सोख लेते हैं और दूसरे हिस्से को परावर्तित कर देते हैं। ईवीआई एनडीवीआई का ही आधुनिक रूप है, जो वातावरण में मौजूद धूल के कणों व धुंध के प्रभाव को हटाकर जमीन की असली हरियाली को देखता है। उपग्रह आंकड़े बताते हैं कि ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों में अब घास और झाड़ियों का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि ग्लेशियर लगातार पीछे हट रहे हैं। वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के शोध बताते हैं कि उत्तराखंड के कई ग्लेशियर हर वर्ष पांच से 20 मीटर की दर से पीछे हट रहे हैं। इसी तरह, काठमांडो स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदूकुश हिमालय में पौधों की प्रजातियां लगातार ऊंचाई की ओर पलायन कर रही हैं। वैज्ञानिक इसे 'अल्पाइन ट्रैप' की स्थिति बताते हैं, जहां एक स्तर के बाद पौधों के पास ऊपर जाने की कोई जगह नहीं बचेगी और वे विलुप्त हो जाएंगे। वैज्ञानिक मानते हैं कि वनस्पतियों के असंतुलन से मिट्टी की पकड़ लगातार कमजोर होती जा रही है।



एरीज का अध्ययन साफ संकेत देता है कि हिमालय की सहनशीलता कमजोर हो गई है और वनस्पतियों के असंतुलन से मिट्टी की पकड़ लगातार कमजोर होती जा रही है।

एरीज का अध्ययन साफ संकेत देता है कि हिमालय की सहनशीलता कमजोर हो गई है। हिमालय में हो रहा यह बदलाव केवल वैज्ञानिक आंकड़ों का विषय नहीं है। यह उन करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़ा है, जिनका पानी, भोजन और भविष्य इन पहाड़ों पर निर्भर करता है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम चेतावनी को समझकर समय रहते कदम उठाते हैं या इसे आने वाली किसी बड़ी प्राकृतिक त्रासदी की भूमिका बनने देते हैं।

आंकड़े

### हथियारों की खरीद

भारत 2021 से 2025 के बीच दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बना रहा। आयात में सबसे बड़ा हिस्सा रूस से आया।

| | |
|---|---|
| यूक्रेन | 9.7 |
| भारत | 8.2 |
| सऊदी अरब | 6.8 |
| कतर | 6.4 |
| पाकिस्तान | 4.2 |

आंकड़े वैश्विक हथियार आयात में देशों के हिस्से के, प्रतिशत में। | स्रोत : सिपरी (एसआईपीआरआई)

**भूख से व्याकुल शूलनाथ प्रसाद चुराकर भागने लगा, किंतु पुजारी ने पकड़ लिया। तब भगवान खुद प्रकट हुए और उसे भक्ति का अधिकारी बताया।**

## भक्ति की ज्योति

**प्राचीन** समय में मृदुलपुर नगर में वेदमति नामक व्यापारी रहते थे। वह वेद तथा उपनिषदों के ज्ञाता थे और प्रत्येक दिन श्रीहरि की उपासना करते थे। उनका वक्त काम के साथ-साथ साधना व भक्ति में व्यतीत होता था। उनका एक शूलनाथ नाम का पुत्र था, जो वासना और आलस्य में लिप्त था। जुआ खेलना, चोरी करना और दूसरों से झूठ बोलना उसकी आदत बन गई। पिता के बार-बार समझाने पर भी उस पर कोई असर न हुआ।

एक दिन पिता ने कहा, 'बेटा! यदि यह पथ नहीं छोड़ा, तो परिवार का नाश होगा।' यह सुन शूलनाथ नगर छोड़कर जंगल की ओर चला गया। कई दिन भूखा-प्यासा भटकने के बाद, वह एक प्राचीन मंदिर में पहुंचा। मंदिर में प्रसाद रखा था। भूख और थकान से व्याकुल, उसने सोचा कि कुछ लेकर खा ले। अंधेरे में, उसने अपनी धोती का एक कोना फाड़कर दीपक बनाया। दीपक की किरण से शिवलिंग तेजस्वी हो उठा। शूलनाथ ने प्रसाद लिया और भागने लगा, किंतु पुजारी ने पकड़ लिया। तभी भगवान स्वयं प्रकट हुए और बोले, 'इसने मेरे सामने दीप जलाया है। यह भक्ति का अधिकारी है।'



अंतर्यात्रा
संकलित

शूलनाथ की आत्मा को दिव्य लोक में ले जाया गया। वहां उसने सुख और आनंद का अनुभव किया। पुनर्जन्म में वह राजा बनकर हर दिन दीपक जलाता और भजन करता रहा। नगर में भक्ति और सादगी की ज्योति फैल गई, और उसका जीवन लोगों के लिए आदर्श बन गया।

अमर उजाला
पुराने पन्नों से — 11 मार्च, 1953

### दक्षिण भारत में हिंदी का व्यापक प्रसार


दक्षिण भारत में हिन्दी व्यापक प्रसार

**दक्षिण भारत की हिंदी प्रचारिणी सभा के प्रमुख कार्यकर्ता अवधनंदन जी ने कहा कि दक्षिण भारत में हिंदी का व्यापक प्रसार हो रहा है। यदि उत्तर और दक्षिण भारत के लोग एक-दूसरे की भाषा सीख लें, तो इससे व्यक्ति के भीतर सुंदर साहित्यिक संवेदनाएं विकसित होंगी।**

# भरोसा और पुख्ता होना चाहिए

**इससे इन्कार नहीं कि न्यायपालिका ने जनता को एक भरोसा दिया है, लेकिन यही भरोसा और पुख्ता होता है, जब आत्म सुधार का रास्ता चुना जाता है।**

विश्वनाथ सचदेव | मुद्दा

अब यह बात पुरानी नहीं, बहुत पुरानी लगती है। सातवीं या आठवीं कक्षा में पढ़ता था मैं। सामूहिक गीत गवाए जाने की प्रथा थी तब स्कूल में। दो ऐसे गीतों की पंक्तियां मुझे आज, सत्तर-पिचहत्तर साल बाद भी याद हैं। एक कविता में नया जमाना लाने की बात कही गई थी-'दे वरदान हमें माता हम निकले आन निभाने को, जहां बेटियां बिकती हैं, बेटों का मोल किया जाता, ऐसे समाज के ढांचे की हम निकले नींव हिलाने को' और एक कविता थी-'मेरा देश, जिसकी मिट्टी सोना उगले, और जहां की भूखी जनता मिट्टी निगले न्याय दास है यहां करेंसी के नोटों का, शासन भिखमंगा है जनता के वोटों का'।

आज न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर देश में एक विवाद-सा चल रहा है। हुआ यह है कि शैक्षणिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की एक किताब में देश की न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से एक पाठ शामिल किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने इस पर आपत्ति उठाई। तर्क यह दिया गया की आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बालक की बुद्धि इतनी परिपक्व नहीं होती कि वह मुद्दे की गहराई को समझ सके। नतीजतन, न्यायालय ने पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया और एनसीईआरटी ने भी अपनी 'गलती' के लिए क्षमा मांग कर इसकी बिक्री पर रोक लगा दी।



जितना कुछ मीडिया में आया है उसे देखते हुए यह अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि उच्चतम न्यायालय को यह आशंका है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में दी गई जानकारी से आठवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की बाल-बुद्धि पर गलत प्रभाव पड़ेगा। जब यह बात मैंने पढ़ी, तो अनायास मुझे वे दो कविताएं याद आ गईं, जिनकी चर्चा आलेख के प्रारंभ में की गई है। मैं सोच रहा हूं कि क्या सचमुच इन कविताओं को पढ़कर मेरे मन में 'जर्जर समाज' या 'करेंसी नोटों की दास न्यायपालिका' के बारे में कोई ऐसी धारणा बन गई थी, जिसे गलत कहा या समझा जा रहा है? सच कहूं तो आठवीं कक्षा की अपनी पढ़ाई के दौरान और आज उसके लगभग सत्तर साल बाद भी, और उस कविता को पसंद करने के बावजूद, न्यायपालिका के बारे में मेरे मन में सम्मान कहीं कम हुआ है।

साफ है कि न्यायपालिका की कार्य प्रणाली और उसकी निष्पक्षता को लेकर कभी-कभार सवाल भले ही उठते रहे हों, पर इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि हमारी न्यायपालिका देश की जनता को एक भरोसा देती है। यह भरोसा बना रहे, शायद यही मंशा रही होगी उच्चतम न्यायालय की, जब उसने किताब के एक अध्याय पर सवालिया निशान लगाया। न्याय-व्यवस्था से जुड़े व्यक्ति भी उसी समाज से आते हैं, जिसका हम सब हिस्सा हैं। यह कौन कह सकता है कि हमारा समाज शत-प्रतिशत ईमानदार है?

हमारे न्यायालय में विभिन्न स्तरों पर लाखों मामले लंबित पड़े हैं। और ऐसे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसका समाधान न्यायपालिका को स्वयं सोचना होगा। लोकसभा में रखे गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में (2016-2025) मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8,600 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें दिल्ली उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से मिली भारी मात्रा में नकदी का मामला भी शामिल है। अदालत में जनता का विश्वास बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि ऐसे मामलों का निपटारा जल्दी से जल्दी हो। भ्रष्टाचार का मतलब सिर्फ नकद रिश्वत ही नहीं होता। मनवांछित निर्णय पाने के लिए राजनीतिक दबाव भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही आता है। लिहाजा सिर्फ न्याय होना ही पर्याप्त नहीं होता, न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए।

यहां एक और आंकड़ा भी मुद्दे की गंभीरता को समझने में मदद कर सकता है। 2007 में जारी 'ग्लोबल करप्शन रिपोर्ट' के अनुसार, भारत में किए गए जनमत-सर्वेक्षण में 77 प्रतिशत लोगों ने न्याय व्यवस्था को भ्रष्ट बताया था। आशा की जानी चाहिए कि आज यह स्थिति बेहतर होगी, पर इस आंकड़े से यह संकेत तो लिया ही जाना चाहिए की देश की जनता न्याय-व्यवस्था में भ्रष्टाचार की स्थिति से अवगत भी है और चिंतित भी। यह संभव है कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की बाल-बुद्धि भ्रष्टाचार के मामले की गंभीरता को न समझे, या कुछ गलत निष्कर्ष भी निकाल ले। पर, इससे स्थिति की गंभीरता कम नहीं होती। यदि आठवीं कक्षा में मेरी पीढ़ी न्याय की करेंसी के नोटों का दास वाली बात कुछ-कुछ समझ सकती है, तो आज की पीढ़ी तो कहीं अधिक समझदार है।

इंटरनेट व कृत्रिम मेधा वाले समय में बच्चों से कुछ छिपाकर नहीं, बल्कि बहुत कुछ बताकर कर ही उनके साथ न्याय किया जा सकता है। भरी दोपहर में आंख बंद कर लेने से रोशनी अंधेरे में नहीं बदल जाती। आज सवाल सच को जानने और उसके अनुरूप आवश्यक कार्रवाई के लिए स्वयं को तैयार करने का है।

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।


पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज, यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि हैं
घुटने दर्द, कंधे दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
Helpline : 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

## न्यूज डायरी

### गुरुग्राम में 7 मजदूरों की मौत मामले में जांच के आदेश, दो गिरफ्तार

गुरुग्राम। बिलासपुर क्षेत्र में बीती रात एसटीपी के गड्ढे की मिट्टी धंसने से सात मजदूरों की मौत मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश खीर, स्ट्रक्चर इंजीनियर विकास पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उपायुक्त अजय कुमार ने मामले की जांच के लिए एसडीएम मानेसर की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी है। ब्यूरो

### दावा... पुरानी दरों पर जमा होगा हाउस टैक्स

गाजियाबाद। बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर शहरवासियों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। महापौर सुनीता दयाल ने इसका दावा किया है। उन्होंने लखनऊ में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर हाउस टैक्स से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि बैठक में निर्णय हुआ है कि फिलहाल पुरानी दरों पर ही गृहकर वसूला जाएगा। इसकी प्रक्रिया व औपचारिकता कुछ ही दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। महापौर ने बताया कि हाउस टैक्स से जुड़े सभी प्रकरणों पर अधिकारियों के साथ गंभीरता से चर्चा हुई है। ब्यूरो

### बूढ़ी मां को स्टेशन पर छोड़ गया बेटा

बुलंदशहर। मां मैं पैसे लेकर जल्द लौट आऊंगा, आप मेरा यहीं पर इंतजार करना। बेटे के इन शब्दों को सुनने के बाद 80 वर्षीय बीमार बूढ़ी मां वैर स्टेशन पर दो दिन तक भूखी-प्यासी इंतजार करती रहीं, लेकिन बेटा नहीं लौटा। उनकी हालात लगातार बिगड़ने लगी। आरपीएफ खुर्जा जंक्शन चौकी प्रभारी नंदलाल मीणा ने बताया कि स्टेशन पर लावारिस हालत में देखकर आरपीएफ ने जहांगीराबाद वृद्धा आश्रम पहुंचाया।

### अस्पताल में बच्चा बदलने का आरोप

हापुड़। स्वर्ग आश्रम रोड स्थित अखिल मेमोरियल हॉस्पिटल में स्वर्ग आश्रम रोड निवासी व्यक्ति ने नवजात बच्चा बदलने का आरोप लगाया है। रात में डॉक्टर ने बेटा होने की सूचना दी। इस पर पूरे परिवार, रिश्तेदारी में खुशी छा गई। स्टाफ में इनाम भी बांट दिया गया, लेकिन सुबह नवजात के कपड़े बदले तो बेटी निकली। इस मामले में पीड़ित ने थाना देहात में तहरीर दी है। अस्पताल संचालिका डॉ. उमा शर्मा ने आरोप बेबुनियाद बताए। ब्यूरो

# रील देखकर क्लिनिक हेयर ट्रांसप्लांट कराने पहुंचे तो बढ़ेगा खतरा

## विशेषज्ञों ने दी चेतावनी, बिना योग्य और प्रशिक्षित डॉक्टरों से हेयर, त्वचा ट्रांसप्लांट कराने से गंभीर संक्रमण

सिमरन

नई दिल्ली। सोशल मीडिया और रील देखकर हेयर ट्रांसप्लांट व अन्य कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट के आकर्षक विज्ञापन लोगों को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि मेडिकल विशेषज्ञों ने ऐसे उपचारों को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है।

उनका कहना है कि बिना योग्य और प्रशिक्षित डॉक्टरों से हेयर या

**कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट को लेकर मेडिकल संस्थाओं ने चेताया**

स्किन ट्रीटमेंट कराने से गंभीर संक्रमण, आंखों की रोशनी जाने जैसी जटिल समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कुछ मामलों में मरीज की जान को भी खतरा हो सकता है।

आईएडीवीएल के अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह ने बताया कि हेयर ट्रांसप्लांट जैसी प्रक्रियाएं देखने में भले ही सामान्य लगती हों, लेकिन यह एक जटिल मेडिकल प्रक्रिया है। एक डर्मेटोलॉजिस्ट बनने के लिए डॉक्टर को एमबीबीएस के बाद तीन साल की पोस्टग्रेजुएट ट्रेनिंग और रेजिडेंसी पूरी करनी पड़ती है। इस दौरान त्वचा और बालों से जुड़ी बीमारियों तथा उनके उन्नत उपचारों का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना पर्याप्त योग्यता वाले लोगों द्वारा ऐसे उपचार किए जाने से मरीजों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट एंड लेप्रोलॉजिस्ट (आईएडीवीएल) और एसोसिएशन ऑफ प्लास्टिक सर्जन्स ऑफ इंडिया (एपीएसआई) के विशेषज्ञों का कहना है कि हेयर ट्रांसप्लांट और इसी तरह की प्रक्रियाएं केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा ही की जानी चाहिए।

*मजबूत कानूनी बनाने की जरूरत...डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. दीपिका पांधी ने बताया कि मेडिकल सेवाओं के विज्ञापन और मार्केटिंग को नियंत्रित करने के लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था की जरूरत है। वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. आदित्य अग्रवाल ने बताया कि हेयर ट्रांसप्लांट आधुनिक और जटिल मेडिकल प्रक्रिया है। कानपुर में हुए एक चर्चित मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि हेयर ट्रांसप्लांट के बाद दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।*

# ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियां स्वतंत्र जांच को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियां धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उसकी स्वतंत्र जांच को प्रभावित कर सकती हैं।

ट्रायल कोर्ट के आदेश में जज ने पीएमएलए के तहत ईडी की प्रक्रिया पर गंभीर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि ईडी अक्सर आधारभूत अपराध की जांच पूरी होने और न्यायिक जांच से पहले ही गिरफ्तारियां और अभियोजन शिकायतें दाखिल कर देती है, जिससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रभावित होती है।

जज ने माना कि यदि आधारभूत अपराध बंद हो जाता है तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं टिकता, फिर भी ईडी पहले से कार्रवाई करती है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है। ट्रायल कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सहित कुल 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। ब्यूरो

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले गिरोह का खुलासा, 4 महिलाओं समेत 6 गिरफ्तार

## आरोपी कई राज्य के लोगों को बना चुके निशाना, सोशल मीडिया पर देते थे विज्ञापन

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। क्रूज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक अवैध रिक्रूटमेंट सेंटर का कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने खुलासा किया है। सेक्टर-73 स्थित एंथुरियम बिजनेस पार्क में चल रहे इस अवैध सेंटर से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, कॉलिंग डेटा व कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

नोएडा जोन की एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पुलिस को सेक्टर-73 एंथुरियम बिजनेस पार्क में चल रहे अवैध भर्ती सेंटर के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस की टीम ने छापा मारा और एमएस रिक्रूट सर्विस नाम से चल रहे अवैध भर्ती सेंटर का खुलासा किया। पुलिस ने मौके से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मामूरा के सरीम खान (25), शोएब खान, रितिका (19), सर्फाबाद के मन्तासी अब्बासी, शाहीनबाग की फातिमा और छिजारसी की खुशी उर्फ खुशबू के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी देश के कई राज्यों के लोगों को निशाना बना चुके हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर और इंटरनेट और कॉलिंग के जरिये नौकरी तलाश रहे युवाओं का डेटा जुटाते थे। इसके बाद संपर्क कर विदेश में क्रू शिप में नौकरी का लालच देते थे। आकर्षक वेतन और विदेश में काम करने का सपना दिखाकर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग फीस और अन्य खर्चों के नाम पर 40 से 60 हजार रुपये तक वसूलते थे। पैसा मिलने के बाद आरोपी या तो फोन उठाना बंद कर देते थे या फिर नए सिरे से रकम की मांग करते थे। आरोपी करीब एक वर्ष से अवैध तरीके से लोगों से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

**ये हुई बरामदगी :** 7 मोबाइल, 1 लैपटॉप, 5 मॉनिटर, 5 की बोर्ड, 5 सीपीयू, 4 माउस, राउटर, 2 मोहर, 2 चेकबुक, 2 सिम कार्ड, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज। आरोपी सोशल मीडिया पर पेड विज्ञापन चलाते थे। इसका नाम वी आर हायरिंग दिया हुआ था।



नोएडा पुलिस की गिरफ्त में युवाओं से नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी। अमर उजाला

### गिरोह का सरगना एमबीए पास

इस गिरोह का सरगना सरीम खान है। जो एमबीए पास है। वहीं मन्तसा अब्बासी एमबीए व खुशी बीबीए पास हैं। अन्य आरोपी 10वीं से 12वीं तक पढ़े लिखे हैं। इन लोगों ने 50 हजार रुपये किराए पर बिल्डिंग में स्पेस ले रखा था। पुलिस की जांच में आरोपियों के खातों में लाखों रुपये से अधिक की लेनदेन का पता चला है। आशंका है कि इन आरोपियों ने 100 से अधिक लोगों से ठगी की है। ये आरोपी सोशल मीडिया व डार्क वेब से बेरोजगार युवकों का डाटा लेते थे। इसकेअलावा पुलिस उन सोर्स के बारे में पता लगा रही है जहां से ये लोग डाटा लेते थे।

# यूपी के सीएम को सौंपा एयरोड्रम लाइसेंस

## वाणिज्यिक उड़ानों के लिए तैयार, उद्घाटन की तारीख की घोषणा जल्द

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (नायल) और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को लखनऊ में मिले। मुख्यमंत्री को एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने की अनुमति के लिए डीजीसीए से जारी एयरोड्रम लाइसेंस की प्रति यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने सौंपी।

मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में उद्घाटन की तारीख भी जल्दी तय हो जाने के संकेत अधिकारियों को मिले हैं। सीईओ श्नेलमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि एयरपोर्ट अब उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों के लिए तैयार है। एयरोड्रम लाइसेंस के मिलने से अब उड़ान यहां से शुरू करने की दिशा में हम बढ़ चुके हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि पहले घरेलू यात्री उड़ान और माल ढुलाई के लिए कार्गो सेवा को नोएडा एयरपोर्ट से शुरू किया जा सकेगा। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने के लिए प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। ब्यूरो



नोएडा एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने लखनऊ में सीएम योगी को सौंपी लाइसेंस की प्रति। संवाद

# जीशान ने जिसको किया कॉल वे सभी पुलिस के रडार पर

लोनी। यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हमले से पहले और बाद में जीशान-गुलफाम ने जिन-जिन लोगों बात की थी अब वह पुलिस के रडार पर आ गए हैं। इससे यह जानकारी जुटाई जा रही है कि वारदात को अंजाम देने की किस-किस को जानकारी थी।

क्राइम टीम ने जीशान और गुलफाम की कॉल डिटेल से कुछ नंबर संदिग्ध मिले है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि यूटयूबर पर हमला करने की साजिश में कुछ और लोगों के शामिल होने का अंदेशा है। आरोपियों ने जिन लोगों को घटना से पहले और बाद में कॉल की थी वह सभी पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस कई दृष्टिकोण से जांच कर रह रही है। शुरुआती जांच में दोनों के सोशल मीडिया अकाउंट खंगलने से पता चला है कि वह कुछ असामाजिक तत्वों से जुड़े हुए थे। जो इस तरह दहशत फैलाने का काम कराते है।

मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और दोनों की डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस की टीम यह भी जानकारी कर रही है कि दोनों का लोनी में किन लोगों से लिंक था और उनको सलीम का घर किसने बताया था। वहीं, सलीम का अभी भी इलाज चल रहा है। सोशल मीडिया पर सलीम को फोन मिली धमकी के बाद पुलिस की टीम सलीम और अस्पताल पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस को धमकी मिलने के मामले में शिकायत नहीं मिली है। संवाद

# टहलने निकली महिला को कुत्तों ने काटा, अस्पताल में भर्ती

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर बीटा-दो में शाम के वक्त टहलने निकली महिला को लावारिस कुत्तों ने काट लिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

महिला के बेटे डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि वह आई ब्लॉक में रहते हैं। उनकी मां मिथलेश प्रतिदिन शाम को टहलने जाती हैं। शुक्रवार को जब वह टहलने के लिए पार्क में पहुंचीं उसी दौरान कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन तब तक कुत्तों ने उनके पैर में कई जगह पर काट लिया। उन्होंने बताया कि जख्म इतने गहरे थे कि मां को तत्काल अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

डॉक्टर ने उन्हें अभी एक से दो हफ्ते आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि लावारिस कुत्तों के कारण अब घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन किसी न किसी को कुत्ते अपना शिकार बना ले रहे हैं। ब्यूरो

# एमबीए की छात्रा ने 13वीं मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित गौड़ सौन्दर्यम सोसाइटी में मंगलवार को एमबीए की छात्रा ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान शिविका ठकराल (25) के रूप में हुई है। बिसरख कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, विनय ठकराल परिवार के साथ सोसाइटी के शेरोन टावर में रहते हैं। उनकी पुत्री शिविका मोहाली से एमबीए कर रही थी। साथ ही, मोहाली में ही नौकरी करती थी। बेटी होली की छुट्टी पे घर आई थी। सोमवार रात सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। मंगलवार सुबह उन्हें गार्डों से घटना की जानकारी मिली। ब्यूरो

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी (1) सीकेपी-वेस्ट-25-26-फेंसिंग, दिनांक 10.03.2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (वेस्ट)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन (i) बंडामुंडा ए केबिन से डी केबिन तथा बंडामुंडा ए केबिन से पी केबिन (4.25 टीकेएम), (ii) सोनाखान-सोगरा (5.0 टीकेएम) एवं (iii) बागडिही-धुतरा (4.32 टीकेएम) के बीच रेलवे पटरी से हाथियों को पार होने से रोकने के लिए रेल फेंसिंग की व्यवस्था; रु. 15,47,79,135.55; रु. 9,23,900/-। **(2) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-68, दिनांक 10.03.2026;** चक्रधरपुर में नई डीआरएम कार्यालय बिल्डिंग में एक एलीवेटर के प्रावधान के संबंध में सिविल इंजीनियरिंग कार्य तथा एमईए के अंतर्गत सोनुआ, लोटापहाड़, टूनिया एवं बाराबम्बो स्टेशन में यात्रियों के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था; रु. 2,13,80,067.22; रु. 2,56,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए रु. 0.00। **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 30.03.2026 तथा क्रमांक 2 के लिए 07.04.2026। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **टिप्पणी:** सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020). (PR-1284)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी /संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कार्पोरेशन, गुरुग्राम | स्पेयर व्हील बॉक्स (119 अदद बसों का) सहित टाटा बस चैसिस पर 'हरियाणा शक्ति' डिस्ट्रिक्ट टाईप सभी मैटल की बस बॉडीज के फैब्रीकेशन हेतु श्रम शक्ति का प्रावधान+1 कार्य (गुरुग्राम) | 11.03.2026 25.03.2026 | TENDER VALUE (APPROX.) Rs. 95.96 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9718899487 gm.hrec27@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
SAMVAD:-13/2026/40/43702/I/1/7 Dt.10/03/2026

**महानिदेशक कार्यालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार**
**शिक्षा सदन, सेक्टर-5, पंचकूला**

**विज्ञापन**

**अनुसूचित जाति (SC) / पिछड़ा वर्ग (BC) के उच्चतर शिक्षा के छात्रों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 से संबंधित 'पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति' (PMS) के लंबित मामलों का समाधान।**

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त ज्ञापनों (representations) पर विचार करते हुए, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक अंतिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह अवसर उन छात्रों के लंबित मामलों के समाधान के लिए है जिन्होंने 'हर छात्रवृत्ति' (Harchhatravrati) पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए 'अनुसूचित जाति हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (PMS-SC) के तहत आवेदन किया था। अतः, वे सभी इच्छुक छात्र जिनके मामले अधूरे दस्तावेजों या क्रेडेंशियलदस्तावेजों के सत्यापन न होने के / कारण लंबित हैं, उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे तुरंत पोर्टल पर अपने अकाउंट में जाएँ और कमियों को दूर करें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि यदि अभी तक नहीं किया है, तो वे तुरंत अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक (Seed) करवा लें। विभिन्न स्तरों पर कमियों को सुधारने और सत्यापन के लिए निर्धारित समय सीमा नीचे दी गई है:

| स्तर | समय सीमा (Deadline) |
|---|---|
| छात्रों को भेजे गए आवेदनों के सुधार हेतु | 02 दिन 12.03.2026 और 13.03.2026 |
| स्तर-1 (संस्थान स्तर) | 14.03.2026 |
| स्तर-2 (नोडल निकाय स्तर) | 16.03.2026 |
| स्तर-3 (मुख्यालय स्तर) | 18.03.2026 |

छात्रों और सभी स्तरों (संस्थान, नोडल निकाय और मुख्यालय) के नोडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी कर ली जाए। यह सख्ती से सूचित किया जाता है कि इन समय सीमाओं की समाप्ति के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और उपरोक्त वर्षों के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे लंबित मामलों के समाधान हेतु सभी संभावित माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

इस संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 0172-2565530 पर संपर्क करें या ईमेल करें: higherscholarship201819@gmail.com

महानिदेशक
उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकूला
PRDH:- 1031/11/345/2026/43708/1/7 Dt. 10/03/2026

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | ईओजी एलएचबी आरएमपीयू एसी कोचों के आरएमपीयू के अनुसूची रखरखाव और मरम्मत अनुबंध, जिसमें भारी मरम्मत कार्य के लिए उनका सिक लाइन अवलोकन और दिल्ली मंडल में इलेक्ट्रिकल कोचिंग एसीसी /दिल्ली और इलेक्ट्रिक/कोचिंग/दिल्ली सराय रोहिल्ला डिपो की प्राथमिक आधारित ट्रेनों में एसी कोचों पर ऑन-बोर्ड इलेक्ट्रिकल एस्कॉर्टिंग ड्यूटी शामिल है, तीन साल के लिए। |
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-7टी-कोचिंग-2025-26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू0 में) | 10,50,96,881.39/- रू0 |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00 रुपये |
| कार्यालय का पता | वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 6,75,500/- रू0 |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 01.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 01.04.2026 को 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 812/2026

**उत्तर रेलवे**
**कारण बताओ नोटिस**

**श्री हितेश आर कश्यप सुपुत्रः श्री रमेश चंद, Tech-III, टि.स. 827, C&W/NDLS, पताः E/44, Siddharth Basti, Hari Nagar Ashram, Delhi-110014 व 323/1 Hari Nagar Ashram, Delhi-110014,** को पत्राचार (Speed Post) के माध्यम से दिनांक 10.07.2025 को सूचित किया गया था कि आप स्वयं दिनांक 06.12.2024 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं।

इस कार्यालय के "कारण बताओ नोटिस" संख्याः 4/IE/12/Chg/NDLS/25 दिनांक 10.01.26 जिसको रजिस्टर्ड डाक (Speed Post) के माध्यम से दिनांक 31.01.26 को भेजा गया था लेकिन Undelivered ही इस कार्यालय में वापस आ गया।

कारण बताओ नोटिस व जाँच रिपोर्ट की प्रतिलिपि इस कार्यालय के सूचना पट पर चिपकाई गई थी लेकिन न तो आप और न आपकी कोई सूचना कार्यालय को प्राप्त हुई।

अतः इस विज्ञापन के माध्यम से आपको अपना पक्ष रखने का एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। आप इस **कारण बताओ नोटिस** प्रकाशन की तिथि से **10 दिन के अन्दर** किसी कार्य दिवस में इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

**हितेश आर कश्यप** सुपुत्रः श्री रमेश चंद, Tech-III, टि.सं. 827, C&W/NDLS, को सूचित किया जाता है कि निर्दिष्ट समय में इस कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए तो अनुशासन एवं अपील नियम 1968 के अन्तर्गत एक तरफा कार्यावाही की जाएगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

800/2026 अनुशासनिक प्राधिकारी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/वं.म.अधि./सं./निविदा-15-25-26-डब्ल्युसी दिनांक: 10.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत टीआरटी मशीन द्वारा TSR(P)-130 TKM / TRR(P)-19.70 TKM (निविदा संख्या NIT-15-25-26-WC) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 18,17,98,117.57/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 10,59,000/- |
| 4 | ई-निविदा भरने का दिनांक और समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक समय | ई-निविदा भरने का समय शुरू दिनॉक 17.03.2026 को 15:00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक 02.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

801/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**(ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर-ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।


| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | DEN/Track के अधीन DLI डिवीजन में ट्रैक मशीनों हेतु टैम्पिंग टूल्स का पुनर्संशोधन (Reconditioning)। (लागत में जीएसटी शामिल है।) (निविदा संख्या NIT-16-25-26-WC) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 85,31,650/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 1,71,000/- |
| 4 | ई-निविदा भरने का दिनांक और समय & ई निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय शुरू दिनॉक 17.03.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक 02.04.2026 को 15:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128-ड्ब्ल्यु/वं.म.अधि./सं/निविदा-16-25-26-ड्ब्ल्युसी
दिनांक:- 10.03.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 802/26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

DD NO. 42 दिनांक 09.03.2026 धारा 194 BNS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।

**नामपता नामालुम लाश की पहचान बारे**



नाम- नामालूम
पिता/पति का नाम- नामालूम
पता-नामालुम।
उम्र -लगभग 35-40 वर्ष
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट, बाएे हाथ में क्लाइमेक्स की घड़ी पहने हुऐ व वह उगंली में छल्ला, हल्के गुलाबी रंग की कमीज।


दिनांक 09.03.26 को एक नामपता नामालूम महिला की गांव मायना J.L.N हैड जिला रोहतक मिली है। जिसकी मौत के कारण होनी ब्यान हुई है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना शिवाजी कालोनी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस P.G.I रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 8930987907

PRDH:-1084/11/4556/2026/43682/1/7 DT.10/03/2026

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–अनिशा खातून, उम्र– 30 वर्ष, साथ में सुपुत्री अफसरा खातुन, उँचाई–5 फीट, रंग–गोरा, पहनावा–लाल रंग का नकाब पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला अनिशा खातून, उम्र– 30 वर्ष, साथ में सुपुत्री अफसरा खातुन, नेशाद अंसारी, ग्राम–हारिल कुम्बा टोली, थाना–माण्डर, जिला–राँची, जो दिनांक–0217.02.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–28/2026, दिनांक–18.02.2026 दर्ज कर इनकी खाजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। – 9431706188
थाना प्रभारी, माण्डर, राँची। – 9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची
PR 374659 Police (25-26)_D

## न्यूज डायरी

### शंकराचार्य आज गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद करेंगे

**लखनऊ।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को राजधानी में गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद करेंगे। वे आशियाना के कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जगहों से धर्माचार्य और गो रक्षक मंगलवार को लखनऊ में जुट गए। शंकराचार्य गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। ब्यूरो

### तमिलनाडु में मध्याह्न भोजन खाकर 44 बच्चे बीमार पड़े


**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में कवुंडमपलयम के सरकारी माध्यमिक विद्यालय में दोपहर का भोजन करने के बाद 44 बच्चे बीमार पड़ गए। उन्हें शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। प्रारंभिक जांच के आधार पर अधिकारियों ने खाना पकाते समय उसमें छिपकली गिरने की संभावना जताई है। कोयंबटूर नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। एजेंसी

### गर्म दूध की कड़ाही में गिरा मासूम, गई जान

**कौशांबी।** उस्मानपुर गांव में सोमवार रात गर्म दूध की कड़ाही में गिरकर दो वर्ष का मासूम मनु गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिता मंगला प्रसाद ने बताया कि पत्नी सावित्री ने दूध खौलाने के बाद चूल्हे से नीचे उतारकर रख दिया। इसी दौरान बिजली कट गई। इसी दौरान अंधेरे में उनका बेटा मनु मां के पीछे-पीछे चलने लगा और गर्म दूध की कड़ाही में जा गिरा। संवाद

# एआई से तैयार याचिका खारिज...सीजेआई ने कहा- जाइए लुधियाना में स्वेटर ही बेचिए

## जटिल कानूनी शब्दों की व्याख्या नहीं कर पाने से खुली याचिकाकर्ता की पोल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लुधियाना के एक कपड़ा व्यापारी की जनहित याचिका खारिज कर दी। व्यापारी ने याचिका का मसौदा तैयार करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की थी और उसमें प्रयुक्त जटिल कानूनी शब्दों की व्याख्या नहीं कर सका था।

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा, जाइए लुधियाना में 2-3 और स्वेटर बेचिए, ऐसी याचिका दायर करवाने वाले आपका नुकसान कर देंगे, आप पर जुर्माना लगवा देंगे। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की पीठ को उस समय संदेह हुआ जब 12वीं कक्षा तक पढ़े होजरी व्यापारी रजनीश सिद्धू प्रधानमंत्री केयर फंड से संबंधित अपनी याचिका पर बहस करने के लिए खड़े हुए। जैसे ही सिद्धू ने लिखित पाठ पढ़कर दलीलें शुरू कीं, सीजेआई ने उनकी शैक्षणिक और अन्य पृष्ठभूमि पर सवाल उठाना शुरू कर दिया।

जब याची ने कहा कि उन्होंने पहले कोई याचिका दायर नहीं की थी और सीधे सुप्रीम कोर्ट में पहली याचिका दायर करने आए हैं, तो सीजेआई ने व्यंग्यपूर्वक कहा, बड़ा बहादुरी का काम किया है, सीधा लुधियाना से चलकर आ गए। मैं यहीं तुम्हारा अंग्रेजी का टेस्ट लूंगा, अगर तुम 30% भी अंक ला पाए, तो मैं मान लूंगा कि तुमने यह याचिका खुद तैयार की है। सच्चाई तब सामने आई जब सीजेआई ने सिद्धू से याचिका में प्रयुक्त शब्द कॉर्पोरेट दानदाताओं का न्यासी जोखिम की व्याख्या करने को कहा। सिद्धू शब्द का अर्थ नहीं बता पाए। इस पर सीजेआई ने कहा, सिद्धू जी, यह किसी वकील ने लिखकर आपको दिया है। आप बस स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं।

सीजेआई ने चेतावनी दी कि वे पंजाब सतर्कता ब्यूरो से जांच का आदेश देंगे। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में काम करने वाले टाइपिस्ट का नाम लिया, जिसने याचिका का मसौदा तैयार करने में मदद की थी। सिद्धू ने कहा, मैंने उसे चार जैकेट उपहार में दिए। वह 1,000 रुपये प्रति घंटा मांग रहा था। लेकिन मैंने उसकी याचिका का इस्तेमाल नहीं किया और खुद की याचिका तैयार की। आखिरी में सिद्धू ने स्वीकार किया कि मसौदा तीन से चार एआई उपकरणों से तैयार किया गया। एजेंसी

## भारती टेलीकॉम से छोटे निवेशकों को बाहर निकालने का फैसला सही : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारती टेलीकॉम लिमिटेड (बीटीएल) के अल्पसंख्यक शेयरधारकों की याचिकाओं के एक समूह को खारिज कर दिया और कंपनी के शेयर पूंजी में कटौती करने और व्यक्तिगत निवेशकों को बाहर निकालने के फैसले को सही ठहराया। कंपनी को अपनी पूंजी संरचना में बदलाव करने का कानूनी अधिकार है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा, शेयरों का मूल्यांकन विशेषज्ञ प्रक्रिया है और कंपनी ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किया है। यह मामला निजी स्वामित्व वाली कंपनी भारती टेलीकॉम, जो भारती एयरटेल लि. (बीएएल) की प्रवर्तक है, की ओर से 2018 में अल्पसंख्यक निवेशकों (कुल शेयरधारिता का लगभग 1.09%) के शेयरों को रद्द करके अपनी शेयर पूंजी में कटौती करने के फैसले से संबंधित है। कंपनी ने शुरुआत में इन अल्पसंख्यक शेयरधारकों को प्रति शेयर 163.25 रुपये की पेशकश की थी। हालांकि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने कर कटौती को हटाकर इसे बढ़ाकर 196.80 रुपये प्रति शेयर कर दिया। 35 शेयरधारकों के एक समूह ने मूल्यांकन को फर्जी बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका में कीमत को मनमाने ढंग से कम तय किया गया और बैठक के नोटिस को चालबाजी भरा बताया। ब्यूरो

**कंपनी ने 35 शेयरधारकों के छोटे समूह की हिस्सेदारी खत्म की है**

## रिश्वत का मतलब अपराध की कमाई हासिल करना : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पिछले साल ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार वसई विरार नगर निगम के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि रिश्वत लेने वाला व्यक्ति अपराध की कमाई हासिल करता है।

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर व जस्टिस गौतम अंखड़ की पीठ ने सोमवार को वीवीसीएमसी के नगर नियोजन विभाग के पूर्व उप निदेशक वाई शिव रेड्डी की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें उनकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने और विशेष अदालत से पारित बाद के रिमांड आदेशों को रद्द करने की मांग की गई थी। रेड्डी पिछले साल अगस्त में अपनी गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। एजेंसी

## पर्यावरण मंजूरियों में तेजी के लिए अलग निकाय के गठन का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने देश के विभिन्न राज्यों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी मंजूरी जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अलग निकाय के गठन का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन पर एक स्थायी समिति (एससीईआईए) के गठन का भी प्रस्ताव रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण प्रभाव आकलन पर स्थायी प्राधिकरण (एसएईआईए) और एससीईआई के गठन के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी की है। पिछले हफ्ते जारी मसौदा अधिसूचना के मुताबिक, ये दोनों नए निकाय राज्य स्तर पर श्रेणी बी के अंतर्गत आने वाली विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन करेंगे और समय पर पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान करेंगे। श्रेणी बी की परियोजनाओं में निर्माण, भवन निर्माण, खनन और उद्योग शामिल हैं। मसौदा अधिसूचना के अनुसार नए निकाय वर्तमान निकायों के निष्क्रिय हो जाने की स्थिति में कार्य करेंगे, जिनकी अधिकतम परिचालन अवधि 6 महीने होगी। इसे छह महीने तक बढ़ाया जा सकता है। यदि राज्यस्तरीय समिति द्वारा 120 दिन में आवेदन का मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तो आवेदन को एससीईआईए को भेज दिया जाएगा। इससे पहले, 2006 की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना के तहत, केंद्र ने श्रेणी बी विकास परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए दो महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय निकायों-राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की स्थापना की थी। एजेंसी

## पति की मौत के बाद ऋण वसूली के दवाब पर बैंक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति की मौत के बाद पत्नी से जबरन वसूली की कार्रवाई पर फाइनेंस कंपनी को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि याचिका के लंबित रहने तक पीड़िता को न तो कर्ज चुकाने के लिए मजबूर किया जाए और न ही वसूली एजेंट के जरिये डराया-धमकाया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने मेरठ निवासी मानसी त्यागी की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने वसूली कार्रवाई पर रोक लगाते हुए बैंक और बीमा कंपनी को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब तलब किया है। याचिका के मुताबिक याची के दिवंगत पति ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस से ऋण लिया था, जिसे एक लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के जरिये कवर भी किया गया था। ब्यूरो

## भारतीय कामगारों को इस्राइल भेजने पर 21 मार्च तक रोक

**लखनऊ।** इस्राइल-ईरान युद्ध के बीच प्रदेशभर के 300 कामगारों के इस्राइल जाने पर 21 मार्च तक रोक लगा दी गई है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) और विदेश मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश श्रम एवं सेवायोजन विभाग, एनएसडीसी और इस्राइल की टीम ने कानपुर में कामगारों का चयन किया था। एनएसडीसी के अनुसार, इससे पहले 6,000 से अधिक श्रमिकों को इस्राइल भेजा जा चुका है। इनमें से करीब 500 कामगारों की घर वापसी भी हो चुकी है। संवाद

## आईएसआई के लिए जासूसी करने में नौसेना का लांस नायक गिरफ्तार

### एटीएस ने आगरा से पकड़ा, केरल के कोच्चि में था तैनात



आदर्श उर्फ लकी

**लखनऊ।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय नौसेना के लांस नायक आदर्श कुमार उर्फ लकी को यूपी एटीएस ने मंगलवार को आगरा से गिरफ्तार कर लिया। एटीएस ने उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

केरल के कोच्चि में दक्षिण नेवल कमांड में लांस नायक के पद पर तैनात आगरा निवासी आदर्श कुमार सामरिक महत्व की सूचनाएं आईएसआई को भेज रहा था। उसने कुछ युद्धपोतों की तस्वीरें और लोकेशन आईएसआई के हैंडलर को भेजी थी, जिसके बदले उसके खाते में रकम भेजी गई। पाकिस्तानी एजेंट की निगरानी के दौरान आदर्श का नाम सामने आने पर एटीएस ने उस पर नजर रखनी शुरू की। आईएसआई एजेंट द्वारा उसके खाते में रकम भेजने की पुष्टि के बाद उसे दबोच लिया गया। ब्यूरो

## दो विभागों में नौकरी करने वाले को 7 साल की कैद

**बाराबंकी।** फर्जी दस्तावेज के सहारे बाराबंकी व प्रतापगढ़ में दो अलग-अलग विभागों में नौकरी के मामले में अदालत ने आरोपी को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 फरवरी 2009 को प्रभात सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नरौली गांव के जयप्रकाश सिंह ने फर्जी दस्तावेज से दो अलग-अलग स्थानों पर नौकरी प्राप्त कर ली। जांच में पाया गया कि इनकी तैनाती बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर जून 1993 में हुई थी। इससे पहले प्रतापगढ़ में नॉन मेडिकल असिस्टेंट पद पर तैनाती 26 दिसंबर 1979 में हुई थी। संवाद


अमर उजाला क्लासीफाइड | विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें | 1800-121-1166 | www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline

**Mishrilal Associates Pvt. Ltd. Bareilly**

WALK-IN INTERVIEW We have urgent requirement for the positions :
* Project Manager (Min Experience 10-15 Years)
* Planning & Billing Engineer (Min Experience 5-8 Years)
* Site Engineer/ Site Supervisor (Min Experience 2-5 Years)
* Store Incharge/ Asst. Store Incharge. (Min Experience 2-5 Years)
* AutoCad Engineer. (Min Experience 1-3 Years)

Note: Fressher Candidate also consider as per there Interview
Qualification: B.Tech/ B.E/ Diploma (Electrical Department Only) Experience In Field: Power Distribution
Job Location:- Uttar Pradesh/Bihar/Uttrakhand Joining:- Immediate Documents to carry:- Copy of Updated CV, Aadhaar Card, Pan Card, Acadamic qualification certificate, 4 Pssport size Photo. Interview Date:- 15/03/2026 (Sunday) Timing:- 12:00PM to 03:00PM e-mail id:- hrmaplbly@gmail.com Contact No.: 7251888138

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

**आवश्यकता है**

**सामान्य**

बेंगलुरू में आवश्यकता है मैनेजर, पूर्व सैनिक, डिप्लोमा इंजीनियर, एडमिन एग्जीक्यूटिव। उम्मीदवारों की आयु 30 से 40 वर्ष वरीयता प्राप्त। संपर्क करें 9881491613/ 9503563905

**मेडिकल**

Required MBBS/ BAMS, Advance Hospital Ludhiana 9855265422

**ऑफिस जॉब्स**

**पार्ट टाइम**

✓TELECOM 5G कंपनी में घरबैठे (SMS JOB) करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाएं (21,500- 48,500) महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS MESSAGES/ करें- 8299463039

**टीचर्स/शिक्षक**

RBPS SCHOOL (CBSE) KULPAHAR (MAHOBA) UP TEACHERS REQUIRED FOR PGT(PHYSICS, CHEMISTRY, HISTORY, COMPUTER SCIENCE, ENGLISH, SOCIOLOGY, POLITICAL SCIENCE, MFA (DRAWING), GEOGRAPHY). TGT AND PRT FOR ALL SUBJECTS. ENGLISH CONVERSATION AND SPORTS TEACHER. SHOULD BE FLUENT IN ENGLISH. CONTACT :- 7007421735,9651847250 EMAIL:- rbpskulpahar01@gmail.com NOTE:- ATTRACTIVE SALARY, FOOD AND ACCOMMODATION AVAILABLE

**वर्कर**

नौकरी बिना इंटरव्यू दिल्लीमेट्रो, मेरठमेट्रो, आगरामेट्रो, लखनऊमेट्रो, कानपुरमेट्रो, अनपढ़, 8वीं, सिक्योरिटीगार्ड 22000/-साफ सफाई कर्मचारी 23000/- 10वीं/12वीं सिक्योरिटी सुपरवाइजर 28500/-मेट्रो टिकट चैकिंग फिल्ड आफिसर 32500/-45000/-ग्रेजुएट 75000/- 92000/-आज फार्म भरें कल से ड्यूटी करें रहनाखाना+फण्ड+PF + मेडिकल-9625874713

**व्यापार**

**लोन/फाइनेंस**

लोन ही लोन
धनलक्ष्मी फाईनेंस
भारत की अग्रणी फाईनेंस कंपनी
मार्कशीट पर्सनल बिजनेस कृषि उद्योग पशुपालन
सभी योजना लोन घर बैठे पायें
1% ब्याज 40% छूट
ऑनलाइन सुविधा | एजेंट आमंत्रित
सिबिल खराब हुये लोग संपर्क अवश्य करें
7505650109
8630968756

**मेडिकल**

**सैक्स संबंधी**

सैक्स समस्याएं इन्द्री का छोटापन
शर्म संकोच चिंता छोड़ें
मिले या फोन कर परामर्श लें
इन्द्री को 8-9 इंच लम्बा मोटा कठोर बनायें
सैक्स टाइम 30-40 मिनट बढ़ायें
गायत्री आयुर्वेदा 100% Ayurvedic
8271080945
8271080946

ख़बरें पढ़िए मोबाइल पर
amarujala.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

शीघ्रपतन सेक्स समस्याएं अंग का छोटापन
शर्म संकोच चिंता छोड़ें
मिलें या फोन कर परामर्श लें
hashmi.com
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना अमरोहा-UP
9997782987
8923613136

**सूचना**

**व्यक्तिगत**

मैं रश्मि अपने पुत्र अस्मित को उसकी गलत संगत की वजह से अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। रश्मि W/o जितेन्द्र निवासी सैमली जिला बुलंदशहर

मेरी पुत्री के आधारकार्ड में उसका नाम दुर्गा पाल दर्ज है। जो कि गलत है। शैक्षिक प्रमाण पत्रों व अन्य दस्तावेजों में नाम रिशु दर्ज है, जो सही है। यह दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। सही नाम रिशु माना जाए। महेश निवासी गांव पीरवियाबानी सिकंदराबाद, बुलंदशहर।

मैंने अपना नाम सुमायला से बदलकर शुमायला अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सुमायला पत्नी मोहम्मद शकील 120/6 गोरखी-1, गोरखी सिकंदराबाद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश

मैने अपना नाम सुम्बुल से बदलकर सुम्बुल अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सुम्बुल पत्नी मोहम्मद समीर 120/6 गोरखी-1 गोरखी सिकंदराबाद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश

मैने अपना नाम सबिया से बदलकर सबिया अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सबिया पत्नी अहतेशाम अंसारी 120/6 गोरखी-1, गोरखी सिकंदराबाद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश

मैं सोनी चौधरी No-3201553P, हवलदार संजीव, गांव नगला हुकम सिंह, पोस्ट करौली बांगर, जिला गौतम बुद्धनगर यूपी 203209, मैं भविष्य के लिए अपना नाम बदलकर सोनी चौधरी (Soni Choudhary) से बदलकर सोनी चौधरी (Soni Chaudhary) कर लिया है।

मैं शायना पत्नी आसिफ निवासी गोरखी, सिकंदराबाद बुलंदशहर अपने पुत्र राजा उर्फ मुजीब को गलत संगत में पड़ जाने के कारण संबंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ।

मैं तसलीम पत्नी यूसुफ निवासी सोगियावाडा, सिकंदराबाद बुलंदशहर अपने पुत्र उजैर को गलत संगत में पड़ जाने के कारण संबंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ।

मैं अपने पुत्र साहिब व पुत्रवधु सुमाईला को गलत आचरण करने के कारण इनसे अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। ये अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मौहम्मद उमर पुत्र फतह मौहम्मद ग्राम गिनौरा शेख तहसील व जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र हारून उसकी पत्नी सोनिया व पुत्रवधु साईन के गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करती हूँ। मुन्नी पत्नी सलाम मौहल्ला व्यापारियान थाना ककोड़ बुलंदशहर

मैने अपनी पुत्री का नाम रिदा rida से बदलकर रिदा खान rida khan रख लिया है भविष्य मे पुत्री को rida khan के नाम से जाना व पहचाना जाए सुहैल मौहम्मद पुत्र हामिद हुसैन खान निवासी H.No- 353/27 कोठीयात सिविल लाइन बुलंदशहर

मैं अपनी पुत्री दिव्यांशी, अंशिता को दुर्व्यवहार के चलते समस्त संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूँ। अशोक त्यागी पुत्र छुट्टन सिंह त्यागी गढ़मुक्तेश्वर हापुड़

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2019 मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0369728 इंटरमीडिएट वर्ष 2021 मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 215316878 है। ये वास्तव में कही खो गयी है। मुकुल कुमार पुत्र गुरूवचन सिंह गांव थाना गजरौला थाना नरसेना जनपद बुलंदशहर।

मेरे मुवक्किलों योगेश जैन पिता श्री मोहन लाल जैन और पूनम जैन पत्नी योगेश जैन पता म.नं.- 4677, गली मोहर सिंह पहाडी धीरज दिल्ली-110006 ने अपने पुत्र अमित जैन और बहु रिमझिम जैन चौरड़िया को दुर्व्यवहार और मनमानी करने के कारण सभी संबंध विच्छेद कर अपनी सभी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रिंस एडवोकेट (डी/450/14)

मेरे पति संतोष ए. के आर्मी नंबर 15821506A, रैंक सिपाही सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम शालिनी एस लिखा है जोकि गलत है, जबकि मेरे सभी कागजातों में मेरा नाम शालिनी आर है। जोकि सही है। शालिनी आर पत्नी संतोष ए निवासी गांव कुड़ीसाई, तहसील+ जिला वेल्लोर राज्य तमिलनाडु पिन 632105

मेरे पुत्र रोहन राणा व पुत्री कनिका राणा के शैक्षिक व जन्म प्रमाणपत्रों में मेरा (पिता) नाम Kavindra Rana व माता का नाम Sushila गलत दर्ज है जबकि सही नाम Kavindra Kumar व Sushila Daiyya है। काविन्दर कुमार पुत्र राजकुमार, निवासी-मार्ग, जगत पुरी, मोदीनगर, गाजियाबाद (उ.प्र.)-201204

I SAZIDA W/o ROJUDDIN ANSARI resident of House No-D-272, Gali No-06, Malik Nagar, Loni Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201102, have changed my name from SAZIDA to SAZIDA ANSARI. Henceforth I would be known by the name of SAZIDA ANSARI for all future purposes.

I DANISH S/o ROJUDDIN ANSARI resident of House No- D-272, Gali No-06, Malik Nagar, Loni Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201102 ,have changed my name from DANISH to DANISH ANSARI. Henceforth I would be known by the name of DANISH ANSARI for all future purposes.

मैं अपने पुत्र प्रशांत कुमार सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके कृत्यों के हम जिम्मेदार नही होगें सुरेश कुमार सिंह मोदीनगर गाजियाबाद

दिनांक 10-03-2026 से मैं अपने पुत्र नासिर को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करती हूँ। बिलकिस पत्नी स्व0 साबिर निवासी सफियाबाद लौटी, थाना मुंडाली, जिला मेरठ

अमर उजाला क्लासीफाइड
आवश्यकताएं • नौकरियां • बिक्री • प्रोपर्टी • किराया • शिक्षा • सर्विसेज • लोन • फाईनेन्स
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:-
0120-4694354


## जयराम बोले- चीन से एफडीआई में ढील सोची समझी आत्मसमर्पण नीति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीन के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील देने पर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह मोदी सरकार की चीन के सामने सोची-समझी आत्मसमर्पण नीति का हिस्सा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, चीन से एफडीआई के नियमों में ढील का मोदी सरकार का निर्णय आश्चर्यजनक नहीं है। यह उस देश के सामने सुनियोजित तरीके से आत्मसमर्पण का हिस्सा है, जिसे स्वयं मोदी ने 19 जून, 2020 को पूर्वी लद्दाख में 20 जवानों के शहीद होने के बाद क्लीन चिट दी थी। उन्होंने कहा, भारत का व्यापार घाटा 2025 में रिकॉर्ड 115 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने के बावजूद, चीन की शर्तों पर भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाया जा रहा है। एजेंसी

## राहुल ने वादा निभाया, किसान की बेटी की शादी में पहुंचे



गोहाना में किसान संजय के घर में गद्दे पर बैठे राहुल गांधी। एजेंसी

**सोनीपत।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह गोहाना के मदीना गांव में एक साधारण किसान परिवार की शादी में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने किसान संजय मलिक से किया वादा निभाते हुए उनकी बेटी तनु के विवाह समारोह में शिरकत की। दुल्हन के हाथों मिस्सी रोटी का निवाला खाया और परिवार के साथ जमीन पर बैठकर शादी के मंगल गीत भी सुने।

सुबह 10:10 बजे राहुल गांधी गांव पहुंचे। परिवार के लोगों ने परंपरागत तरीके से पगड़ी पहना उनका अभिनंदन किया। इसके बाद राहुल घरातियों के बीच जमीन पर बिछे गद्दे पर बैठ गए। आसपास बैठी महिलाएं हरियाणवी मंगल गीत गा रही थीं। राहुल गीतों और शादी की रस्मों के बारे में पूछते रहे। इसी बीच उन्होंने चूरमा, दूध, लड्डू का स्वाद चखा। प्रीतिभोज में बालूशाही परोसी गई। राहुल ने पूछा-ये क्या है? तब उन्हें बताया गया कि हरियाणा की शादियों में मीठे में बालूशाही परोसी जाती है। इस पर वह बोले-मैं मीठा कम खाता हूं। हालांकि, बाद में राहुल ने खाने में मिस्सी रोटी और सब्जी ली। राहुल ने अपने हाथ से सांसद दीपेंद्र हुड्डा और संजय को जलेबी भी खिलाई। दुल्हन तनु ने भी राहुल को मिस्सी रोटी का निवाला खिलाया। बातचीत में राहुल ने पूछा- कहां शादी हो रही हो? क्या पढ़ाई की है? तनु ने बताया कि वह बीकॉम पास है। रोहतक के सुंदरनगर से शाम को बरात आएगी। राहुल ने पूछा-हरियाणवी पुरुष धोती-कुर्ता पहनते हैं तो महिलाएं क्या पहनती हैं। 2023 में शिमला जाते समय राहुल अचानक संजय मलिक के खेत पहुंचे थे और वहां धान की रोपाई की थी। उसी दौरान बने रिश्ते को निभाते हुए वे इस बार उनकी बेटी की शादी में शामिल होने गांव पहुंचे। संवाद

## शाह के गुवाहाटी में युवा सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री मोदी 13-14 को असम जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुवाहाटी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विशाल युवा सम्मेलन से पहले 13 और 14 मार्च को असम का दौरा करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी गुवाहाटी और कोकराझार में आयोजित होने वाले विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा भी लेंगे।

शाह 15 मार्च को विशाल युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राज्य भर से लगभग एक लाख युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के ये दो दौरे विकास पहलों को प्रदर्शित करने और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माने जा रहे हैं। पार्टी और राज्य प्रशासन द्वारा कार्यक्रमों के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं। इससे पहले दिन में, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि भाजपा आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची 11 से 15 मार्च के बीच अंतिम रूप देगी। यदि चुनाव आयोग चुनाव तिथियों को स्थगित करता है, तो जन आशीर्वाद यात्रा का तीसरा चरण भी आयोजित किया जाएगा।


भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा 28 फरवरी को ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई थी, जिसने राज्य के 32 विधानसभा क्षेत्रों में 900 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की और लाखों लोगों से बातचीत करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। एजेंसी

## विमान के कॉकपिट में बैठी पूर्व क्रू मेंबर का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। इस वीडियो में एयरलाइन की एक पूर्व केबिन क्रू मेंबर उड़ते विमान के कॉकपिट में बैठी दिख रही है। विमानन नियमों के तहत उड़ान के दौरान कॉकपिट में अनधिकृत प्रवेश और वहां बैठना सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

एअर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि हम वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि कर रहे और तथ्यों को स्थापित करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार उक्त महिला कर्मचारी ने पिछले महीने ही नौकरी छोड़ दी थी। एयरलाइन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जांच के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी

# सांविधानिक पद की गरिमा से दूर रखें सियासी मतभेद



**नवनीत सहगल**
पूर्व अध्यक्ष, प्रसार भारती

भारत के संविधान ने कुछ पदों को ऐसी गरिमा और प्रतिष्ठा प्रदान की है जो दलगत राजनीति से ऊपर है। भारत के राष्ट्रपति का पद भी उसी श्रेणी में आता है। राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं और संघीय ढांचे की सर्वोच्च सांविधानिक प्रमुख भी। हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प. बंगाल दौरे में जो घटनाक्रम हुआ, उसने स्वाभाविक रूप से गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में लगभग 40 वर्षों के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च सांविधानिक पद के साथ प्रोटोकॉल की अनदेखी केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सांविधानिक मर्यादा के प्रति असंवेदनशीलता का गंभीर मामला है। भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित शीर्ष सांविधानिक पदों की यात्राओं के लिए प्रोटोकॉल व्यवस्था निर्धारित है। इस व्यवस्था को सामान्यतः 'ब्लू बुक' के नाम से जाना जाता है। यह दस्तावेज केवल औपचारिक शिष्टाचार का संहिता नहीं है, बल्कि इसमें सुरक्षा, प्रशासनिक समन्वय और संवैधानिक सम्मान से जुड़े स्पष्ट दिशा-निर्देश होते हैं। माननीय राष्ट्रपति जब किसी राज्य की यात्रा पर जाती हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल के साथ-साथ वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी अगवानी करते हैं। यह किसी व्यक्ति विशेष का सम्मान नहीं, बल्कि उस सांविधानिक पद का सम्मान होता है जो पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है।

**पश्चिम बंगाल की घटना उठते स्वाभाविक प्रश्न**

*पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के दौरान जिस प्रकार से राज्य सरकार की ओर से अपेक्षित स्तर की उपस्थिति नहीं रही, उसने अनेक सवाल खड़े किए हैं। किसी राज्य में राष्ट्रपति का आगमन केवल एक कार्यक्रम में भाग लेने नहीं आते, बल्कि वह उस राज्य के लोगों के साथ राष्ट्र की एकता और सांविधानिक जुड़ाव का प्रतीकात्मक संदेश भी लेकर आते हैं। यदि राज्य की सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित नहीं होते, तो यह एक असामान्य स्थिति मानी जाती है।*

### राष्ट्रपति मुर्मू का व्यक्तित्व और उसका व्यापक सामाजिक अर्थ

यह विषय इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि राष्ट्रपति मुर्मू आदिवासी समाज से आने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में यह तथ्य स्वयं में ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक महत्व रखता है। ऐसे में यदि राष्ट्रपति के साथ प्रोटोकॉल की अनदेखी होती है तो उसका संदेश प्रशासनिक चूक तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका प्रभाव व्यापक सामाजिक और राजनीतिक विमर्श पर भी पड़ता है।

### सिलीगुड़ी का कार्यक्रम और प्रशासनिक निर्णयों पर प्रश्न

सिलीगुड़ी में कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा भी इस प्रसंग को और गंभीर बना देती है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा कि संताल समाज के सम्मेलन के लिए जिस स्थान का चयन किया गया, वह ऐसा था जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच ही नहीं सके। उनका यह कथन कि संभवतः प्रशासन को उम्मीद थी कि लोग वहां नहीं पहुंच पाएंगे और कार्यक्रम सीमित रह जाएगा, एक प्रशासनिक निर्णय पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

**राष्ट्रपति की संयमित प्रतिक्रिया और उसका संदेश :** राष्ट्रपति ने इस विषय को अत्यंत संयमित और सौम्य भाषा में व्यक्त किया और यहां तक कहा कि वे भी 'बंगाल की बेटी' हैं और मुख्यमंत्री उनकी 'छोटी बहन' के समान हैं। इस प्रकार की भाषा इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रपति ने इस विषय को राजनीतिक विवाद का रूप देने के बजाय एक नैतिक और मानवीय दृष्टिकोण से रखा।

**प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया व मूल सांविधानिक सिद्धांत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों और आदिवासी समाज की भावनाओं को इससे ठेस पहुंची है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि राष्ट्रपति का पद राज्य की राजनीति से ऊपर होता है, वस्तुतः भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना को ही व्यक्त करता है।

**राजनीतिक मतभेद व संवैधानिक मर्यादाएं :** राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं। विभिन्न दलों की सरकारें अपने-अपने दृष्टिकोण और विचारधाराओं के आधार पर काम करती हैं। परंतु कुछ संस्थाएं और पद ऐसे होते हैं जिन्हें इन मतभेदों से ऊपर रखा जाता है। राष्ट्रपति का पद उन्हीं में से एक है।

### सरकार ने 2.81 लाख करोड़ के अतिरिक्त खर्च की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी देने का प्रस्ताव लोकसभा में रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में अनुदानों की अनुपूरक मांगों का दूसरा बैच पेश किया। प्रस्ताव के अनुसार, संसद से कुल 2,81,289.26 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी देने का अनुरोध किया गया है। इसमें से 2,01,142.96 करोड़ रुपये का प्रस्ताव वास्तविक नकद खर्च के रूप में है। ब्यूरो

**अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा :** विपक्ष बोला-लोकतंत्र बचाने की कोशिश...सत्ता पक्ष ने कहा-व्यवस्था नष्ट करने की साजिश

# स्पीकर पक्षपात कर रहे, संसदीय लोकतंत्र खतरे में पड़ा : विपक्ष

# बिरला निष्पक्ष, लोकतंत्र की नींव पर हमला कर रहा विपक्ष : सरकार

अमर उजाला ब्यूरो


**नई दिल्ली।** लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए विपक्ष की तरफ से लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष ने कहा कि उसकी स्पीकर बिरला के साथ कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन सदन में क्या चल रहा है, यह बताने के लिए उसे दुखी मन से प्रस्ताव लाना पड़ा है। कार्यवाही संचालन में हो रहे पक्षपात के कारण संसदीय लोकतंत्र खतरे हैं। वहीं, सरकार ने बिरला को निष्पक्ष स्पीकर बताया और कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की नींव और संविधान पर हमला कर रहा है। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान बुधवार को होगा। चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह भी शिरकत करेंगे।

लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सांसद डॉ. मो. जावेद ने स्पीकर को पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव रखा। इस पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की अनुमति दी। विपक्ष की तरफ से सदन में उपनेता गौरव गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र करते हुए कहा, स्पीकर हों या जो भी स्पीकर की कुर्सी पर बैठे हों, उनसे उम्मीद होती है कि भेदभाव नहीं करेंगे। देश की जनता को यह पता चलना चाहिए कि संसद के अंदर क्या होता है। प्रस्ताव लाकर हमें कोई खुशी नहीं हो रही है। ओम बिरला से किसी को कोई व्यक्तिगत दिक्कत नहीं है। लेकिन हमारा कर्त्तव्य है कि गलत बातों पर सवाल उठाएं। कार्यवाही संचालन में पक्षपात से संसदीय लोकतंत्र खतरे हैं। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पीकर पर लगे आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया और कहा कि यह प्रस्ताव एक व्यक्ति (राहुल) को खुश करने के लिए लाया गया है। रिजिजू ने कहा कि यह राहुल की देश की व्यवस्था तहस-नहस करने की साजिश का हिस्सा है। न्यायपालिका, चुनाव आयोग को संदेह के दायरे में लाने के बाद अब स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लाकर दरअसल लोकतंत्र की नींव और संविधान पर हमला किया जा रहा है।

रिजिजू ने याद दिलाया कि राहुल जर्मनी में देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए विदेशी शक्तियों से हस्तक्षेप करने की अपील कर चुके हैं। सेना के जवानों को अधिकारियों के खिलाफ उकसा चुके हैं। कभी ईवीएम-एआईआर के बहाने चुनाव आयोग पर हमला, कभी किसी फैसले पर न्यायपालिका पर हमला उनकी इसी साजिश का हिस्सा है।

### चुनाव के दौरान भी सक्रिय रहता है स्पीकर कार्यालय : अमित शाह

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होते ही सदन के आसन पर बैठने से जुड़े नियमों को लेकर काफी हो-हल्ला हुआ। गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सदन में नियमों का उल्लंघन हो रहा है। सदन



में ये कैसे तय हुआ कि स्पीकर या डिप्टी स्पीकर की गैर-मौजूदगी में चेयर पर कौन आसीन होगा। नियमों के मुताबिक, ये सदन तय करेगा कि कौन चेयर पर बैठेगा। जब चेयर पर बैठे सांसद जगदंबिका पाल के बार-बार समझाने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए तो गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद नियमों की गलत व्याख्या कर रहे हैं। सदन भंग भी हो जाए या चुनाव के दौरान तब भी स्पीकर का पद रहता है, जब तक कि चुनाव के बाद नए स्पीकर का चुनाव न हो जाए।

### माइक भी शस्त्र बना, विपक्ष के नेता को बोलने से रोका : गोगोई

गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सदन में माइक भी शस्त्र बन गया है। विपक्ष को सदन में बोलने ही नहीं दिया जाता है। गोगोई ने कहा एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने नहीं दिया



गया। अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उन्हें करीब 20 बार स्पीकर ने बोलने से रोका। जब वह चीन की सेना को लेकर सेना प्रमुख नरवणे की किताब के कुछ तथ्य रखने चाहे, तब भी उन्हें बोलने नहीं दिया गया। *गोगोई ने कहा, आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पीएम मोदी को सलाह दी कि सदन में नहीं आएं, कुछ महिला एमपी उनके चेयर को घेर सकती है, ये शर्मनाक है।*

### रिजिजू ने गौरव से कहा-जब हम जवाब देंगे तो शांति से सुनिएगा


रिजिजू ने गोगोई के आरोपों पर कहा कि आप काफी ऊपर तक चले गए हैं, इसलिए जब हम इसका जवाब देंगे, तो शांति से सुनिएगा। रिजिजू ने यह भी कहा कि सदन का अपमान ठीक नहीं है। यूपीए-1 के समय की



घटना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, अफजल गुरु को फांसी देने की मांग पर हम गलती से सदन के बीच में चले गए थे। तब लालकृष्ण आडवाणी ने बहुत डांटा था। कहा कि तुम नए सांसद हो, उधर नहीं जाना है। वो ट्रेजरी बेंच की जगह है। आज तो पीएम मोदी के आगे सब चले जाते हैं। उन्होंने कहा, हमने कागज फाड़कर कभी चेयर की तरफ नहीं उछाला। सेक्रेटरी जनरल की टेबल पर चढ़कर नहीं नाचे हैं। सदन को शर्मसार करने वाला काम नहीं किया है। हमने तब भी आसन का सम्मान किया जब 2008 में कैश फॉर वोट कांड हुआ। स्पीकर ने स्टिंग का वीडियो प्रसारित करने से मना कर दिया था।

### जगदंबिका ने गोगोई को टोका-प्रस्ताव क्या और बोल क्या रहे


जगदंबिका पाल ने चर्चा के दौरान एपस्टीन फाइल और बिजनेस पर केस के दबाव का जिक्र किए जाने पर गौरव



गोगोई को विषय बदलने पर टोका। कहा, देश देख रहा है कि प्रस्ताव कुछ और है। आरोप कुछ और हैं, आप लगातार विषय से अलग बोल रहे हैं। मेरे बार-बार मना करने के बावजूद आप ऐसे शख्स का हवाला दे रहे हैं, जो इस सदन का सदस्य नहीं है। आप बड़ी खूबसूरती से बार-बार अपनी बात को उसी ओर ले जाते हैं। स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लाए हैं, तो उनके खिलाफ आरोपों पर ही रहिए।

### ओवैसी बोले-प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं चला सकते जगदंबिका

कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने स्पीकर की गैर-मौजूदगी में डिप्टी स्पीकर नियुक्त न किए जाने पर सवाल उठाए। कहा कि



चेयर पर बैठे जगदंबिका पाल कैसे कार्यवाही चला सकते हैं। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसदीय नियमों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अभी तक डिप्टी स्पीकर नियुक्त नहीं किया गया है और जो व्यक्ति (जगदंबिका पाल) चेयर पर बैठे हैं, वो भी स्पीकर की मंजूरी से ही आए हैं। इसलिए प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं चला सकते।

■ *डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है। 16वीं लोकसभा में एनडीए में शामिल अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था। 17वीं और 18वीं लोकसभा में किसी को भी यह पद नहीं दिया गया।*

### जेब में संविधान लेकर घूमने वालों ने क्या किया : चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। देश सिर्फ संविधान के आधार पर चलता है। जो अपनी जेब में संविधान लेकर घूमते हैं और संविधान को लहराते हैं, उन्होंने संविधान बनाने वाले का कितना सम्मान किया, इसका भी जिक्र जरूरी है।

### कर्म से भाग नहीं सकते : महुआ

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा में कहा कि उन्हें निष्कासित करने वाले ओम बिरला अपने कर्म से भाग नहीं सकते। उन्होंने कहा, स्पीकर ने सिर्फ विपक्षी सांसदों को ही निलंबित क्यों किया था।

### जनता की भावनाओं पर कुठाराघात

केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह ने कहा, जब कोई व्यवस्था को ध्वस्त करने का काम करता हो, तो यह सिर्फ लोकतंत्र के मंदिर का अपमान ही नहीं बल्कि 140 करोड़ की जनता की भावना पर कुठाराघात करता है।

### सिर्फ राहुल को ही माइक बंद करने की शिकायत क्यों : निशिकांत

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूछा कि पूरे सदन में सिर्फ राहुल को ही बोलते समय माइक बंद किए जाने की शिकायत क्यों है? विपक्षी दलों के अन्य नेताओं ने आज तक ऐसी कोई शिकायत क्यों नहीं की? उन्होंने राहुल की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाते हुए पूछा कि बीते 12 वर्षों में 260 विदेश यात्राओं का खर्च किसने वहन किया? यह सवाल इसलिए अहम है कि गांधी परिवार के पास किताबों की रॉयल्टी के अलावा आय का दूसरा कोई स्रोत नहीं है।

## पश्चिम एशिया संकट : विपक्ष चर्चा की मांग पर अड़ा, परिसर में प्रदर्शन



विपक्ष ने पोस्टर और बैनर लेकर प्रदर्शन किया।

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष अड़ा हुआ है। सरकार पर दबाव बनाने के लिए विपक्षी सांसदों ने दूसरे दिन भी संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर केंद्र सरकार के रवैये के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन में विपक्ष के वे सांसद भी शामिल थे, जिन्हें बजट सत्र के पहले चरण में लोकसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि सरकार इस पर चर्चा से बच रही है। ब्यूरो

## रिजिजू ने राहुल को दी नसीहत-नेहरू-राजीव से ही क्यों नहीं सीखते संसदीय मर्यादा...प्रियंका मुस्कुराईं-आखिरकार योगदान तो स्वीकारा

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर को हटाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गांधी परिवार से जुड़े पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और राजीव गांधी से संसदीय मर्यादा सीखने की नसीहत दी। इस पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने मुस्कुराते हुए तंज कसा कि खुशी है कि लगातार आलोचना के बाद आखिरकार सरकार को नेहरू के योगदान को स्वीकार करना पड़ा।



विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए रिजिजू ने राहुल के व्यवहार को बचकाना और गैरजिम्मेदाराना बताया। कहा, सदन में कभी राहुल प्रधानमंत्री से जबरदस्ती गले मिलते हैं, तो कभी आंख मारते दिखते हैं। अपने वरिष्ठों से नहीं, तो अपने परिवार के सदस्यों से ही सीख लें। जब पहली बार स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तो नेहरू ने कहा था कि भले ही आसन का निर्णय अस्वीकार्य हो, मगर उनकी गरिमा के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए। राजीव ने भी आसन के निर्णय पर सवाल उठाने को संसदीय मर्यादा और परंपरा के विरुद्ध बताया था। इस दौरान प्रियंका मुस्कुरा रही थीं। बाद में उन्होंने कहा, मुझे हंसी इसलिए आई क्योंकि जिस नेहरूजी की ये लगातार आलोचना करते रहते हैं, आज उन्हीं के वक्तव्य का उपयोग इन्होंने अपने पक्ष में कर लिया। अचानक इन्होंने स्वीकार कर लिया कि नेहरूजी ही इस सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत करने वाले व्यक्ति हैं। ब्यूरो

### रिजिजू बोले-बेहतर नेता प्रतिपक्ष होतीं प्रियंका

रिजिजू ने प्रियंका की तारीफ करते हुए कहा कि वह सदन में नियमित आती हैं। लोगों की भी सुनती हैं। मुस्कुराती हैं। इस समय भी चर्चा के दौरान हंस रही हैं। अवसर मिलता तो वह बेहतर नेता प्रतिपक्ष साबित होतीं। इस पर, प्रियंका ने कहा-देश में केवल एक ही व्यक्ति है, जो पिछले 12 वर्षों में इनके सामने झुका नहीं है, और वह नेता प्रतिपक्ष हैं, क्योंकि वह सच बोलते हैं। सरकार से नहीं डरते। सरकार को उनकी सच्चाई पचती नहीं है।

## संसद डायरी

### सात वर्षों में 1,050 आतंकी घटनाएं, 288 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** देश में सात वर्षों में 1,050 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 288 जवान शहीद हो गए, जबकि 243 नागरिकों की जान गई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2017 से 2023 के बीच सुरक्षा बलों ने 687 आतंकवादियों को ढेर किया। 616 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। मंत्री ने स्पष्ट किया कि पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य के विषय होने के बावजूद एनसीआरबी इन आंकड़ों का संकलन करता है।

### दिल्ली में हर दो घंटे में छिन रहा एक मोबाइल फोन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मोबाइल फोन की झपटमारी की घटनाएं डराने वाली हैं। एक जनवरी, 2024 से 15 फरवरी, 2026 के बीच दिल्ली में 9,460 मोबाइल छीने गए। पिछले 776 दिनों में हर दो घंटे में झपटमारी की एक वारदात दर्ज हुई है। नित्यानंद राय ने बताया कि इस अवधि में 9,436 एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें से अब तक 3,950 मोबाइल ही बरामद किए जा सके हैं।

### तस्करी में 7 हजार गिरफ्तार

राजधानी को नशामुक्त करने के लिए दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन कवच के तहत 2023 से अब तक ड्रग तस्करों के ठिकानों पर 29 संयुक्त ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया है। अब तक नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में 7,134 लोगों को गिरफ्तार किया गया और लगभग 17,435 किग्रा नशीली दवाएं जब्त की गईं। ब्यूरो

### अरावली : संरक्षण को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने राज्यसभा में कहा कि सरकार अरावली के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। भूपेंद्र यादव ने राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर अरावली क्षेत्र में अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके चलते सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। ब्यूरो



**आलू का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रदर्शन :** सपा सांसदों ने डिंपल यादव के नेतृत्व में संसद परिसर में किसानों को आलू की फसल का उचित मूल्य देने की मांग उठाई। सपा सदस्यों ने बैनर के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस पर लिखा था, आलू का उचित मूल्य दिलाओ, किसानों को यूं न सताओ। आरोप लगाया कि किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल रहा। -एजेंसी

### वंदे मातरम को वैधानिक सुरक्षा मिले : अनुराग

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को राष्ट्रीय ध्वज की तरह ही वैधानिक सुरक्षा की मांग की है। लोकसभा में ठाकुर ने कहा, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 के तहत राष्ट्र गान को मजबूत वैधानिक सुरक्षा प्राप्त है, जिसमें अपमान के लिए स्पष्ट दंडात्मक प्रावधान हैं। राष्ट्रीय गीत को अभी तक ऐसी कोई कानूनी सुरक्षा नहीं मिली है।



अनुराग ने तर्क दिया कि यह असमानता सांविधानिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ असंगत है। उन्होंने अपील की कि अधिनियम में संशोधन कर वंदे मातरम को संरक्षण के दायरे में शामिल किया जाए। यह संशोधन राष्ट्रीय प्रतीकों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे को सामंजस्यपूर्ण बनाएगा और राष्ट्रीय गीत के प्रति जानबूझकर अपमान को रोकने में मदद करेगा। उन्होंने गृह मंत्रालय के प्रोटोकॉल का भी उल्लेख किया, जिसमें राष्ट्रीय गान से पहले वंदे मातरम की पूर्ण छह छंदों वाली रचना अनिवार्य की गई है। ब्यूरो

### 43 नए मेडिकल कॉलेज

**नई दिल्ली।** देश में कुल 43 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। साथ ही, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एमबीबीएस की 11,682 और पीजी में 8,967 सीटें भी बढ़ाई गई हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी।

अनुप्रिया ने मंगलवार को बताया कि बताया कि जिला अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेज योजना के तहत पिछड़े और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक कुल 157 कॉलेज स्वीकृत हुए हैं। इसके लिए केंद्र ने 23,246 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर दी है। ब्यूरो

## पिछले वित्त वर्ष में 41,500 करोड़ रुपये की दवाएं निर्यात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले वित्त वर्ष में भारत का सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का निर्यात लगभग 41,500 करोड़ रुपये रहा, जो कुल आयात 39,215 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

नड्डा के अनुसार, एपीआई का आयात 2022-23 में 36,229 करोड़ रुपये, 2023-24 में 37,721 करोड़ और 2024-25 में 39,214 करोड़ रुपये रहा। इनमें चीन से आयात 2022-23 में 25,551 करोड़, 2023-24 में 27,055 करोड़ और 2024-25 में 29,064 करोड़ रुपये रहा। इसमें चीन की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई। उन्होंने बताया कि सरकार ने 6,940 करोड़ रुपये की उत्पादन प्रोत्साहन योजना शुरू की है, ताकि कच्चे पदार्थ, ड्रग इंटरमीडिएट्स और एपीआई के घरेलू निर्माण को बढ़ावा मिल सके और चीन पर निर्भरता घटे। ब्यूरो

### 6,789 स्टार्टअप पर ताला सर्वाधिक आईटी-स्वास्थ्य के

**नई दिल्ली।** देश में मान्यता प्राप्त 2.12 लाख स्टार्टअप में से 6,789 बंद हो गए हैं। इनमें




सर्वाधिक 875 स्टार्टअप आईटी सेवाओं से जुड़े थे। इसके बाद स्वास्थ्य सेवा एवं जीवन विज्ञान क्षेत्र से 553, शिक्षा क्षेत्र से 491, खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र से 320 और कृषि क्षेत्र से 301 स्टार्टअप बंद हुए हैं। यह आंकड़ा 31 जनवरी, 2026 तक का है। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में बताया कि स्टार्टअप का बंद होना मुख्य रूप से बिजनेस मॉडल की विफलता, फंडिंग की कमी और बाजार की बदलती मांगों जैसे कारकों पर निर्भर करता है। ब्यूरो

## राज्यसभा : एसआईआर पर हंगामा, सभापति से ही भिड़ गए खरगे

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले-पूरी प्रक्रिया अनियमितताओं का पुलिंदा, राधाकृष्णन बोले-यह स्वीकार नहीं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया और शून्यकाल में सदन से बहिर्गमन भी किया। सदन में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे की इस दौरान सभापति सीपी राधाकृष्णन के साथ ही तीखी बहस हो गई। वहीं, नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया।





शून्यकाल शुरू होते ही टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने एसआईआर का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान, खरगे ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर धोखाधड़ी हो रही है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आरोपों को खारिज करते हुए आगे चर्चा की अनुमति देने से इन्कार कर दिया। खरगे ने कहा कि तमिलनाडु व कर्नाटक में अनियमितताएं हुईं जिस पर सभापति ने हस्तक्षेप किया और कहा, यह स्वीकार नहीं है। विपक्ष के नेता को तथ्यहीन दावे नहीं करने चाहिए। लेकिन खरगे ने एक नहीं सुनी। इसके सदन में थोड़ी देर के लिए अजीबो-गरीब स्थिति बनी रही। खरगे ने कहा कि जहां भी एसआईआर हो रहा है, वहां भाजपा को जिताने के लिए अनियमितताएं बरती जा रही हैं। इन पर सभापति ने कहा, यह सही नहीं है, आप नहीं बोल सकते। इस पर विपक्ष ने धोखाधड़ी-धोखाधड़ी दोहराया तो राधाकृष्णन ने जवाब दिया कि वह इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। ब्यूरो

### अब क्यों उठा रहे मुद्दा : नड्डा

नेता सदन जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि सुधारों पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है। फिर उस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष के बहिर्गमन की भी आलोचना की, और कहा कि सदन से बाहर जाकर विपक्ष ने फिर दिखा दिया कि उसे सार्थक बहस में विश्वास नहीं है। उसका रवैया पूरी तरह असंसदीय है।

### सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए तृणमूल का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की कवायद में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक प्रस्ताव लाने के लिए 100 सदस्यों के समर्थन की जरूरत को देखते हुए पार्टी ने हस्ताक्षर जुटाने का अभियान भी शुरू कर दिया है। ब्यूरो


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)

पत्रांकःकृ०उ०म०स०/दु०आ० / 2026-803 — **आवश्यक-सूचना** — दिनांक- 09-03-2026

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जहांगीराबाद, बुलन्दशहर के खाद्यान्न परिसर में निर्मित अवशेष "अ" श्रेणी की 01 नग, ''स'' श्रेणी की 01 नग, गोदाम 15 नग एवं फल-सब्जी परिसर में 'स' श्रेणी की 01 नग, कुल 03 नग दुकान एवं 15 नग गोदामों का आवंटन खुली बोली के आधार पर कराये जाने हेतु दिनांक 18.03.2026 नियत की गयी है। दुकान आवंटन विनियमावली-2016 (अद्यतन संशोधित) के अनुसार आवेदक मण्डी समिति का लाईसेन्सी या अधिसूचित या गैर निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के विपणन कार्य हेतु मण्डी समिति का पंजीकृत व्यापारी हो अथवा इच्छुक व्यक्ति। मण्डी के लाईसेन्सी व्यापारी के अतिरिक्त मण्डी के अन्दर प्रयोक्ता प्रभार (यूजर चार्ज) वाले पंजीकृत व्यापारी एवं इच्छुक व्यक्ति दुकान आवंटन की नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से निर्धारित शुल्क रू0 295/- (जी0एस0टी0 सहित) जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। दुकानों में आरक्षण की स्थिति निम्नवत है:-

**खाद्यान्न परिसर जहाँगीराबाद (खाद्यान्न ''अ'' श्रेणी 01 नग दुकान)**

| वर्ग | लाईसेन्सधारी/इच्छुक व्यक्ति के लिए आरक्षित ''अ'' श्रेणी दुकान नं0 |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 05 |
| कुल दुकान | 01 |

**खाद्यान्न मण्डी परिसर, जहाँगीराबाद ('स' श्रेणी की 01 नग दुकान)**

| वर्ग | लाईसेन्सधारी/इच्छुक व्यक्ति के लिए आरक्षित ''स'' श्रेणी दुकान नं0 |
|---|---|
| अनु0जनजाति | 97 |
| कुल दुकान | 01 |

**खाद्यान्न मण्डी परिसर , जहाँगीराबाद (गोदाम-15 नग)**

| वर्ग | लाईसेन्सधारी/गैर निर्दिष्ट कृषि उत्पादों हेतु पंजीकृत व्यापारियों के लिए आरक्षित गोदाम नं0 | इच्छुक व्यक्ति हेतु आरक्षित ''गोदाम नं0 |
|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 01 एवं 11 | 05 एवं 15 |
| अन्य पिछडा वर्ग | 03, 09, एवं 17 | 07, 13 एवं 19 |
| अनारक्षित वर्ग | 14 एवं 18 | 16 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 10 | 20 |
| कुल गोदाम | 08 | 07 |

**फल-सब्जी मण्डी परिसर जहाँगीराबाद ( ''स'' श्रेणी फल-सब्जी 01 नग दुकान)**

| वर्ग | लाईसेन्सधारी/इच्छुक व्यक्ति के लिए आरक्षित ''स'' श्रेणी दुकान नं0 |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 31 |
| कुल दुकान | 01 |

**आवंटन सम्बन्धी कार्यक्रम निम्न प्रकार है:-**

| दिनांक | विषय |
|---|---|
| 16.03.2026 | आवेदन पत्र मूल रूप में मण्डी समिति कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि सांय 4.00 बजे तक। |
| 18.03.2026 | दुकानों की खुली बोली मण्डी समिति सभागार में समय अपरान्ह 01:00 बजे से प्रारम्भ। |

सचिव — सभापति

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जहाँगीराबाद

# एजुकेशन & कॅरिअर

अपनी गलतियों को नकारने के बजाय आप उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली

नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर रोजगार के अवसर



2551 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मार्च, 2026
योग्यताएं : बीएससी नर्सिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : aiimsexams.ac.in

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में करें आवेदन ■ 143 पद

प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर आदि पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि 21 मार्च, 2026
पात्रताएं
पोस्ट-ग्रेजुएशन, पीएचडी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
bujhansi.ac.in

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ■ 54 पद

प्रयोगशाला सहायक, क्लर्क व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि 18 मार्च, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम आयु 25 वर्ष व अधिकतम आयु 45 वर्ष
यहां आवेदन करें
balrampur.nic.in

### महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ■ 667 पद

जूनियर ओवरमैन टी एंड एस ग्रेड-सी आदि पद खाली
अंतिम तिथि : 06 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : mahanadicoal.in

### एम्स, देवघर में रोजगार के अवसर ■ 18 पद

जूनियर रेजिडेंट के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि 08 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
aiimsdeoghar.edu.in

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पटना ■ 10 पद

एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर करें आवेदन
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि 24 मार्च, 2026
वेतनमान
रुपये 78,800 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

### यहां भी रोजगार के अवसर ...

- रेल इंडिया तकनीकी एवं आर्थिक सेवा : इंजीनियरिंग पेशेवर के पदों पर आवेदन आमंत्रित।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मार्च, 2026
- rites.com
- भारतीय स्टेट बैंक : बिजनेस एनालिस्ट का पद युवाओं के लिए खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मार्च, 2026
- sbi.bank.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## क्या आप वाकई खुश हैं

### वास्तविक खुशी तब मिलती है, जब आप ईमानदारी से जीते हुए दूसरों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं

क्लेटन एम. क्रिस्टेंसन
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू



अक्सर देखा जाता है कि पढ़ाई या कॅरिअर की शुरुआत करते समय युवाओं का पूरा ध्यान अच्छी नौकरी पाने, अधिक पैसा कमाने और जल्दी सफलता हासिल करने पर रहता है। लेकिन जीवन की असली सच्चाई इससे कहीं आगे होती है। कुछ महत्वपूर्ण सवाल भी होते हैं कि क्या हम सच में खुश हैं? क्या हमारी उपलब्धियों से हमारा परिवार भी संतुष्ट है? और क्या हम अपने जीवन को ईमानदारी और संतुलन के साथ जी रहे हैं? दरअसल, इन सवालों के जवाब केवल धन या प्रसिद्धि से नहीं मिलते। जीवन में सच्ची खुशी पाने के लिए सही सोच, अच्छे संस्कार और संतुलित जीवनशैली को अपनाना जरूरी होता है। यही बातें व्यक्ति को वास्तविक सफलता और संतोष का अनुभव कराती हैं।

**■ सफलता से ज्यादा जरूरी संतुष्टि**

कई लोग मानते हैं कि कॅरिअर में असली खुशी केवल ऊंचे पद या अधिक वेतन से नहीं मिलती, बल्कि सीखने, जिम्मेदारी निभाने और अपने काम से पहचान बनाने से मिलती है। इसलिए नौकरी चुनते समय केवल पैसों को नहीं, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने के अवसरों को भी महत्व दें। साथ ही कॅरिअर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

**■ जीवन की दिशा तय करें**

जीवन को सही दिशा देने के लिए स्पष्ट उद्देश्य होना जरूरी है। यह उद्देश्य यूं ही नहीं मिल जाता, बल्कि इसके लिए खुद के भीतर झांककर सोचने और समझने की जरूरत होती है। जैसे-जैसे जीवन में जिम्मेदारियां और व्यस्तताएं बढ़ती हैं, वैसे-वैसे अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। समय-समय पर खुद से पूछना चाहिए कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और हमारा उद्देश्य क्या है।

Harvard Business Review

**■ सीखने के लिए खुला नजरिया**

यह सोचना गलत है कि केवल आपसे अधिक बुद्धिमान लोग ही आपको कुछ सिखा सकते हैं। वास्तव में, हर व्यक्ति के पास ऐसा अनुभव या ज्ञान होता है, जिससे कुछ न कुछ सीखा जा सकता है। जब हम हर किसी से सीखने की इच्छा रखते हैं, तो यह हमारी विनम्रता को भी दर्शाता है और सीखने के नए अवसर खोलता है। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने आसपास सकारात्मक और सहयोगी वातावरण बनाए रखें। असली विनम्रता खुद को कम समझना नहीं, बल्कि दूसरों की बात को समझने और उनसे सीखने की क्षमता रखना है।



**■ दूसरों की मदद में छिपी जीत**

सफलता केवल अपने लिए पद, पैसा या नाम कमाने तक सीमित नहीं होती। असली सफलता तब मानी जाती है, जब आपके काम और प्रयासों से दूसरों के जीवन में भी अच्छा बदलाव आए और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसलिए जीवन में ऐसे काम करने चाहिए, जिनसे अंत में हमें यह महसूस हो कि हमने न केवल सफलता पाई, बल्कि अपना जीवन सार्थक भी बनाया।

## खुद को परखें

1. 'स्टेट ऑफ इंडियाज एन्वॉयरन्मेंट-2026' रिपोर्ट किस संगठन ने जारी की?
   (a) सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वॉयरन्मेंट
   (b) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड
   (c) नीति आयोग
   (d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
2. प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल किस देश द्वारा विकसित की गई है?
   (a) अमेरिका (b) ईरान
   (c) इस्राइल (d) चीन
3. हाल ही में खबरों में छाई हुई गलसुआ बीमारी किस कारक के कारण होती है?
   (a) जीवाणु
   (b) विषाणु
   (c) कवक
   (d) प्रोटोजोआ

उत्तर : 1.a, 2.a, 3.b

## इंटर्नशिप प्रोग्राम

### अहमदाबाद यूनिवर्सिटी समर इंटर्नशिप प्रोग्राम

**अहमदाबाद** यूनिवर्सिटी ने समर इंटर्नशिप प्रोग्राम-2026 की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के मेधावी छात्रों को गर्मियों के दौरान विश्वविद्यालय के संकाय के साथ अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने का अवसर प्रदान करना है। भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों में पूर्णकालिक स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन छात्रों ने हाल ही में अपनी अंतिम परीक्षा दी है या जिन्होंने स्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा किया है, वे भी आवेदन के पात्र हैं। इंटर्नशिप की अवधि परियोजना के आधार पर चार से आठ सप्ताह होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सक्रिय शोधकर्ताओं के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से छात्रावास में निःशुल्क आवास, स्लीपर क्लास का वापसी ट्रेन किराया तथा कार्यक्रम के सफल समापन पर इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। आवेदक अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/3a27j2ve पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से 20 मार्च, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।



## आवेदन आमंत्रित

### प्रिज्म राष्ट्रीय फेलोशिप प्रोग्राम-2026

**प्रिज्म** राष्ट्रीय फेलोशिप, प्रोजेक्ट एडुएक्सेस, राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केंद्र (एनसीबीएस) और भारतीय विकास जीवविज्ञानी सोसायटी (इनएसडीबी) के सहयोग से चलाया जाने वाला दो महीने का पूर्णतः वित्तपोषित अनुसंधान कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य वंचित और अल्पप्रतिनिधित्व वाले पृष्ठभूमि के जीवन विज्ञान के छात्रों को प्रयोगशाला प्रशिक्षण, शैक्षणिक कौशल विकास और शोधकर्ताओं के साथ नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम भारत के प्रमुख शोध संस्थानों में प्रयोगशाला प्लेसमेंट देता है और प्रतिभागियों को एसटीईएम क्षेत्रों में अकादमिक व व्यावसायिक सफलता के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करता है। इसके लिए वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जो किसी विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर कर रहे हों या चार वर्षीय स्नातक के अंतिम वर्ष में हों। साथ ही, जीवन विज्ञान विशेषकर विकासात्मक जीवविज्ञान, आनुवंशिकी या जैवसूचना विज्ञान में रुचि रखते हों। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी आधिकारिक लिंक tinyurl.com/4f5rakey पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

### सीएनआईओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**स्पेन** में आयोजित 2026 के सीएनआईओ ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पूर्णतः वित्तपोषित कार्यक्रम सभी देशों के छात्रों को मैड्रिड में ग्रीष्मकाल बिताने का अवसर देता है। कार्यक्रम 29 जून से 21 अगस्त, 2026 तक आठ सप्ताह तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागी जैव-चिकित्सा और जीवन विज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञ शोध सलाहकारों के मार्गदर्शन में गहन अनुसंधान प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया प्रतिस्पर्धी होगी और यह शैक्षणिक रिकॉर्ड तथा प्रेरणा पत्र के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। उम्मीदवार अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/58xwmspn पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## सामान्य ज्ञान

### व्हाइट फास्फोरस



**■ क्या है**

व्हाइट फास्फोरस एक सफेद से पीले रंग का मोम जैसा ठोस पदार्थ होता है, जिसकी गंध लहसुन जैसी होती है।

**■ सुर्खियों में क्यों**

हाल ही में, ह्यूमन राइट्स वॉच ने इस्राइल पर दक्षिणी लेबनान के एक शहर के रिहायशी इलाकों पर हमले के दौरान सफेद फास्फोरस का अवैध रूप से उपयोग करने का आरोप लगाया है।

**■ इसका उपयोग**

इसका इस्तेमाल अक्सर सेनाओं द्वारा युद्धक्षेत्रों को रोशन करने, धुएं का पर्दा बनाने और आग लगाने वाले पदार्थ के रूप में किया जाता है।

**■ मनुष्यों पर प्रभाव**

यह इन्सानों के लिए हर तरह से नुकसानदायक है। फास्फोरस जलाने से निकलने वाला धुआं आंखों और सांस की नली के लिए भी नुकसानदायक होता है, क्योंकि इसमें फास्फोरिक एसिड और फास्फीन होता है। इससे गहरे और गंभीर घाव हो सकते हैं, जो हड्डियों तक को भेद सकते हैं।

## टेक-टॉक

Gadgets Ai Technology

## पुराने कंप्यूटर को नया बनाएं

### समय के साथ कई वजहों से कंप्यूटर की गति मंद पड़ जाती है। लेकिन कुछ सावधानियां और टिप्स अपनाकर पुराने कंप्यूटर की वर्किंग को भी सुधारा जा सकता है।



अगर आपका कंप्यूटर कई साल पुराना हो चुका है, तो संभव है कि वह पहले जितना तेज काम न कर रहा हो। कंप्यूटर को चालू होने में अधिक समय लग सकता है, एप्स धीरे खुलते हैं और काम करते समय भी सुस्त महसूस होते हैं। ऐसी स्थिति में नया कंप्यूटर खरीदने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान कदम अपनाकर आप अपने पुराने कंप्यूटर को फिर से तेज और बेहतर बना सकते हैं।

**■ सबसे पहले साफ-सफाई :** समय के साथ कंप्यूटर के अंदर धूल जमा हो जाती है। यह धूल कंप्यूटर के पंखों और वेंट्स को प्रभावित करती है, जिससे सिस्टम अधिक गर्म होता है और प्रदर्शन धीमा पड़ जाता है। अगर संभव हो तो कंप्यूटर को खोलकर कंप्रेस्ड एयर की मदद से पंखों और वेंट्स पर जमी धूल को साफ करें। यदि कंप्यूटर खोलना संभव नहीं है, तो वेंट्स और पोर्ट्स से धूल हटाने के लिए कंप्रेस्ड एयर का इस्तेमाल करें या माइक्रोफाइबर कपड़े से धीरे-धीरे साफ करें।

**■ फाइलों की व्यवस्था :** जब की स्टोरेज लगभग भर जाती है, तो उसकी गति धीमी हो जाती है। ऐसे में समय-समय पर फाइलों को व्यवस्थित करना जरूरी है। अनावश्यक और अस्थायी फाइलों, पुराने डाउनलोड्स को हटाकर काफी जगह खाली की जा सकती है। अपने डेस्कटॉप को भी साफ रखें। केवल जरूरी शॉर्टकट और फाइल्स ही रखें और बाकी चीजों को अलग-अलग फोल्डर्स में व्यवस्थित करें। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करें कि आपके महत्वपूर्ण दस्तावेज और तस्वीरें सुरक्षित रूप से बैकअप में सेव हों।

**■ सिस्टम को रीसेट करें :** पुराने कंप्यूटर को नया जैसा महसूस कराने का एक प्रभावी तरीका है, ऑपरेटिंग सिस्टम को रीसेट करना। इससे कंप्यूटर की सेटिंग्स अपनी मूल स्थिति में आ जाती हैं और कई अनावश्यक समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

**■ अनावश्यक एप्स :** समय के साथ हम कई ऐसे प्रोग्राम इंस्टॉल कर लेते हैं, जिनका बाद में उपयोग नहीं करते। ये एप्स स्टोरेज भी घेरते हैं और बैकग्राउंड में चलकर कंप्यूटर को धीमा कर सकते हैं, इसलिए उन सभी सॉफ्टवेयर और गेम्स को हटाना बेहतर है, जिनका इस्तेमाल नहीं होता।

**■ स्टार्टअप एप्स :** कई एप्स ऐसे होते हैं, जो कंप्यूटर चालू होते ही अपने आप शुरू हो जाते हैं। इससे सिस्टम के बूट होने में समय लगता है। स्टार्टअप एप्स की संख्या कम करने से कंप्यूटर तेजी से चालू होता है और बेहतर प्रदर्शन करता है।

**■ ब्राउजर एक्सटेंशन की जांच :** इंटरनेट ब्राउजर में मौजूद गैर-जरूरी एक्सटेंशन भी सिस्टम की गति कम करते हैं। जिन एक्सटेंशन का उपयोग नहीं करते, उन्हें हटा दें। बाकी को जरूरत के अनुसार चालू या बंद करें।

**■ अपडेट और ड्राइवर :** ऑपरेटिंग सिस्टम और ड्राइवर को नियमित रूप से अपडेट करना जरूरी है। इससे सुरक्षा मजबूत होती है, नई सुविधाएं मिलती हैं और कई तकनीकी समस्याएं खुद ठीक हो जाती हैं।

**■ गैर-जरूरी फीचर्स :** यदि आप ऑपरेटिंग सिस्टम के कुछ फीचर्स का उपयोग नहीं करते, तो उन्हें बंद कर देने से स्टोरेज और प्रदर्शन दोनों में सुधार हो सकता है।

**■ लुक बदलें :** सभी तकनीकी सुधारों के बाद आप कंप्यूटर के लुक को नया वॉलपेपर, डार्क या लाइट मोड और अलग-अलग रंगों के विकल्प चुनकर भी नया बना सकते हैं।

### वीडियो भी शेयर करें और चैट भी करें

**सोशल मीडिया** प्लेटफॉर्म यूट्यूब उस डीएम फीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जिससे यूजर्स एप में ही वीडियो शेयर करने के साथ चैट भी कर सकेंगे। फिलहाल यह लिमिटेड यूजर्स के लिए उपलब्ध है। अगर यह फीचर लॉन्च होता है, तो यूजर्स बिना किसी दूसरे मैसेजिंग एप पर गए यूट्यूब के अंदर ही वीडियो शेयर करने और चैट कर सकेंगे। ज्यादातर यूजर्स वीडियो शेयर करने और बातचीत के लिए दूसरे एप्स का इस्तेमाल कर रहे थे, इसलिए प्लेटफॉर्म के अंदर इस फीचर की जरूरत कम हो गई थी। यूट्यूब अब इस फीचर को नए तरीके से वापस लाने की संभावना तलाश रहा है। कुछ यूजर्स के अनुसार, उन्हें एक ऐसा इंटरफेस दिखाई दे रहा है जहां वे दूसरे यूजर्स को सीधे वीडियो भेज सकते हैं और चैट भी कर सकते हैं।




### खोया सामान ढूंढेगा 'बैगेज ट्रैकिंग' फीचर

**अक्सर** यह सुनने में आता है कि यात्री तो अपनी मंजिल पर पहुंच गए, लेकिन उनका सामान कहीं पीछे छूट गया। गूगल ने अपने फाइंड हब एप में नया 'बैगेज ट्रैकिंग' फीचर पेश किया है, जिसकी मदद से यात्री फ्लाइट में खोए हुए बैगेज की रियल-टाइम लोकेशन एयरलाइंस के साथ शेयर कर सकेंगे। यह फीचर सुरक्षित लिंक के जरिये काम करता है और इससे एयरलाइन स्टाफ को सामान जल्दी ढूंढने में मदद मिलेगी। फिलहाल कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने इस फीचर का उपयोग शुरु कर दिया है। यह नया फीचर यात्रियों को अपने बैग की रियल-टाइम लोकेशन शेयर करने की सुविधा देता है, बशर्ते कि बैगेज में कोई कम्पैटिबल ट्रैकर टैग लगा हो।



## आने वाली है

### जल्द सड़कों पर दिखेगी फरारी 849 टेस्टारोसा



**फरारी** अपनी नई फ्लैगशिप कार '849 टेस्टारोसा' इसी महीने लॉन्च कर सकती है। यह हाइपर कार कंपनी के पिछले फ्लैगशिप मॉडल एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। भारत में इसका सीधा मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.37 करोड़ रुपये से शुरू होगी। यह कार अपनी परफॉर्मेंस के साथ-साथ अपने रेट्रो लुक के लिए भी चर्चा में है। टेस्टारोसा में 4.0-लीटर का ट्विन-टर्बो वी8 प्लग-इन हाइब्रिड इंजन दिया गया है। इसमें तीन इलेक्ट्रिक मोटर्स लगी हैं। दो फ्रंट एक्सेल पर और एक इंजन और गियरबॉक्स के बीच में। रफ्तार की बात की जाए तो यह महज 2.3 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है।

## आने वाली है

### साल के मध्य तक आएगी टाटा अविन्या



**अविन्या** टाटा मोटर्स की एक आगामी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी कॉन्सेप्ट है, जो कंपनी के नए जेन 3 आर्किटेक्चर पर आधारित है। उम्मीद की जा रही है कि यह कार साल के मध्य तक लॉन्च हो सकती है। यह कार 500 किमी से अधिक की रेंज, अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ आएगी। यह एक 'स्पोर्टबैक' स्टाइल वाली ईवी है। टाटा अविन्या की एक्स शोरूम कीमत 35 से 60 लाख रुपये के बीच हो सकती है। इसमें 'स्काई डोम' (पैनोरमिक ग्लास रूफ) जैसी सुविधाएं, आरामदायक केबिन और वॉयस-एक्टिवेटेड सिस्टम मिलेंगे।

## आज का दिन

11 मार्च, 1959

लॉरेन हैंसबेरी द्वारा लिखे नाटक 'ए रेजिन इन द सन' का न्यूयॉर्क के एथेल बैरीमोर थिएटर में प्रदर्शन हुआ था। यह किसी अफ्रीकी-अमेरिकी महिला द्वारा लिखा गया पहला नाटक था।



- **1903 :** अमेरिकी संगीतकार लॉरेंस वेल्क का जन्म हुआ था।
- **1941 :** अमेरिकी कांग्रेस ने ऋण-लीज अधिनियम पारित किया था।
- **2006:** मिशेल बैचेलेट चिली की की पहली महिला राष्ट्रपति बनी थीं।
- **2020:** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 को महामारी घोषित किया था।

## व्रत त्योहार

**आज :** चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी।
**कल :** वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
**राहुकाल :** दिन में 13.30 से 15.00 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2082, 21 फाल्गुन मास शक 1947, फाल्गुन मास 29 प्रविष्टे, 22 रमजान हिजरी 1447, चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी 30.28 तक उपरांत दशमी, मूल नक्षत्र 24.43 तक उपरांत पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, सिद्धि योग 09.58 तक उपरांत व्यतिपात योग, तैतिल करण 17.23 तक उपरांत गर करण, चंद्रमा धनु राशि में दिन-रात।

■ सूर्योदय : 06.38
■ सूर्यास्त : 18.24
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृष :** नौकरी में कार्य कुशलता का लाभ मिलेगा। नए व्यवसाय में पूंजी निवेश से बचें। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा।

**मिथुन :** नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। व्यवसाय में धन लाभ होगा। संतान से निराशा होगी।

**कर्क :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। व्यवसाय में थोड़ी सावधानी रखें। परिवार में शांति बनाए रखें।

**सिंह :** मनोत्साह बना रहेगा। नौकरी में आपके कार्य की प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नया अनुबंध हो सकता है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक दबाव बना रहेगा। व्यावसायिक योजना सफल हो सकती है।

**तुला :** नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति यथावत रहेगी। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक :** मानसिक तनाव से बचें। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा संभव है।

**धनु :** आत्मबल बना रहेगा। नौकरी में नूतन पद भार मिल सकता है। व्यवसाय में विस्तार और धन लाभ होगा।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में उतावलेपन से बचें। व्यय अधिक हो सकता है। व्यावसायिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**कुंभ :** अनुकूल सूचना मिल सकती है। नौकरी में उन्नति हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**मीन :** सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिल सकता है।

## जन्मदिन

पार्थ समथान, अभिनेता



**आज** जन्मे जातक कल्पनाशील, परिश्रमी एवं दयालु स्वभाव के होते हैं। इस वर्ष जीवन में सुखद बदलाव आएगा। विकास के नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक दृष्टि से वर्ष अनुकूल रहेगा। भू-संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। विरोधी परास्त होंगे। वर्ष अंत में रोजगारपरक परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | 9 | | 3 | 4 | | |
| 2 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | 6 | | | 7 | 4 |
| | | 4 | 8 | | 5 | 1 | | |
| 6 | | | | | 1 | 9 | | |
| 5 | | | | | | | 2 | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### लू, अपच से बचाव करता है गन्ने का सिरका

*गन्ने का सिरका गर्मियों में होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।*

**पुराने** समय में गन्ने के सिरके का उपयोग दवा के रूप में किया जाता था। धीरे-धीरे गर्म होते में मौसम में लोगों को पेट में दर्द की समस्या होने लगती है। ऐसे में गन्ने के सिरके का सेवन करने से आराम मिलता है। गन्ने के सिरके में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन भी नियंत्रित रहता है। गन्ने के सिरके में एंटीएजिंग तत्व पाए जाते हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली त्वचा संबंधी परेशानियों में फायदेमंद होते हैं। गन्ने के सिरके में एंटीडायबिटीक गुण होते हैं, जो शुगर को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। किडनी में पथरी की समस्या होने पर गन्ने का रस बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए जूस में एक चम्मच गन्ने का सिरका मिलाकर सेवन करें। इससे लाभ मिल सकता है। गन्ने के सिरके में शहद मिलाकर पीने से आंखों से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं और आंखों की रोशनी बेहतर होती है। इस मौसम में सिरके का सेवन करने से शरीर को ठंडक मिलती है। गन्ने के जूस में एक चम्मच सिरका और एक चम्मच प्याज का रस मिलाकर पीने से लू से बचाव होता है। सिरके में मौजूद विटामिन सी मुंह की दुर्गंध दूर करता है।



**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

तय मात्रा से अधिक गन्ने के सिरके का सेवन करने से पाचन से जुड़ी समस्याएं, उल्टी, खांसी, सांस की परेशानी और वजन बढ़ सकता है। चिकित्सक से खुराक पूछकर ही इसका सेवन करें।

-डॉ. नवीन चंद्र जोशी
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

## इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स का इस्तीफा, प्रमोटर भाटिया ने संभाली कमान

■ हजारों विमानों के रद्द होने का भुगतना पड़ा खामियाजा, इस्तीफा तत्काल प्रभाव से मंजूर

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी



**नई दिल्ली।** हजारों विमानों के रद्द होने और लाखों यात्रियों के प्रभावित होने के कारण देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया, जिसे तुरंत स्वीकार कर लिया गया। कंपनी के प्रमोटर राहुल भाटिया ने अंतरिम एमडी के रूप में पदभार संभाल लिया है। नए सीईओ की नियुक्ति की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

पीटर एल्बर्स का यह इस्तीफा इंडिगो के लिए एक बेहद चुनौतीपूर्ण दौर के बाद आया है। करीब तीन महीने पहले एयरलाइन को बड़े पैमाने पर उड़ानों के व्यवधान का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण करीब तीन लाख यात्री बीच में ही फंसे रह गए थे। इस गंभीर संकट और परिचालन संबंधी विफलताओं को देखते हुए विमानन नियामक डीजीसीए ने सख्त रुख अपनाया था। नियामक ने न सिर्फ इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया, बल्कि कंपनी के खिलाफ अन्य दंडात्मक कार्रवाइयां भी की थीं। माना जा रहा है कि इस्तीफे का यह घटनाक्रम उसी प्रशासनिक और नियामक दबाव का नतीजा है।

कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लि. के निदेशक मंडल की मंगलवार को बैठक में सीईओ पीटर एल्बर्स का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने 10 मार्च, 2026 को कार्य समय समाप्त होने के बाद औपचारिक रूप से कंपनी छोड़ दी।

### नोटिस अवधि माफ करने का आग्रह

एल्बर्स ने एयरलाइन के सह-संस्थापक भाटिया को लिखे अपने इस्तीफे में कहा, व्यक्तिगत कारणों से मैं इंडिगो के सीईओ पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं निवेदन करता हूं कि नोटिस अवधि माफ कर दी जाए। सितंबर, 2022 से इंडिगो के सीईओ के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। इंडिगो परिवार का हिस्सा बनना, इसकी शानदार विकास गाथा और इसमें हमने मिलकर जो कदम उठाए हैं, वे मेरे लिए बेहद खुशी की बात हैं। यदि कंपनी चाहे तो, मैं किसी भी तरह के हस्तांतरण या परिवर्तन के लिए उपलब्ध रहूंगा।

### एल्बर्स पर ऐसे बढ़ता गया दबाव

एल्बर्स के सितंबर, 2022 में पदभार संभालने के बाद से तीन साल से कुछ अधिक समय में इंडिगो ने 10 अरब डॉलर के राजस्व का आंकड़ा पार कर लिया। अपने बेड़े का विस्तार 440 से अधिक विमानों तक कर लिया और 500 एयरबस ए320-परिवार के विमानों के लिए एक ऐतिहासिक ऑर्डर दिया। लेकिन, अपनी सफलताओं के बावजूद एल्बर्स का कार्यकाल दिसंबर, 2025 में एक बड़े परिचालन संकट से दागदार हो गया। यह उड़ान संकट इंडिगो द्वारा पायलटों की थकान को रोकने के लिए बनाए गए नए नियमों को लागू करने में हुई विफलता के कारण उत्पन्न हुआ।

■ 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो ने 2,500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं और लगभग 1,900 उड़ानों में देरी की। इससे तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। डीजीसीए ने एल्बर्स पर 22.20 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जुर्माना लगाया।

■ इसके बाद शुरुआत में एल्बर्स इस्तीफे की मांग से तो बच गए, लेकिन इस संकट ने समय की पाबंदी के लिए एयरलाइन की प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुंचाया।

**भाटिया की वापसी, मजबूत होगा परिचालन :** इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, राहुल एयरलाइन के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के लिए वापस लौट रहे हैं, ताकि कंपनी की संस्कृति को मजबूत किया जा सके। परिचालन उत्कृष्टता को सुदृढ़ किया जा सके और असाधारण सेवा देने की प्रतिबद्धता को और गहरा किया जा सके।

## शेयरधारकों को शुद्ध लाभ का 75 फीसदी ही लाभांश दे सकेंगे बैंक

आरबीआई का नया नियम



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के शेयरधारकों को दिए जाने वाले अधिकतम लाभांश को शुद्ध लाभ के 75 फीसदी तक सीमित कर दिया है। यह वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होगा।

केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक-लाभांश की घोषणा एवं लाभ प्रेषण पर विवेकपूर्ण मानदंड) निर्देश, 2026 जारी किए। इनके मुताबिक, लाभांश भुगतान के बाद भी बैंक की पूंजी लागू विनियामक पूंजी आवश्यकता से कम नहीं होनी चाहिए। साथ ही, भारत में शाखा मोड में काम कर रहे किसी विदेशी बैंक का उस अवधि के लिए शुद्ध यानी कर पश्चात लाभ सकारात्मक होना चाहिए, जिसके लिए लाभांश प्रधान कार्यालय को भेजा जाना है।

आरबीआई ने निर्देशों में आगे कहा, एक बैंक निर्धारित सीमा तक लाभांश घोषित और भुगतान कर सकता है, लेकिन कुल मिलाकर उस अवधि के शुद्ध लाभ के 75 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए, जिसके लिए लाभांश को प्रस्तावित किया जा रहा है। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने लघु वित्त बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए लाभांश की घोषणा पर विवेकपूर्ण मानदंड भी जारी किए हैं। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### पश्चिम एशिया संकट से धीमी होगी वृद्धि दर : इक्रा

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में अगर संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है, तो भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा, संघर्ष जारी रहने से कच्चे तेल की ऊंची कीमतें बढ़ेंगी, जिससे महंगाई के मोर्चे पर भी दबाव बढ़ेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि लगभग 7.1 फीसदी रहने का अनुमान है। यह 2025-26 के अनुमान 7.6 फीसदी से थोड़ा कम है। एजेंसी

### सॉफ्टवेयर निर्यात 11% बढ़कर 222 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सेवाओं का निर्यात 2024-25 में सालाना आधार पर 11 फीसदी बढ़कर 222 अरब डॉलर पहुंच गया। 2023-24 में निर्यात 200 अरब डॉलर था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन वीर सागर ने कहा, इंजीनियरिंग सेवाओं का निर्यात 11 अरब डॉलर पार कर गया, जो 13.99 फीसदी वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला उप-क्षेत्र रहा। बीपीओ सेवाओं ने 58 अरब डॉलर का योगदान दिया। एजेंसी

### राज्यों ने लिया 45,960 करोड़ रुपये का उधार

**मुंबई।** आरबीआई ने मंगलवार को बताया, कई राज्य सरकारों ने स्टेट गवर्नमेंट सिक्योरिटीज (एसजीएस) की नीलामी से कुल 45,960 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश ने 13, 15 और 17 साल की अवधि वाली तीन सिक्योरिटीज़ के ज़रिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अरुणाचल प्रदेश ने 20 साल की अवधि वाली 190 करोड़ रुपये जुटाए हैं। असम ने 900 करोड़ उधार लिया है। एजेंसी

### कृषि निर्यात पांच लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा, कृषि एवं खाद्य उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और यह सालाना 5 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। 2014 से 2025 के बीच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में चार गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दालों का निर्यात तीन गुना बढ़ा है। दालों के निर्यात में तीन गुना, प्रसंस्कृत सब्जियों में चार गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। एजेंसी

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आईपीओ के लिए पहले तय की गई 6 मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण लिया गया है। 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला आईपीओ 24 मार्च को बंद होगा। एजेंसी

वैश्विक स्तर पर तेजी के बीच घरेलू बाजारों में दो सत्रों से जारी बड़ी गिरावट थमी

# क्रूड में नरमी से 640 अंक उछला सेंसेक्स चांदी की कीमतों में चार फीसदी बढ़ोतरी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद घरेलू शेयर बाजारों में दो सत्रों से जारी भारी गिरावट मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स करीब 640 अंक चढ़कर 78,000 के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी भी एक फीसदी बढ़त में बंद हुआ। चांदी में भी चार फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से ईरान युद्ध समाप्त होने संकेत के बाद तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट से वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार आया। इससे दलाल स्ट्रीट में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। व्यापक बाजारों ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया।

सेंसेक्स 639.82 अंक या 0.82 फीसदी चढ़कर 78,205.98 पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 960.09 अंक या 1.23 फीसदी उछलकर 78,526.25 पर पहुंच गया था। निफ्टी 233.55 अंक या 0.97 फीसदी बढ़कर 24,261.60 पर बंद हुआ।

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 5.93 लाख करोड़ बढ़कर 447.04 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयर बढ़त में रहे। रिलायंस, एचयूएल और इन्फोसिस समेत छह शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल सबसे ज्यादा 1.50 फीसदी नुकसान में रहा।




| ये शेयर सर्वाधिक उछले | |
|---|---|
| इंडिगो | 3.46 फीसदी |
| एमएंडएम | 3.30 फीसदी |
| आईसीआईसीआई | 2.73 फीसदी |
| मारुति | 2.71 फीसदी |
| एशियन पेंट्स | 2.70 फीसदी |

| ये इंडेक्स हरे निशान में | |
|---|---|
| वाहन | 2.93 फीसदी |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल | 2.60 फीसदी |
| सर्विसेज | 2.35 फीसदी |
| पीएसयू बैंक | 2.29 फीसदी |
| कमोडिटी | 1.74 फीसदी |

### 4,673 करोड़ की बिकवाली

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू बाजार में शुद्ध रूप से 4,672.64 करोड़ रुपये की बिकवाली की। **हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।**

■ बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 1.91 फीसदी और मिडकैप 1.71 फीसदी बढ़त में बंद हुए।

### उर्वरक शेयर 16.18 फीसदी तक चढ़े

उर्वरक क्षेत्र को गैस मुहैया कराने के सरकार के फैसले से खाद कंपनियों के शेयर 16 फीसदी से ज्यादा उछल गए। राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स का शेयर 16.18 फीसदी चढ़ गया। नेशनल फर्टिलाइजर्स में 13.38 फीसदी और दीपक फर्टिलाइजर्स में 4.86 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से 36 पैसे उबरा



डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से जोरदार वापसी करते हुए 36 पैसे की बढ़त के साथ 91.85 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कम होने की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से रुपये को मजबूती मिली।

■ घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त और कमजोर डॉलर ने भी भारतीय मुद्रा को मजबूती दी।

■ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.92 पर खुला। कारोबार के दौरान 91.71 से 92.19 के दायरे में रहा। रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर 92.21 के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### चांदी 10,975 रुपये महंगी

तीन कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में चांदी की कीमतों में 10,975 रुपये या 4.09 फीसदी की बड़ी तेजी आई और यह 2,79,275 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। सुरक्षित संपत्तियों की मांग बढ़ने से सोने की कीमतें भी 400 रुपये बढ़कर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पहुंच गईं।

## संघर्ष खत्म होने की उम्मीद से तेल 13 फीसदी टूटकर 90 डॉलर के नीचे


■ ट्रंप के बयान के बाद क्रूड की कीमतों में तेज गिरावट

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली।** आपूर्ति संकट की आशंका से एक दिन पहले 31 फीसदी तक उछाल के बाद मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें करीब 13 फीसदी गिरकर 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे पर आ गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली, जिसमें उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने वाला है।

ट्रंप के इस बयान के बाद क्रूड आपूर्ति में लंबे समय तक रुकावट की चिंता कम हो गई। इससे अंतरराष्ट्रीय मानक तेल ब्रेंट क्रूड की कीमतें 12.46 डॉलर या 12.6 फीसदी गिरकर 86.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। वहीं, अमेरिका में उत्पादित होने वाला हल्का कच्चा तेल वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 12.24 डॉलर या 12.9 फीसदी टूटकर 82.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय दोनों की कीमतों में इससे भी ज्यादा गिरावट देखने को मिली थी।

इसके अलावा, ब्रेंट क्रूड का वॉल्यूम गिरकर 2.13 लाख कॉन्ट्रैक्ट पर आ गया, जो ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले 27 फरवरी के बाद सबसे कम है। डब्ल्यूटीआई क्रूड में भी वॉल्यूम घटकर 2.12 लाख पर आ गया, जो 20 फरवरी के बाद का निचला स्तर है। सोमवार को क्रूड की कीमतें 31 फीसदी तक बढ़कर 45 महीने के उच्च स्तर 119.50 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थीं।




### हालात अब भी अस्थिर कुछ अधिक नहीं बदला

**डीबीएस बैंक में ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख सुवरो सरकार ने कहा,** साफ है कि ट्रंप के युद्ध जल्द खत्म होने वाले बयान ने बाजार में हलचल समाप्त कर दिया है। **हालांकि, बेंचमार्क मिडिल ईस्टर्न ऑयल ग्रेड्स मुरबन और दुबई ग्रेड्स अब भी 100 प्रति बैरल से काफी ऊपर हैं। इसलिए, जमीनी हकीकत के हिसाब से असल में कुछ खास नहीं बदला है।**

■ **गोल्डमैन सैश ने एक नोट में कहा,** हालात अब भी अस्थिर हैं। इसलिए, वह 2026 की चौथी तिमाही में ब्रेंट क्रूड के लिए 66 डॉलर और डब्ल्यूटीआई के 62 डॉलर प्रति बैरल के अपने कीमत अनुमान को नहीं बदल रहा है।

■ *बाजार तक पहुंचता रहेगा तेल : फिलिप नोवा की एनालिस्ट प्रियंका सचदेवा ने कहा, रूसी तेल पर प्रतिबंध हटाने की चर्चा, ट्रंप के बयान और जी7 देशों के रणनीतिक तेल रिजर्व का इस्तेमाल करने की संभावना...इन सबका एक ही संदेश है कि तेल किसी न किसी प्रकार बाजार तक पहुंचता रहेगा।*

## 2025-26 में रिकॉर्ड 12.02 करोड़ टन गेहूं का होगा उत्पादन

कृषि मंत्रालय ने जारी किया दूसरा अग्रिम अनुमान, सात फीसदी बढ़कर 1.62 करोड़ टन रहेगा दलहन उत्पादन

**नई दिल्ली।** फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के 11.79 करोड़ टन से दो फीसदी अधिक है। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बताया, कुल रबी फसल उत्पादन 2025-26 में 3.16 फीसदी बढ़कर 17.45 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले 16.91 करोड़ टन था। दलहनों का उत्पादन फसल वर्ष 2025-26 के रबी मौसम में सात फीसदी बढ़कर 1.62 करोड़ लाख टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले 1.52 करोड़ टन था। ऐसा इसलिए, क्योंकि देश मांग और आपूर्ति के बीच के उस अंतर को कम करने की कोशिश कर रहा है, जिसके कारण उसे आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। एजेंसी



### चने और मसूर का भी बढ़ेगा उत्पादन

आंकड़ों के मुताबिक, चने का उत्पादन पिछले वर्ष के 1.11 करोड़ टन के मुकाबले थोड़ा अधिक 1.17 करोड़ टन रहने का अनुमान है। मसूर का उत्पादन 16.5 लाख टन के मुकाबले 17.3 लाख टन रहने का अनुमान है। हालांकि, उड़द उत्पादन 5,53,000 टन से घटकर 5,08,000 टन और मूंग का एक लाख टन से कम होकर 87,000 टन रहने का अनुमान है।

### सरसों उत्पादन 1.33 करोड़ टन


आंकड़ों के मुताबिक, तिलहन फसलों में सरसों का उत्पादन बढ़कर 1.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। एक साल पहले की 1.26 करोड़ टन सरसों का उत्पादन हुआ था। मूंगफली का उत्पादन 678 लाख टन के मुकाबले बढ़कर 7.97 लाख टन रह सकता है।

■ सूरजमुखी के बीज का उत्पादन 1.21 लाख टन से घटकर 1.04 लाख टन रहने का अनुमान है। मक्का उत्पादन 1.47 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 1.59 करोड़ टन होने का अनुमान है।

■ चावल उत्पादन 1.61 करोड़ टन के मुकाबले थोड़ा अधिक 1.67 करोड़ टन होने का अनुमान है। मोटे अनाजों का उत्पादन बढ़कर 2.13 करोड़ टन पहुंच सकता है।

## ईरान युद्ध के बीच निर्यातकों को बीमा समर्थन दे सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा, ईरान संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजनाएं लाने की संभावना तलाश रही है। निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है।



गोयल ने कहा, निर्यात ऋण गारंटी देने वाली ईसीजीसी और अन्य विभागों से चल रही चर्चा


मंत्री ने इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर आहार के 40वें संस्करण में कहा, एक अंतर-मंत्रालयी समूह इस संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों से लगातार संपर्क में है। सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है, जिनका माल भेजा जा चुका है, लेकिन मौजूदा हालात में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी

## मर्सिडीज ने सीएलए इलेक्ट्रिक का नया वेरिएंट किया पेश

**नई दिल्ली।** मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपनी आगामी इलेक्ट्रिक कार सीएलएबीईवी के लिए नया वेरिएंट सीएलए 200 स्टैंडर्ड रेंज पेश करने की घोषणा की है। ग्राहक फीडबैक के आधार पर शामिल किए गए इस मॉडल की रेंज 542 किलोमीटर होगी। यह पूर्व घोषित सीएलए 250 प्लस लॉन्ग रेंज के साथ उपलब्ध होगा। कंपनी ने दोनों वेरिएंट्स के लिए 1.5 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) में बुकिंग शुरू कर दी है। ब्यूरो

## ईमामी ने पेश किया हेल्दी एंड टेस्टी फॉर शेफ रेंज

**नई दिल्ली।** ईमामी एग्रोटेक ने इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर आहार 2026 में होरेका और बीटुबी फूडसर्विस सेगमेंट के लिए हेल्दी एंड टेस्टी फॉर शेफ रेंज को पेश किया है। होरेका और फूडसर्विस साझेदारों के लिए विशेष रूप से तैयार इस नई रेंज को पेशेवर खाद्य संस्थायों की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार में लाया गया है।




ईमामी समूह के निदेशक जयंत गोयनका ने कहा, होरेका सेक्टर तेजी से बढ़ने वाला बाजार कंपनी के प्रमुख हेल्दी एंड टेस्टी ब्रांड के अंतर्गत पेश किए गए फॉर शेफ में कई प्रकार के खाद्य तेल शामिल हैं। ब्यूरो

## रोजगार परिदृश्य नए शिखर पर, जून तिमाही में तेजी से बढ़ेंगी नियुक्तियां

*मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। मैनपावरग्रुप के मंगलवार को जारी नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के मुताबिक, भारतीय कंपनियों ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों की रफ्तार तेज करने का संकेत दिया है।* ब्यूरो

### ऐसे पहुंचा रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**68%** के अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गया शुद्ध रोजगार परिदृश्य

**17** अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई पिछली तिमाही के मुकाबले

■ सालाना आधार पर 24 अंक की दर्ज की तेजी

### आईटी क्षेत्र में मिलेंगी सर्वाधिक नौकरियां

**71%** के रोजगार परिदृश्य के साथ वित्त एवं बीमा क्षेत्र सबसे आगे

■ 31% के साथ आतिथ्य क्षेत्र में सबसे कम होंगी नियुक्तियां

*वाहन, आईटी और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नौकरियां मिलने की उम्मीद*

### प्रतिभाओं की कमी

**82%** संगठनों को जरूरत के अनुसार नहीं मिल रहे कर्मचारी

■ *मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, जबकि प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है।*

### एआई का इस्तेमाल

**87%** संगठन नियुक्तियों के लिए एआई का कर रहे इस्तेमाल




## पर्यावरण संरक्षण : एचयूएल और सहयोगियों ने 4 स्टार्टअप को चुना

**मुंबई।** पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार को गति देने के लिए ट्रांसफॉर्म पहल ने चार भारतीय स्टार्टअप को अनुदान और तकनीकी सहायता देने की घोषणा की है। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), ब्रिटिश सरकार (एफसीडीओ) और ईवाई के साझा कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के निस्तारण एवं जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है।

देशभर से प्राप्त 150 से अधिक आवेदनों में से चार स्टार्टअप का चयन किया गया है। इनमें टेरा इकोप्रेन्योर्स (कर्नाटक), रॉयल बंगाल ग्रीनटेक (पश्चिम बंगाल), ग्रीन वर्म्स (केरल) और एनीमेटा (तमिलनाडु) शामिल है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के कार्यकारी



निदेशक बीपी बिदप्पा ने कहा, हम ऐसे नवाचारों को बढ़ावा दे रहे, जो न सिर्फ प्लास्टिक कचरे को कम करें, बल्कि छोटे किसानों की आजीविका में भी सुधार लाएं। ईवाई इंडिया की पार्टनर प्रज्ञाल सिंह ने कहा, ट्रांसफॉर्म पहल 23 छोटे उद्योगों की मदद कर चुकी है, जिससे 70 लाख लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ब्यूरो

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश दो महीने की गिरावट के बाद 8 फीसदी बढ़ा

**एम्फी के आंकड़े...अनिश्चितताओं और बाजार में गिरावट के बावजूद निवेशकों की भागीदारी मजबूत**

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश लगातार दो महीने तक गिरावट के बाद फरवरी, 2026 में 8 फीसदी बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह बाजार में उतार-चढ़ाव और अनिश्चितताओं के बावजूद निवेशकों की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश नवंबर, 2025 के बाद पहली बार बढ़ा है, जब निवेशकों ने 29,911 करोड़ रुपये निवेश किया था। दिसंबर में यह घटकर 28,054 करोड़ एवं जनवरी में और कम होकर 24,028 करोड़ रह गया। शुद्ध निवेश में वृद्धि से म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बीते माह बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये पहुंच गईं, जो जनवरी में 81 लाख करोड़ थीं।

एम्फी के सीईओ वेंकट एन चलसानी ने कहा, इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है। हालांकि, ईरान युद्ध के कारण मार्च के आंकड़ों में कुछ अस्थिरता देखी जा सकती है। ब्यूरो




**एसआईपी : 3.72 फीसदी घटा निवेश :** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश फरवरी में 3.72% घटकर 29,845 करोड़ रुपये रह गया। जनवरी में यह 31,000 करोड़ था। चलसानी ने कहा, फरवरी में कम दिन होने के कारण एसआईपी संग्रह पर असर पड़ा, क्योंकि 29, 30 और 31 तारीख को तय किस्तें आमतौर पर मार्च की शुरुआत में प्रोसेस होती हैं। इससे योगदान का कुछ हिस्सा अगले महीने के लिए टाल दिया जाता है। बीते महीने एसआपी खातों की कुल संख्या बढ़कर 10.45 करोड़ पहुंच गई, जो जनवरी में 10.29 करोड़ थी। इससे पता चलता है कि महीने के दौरान करीब 16 लाख नए एसआईपी खाते खुले।

### फ्लेक्सी कैप में आया सर्वाधिक निवेश

**फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे अधिक 6,924.65 करोड़ का शुद्ध निवेश आया। इसके बाद निवेशकों ने मिडकैप फंड में 4,003 करोड़ और स्मॉलकैप फंड में 3,881 करोड़ का निवेश किया।**

■ सेक्टोरल एवं थीमेटिक फंड में कुल 2,987 करोड़ रुपये और लार्जकैप फंड में 2,112 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। ■ डेट म्यूचुअल फंड में 42,106 करोड़ रुपये का निवेश आया। हालांकि, यह जनवरी के 74,827 करोड़ रुपये की तुलना में कम है। ■ **हालांकि कर-बचत वाली ईएलएसएस योजनाओं से 650 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई।** इस तरह, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 94,530 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। हालांकि, यह जनवरी के 1.56 लाख करोड़ रुपये से कम है।

**गोल्ड ईटीएफ : रिकॉर्ड निवेश के बाद गिरावट :** जनवरी के रिकॉर्ड निवेश के बाद गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निवेशकों का आकर्षण कम हुआ है। फरवरी में गोल्ड ईटीएफ में 5,255 करोड़ का निवेश आया, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 24,039.96 करोड़ था।

### पीएम का केरल व तमिलनाडु दौरा आज, कहा-राजग की लोकप्रियता से परेशान है विपक्ष

# एलडीएफ-यूडीएफ और डीएमके के कुशासन से जनता त्रस्त : मोदी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल व तमिलनाडु का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा से पहले उन्होंने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए राजग के 'सुशासन' और विपक्ष के 'कुशासन' के बीच का अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि केरल में एलडीएफ-यूडीएफ और तमिलनाडु में डीएमके राजग की लोकप्रियता से परेशान हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि केरल में जनता एलडीएफ और यूडीएफ की लूट और कुशासन से त्रस्त है। वहीं तमिलनाडु में राजग की बढ़ती लोकप्रियता ने डीएमके की नींद उड़ा दी है। अपने एक दिवसीय दौरे में प्रधानमंत्री दक्षिणी राज्यों में 16,450 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। एर्नाकुलम में मोदी लगभग 10,800 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जबकि तिरुचिरापल्ली में वे लगभग 5,650 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। पीएम अपने दौरे की शुरुआत केरल के एर्नाकुलम से करेंगे। वहां वे अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने पोस्ट में कहा, मछुआरों के कल्याण के लिए इस संस्था का कार्य सराहनीय है। इसके बाद, एक कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन या शिलान्यास किया जाएगा। ये कार्य ऊर्जा, राजमार्ग, ग्रामीण अवसंरचना, रेलवे आदि क्षेत्रों से संबंधित हैं। इसके बाद, दोपहर लगभग 2:15 बजे, मोदी केरल के एर्नाकुलम में आयोजित राजग की रैली को संबोधित करेंगे।



पीएम मोदी के स्वागत में पोस्टरों से पटी कोच्चि की दीवारें।

#### तिरुचिरापल्ली से दो अमृत भारत एक्सप्रेस और यात्री ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से दो अमृत भारत ट्रेनों (दो एक्सप्रेस ट्रेनें और एक यात्री ट्रेन) को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, केरल के एर्नाकुलम से एक और यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। इसके अलावा पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, सड़कों, रेलवे और अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा कुल 89 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। शाम लगभग 6:30 बजे,पीएम मोदी तिरुचिरापल्ली में राजग की रैली को संबोधित करेंगे।

# भारत से सटी सीमा पर सड़क नेटवर्क मजबूत करने में जुटा चीन

### पड़ोसी की 15वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 394 किलोमीटर लंबे राजमार्ग निर्माण की तैयारी

**बीजिंग।** चीन अपनी 15वीं पंचवर्षीय योजना के तहत अगले पांच वर्षों में भारत से सटे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक परिवहन नेटवर्क को और मजबूत करने की योजना पर काम कर रहा है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने 15वीं पंचवर्षीय योजना के मसौदा रिपोर्ट के हवाले से लिखा कि एक परियोजना के तहत शिनजियांग, उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में स्थित दुर्गम तियानशेन पर्वत श्रृंखला के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने के लिए 394 किलोमीटर लंबे राजमार्ग का निर्माण किया जाएगा।

यह पंचवर्षीय योजना चीन की राष्ट्रीय विधायिका, राष्ट्रीय जन कांग्रेस (एनपीसी) के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई है। इसका सत्र अभी चल रहा है। यह मार्ग विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एक रणनीतिक सड़क के समानांतर बनेगा, जिसका निर्माण 1962 के भारत-चीन सीमा युद्ध के बाद सैन्य गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए किया गया था। मध्य शिनजियांग में दुशांजी-कुका राजमार्ग का निर्माण 2032 तक पूरा होने की उम्मीद है।



इस पंचवर्षीय योजना में तिब्बत की ओर जाने वाले तीन मौजूदा राजमार्गों के उन्नयन का भी प्रस्ताव है। चीन के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली 15वीं पंचवर्षीय योजना में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ई-वाहनों और बैटरी जैसी नई उत्पादक शक्तियों पर खासा जोर दिया गया है ताकि कमजोर पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके। इस पंचवर्षीय योजना को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है।

एनपीसी को कम्युनिस्ट पार्टी का रबर-स्टांप संसद माना जाता है और वह अपने मौजूदा सत्र में इस योजना को मंजूरी देने वाली है। चीन ने पिछले साल 14वीं पंचवर्षीय योजना पूरी की है, जिसके दौरान उसने भारतीय सीमा के पास ब्रह्मपुत्र नदी पर तिब्बत में दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू किया। पिछली जुलाई में चीन ने 170 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से इस बांध का निर्माण शुरू किया है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी अवसंरचना परियोजना बताया जा रहा है। इसके तहत भारी मात्रा में पानी जमा करने की क्षमता और नदी के प्रवाह में बदलाव को लेकर भारत और बांग्लादेश जैसे तटीय देशों में चिंताएं पैदा हो गई हैं। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### करूर भगदड़ मामले में अभिनेता विजय को फिर सीबीआई ने भेजा समन



**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेता और तमिलगा वेत्रि कड्गम (टीवीके) प्रमुख विजय को फिर से पूछताछ के लिए समन जारी किया है। उन्हें 15 मार्च को पेश होने को कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले जनवरी में विजय से दो बार पूछताछ की थी। उन्हें 9 मार्च को भी बुलाया था, लेकिन अभिनेता ने 15 दिन का समय मांगा और चुनावी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए पूछताछ चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में करने का अनुरोध किया था। ब्यूरो

### असम : 40 लाख महिलाओं के खातों में पहुंचे 9-9 हजार

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने ओरुनोदोई योजना के तहत मंगलवार को 40 लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 9,000 की राशि हस्तांतरित की है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने योजना के तहत कुल 3,600 करोड़ की राशि जारी करते हुए इसे महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस एकमुश्त राशि में जनवरी से अप्रैल तक की वित्तीय मदद और बोहाग बिहू उत्सव का विशेष बोनस शामिल हैं। ब्यूरो

### आईडीएफसी फर्स्ट ने 645 करोड़ का भुगतान किया

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने बताया कि उसने हरियाणा सरकार से संबंधित संस्थाओं के खातों में संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़े दावों के निपटारे के लिए 645 करोड़ रुपये (70.18 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया है। बैंक ने मंगलवार को बताया कि उसने अपने प्रारंभिक अनुमान 590 करोड़ रुपये से 55 करोड़ रुपये अधिक भुगतान किया है। बैंक ने यह भी बताया कि यह सारा भुगतान हरियाणा सरकार के दावों से संबंधित है और कोई नया महत्वपूर्ण दावा सामने नहीं आया है। ब्यूरो

### नाबालिग दिव्यांग से दुष्कर्म के दोषी को 40 वर्ष का कठोर कारावास

**बंगलूरू।** कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने अनुसूचित जाति की दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी धरेप्पा उर्फ धीरज को 40 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 1.5 लाख का जुर्माना भी लगाया है। घटना 25 अगस्त 2025 की है, जब आरोपी ने हुक्केरी तालुका स्थित पीड़िता के घर में घुसकर जघन्य अपराध को अंजाम दिया था। नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय की जांच के बाद फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट-1 ने केवल चार महीने और सात दिनों में सुनवाई पूरी कर यह फैसला सुनाया। एजेंसी

# दिव्यांग कैडेट्स के लाभों पर निर्णय न हुआ तो रक्षा व वित्त सचिवों को करेंगे तलब : शीर्ष कोर्ट

### पीठ ने कहा-छह हफ्ते का समय देने के बावजूद वित्त मंत्रालय से नहीं मिला कोई जवाब

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित मंत्रालय प्रशिक्षण अवधि के दौरान विकलांगता के कारण अयोग्य घोषित हुए सैन्य कैडेट्स को आर्थिक लाभ देने पर निर्णय नहीं लेते हैं, तो वह रक्षा और वित्त सचिवों को तलब कर सकता है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ प्रशिक्षण के दौरान चोट या विकलांगता के कारण प्रशिक्षण से बाहर किए गए कैडेट्स की कठिनाइयों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हमने संबंधित मंत्रालयों को पर्याप्त समय दिया है, हम यह कहने के लिए विवश हैं कि यदि इस मामले में कोई प्रगति नहीं होती है, तो हमें रक्षा सचिव और वित्त सचिव को इस अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देना होगा। पीठ ने कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए छह हफ्ते का वक्त दिया गया था, लेकिन रक्षा या वित्त मंत्रालय की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कुछ और समय देने का आग्रह किया। भाटी ने बताया कि मंत्रालयों ने मामले को सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। सेना, नौसेना और वायु सेना के तीनों प्रमुखों ने कैडेटों की स्थिति में सुधार के उपायों पर सिफारिशें दी थीं, लेकिन संबंधित मंत्रालयों ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया है।



#### रक्षा और वित्त मंत्रालय के बीच समन्वय की जरूरत

जस्टिस नागरत्ना ने कहा, इस मुद्दे पर रक्षा मंत्रालय और वित्त मंत्रालय दोनों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि एक संयुक्त बैठक से इस मामले को सुलझाने में मदद मिल सकती है। आवश्यक राशि बजट का हिस्सा होनी चाहिए थी। वित्त अधिनियम अभी तक पारित नहीं हुआ है, इसलिए अभी समय है। अदालत ने कहा कि वित्त अधिनियम, 2026 विचाराधीन है और इन कैडेट्स की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि का विश्लेषण करने का उपयुक्त समय है। अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

### राजस्थान की नदियों में फैला प्रदूषण अफसरों की ढिलाई का नतीजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की तीन नदियों के प्रदूषण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों की ढिलाई के कारण सार्वजनिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा है। अदालत जोजारी नदी में प्रदूषण से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। इसने राज्य में बांदी और लूणी नदियों में प्रदूषण के मुद्दे को भी उठाया था। पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने एक उच्च स्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र निगरानी समिति का गठन किया था। इसका काम पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद मूलभूत खामियों का पता लगाना, आगे प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक उपचारात्मक उपायों की निगरानी करना और पहले से हुए नुकसान को ठीक करने के लिए दीर्घकालिक सुझाव देना था। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि समिति ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट दे दी है। पीठ ने राजस्थान की ओर से पेश वकील से कहा कि राज्य की ओर से समिति को आवश्यक सुविधाएं और सहायता प्रदान करने के तरीके में गंभीर खामियां हैं। राज्य के वकील ने पीठ को आश्वासन दिया कि समिति की ओर से उठाए गए मुद्दों का समाधान अगली सुनवाई की तारीख तक कर लिया जाएगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च तय की है। ब्यूरो

**कोर्ट ने जोजारी नदी में प्रदूषण से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान कहा**

### वांगचुक के भाषणों के वीडियो देखेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो देखेगा और उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 मार्च को अंतिम सुनवाई करेगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि न्यायाधीश बृहस्पतिवार को यह वीडियो देखेंगे और उन्होंने रजिस्ट्रार से स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा। जस्टिस कुमार ने कहा, पहले हम अलग-अलग वीडियो देखेंगे और फिर दोनों जज एक साथ वीडियो देखेंगे। केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने बताया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अस्वस्थ हैं। उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया है। एंग्मो की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले में बार-बार स्थगन से देश में गलत संदेश जा रहा है। पीठ ने कहा कि मामले को अगले मंगलवार (17 मार्च) को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर रही है और यह स्पष्ट कर दिया कि उस दिन जो भी हो, अदालत अपना फैसला सुरक्षित रखेगी। ब्यूरो

**हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 को अंतिम सुनवाई**

### नेहा को गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को उस मामले में गिरफ्तारी से राहत दे दी, जिसमें उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की पीठ ने अंतरिम संरक्षण को स्थायी करते हुए कहा कि राठौर जांच में पूरा सहयोग करेंगी। राज्य की ओर से बताया गया कि कोर्ट के पहले के निर्देश के अनुसार राठौर जांच अधिकारी के सामने पेश हो चुकी हैं और उनका बयान दर्ज किया जा चुका है। राठौर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। ब्यूरो

# सरोगेसी का रैकेट चलाने वाली डॉक्टर की 50 संपत्तियां अटैच

### ईडी की कार्रवाई...संपत्तियों में अस्पताल, फ्लैट और भूखंड

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सरोगेसी और बच्चा तस्करी रैकेट के मामले में यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर की संचालिका डॉ. पी. नम्रता और उनके बेटों की 50 अचल संपत्तियां अटैच की हैं। सरकारी आंकड़ों में इनका मूल्य 29.76 करोड़ रुपये है। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपये है। इन संपत्तियों में अस्पताल, फ्लैट और कई भूखंड शामिल हैं।

ईडी की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि डॉ. नम्रता निसंतान दंपतियों से सरोगेसी के नाम पर मोटी रकम वसूलती थीं, लेकिन उन्हें गरीब माता-पिता से खरीदे गए बच्चे सौंप दिए जाते थे। जांच एजेंसी के अनुसार वह एक बच्ची के लिए 3.5 लाख रुपये और बच्चे के लिए 4.5 लाख रुपये का भुगतान करती थीं। जन्म के फर्जी कागजात तैयार कर नगर निगम अधिकारियों को भेजे जाते थे, जिनमें जैविक माता-पिता के बजाय निसंतान दंपतियों के नाम दर्ज होते थे।




**जुर्म का लंबा इतिहास...**आरोपी डॉक्टर 2014 से इस गिरोह में शामिल थीं और मेडिकल लाइसेंस सस्पेंड होने के बावजूद विशाखापत्तनम में इस गोरखधंधे को अंजाम दे रही थीं। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की है।

### छत्तीसगढ़ ने जबरन धर्मांतरण पर रोक वाले बिल को मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जबरन, लालच देकर, धोखाधड़ी से या गलत बयानी से धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ गया है। मंगलवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साई की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई।

उपमुख्यमंत्री अरुण साओ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2026 के मसौदे को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक का उद्देश्य बल प्रयोग, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव या झूठे प्रतिनिधित्व के माध्यम से एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मांतरण को प्रभावी ढंग से रोकना है। यह विधेयक विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। वर्तमान में, छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1968 लागू है, जो 1 नवंबर, 2000 को अस्तित्व में आया था। एजेंसी

#### विधान परिषद अध्यक्ष को अपशब्द कहने का मामला

### एनसीपी (एसपी) नेता सूर्यकांत मोरे को 30 दिन का कारावास

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक और अपशब्द कहने पर एनसीपी (एसपी) के नेता को 30 दिनों के कारावास की सजा सुनाई गई। विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति ने इसे सदन की गरिमा का अपमान मानते हुए शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के कार्यकर्ता को सजा की सिफारिश की है।


सूर्यकांत

विधान परिषद में रिपोर्ट पेश करते हुए समिति के अध्यक्ष व भाजपा के विधान परिषद सदस्य प्रसाद लाड ने कहा कि समिति ने इस घटना को विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन और सदन की गरिमा का अपमान माना है। इसके लिए एनसीपी (एसपी) कार्यकर्ता सूर्यकांत मोरे को 30 दिन के दीवानी कारावास की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि परिषद की कार्यवाही अगले सत्र तक स्थगित होने के बाद तकनीकी रूप से यह सजा समाप्त हो जाएगी। ऐसे में सत्र समाप्त होते ही मोरे जेल से बाहर आ जाएंगे। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि कारावास के शेष दिन विधान परिषद के अगले सत्र के दौरान पूरे किए जाएं। राज्य विधान परिषद का सत्र 25 मार्च को समाप्त होगा। ब्यूरो


# परीक्षण में खरा उतरा एडीसी-150, अब समुद्र के बीच मिनटों में पहुंचेगी मदद

### 150 किलो की पेलोड क्षमता वाला कंटेनर डीआरडीओ ने किया विकसित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए समुद्र के बीच आवश्यक सामान की जल्द आपूर्ति का साधन तैयार हो गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और नौसेना ने गोवा तट पर पी-8आई टोही विमान से स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर (एडीसी-150) के चार सफल परीक्षण किए। यह परीक्षण 21 फरवरी से 1 मार्च के बीच अलग-अलग परिस्थितियों में किए गए। परीक्षणों में यह प्रणाली पूरी तरह खरी उतरी।

बता दें, एडीसी-150, 150 किलो की पेलोड क्षमता वाला कंटेनर है। यह समुद्र तट से 2,000 किलोमीटर से ज्यादा दूर तैनात युद्धपोतों तक आपातकालीन सहायता पहुंचा सकता है। चाहे जहाज से जुड़े पुर्जे हों, चिकित्सा सहायता या जीवन रक्षक दवाएं हों या फिर राशन, अब विमान के जरिये इन्हें सीधे जहाज तक गिराया जा सकेगा।



#### रसद नीति में आएगा बदलाव

एडीसी-150 के सफल परीक्षण से नौसेना की ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स क्षमता में बदलाव आएगा। अब युद्धपोतों को छोटे-मोटे सामान या तकनीकी खराबी ठीक करने के लिए बार-बार तट पर वापस आने की जरूरत नहीं होगी। इससे जहाज लंबे समय तक मिशन पर तैनात रह सकेंगे। इस तकनीक को डीआरडीओ की तीन प्रयोगशालाओं एनएसटीएल (विशाखापत्तनम), एडीआरडीई (आगरा) और सीईएमआईएलएसी, (बंगलूरू) ने मिलकर विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस प्रणाली के जल्द नौसेना में शामिल होने की संभावना है।

### एसएमपीपी को मिला 10,000 बुलेटप्रूफ जैकेट का अतिरिक्त ऑर्डर

**नई दिल्ली।** भारतीय रक्षा विनिर्माण कंपनी एसएमपीपी लि. को अर्धसैनिक बलों के लिए लगभग 10,000 अतिरिक्त बुलेटप्रूफ जैकेट का ऑर्डर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि ऑर्डर सीमा सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल सहित भारत के अर्धसैनिक बलों के लिए 40,000 बुलेटप्रूफ जैकेट (बीपीजे) के मौजूदा ऑर्डर के अलावा है। कंपनी वर्तमान ऑर्डर को समय पर पूरा करने के लिए तैयार है। एसएमपीपी थल, वायु और समुद्र में सैनिकों और हथियार प्लेटफार्मों के लिए उन्नत बैलिस्टिक सुरक्षा प्रणालियों की एक प्रमुख भारतीय निर्माता है। यह सीआरपीएफ और भारतीय सेना को एसएमपीपी द्वारा आपूर्ति की जा रही कवच भेदी गोलियों से सुरक्षा प्रदान करने वाली सबसे उन्नत बीपीजे के अतिरिक्त है। कंपनी ने कुल ऑर्डर में से लगभग 28,000 बुलेटप्रूफ जैकेट की सफलतापूर्वक आपूर्ति की जा चुकी है। ब्यूरो

# जम्मू-कश्मीर में 351 सेशन ट्रायल पांच साल से लंबित, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में लंबित आपराधिक मामलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि 351 सेशन ट्रायल पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं। अदालत ने कहा कि इतने लंबे समय तक मुकदमों का लंबित रहना आरोपियों के शीघ्र सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि इन 351 मामलों में कुल 585 आरोपी ट्रायल का सामना कर रहे हैं। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता जताई कि इनमें से 235 मामले अभी भी अभियोजन पक्ष के गवाहों के मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के चरण में ही अटके हुए हैं। पीठ ने कहा कि आरोप तय होने के बाद यह अपेक्षा की जाती है कि ट्रायल कोर्ट जल्द से जल्द गवाहों के बयान दर्ज कर मुकदमे का निपटारा करे। अदालत ने प्रारंभिक तौर पर माना कि देरी का मुख्य कारण अभियोजन एजेंसियों की ओर से गवाहों को पेश न कर पाना है। जस्टिस पारदीवाला ने कहा, आरोपी पांच साल से अधिक समय से जेल में हैं और उनका ट्रायल पूरा नहीं हुआ है। यह बेहद गंभीर स्थिति है।' उन्होंने यह भी पूछा कि क्या जम्मू-कश्मीर में ट्रायल कोर्ट, जजों या लोक अभियोजकों की कमी है, जिसके कारण मामलों के निपटारे में देरी हो रही है। अदालत ने केंद्र से यह भी जानकारी मांगी कि इन 235 लंबित मामलों में आरोप तय होने की तारीख क्या है, कितने गवाह आरोपपत्र में सूचीबद्ध हैं, उनमें से कितनों की गवाही हो चुकी है और गवाहों की आखिरी बार कब जांच हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी को शीघ्र सुनवाई का मौलिक अधिकार है। पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से इन लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए ठोस योजना तैयार कर अदालत के समक्ष पेश करने के लिए कहा है। ब्यूरो



### पुणे पोर्शे हादसा : नाबालिग आरोपी के पिता को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुणे पोर्शे कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को जमानत दे दी। अदालत ने यह गौर किया कि वह पहले ही लगभग 22 महीने जेल में बिता चुके हैं और इस मामले में कई सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि इन परिस्थितियों में अपीलकर्ता जमानत पाने का हकदार है। अदालत ने निर्देश दिया कि अग्रवाल जांच और ट्रायल में सहयोग करेंगे और किसी भी गवाह से सीधे या परोक्ष रूप से संपर्क करने का प्रयास नहीं करेंगे। शर्तों के उल्लंघन पर जमानत रद्द की जा सकती है। मामला 19 मई 2024 को पुणे के कल्याणी नगर में हुए एक सड़क हादसे से जुड़ा है जिसमें नशे की हालत में पोर्शे कार चला रहे एक नाबालिग ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में दो युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्ठा की मौत हो गई थी। अभियोजन के अनुसार, अग्रवाल ने हादसे के बाद सबूतों से छेड़छाड़ की साजिश रची और नाबालिग के खून के नमूने बदलवाने की कोशिश की। ब्यूरो


# पुरुष और महिलाओं का दिमाग जैविक रूप से समान, अंतर केवल पैटर्न का

### वैज्ञानिकों ने खोला रहस्य...दो अलग-अलग दिमाग वाली लोकप्रिय धारणा को बताया भ्रामक

अमर उजाला नेटवर्क

**न्यूयॉर्क।** विश्व के कई प्रमुख न्यूरोसाइंटिस्टों द्वारा किए गए नवीनतम मेटा-विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि पुरुष और महिलाओं के दिमाग में संरचनात्मक और कनेक्टिविटी स्तर पर कुछ औसत पैटर्न भले अलग दिखते हों, लेकिन बुनियादी कार्यप्रणाली और संज्ञानात्मक क्षमता में कोई निर्णायक अंतर नहीं पाया गया है। हार्मोन, अनुभव और सामाजिक परिवेश इन भेदों को आकार देते हैं, परंतु वैज्ञानिक मानते हैं कि दो अलग-अलग दिमाग जैसी लोकप्रिय धारणाएं अतिरंजित और भ्रामक हैं।

कैलिफोर्निया विवि की न्यूरोसाइंटिस्ट प्रोफेसर लिसा एलियट और तेल अवीव विवि के शोधकर्ता मोरान हायिम द्वारा प्रकाशित हालिया समीक्षा से पता चलता है कि पुरुषों का दिमाग औसतन आकार में थोड़ा बड़ा होता है, जबकि महिलाओं में ग्रे मैटर और व्हाइट मैटर का संतुलन अधिक व्यवस्थित पाया गया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी का संयुक्त अध्ययन यह बताता है कि महिलाओं के दाएं और बाएं हेमिस्फियर के बीच कनेक्टिविटी अधिक गहन होती है। दूसरी ओर पुरुषों में एक ही हेमिस्फियर के भीतर लंबे दूरी वाले कनेक्शन थोड़े अधिक सक्रिय देखे गए। वैज्ञानिक इसे दिमाग के नेटवर्क-आर्किटेक्चर पैटर्न का अंतर बताते हैं, लेकिन चेताते हैं कि यह अंतर व्यक्ति-व्यक्ति में इतना भिन्न होता है कि औसत पैटर्न को नियम की तरह नहीं माना जा सकता।



**हार्मोनल प्रभाव : टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजेन दिमाग की शैली तय करते हैं, क्षमता नहीं...**नीदरलैंड्स इंस्टीट्यूट फार न्यूरोसाइंस की शोधकर्ता मरियन जोफ्री बताती हैं कि टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजेन जैसे हार्मोन मस्तिष्क में भावनाओं, तनाव-प्रतिक्रिया और सामाजिक संकेतों की व्याख्या पर प्रभाव डालते हैं, लेकिन इनका सीखने, याद रखने और बुद्धिमत्ता पर स्थायी असर नहीं पड़ता। शोध में यह स्पष्ट हुआ है कि हार्मोन दिमाग की प्राथमिक शैली को प्रभावित करते हैं, न कि उसकी क्षमता को। उदाहरण के रूप में, एस्ट्रोजेन भावनात्मक संकेतों को पहचानने की गति बढ़ा सकता है, जबकि टेस्टोस्टेरोन जोखिम लेने वाले निर्णयों की संभावना बढ़ा सकता है, पर यह प्रवृत्ति अत्यंत व्यक्तिगत होती है और सामाजिक अनुभवों से लगातार बदलती रहती है।

#### संज्ञानात्मक कौशल : पुरुष बनाम महिला मिथक को खारिज किया

यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के प्रसिद्ध न्यूरोसाइंटिस्ट साइमन बैरन-कोहेन और एमआईटी की डॉ. नैंसी कानविशर सहित कई शोधकर्ताओं ने पाया कि बुद्धिमत्ता यानी आय-क्यू, समस्या-समाधान, स्मृति और सीखने की क्षमता में पुरुष और महिलाओं के बीच कोई स्थायी जैविक अंतर नहीं देखा गया। अध्ययन यह दर्शाते हैं कि जिस अंतर को अक्सर प्राकृतिक लैंगिक अंतर कहा जाता है, वह वास्तव में अधिकतर सामाजिक अपेक्षाओं, परवरिश, शिक्षा और सांस्कृतिक अनुभवों से आकार लेता है। वैज्ञानिक समुदाय में धीरे-धीरे यह सहमति बन रही है कि पुरुषों और महिलाओं के दिमाग में भेद क्षमता का नहीं, बल्कि रणनीतिक झुकाव का होता है, और यह झुकाव भी सार्वभौमिक नहीं है।

# घरेलू न्यूजप्रिंट की गुणवत्ता-आपूर्ति कमजोर : आईएनएस

### कहा-दावों के विपरीत देश में उत्पादित ग्रेड-2 न्यूजप्रिंट मानकों पर खरा नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू न्यूजप्रिंट की उपलब्धता और उसकी गुणवत्ता को लेकर इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने चिंता जताई है। संस्था का कहना है कि देश में उत्पादन क्षमता के बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविक उत्पादन और गुणवत्ता दोनों ही अखबार उद्योग की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।


आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की 2024-25 की रिपोर्ट में देश में 123 न्यूजप्रिंट मिलों और करीब 22 लाख टन वार्षिक स्थापित क्षमता का उल्लेख किया गया है। लेकिन वास्तविक उत्पादन इन दावों से काफी कम है, जिससे घरेलू आपूर्ति की स्थिति पर सवाल उठते हैं। आईएनएस के अनुसार समस्या सिर्फ उत्पादन की नहीं, बल्कि गुणवत्ता की भी है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) न्यूजप्रिंट को ग्रेड-1 और ग्रेड-2 में वर्गीकृत करता है। ग्रेड-1 न्यूजप्रिंट बेहतर गुणवत्ता का होता है, जिसमें अधिक चमक, चिकनी सतह और अधिक मजबूती होती है, जिससे हाई-स्पीड प्रिंटिंग मशीनों पर साफ और बेहतर प्रिंट मिलता है। वहीं, देश में बनने वाला ग्रेड-2 न्यूजप्रिंट इन मानकों पर खरा नहीं उतरता। इसकी चमक कम होती है, सतह असमान रहती है और कागज की मजबूती भी अपेक्षाकृत कम होती है। इसके कारण प्रिंटिंग के दौरान स्याही अधिक फैलती है, कागज की बर्बादी बढ़ती है और मशीनों के संचालन में भी दिक्कतें आती हैं।

#### मौजूदा बीआईएस सिर्फ तय करते हैं न्यूनतम स्तर

आईएनएस के मुताबिक मौजूदा बीआईएस मानक सिर्फ न्यूनतम स्तर तय करते हैं, जबकि आधुनिक प्रिंटिंग तकनीक के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कागज की आवश्यकता होती है। ऐसे में जब तक घरेलू उत्पादन गुणवत्ता और मात्रा दोनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंचता, तब तक अखबार उद्योग के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले न्यूजप्रिंट का आयात जरूरी बना रहेगा। देश में न्यूजप्रिंट के मानकों को वैश्विक स्तर के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है, ताकि प्रिंट मीडिया उद्योग को बेहतर गुणवत्ता वाला कागज उपलब्ध हो सके।

# आजादी के शताब्दी वर्ष तक सेनाएं बनेंगी आत्मनिर्भर और आधुनिक

## केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने तीनों सेनाओं के भविष्य के लिए जारी किया रक्षा बल विजन-2047


रक्षा बल विजन-2047 जारी करते केंद्रीय मंत्री राजनाथ, साथ में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव और तीनों सेनाओं के अफसर।

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तीनों सेनाओं के भविष्य की दिशा तय करने के लिए रक्षा बल विजन 2047 का दस्तावेज जारी किया। रक्षा मंत्रालय में जारी यह रोडमैप स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक सेनाओं को आधुनिक व प्रभावी बनाने का खाका है। इसके तहत आजादी के शताब्दी वर्ष तक सेनाएं आत्मनिर्भर बनेंगी।

दस्तावेज में इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप और मल्टी-डोमेन ऑपरेशन पर खासा जोर है। भविष्य में तीनों सेनाएं एक साझा कमांड के तहत जमीन, समुद्र, आकाश, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस में मिलकर कार्रवाई करेंगी। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के इस दस्तावेज में थिएटर कमांड की स्थापना पर तेजी से काम करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे ।

**तीन चरणों में बदलाव...**दस्तावेज में सुधारों को तीन चरणों, यानी अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक, में बांटा गया है। इसमें हथियारों के आधुनिकीकरण के अलावा सैनिकों के प्रशिक्षण और संगठनात्मक ढांचे में आमूलचूल बदलाव शामिल हैं, ताकि सेना हाइब्रिड और सूचना युद्ध का सामना भी कर सके। ब्यूरो

**क्या है इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप...**इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप (आईबीजी) सेना की पारंपरिक संरचना से हट कर एक नई सैन्य संरचना है, जिसे युद्ध के समय तेज और प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार किया जा रहा है। यह एक छोटा व सक्षम सैन्य दल होगा, जिसमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियर और संचार इकाइयां एक ही समूह में संगठित रहेंगी। इससे सेना की तैनाती, निर्णय लेने और प्रतिक्रिया में लगने वाला समय कम होगा। सेना दुश्मन के खिलाफ बहुत कम समय में सटीक व आक्रामक कार्रवाई शुरू कर सकेगी। यह ग्रुप सेना को सीमा पर संभावित खतरों के मद्देनजर ज्यादा लचीला बनाएंगे।

**2047 में भारत रक्षा आवश्यकताओं के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर नहीं रहेगा...**साल 2047 तक भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर नहीं रहेगा। इसलिए दस्तावेज में आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमता, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वदेशी ड्रोन तकनीक जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों को हर स्तर पर शामिल करने की योजना है।

# जल जीवन मिशन 2.0 मंजूर 8.69 लाख करोड़ खर्च होंगे

## कैबिनेट ने हर घर नल जल योजना 2028 तक बढ़ाई

## देश में एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा 'सुजलम भारत' विकसित होगा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) की अवधि को दिसंबर, 2028 तक बढ़ाने और इसे पुनर्गठित कर जेजेएम 2.0 के रूप में लागू करने को मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था में सिर्फ बुनियादी ढांचे के निर्माण पर नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ और नागरिक-केंद्रित पेयजल सेवा वितरण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

सरकार ने मिशन के कुल परिव्यय को बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी है, जिसमें 3.59 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता के रूप में होंगे। यह 2019-20 में स्वीकृत 2.08 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.51 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय हिस्सेदारी है। मिशन के तहत देश में एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा 'सुजलम भारत' विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत हर गांव को एक विशिष्ट सुजल गांव/सेवा क्षेत्र आईडी दी जाएगी, जिससे जल स्रोत से लेकर नल तक पूरी पेयजल आपूर्ति प्रणाली का डिजिटल मानचित्रण संभव होगा। सरकार ने योजनाओं के शुभारंभ और हस्तांतरण में ग्राम पंचायतों और जल आपूर्ति समितियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'जल अर्पण' व्यवस्था लागू करने का भी फैसला किया है। किसी योजना को पूर्ण घोषित करने और हर घर जल प्रमाणन जारी करने से पहले ग्राम पंचायत यह सुनिश्चित करेगी कि संचालन और रखरखाव की व्यवस्था स्थापित हो चुकी है।




सामुदायिक भागीदारी मजबूत करने को हर साल 'जल उत्सव'

सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए हर साल 'जल उत्सव' आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से गांवों में पेयजल प्रणालियों के रखरखाव और जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

■ सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2019 में सिर्फ 3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण परिवारों के पास नल-जल कनेक्शन था। मिशन के तहत अब तक 12.56 करोड़ से अधिक नए कनेक्शन दिए जा चुके हैं। *वर्तमान में देश के 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 15.80 करोड़ (81.61%) परिवारों तक नल-जल पहुंच चुका है।*

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से उज्जैन भी जुड़ेगा, 3,839 करोड़ रुपये की 4-लेन सड़क परियोजना मंजूर

मध्य प्रदेश में सड़क संपर्क को मजबूत करने के लिए एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-तिमरवानी सेक्शन को चार लेन में



विकसित करने की परियोजना को भी मंजूरी दी गई। 3,839.42 करोड़ रुपये की लागत से 80.45 किलोमीटर लंबे गलियार का निर्माण हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया जाएगा। इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। यह गलियारा उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के तिमरवानी इंटरचेंज से सीधे जोड़ेगा, जिससे यात्रा समय में करीब एक घंटे की कमी आएगी। वर्तमान में बदनावर-तिमरवानी मार्ग संकरा और खराब ज्यामिति वाला इंटरमीडिएट लेन है, जहां वाहनों की गति 20 से 50 किमी प्रति घंटा रहती है।

### पूर्वी भारत में रेल नेटवर्क को मजबूती, 4,474 करोड़ की दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं

मंत्रिमंडल ने पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी और क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे मंत्रालय की दो महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 4,474 करोड़ रुपये की लागत से सैंथिया-पाकुड़ सेक्शन में चौथी रेलवे लाइन और संत्रागाछी-खड़गपुर सेक्शन में अतिरिक्त लाइन का निर्माण होगा। इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों में रेल नेटवर्क मजबूत होगा और भारतीय रेलवे के नेटवर्क में करीब 192 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इससे लगभग 5,652 गांवों और 1.47 करोड़ लोगों को बेहतर रेल संपर्क का लाभ मिलेगा।

**मदुरै हवाईअड्डे को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय दर्जा...**मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु के मदुरै हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा देने पर भी मुहर लगा दी। वैष्णव ने बताया कि इसे अब अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विकसित किया जाएगा।

### मंत्रिमंडल के फैसलों से सड़क रेल संपर्क मजबूत होगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रेल और सड़क संपर्क को बढ़ावा देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से लॉजिस्टिक व्यवस्था में सुधार होगा और विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मोदी ने ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजना के लिए 8.7 लाख करोड़ के बढ़े हुए आवंटन के साथ जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक विस्तारित करने की मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी प्रशंसा की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, पूर्वी भारत में रेल संपर्क और क्षमता को बढ़ावा!

■ मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के 5 जिलों को कवर करने वाली मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। ये परियोजनाएं दक्षता बढ़ाएंगी, भीड़भाड़ कम करेंगी और इन राज्यों में संपर्क को मजबूत करेंगी। सरकार अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के माध्यम से कनेक्टिविटी और विकास को बढ़ावा देने जा रही है। कैबिनेट ने एनएच-752डी के बदनवार-पेटलावाड़-थंदला-तिमारवानी खंड पर चार लेन के कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना यात्रा के समय को कम करेगी और रसद व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, साथ ही विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी। एजेंसी

## विदेश संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित मोजाम्बिक को भारत ने भेजी खाद्य व चिकित्सा सहायता



**नई दिल्ली।** भीषण बाढ़ की मार झेल रहे मोजाम्बिक के लिए भारत ने एकजुटता दिखाते हुए भारी मात्रा में खाद्य और चिकित्सा सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रथम सहायक की भूमिका निभाते हुए भारत ने 500 टन चावल, 10 टन राहत सामग्री और 89 टन जीवन रक्षक दवाएं रवाना की हैं। जायसवाल के अनुसार भारतीय नौसेना के जहाज के जरिए तंबू और हाइजीन किट भी भेजी गई हैं। ब्यूरो

### कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जीता संसदीय चुनाव

**बोगोटा।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने संसदीय चुनाव जीत लिया है। उनकी पार्टी हिस्टोरिक पैक्ट ने चुनाव में बढ़त हासिल की है, लेकिन बड़े सुधार लागू करने के लिए अन्य दलों से गठबंधन करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी ने सीनेट की कुल सीटों में एक चौथाई सीटें जीतीं, जो किसी भी दल से अधिक हैं। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे के नेतृत्व वाली कंजरवेटिव डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी ने भी 103 सदस्यीय सीनेट में 17 सीटें हासिल कीं। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सेंटर को सबसे ज्यादा वोट मिले। एजेंसी

### मस्क का बड़ा एलान, अगले महीने लॉन्च होगा एक्स मनी

**न्यूयॉर्क।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने घोषणा की है कि उनका डिजिटल भुगतान सिस्टम एक्स मनी अगले महीने आम लोगों के लिए उपलब्ध होगा। मस्क एक्स को एक एवरीथिंग एप बनाने की दिशा में काम कर रहे, जहां चैटिंग और वीडियो के साथ बैंकिंग सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए कंपनी ने पिछले साल वीजा के साथ साझेदारी की थी, ताकि यूजर सीधे एप के जरिये वित्तीय लेन-देन कर सकें। एजेंसी

### लंदन : होली उत्सव पर हमला ब्रिटिश संसद में गूंजा मुद्दा

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में होली मना रहे हिंदू समुदाय पर उपद्रवियों ने हमला किया है। कुछ लोगों ने लाउडस्पीकर तोड़े और लोगों पर हमला किया। ब्रिटिश सरकार ने घटना की कड़ी निंदा की है। सांसद बॉब ब्लैकमैन ने संसद में इस मुद्दे को उठाते हुए बताया कि उपद्रवियों ने लाउडस्पीकर तोड़कर उत्सव में खलल डाला। इस पर लीडर ऑफ द कॉमन्स एलन कैंपबेल ने दुख जताते हुए कहा कि धार्मिक घृणा किसी भी रूप में घृणित है और हमारे समाज में इसका कोई स्थान नहीं है। एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

पश्चिम एशिया संकट के बीच घरेलू गैस की आपूर्ति में कमी को निर्बाध जारी रखने के लिए सरकार ने रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। क्या यह फैसला संकट को कम करने में मददगार साबित होगा?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

ईरान में मोजतबा खामनेई को सर्वोच्च नेता चुना गया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें बधाई दी है। चीन ने इसे आंतरिक मामला बताया है। क्या अब वैश्विक ताकतों को युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए?

| | |
|---|---|
| हां | 86.39% |
| नहीं | 13.61% |

### एसआईआर : बंगाल सरकार को सुप्रीम फटकार, अपीलीय ट्रिब्यूनल गठित करने का निर्देश

# न्यायिक अफसरों पर सवाल उठाने की हिम्मत न करें, फैसलों का सम्मान हो

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसआईआर की शिकायतों की जांच कर रहे बंगाल के न्यायिक अधिकारियों पर सवाल उठाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा, न्यायिक अधिकारियों पर सवाल उठाने की हिम्मत भी मत करिए। आप उनसे और कितनी कुर्बानी चाहते हैं? वे पश्चिम बंगाल से हटाए गए मतदाताओं के मामलों की सुनवाई के लिए तय समय से ज्यादा काम कर रहे हैं। मैं इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा।

चीफ जस्टिस कहा कि इन अधिकारियों के फैसलों का सम्मान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार, भारत निर्वाचन आयोग और अलग-अलग याचिकाकर्ताओं को सख्त चेतावनी दी कि वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में हटाए गए मतदाताओं की जांच के लिए नियुक्त न्यायिक अधिकारियों पर शक न करें और उन्हें सभी सुविधाएं मुहैय्या कराएं। साथ ही सुनवाई के लिए अपीलीय ट्रिब्यूनल गठित करने का निर्देश दिया।

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि इन ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों को शामिल किया जाएगा ताकि नाम हटाने से जुड़े मामलों में निष्पक्ष और स्वतंत्र अपील तंत्र मुहैया कराया जा सके। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश कुछ पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और दो या तीन हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों के नाम सुझा सकते हैं, जिन्हें चुनाव आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी करके अपीलीय ट्रिब्यूनल के रूप में नियुक्त किया जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इन ट्रिब्यूनल सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तय करेंगे और पूरा खर्च चुनाव आयोग वहन करेगा।



### नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह न्यायिक अधिकारियों को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर किया जाए ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की रुकावट न आए। राज्य सरकार को भी इस कार्य के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कुछ नई याचिकाओं पर नाराजगी जताते हुए उन्हें सुनने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ताओं को उपलब्ध अपीलीय उपाय अपनाने को कहा।

### याचिकाकर्ताओं ने उठाए दो प्रमुख मुद्दे

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से दो प्रमुख मुद्दे उठाए गए। पहला, उन व्यक्तियों के लिए अपील की व्यवस्था से जुड़ा था जिनके दावे एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों की तरफ से खारिज कर दिए जाते हैं। दूसरा मुद्दा उन लोगों की पूरक सूची के प्रकाशन से संबंधित था जिनकी आपत्तियों का पहले ही निपटारा किया जा चुका है। इस पर अदालत ने कहा कि दोनों पक्ष इस संबंध में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं।

■ अदालत ने नोट किया कि 9 मार्च की शाम तक कुल 10.16 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। इस प्रक्रिया के लिए पश्चिम बंगाल के लगभग 500 न्यायिक अधिकारियों के साथ साथ ओडिशा और झारखंड से करीब 200 न्यायिक अधिकारियों को भी तैनात किया गया है, जो दिनरात काम कर रहे हैं। अदालत को यह भी बताया गया कि संवेदनशील जिलों में कामकाज को सुचारू बनाने के लिए करीब 700 लॉग-इन आईडी बनाई गई हैं।

### भ्रामक सामग्री पर आईटी नियमों को रद्द करने वाले फैसले के खिलाफ याचिका पर होगी सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया पर सरकार से संबंधित फर्जी या भ्रामक सामग्री को नियंत्रित करने वाले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन को रद्द करने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की अपील पर सुनवाई करेगा। हालांकि अदालत ने फिलहाल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की तीन सदस्यीय पीठ ने इस मामले में मूल याचिकाकर्ताओं स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सोशल मीडिया सामग्री को पूरी तरह ब्लॉक करना नहीं बल्कि गलत सूचना और भ्रामक खबरों को नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर भारतीय सेना और सरकारी नीतियों से जुड़ी झूठी जानकारी फैलती है, जिससे गंभीर परिणाम हो सकते है। सीजेआई ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के मौजूदा व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ प्लेटफॉर्म जिस तरह से काम कर रहे हैं, वह काफी खतरनाक हो सकता है। वहीं, प्रतिवादियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि मौजूदा नियमों के तहत भी आपत्तिजनक सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का प्रावधान है। उन्होंने तर्क दिया कि 2023 के संशोधन में 'भ्रामक सूचना' की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई थी, जिससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ब्यूरो

### अरुणाचल : सेना का वाहन खाई में गिरा दो जवानों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले में सेना का वाहन खाई में गिरने से एक नायब सूबेदार सहित दो जवानों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सेना की रिपोर्ट के अनुसार यह हादसा 7 मार्च को भारत-चीन सीमा के पास रेड्डी गांव के नजदीक हुआ। वाहन ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के तहत गेलेमो से तक्सिंग की ओर ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए जा रहा था, तभी वह सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया।

मृतकों की पहचान 56 आर्टिलरी ब्रिगेड के 908 फील्ड रेजिमेंट के नायब सूबेदार कुलवंत सिंह और 18 सिख रेजिमेंट के नायक प्रदीप कुमार शर्मा (रायबरेली, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वाहन चालक अमरजीत गुर्जर को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज फील्ड अस्पताल बोरोरूपक में चल रहा है। एजेंसी

### बंगाल की मुख्यमंत्री ममता का धरना खत्म

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में चल रहा अपना धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उनकी मांग को मान्यता दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री ममता ने समर्थकों और नेताओं की सहमति से पांच दिन से जारी धरना खत्म करने का फैसला किया।



धरनास्थल से ममता ने कहा कि आंदोलन के जरिये उन्हें काफी हद तक न्याय मिला है। जब न्याय का रास्ता खुल गया है तो धरना समाप्त करना उचित है। उन्होंने कहा कि वह जरूरत पड़ने पर 50 दिन भी आंदोलन कर सकती थीं, लेकिन अब अदालत के हस्तक्षेप के बाद धरना समाप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने धरनास्थल के आसपास के दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और होटल संचालकों से असुविधा के लिए माफी भी मांगी। ब्यूरो

**50 लाख की बीमा राशि हड़पने के लिए साजिश**

### लिवर रोग से मौत, दिखाया हादसा चार पुलिसकर्मी समेत 9 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में 50 लाख रुपये के बीमा दावे के लिए धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने इस साजिश में शामिल एक सरकारी मेडिकल ऑफिसर, चार पुलिसकर्मियों और दो बीमा एजेंटों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने राजेंद्र जाधव नामक व्यक्ति की मौत को सड़क दुर्घटना बताकर बीमा राशि हड़पने की कोशिश की थी। जांच में खुलासा हुआ कि राजेंद्र की मौत वास्तव में 2024 में लीवर की बीमारी से हुई थी, जबकि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर इसे 2025 में हुआ दुर्घटना दिखाया। राजेंद्र जाधव की पत्नी और भाई ने इस साजिश में पुलिसकर्मियों और डॉक्टर की मदद ली, ताकि कागजी कार्रवाई पुख्ता की जा सके। बीमा कंपनी की सतर्कता से यह फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने विभिन्न कंपनियों से 7.5 करोड़ रुपये के दावे हासिल करने की साजिश रची थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

# यूपीएससी : टॉपर अनुज को 52.88 फीसदी अंक

## 2025 में से अनुज को मिले 1071 अंक, लिखित में 867 और साक्षात्कार में 204

अमर उजाला ब्यूरो

| रैंक | अभ्यार्थी | अंक | लिखित | साक्षात्कार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अनुज अग्निहोत्री | 1071 | 867 | 204 | 52.88 |
| 02 | राजेश्वरी सुवे एम | 1,067 | 865 | 202 | 52.69 |
| 03 | एकांश ढुल | 1,057 | 864 | 193 | 52.19 |
| 04 | राघव झुनझुनवाला | 1,042 | 847 | 195 | 51.45 |
| 05 | ईशान भटनागर | 1,038 | 823 | 215 | 51.25 |

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 के यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के टॉपर अनुज अग्निहोत्री ने इस परीक्षा में 52.88 फीसदी यानी 1071 अंक हासिल किए हैं। उन्हें मुख्य लिखित परीक्षा में 867 और व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार) में 204 अंक मिले हैं।


अनुज अग्निहोत्री

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा की अंतिम अंक तालिका जारी कर दी। इस बार परीक्षा में 958 अभ्यर्थी सफल हुए हैं जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं हैं। परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया था। इस परीक्षा में कुल अंक 2,025 होते हैं। लिखित या मुख्य परीक्षा 1,750 अंकों की और साक्षात्कार 275 अंकों का होता है। परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली राजेश्वरी सुवे एम ने 52.69 प्रतिशत के साथ 1,067 अंक प्राप्त किए हैं।

### पहले और दूसरे स्थान पर सिर्फ 4 अंक का फासला

सिविल सेवा परीक्षा में पहले और दूसरे स्थान पर आने वाले अभ्यर्थियों में सिर्फ चार अंक का फासला है। अनुज अग्निहोत्री को जहां 1071 अंक मिले थे वहीं राजेश्वरी सुवे को 1067। प्रारंभिक परीक्षा, पिछले वर्ष 25 मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,37,876 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे।


राजेश्वरी सुवे एम

**स्वास्थ्य**

**परेशान करने वाले एक भी व्यक्ति के कारण हो सकता है मानसिक तनाव**

# समय से पहले बुजुर्ग बना रहा नकारात्मक लोगों का साथ

**नई दिल्ली।** सामाजिक समूह में मौजूद नकारात्मक सोच और परेशान करने वाले लोगों के कारण आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं, ये आपको समय से पहले बूढ़ा भी बना रहे हैं। हाल ही में प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित एक शोध में ये बात सामने आई है। शोध के अनुसार, हमारे करीबी सामाजिक समूह में मौजूद नकारात्मक रिश्ते उम्र बढ़ने की प्रक्रिया पर सीधा असर डालते हैं।

अध्ययन में पाया गया कि प्रत्येक अतिरिक्त परेशान करने वाला व्यक्ति (हसलर) की उम्र बढ़ने की गति को लगभग 1.5 फीसदी तक बढ़ा देता है। डेटा के अनुसार, ऐसे एक व्यक्ति की मौजूदगी आपकी जैविक आयु यानी आपके शरीर की कोशिकाओं और उत्तकों की वास्तविक कार्यक्षमता को लगभग 9 महीने अधिक बूढ़ा बना सकती है।शोधकर्ताओं ने पाया कि बुढ़ापे का यह प्रभाव तब और भी अधिक गहरा हो जाता है, जब परेशान करने वाला व्यक्ति परिवार का कोई सदस्य हो। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अपने नेटवर्क में कम से कम एक ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति दर्ज कराई। अध्ययन में पाया गया कि कुछ विशेष समूह इन नकारात्मक संबंधों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इनमें महिलाएं, नियमित धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, खराब स्वास्थ्य वाले लोग (जिन्होंने बचपन में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया) शामिल हैं। एजेंसी



### रिश्ते बदलते हैं जीन की कार्यप्रणाली

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं सहित विशेषज्ञों की टीम ने इंडियाना (अमेरिका) के 2,345 लोगों के लार के नमूनों का विश्लेषण किया। वैज्ञानिकों ने इसमें डीएनए मिथाइलेशन की जांच की। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो जीन की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है। असामान्य डीएनए मिथाइलेशन अक्सर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जुड़ा होता है। शोध के अनुसार, नकारात्मक सामाजिक रिश्ते पुराने तनाव यानी क्रोनिक स्ट्रेस के रूप में कार्य करते हैं। यह तनाव शरीर में सूजन को बढ़ाता है और जीन की कार्यप्रणाली को बदलकर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर देता है।

**जरूरी है सकारात्मक सामाजिक दायरा**

विशेषज्ञों के अनुसार निष्कर्षों में पाया गया कि स्वस्थ शरीर के लिए बेहतरीन खान-पान ही काफी नहीं है, बल्कि एक सकारात्मक सामाजिक दायरा का होना भी अनिवार्य है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि स्वस्थ और लंबी उम्र के लिए हानिकारक सामाजिक संपर्कों को कम करना और मानसिक शांति को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है।

### न्यायिक भ्रष्टाचार पर अध्याय के लिए एनसीईआरटी ने फिर मांगी माफी, किताबें वापस


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी ) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका पर विवादित अध्याय शामिल करने के मामले में मंगलवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और पूरी किताब वापस ले ली गई। एनसीईआरटी ने कहा कि हाल ही में प्रकाशित किताब एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड के अध्याय 4 में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बैकलॉग और जजों की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया गया था।

एनसीईआरटी ने कहा कि इस अध्याय को लेकर हुई आपत्तियों के बाद निदेशक और सभी सदस्यों ने बिना शर्त माफी मांगी है। साथ ही पूरी किताब को वापस ले लिया गया है और अब यह कहीं उपलब्ध नहीं है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका पर की गई टिप्पणियों को आपत्तिजनक बताया था। ब्यूरो

### पीएम मोदी 13 मार्च को किसानों को देंगे 19,000 करोड़ की सौगात

**गुवाहाटी से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके माध्यम से 9.32 करोड़ किसानों को लगभग 19,000 करोड़ की सौगात मिलेगी। कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि डिजिटली किस्त जारी करने का यह कार्यक्रम असम के गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा।



फरवरी, 2019 में शुरू की गई इस योजना के तहत सरकार प्रत्येक पात्र किसान को तीन किस्तों में सालाना 6,000 रुपये प्रदान करती है। खरीफ फसलों की बुवाई से ठीक पहले जारी होने वाली इस राशि से किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे आवश्यक कृषि आदान जुटाने में मदद मिलने की उम्मीद है। आमतौर पर ये किस्तें फरवरी-मार्च, जून-जुलाई और अक्तूबर के दौरान जारी की जाती हैं।योजना के पिछले आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2025 में 19वीं किस्त के रूप में 9.8 करोड़ किसानों को 22,000 करोड़ रुपये भेजे गए थे। इसके बाद अगस्त, 2025 में 20वीं किस्त के तहत 9.7 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपये और नवंबर, 2025 में 21वीं किस्त के रूप में नौ करोड़ किसानों को 18,000 करोड़ रुपये दिए गए थे। ब्यूरो

# अमेरिकी एफ-35 जेट की रफ्तार धीमी करेगा चीन

## बिना गोली चलाए अमेरिकी जेट क्षमता प्रभावित करने की रणनीति

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव और ईरान से जुड़े हालिया घटनाक्रमों के बीच अमेरिका को चित करने के लिए चीन की रणनीति तैयार है। रेयर अर्थ खनिजों व टेक आपूर्ति श्रृंखला पर मजबूत पकड़ की बदौलत चीन बगैर युद्ध और बिना एक गोली चलाए भविष्य में अमेरिका के अत्याधुनिक एफ-35 फाइटर जेट की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार चीन का फोकस उन अहम कच्चे संसाधनों और तकनीकी सप्लाई चेन पर नियंत्रण बढ़ाने पर है, जिनके बिना आधुनिक सैन्य उपकरण बनाना मुश्किल हो जाता है।



### चीनी रेयर अर्थ खनिजों पर निर्भरता घटा रहा अमेरिका

अमेरिका भी 2027 तक रक्षा क्षेत्र में चीनी रेयर अर्थ खनिजों पर निर्भरता घटाने की योजना बना रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि नई खदानें विकसित करने और प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने में समय लगेगा, लेकिन इस संबंध में योजना बन चुकी है।

- विश्लेषकों के अनुसार आने वाले समय में महाशक्तियों के बीच मुकाबला केवल हथियारों से नहीं बल्कि संसाधनों और आपूर्ति श्रृंखला के नियंत्रण से भी तय हो सकता है, जहां बिना गोली चलाए भी रणनीतिक बढ़त हासिल की जा सकती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिकी एफ-35 समेत कई उन्नत हथियार प्रणालियों में रेयर अर्थ खनिजों का व्यापक इस्तेमाल होता है। ये धातुएं जेट इंजन, सेंसर, रडार और मिसाइल सिस्टम के लिए बेहद जरूरी मानी जाती हैं। चीन पहले से ही दुनिया में इन खनिजों की प्रोसेसिंग का बड़ा हिस्सा नियंत्रित करता है और हाल के वर्षों में इनके निर्यात पर कड़े नियम भी लागू किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार चीन की नई औद्योगिक और तकनीकी योजनाओं में एआई, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और एडवांस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ रेयर अर्थ संसाधनों पर पकड़ मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है।

# 2030 तक वैश्विक शिक्षा का नया केंद्र बनेगा भारत

**लंदन।** भारत तेजी से एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा केंद्र बनने की राह पर है। देश में आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में 2030 तक 8% की वार्षिक वृद्धि का अनुमान है।

ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंडस (क्यूएस) की ग्लोबल स्टूडेंट फ्लोज : इंडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है। 2025 तक भारत में लगभग 58,000 अंतरराष्ट्रीय छात्र पढ़ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में वीजा नियमों की सख्ती और शिक्षा के बढ़ते खर्च के चलते छात्र अन्य विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे में भारत आकर्षक गंतव्य बना है। एजेंसी

# कनाडा : गोलीबारी में घायल छात्रा के परिजनों ने ओपनएआई पर किया मुकदमा

## हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था लेकिन नहीं दी पुलिस को सूचना

**वैंकूवर।** कनाडा के स्कूल में गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने एक दीवानी मुकदमा दायर कर आरोप लगाया, चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा है। लेकिन उसने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। उसने 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस संपर्क किया।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने में किया था। ओपनएआई ने कहा, उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार करने के बावजूद पुलिस को सूचना नहीं दी। हमलावर रूस्टसेलार ने 8 की हत्या के बाद खुदकुशी कर ली। ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप है कि कंपनी को पता था कि हमलावर बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बना रहा था। एजेंसी

**भरोसेमंद सहयोगी की तरह किया इस्तेमाल**

मुकदमे में कहा गया है कि हमलावर ने चैटजीपीटी को एक भरोसेमंद सहयोगी और सलाहकार की तरह इस्तेमाल किया और कार्यक्रम ने उसकी योजना बनाने में मदद की। याचिका के अनुसार, कंपनी के कथित आचरण के कारण छात्रा माया गेबाला को पास से तीन गोलियां लगीं—एक सिर में, एक गर्दन में और एक गाल को छूते हुए निकल गई। उसे मस्तिष्क में गंभीर चोट लगी है, जिसके कारण उसे स्थायी मानसिक और शारीरिक अक्षमता का सामना करना पड़ सकता है।

## विदेश संक्षेप

### पाकिस्तानी हिंदू, सिंधी लोगों की दुर्दशा पर जिनेवा में प्रदर्शनी



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में वैश्विक मानवाधिकार रक्षा (जीएचआरडी) ने ब्रोकन चेयर स्मारक पर पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के बिगड़ते हालात उजागर करने वाली तीन दिनी फोटो प्रदर्शनी लगाई है। इसमें हिंदू, ईसाई, सिंधी, बलोच अल्पसंख्यकों द्वारा झेली जा रही कठिनाइयों के दृश्य दस्तावेजों की शृंखला दिखाई गई। एजेंसी

### कनाडा : अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर फायरिंग, सुरक्षा बढ़ी


**टोरंटो।** कनाडा की राजधानी टोरंटो में मंगलवार तड़के हमलावरों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर अंधाधुंध फायरिंग की। घटना सुबह 4:30 बजे की है, जब सफेद एसयूवी से आए दो लोगों ने इमारत पर कई राउंड गोलियां चलाईं और भाग गए। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की घटना करार दिया है। अब अमेरिकी और इस्राइली दूतावासों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एजेंसी

# यूएन में भारत का अफगानिस्तान को समर्थन, पाकिस्तान को कहा पाखंडी

## रमजान में हवाई हमले कर अफगानों को मारकर इस्लामी एकता दिखाना एक ढोंग

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान के हालात पर एक बैठक में भारत ने पाकिस्तान का पाखंड उजागर कर फटकारते हुए अफगानिस्तान का खुलकर समर्थन किया। भारत ने मानवीय चुनौतियों, सीमा पार हिंसा और व्यापार प्रतिबंधों पर चिंता जताते हुए कहा, अफगानों के समर्थन में नई दिल्ली अडिग है, लेकिन क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियां अस्वीकार्य हैं। भारत ने अफगान व्यापार प्रतिबंध, हवाई हमलों का मुद्दा भी उठाया।

सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पी. हरीश ने अफगानिस्तान में हाल में हुए हवाई हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून-संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताया। कहा, एक ओर वैश्विक कानून व इस्लामी एकजुटता के उच्च सिद्धांतों का समर्थन करना और दूसरी ओर रमजान के पवित्र माह में निर्दयतापूर्ण हवाई हमले पाकिस्तान का पाखंड है। इन हमलों में 6 मार्च तक 185 लोग मारे गए, जिनमें से लगभग 55% महिलाएं और बच्चे थे। इनमें एक लाख से अधिक लोग विस्थापित भी हुए। एजेंसी



पी. हरीश

### *व्यापार मार्ग से वंचित करना अनुचित*

*यूएन में भारत के प्रतिनिधि ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी हवाई हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर व राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए अफगानों का आर्थिक गला घोंटने पर चिंता जताई। उन्होंने व्यापार मार्ग से वंचित कर, जानबूझकर पहुंच रोकते हुए व्यापार-पारगमन आतंकी प्रथा को भी गलत बताया। हरीश ने कहा, विकासशील देशों पर यूएन घोषणाएं ऐसी कार्रवाइयों के सामने खोखली लगती हैं।*

### सीमापार आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर भी चर्चा की

अफगानिस्तान की स्वतंत्रता पर नई दिल्ली के रुख को दोहराते हुए भारत ने कहा, हम अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं। हरीश ने आतंकवाद के लगातार बढ़ते खतरे पर भी बात की और वैश्विक स्तर पर समन्वित प्रयासों का आह्वान किया ताकि आईएस, अलकायदा व लश्कर-ए-ताइबा या जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन सीमापार आतंकवाद में लिप्त न हों।

### अफगान युवाओं में क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह का जिक्र

एक सकारात्मक घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए राजदूत ने अफगान युवाओं में क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह का जिक्र कर कहा, अच्छी बात यह है कि आज अफगानिस्तान आने वाला कोई भी व्यक्ति अफगानों को क्रिकेट खेलते देखेगा। यह टीम लोगों का दिल जीत रही है। हरीश बोले, मेरा देश उनकी इस यात्रा का हिस्सा बनकर गौरवान्वित है और उन्हें अफगानिस्तान के उन लोगों के जीवन में अपार खुशी लाते हुए देखकर प्रसन्न है जो इतनी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

**■ अफगानों को समर्थन**

सुरक्षा परिषद में भारत ने अफगानिस्तान से दीर्घकालिक संबंधों को पर दोहराया कि नई दिल्ली विकास पहलों, स्वास्थ्य सेवा सहायता और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के जरिये अफगानों का समर्थन करने के प्रति प्रतिबद्ध है। भारत ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में 500 से अधिक विकास परियोजनाएं लागू कीं व खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं खेल क्षेत्रों में सहयोग जारी रखा है।

### *अफगानिस्तान को अमेरिका ने घोषित किया अगवा करने वाला प्रायोजक देश*

*वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान को अवैध हिरासत का प्रायोजक देश घोषित कर बंधक कूटनीति का आरोप लगाया। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, तालिबान आतंकी हथकंडे अपना रहा है, फिरौती के लिए लोगों को अगवा कर रहा है या नीतिगत रियायतें पाने के प्रयास कर रहा है। यह खत्म करना जरूरी है। एजेंसी*

# ट्रंप ने कहा-शांति से नहीं रह पाएंगे मोजतबा सर्वोच्च नेता चुने जाने पर जताई चिंता

## हमलों से ईरान की लगभग आधी मिसाइल क्षमता नष्ट होने का किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिवंगत अयातुल्ला सैयद अली खामनेई के बेटे मोजतबा खामनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि इस्लामी गणराज्य का नवनियुक्त नेता शांति से रह पाएगा क्योंकि क्षेत्र में शासन के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान जारी हैं।

ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार में एक बार फिर ईरान के खिलाफ हमले को उचित ठहराया। उन्होंने कहा कि ईरान से होने वाले संभावित हमलों को रोकने के लिए यह अभियान आवश्यक था। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों से ईरान की लगभग आधी मिसाइल क्षमता निष्क्रिय हो गई है। उन्होंने कहा, जब हमने उन पर पहला हमला किया, तो हमने उनकी 50 फीसदी मिसाइलों को नष्ट कर दिया। अगर हम ऐसा नहीं करते, तो लड़ाई कहीं अधिक कठिन होती। किसी अन्य राष्ट्रपति में ऐसा करने का साहस नहीं है। मैं ऐसा राष्ट्रपति नहीं चाहता जिसमें पांच या दस साल बाद ऐसा करने का साहस न हो। वहीं, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मंगलवार को कहा कि उनका देश ईरान के साथ अंतहीन युद्ध नहीं चाहता है। जर्मनी के विदेश मंत्री के साथ यरूशलम में पत्रकारों से बातचीत में सार ने कहा कि इस्राइल लड़ाई खत्म करने के समय को लेकर अमेरिका के साथ समन्वय करेगा। एजेंसी



डोनाल्ड ट्रंप

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा

युद्ध से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस समितियों को एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि ईरान पर पहले दो दिन के हमलों के दौरान 5.6 अरब डॉलर के हथियारों का इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की है कि यह संघर्ष अमेरिकी सैन्य भंडार को कम कर देगा, ऐसे समय में जब रक्षा उद्योग पहले से ही मांग पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### *ट्रंप एक गुमराह राष्ट्रपति हैं : ईरान*

ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता जनरल शेखरची ने ट्रंप को गुमराह राष्ट्रपति बताया है। उन्होंने कहा, ट्रंप, अमेरिका के गुमराह राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने बच्चों को मारने वाले इजराइली शासन को बचाने के मकसद से और ईरान के लोगों की रक्षा के बहाने, हमारे प्यारे देश के खिलाफ क्रूर हमला किया।

# बांग्लादेश को 5,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा भारत

**ढाका।** भारत पाइपलाइन के जरिये बांग्लादेश को 5,000 टन डीजल देगा। बांग्लादेश पेट्रोलियम निगम (बीपीसी) के अध्यक्ष मोहम्मद रेजानुर रहमान ने मंगलवार को बताया कि यह डीजल परबतीपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश करेगा। रहमान ने बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है। उस समझौते के अनुसार, भारत पाइपलाइन के माध्यम से प्रति वर्ष बांग्लादेश को 1,80,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा। अभी जो 5,000 टन डीजल आ रहा है, वह उसी समझौते का हिस्सा है। समझौते के अनुसार, छह महीने के भीतर बांग्लादेश में कम से कम 90,000 टन डीजल आयात किया जाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि अगले दो महीनों के भीतर हम पूरे छह महीनों के लिए आवश्यक डीजल की कुल मात्रा आयात कर लेंगे। एजेंसी

# अमेरिका में पिछले साल पत्रकारों पर 170 हमले

## अमेरिका में प्रेस की स्वतंत्रता में भारी गिरावट, मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाली श्रेणी में पहुंचा

**बगोटा।** अमेरिका में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति में 2025 में भारी गिरावट आई है। निगरानी संस्था इंटर अमेरिकन प्रेस एसोसिएशन (आईएपीए) ने मंगलवार को पश्चिमी गोलार्ध के 23 देशों में प्रेस की स्थिति पर जारी सालाना रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध वाले देशों की श्रेणी में पहुंच गया है। 2025 में वहां पत्रकारों पर 170 हमले हुए।

रिपोर्ट में कहा गया कि यह क्षेत्र के सबसे बुरे वर्षों में से एक रहा है, जिसमें पत्रकारों के खिलाफ हत्याएं, मनमानी गिरफ्तारियों जैसी घटनाएं हुई हैं। मियामी स्थित यह संस्था 2020 से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर वार्षिक सूची प्रकाशित कर रही है, जिसे चैपुलटेपेक सूचकांक के नाम से जाना जाता है। 2025 के सूचकांक में वेनेजुएला व निकारागुआ अभिव्यक्ति की आजादी से वंचित देशों की श्रेणी में हैं, जबकि इक्वाडोर, बोलीविया, होंडुरास, पेरू, मैक्सिको, हैती, क्यूबा व अल सल्वाडोर उच्च प्रतिबंध वाली श्रेणी में रखे गए हैं। वहीं, कनाडा, ब्राजील, चिली व पनामा को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कम प्रतिबंध वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। एजेंसी

# ईरान नहीं कर सकता भारत की अनदेखी : यूएई

## पश्चिम एशिया में शांति बहाली के लिए भारत की भूमिका को बेहद अहम बताया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर कहा कि क्षेत्र में शांति बहाली में भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारत में यूएई के राजदूत अब्दुलनासिर जमाल अलशाली ने एक साक्षात्कार में कहा कि ईरान के लिए भारत जैसे प्रभावशाली देश के रुख की अनदेखी करना मुमकिन नहीं है।

अलशाली ने क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की आवाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष वजन रखती है।

### राजदूत अलशाली बोले-यूएई बयानों के बजाय जमीनी कार्रवाई के आधार पर करता है मूल्यांकन

अलशाली ने ईरान की ओर से खाड़ी देशों से मांगी गई माफी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यूएई बयानों के बजाय जमीनी कार्रवाई के आधार पर मूल्यांकन करता है। उन्होंने कहा कि राजनयिक संदेशों के बावजूद हमले जारी रहना चिंताजनक है। अलशाली ने कहा कि वास्तविक शांति तभी संभव हो सकती है, जब ये हमले तुरंत और बिना शर्त रोके जाएं। यूएई अपनी संप्रभुता और अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा।

### *भारत का समर्थन और अंतरराष्ट्रीय दबाव*

*अलशाली के अनुसार भारत की तरफ से संयम बरतने की अपील क्षेत्रीय स्थिरता के लिए जरूरी अंतरराष्ट्रीय दबाव का हिस्सा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इन हमलों की निंदा करने और इन्हें रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिकी-इस्राइली सैन्य कार्रवाई में ईरानी नेतृत्व के हताहत होने के बाद से क्षेत्र में संघर्ष चरम पर है। राजदूत ने चेतावनी दी कि यूएई के संयम को उसकी कमजोरी न समझा जाए। देश के पास आत्मरक्षा का पूर्ण अधिकार है।*


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)

पत्रांक : कृ०उ०म०स० / कैन्टीन / 2025-26 / 806 दिनांक 110.03.2026

### कैन्टीन नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, जहाँगीराबाद में निर्मित 03 नग रिक्त कैन्टीनों को संयुक्त रूप से पात्र आवेदनकर्ताओं के मध्य निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन खुली नीलामी के आधार पर उच्चतम बोली के लिए आगामी तीन वित्तीय वर्षों (2026-27, 2027-28 व 2028-29) के लिए ठेका पर दिया जाना प्रस्तावित है ।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म/आवेदक से दिनांक 23.03.2026 समय 5:00 बजे अपरान्ह तक समिति कार्यालय में कैन्टीन हेतु प्रतिभूति धनराशि रू0 50000.00 (रूपये पचास हजार) मात्र की बैंक गारण्टी अथवा सचिव, मण्डी समिति के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करते हुये कैन्टीन नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से रू0 295/- देकर प्राप्त किया जा सकता है। कैन्टीनों की नीलामी पात्र आवेदकों के मध्य दिनांक 25.03.2026 को समय 01:00 बजे अपरान्ह में स्थान मण्डी समिति कार्यालय, जहाँगीराबद में करायी जायेगी। कैन्टीनों का स्थलीय निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में मण्डी स्थल में आकर किया जा सकता है। नियम व शर्तें समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी / पढ़ी जा सकती हैं।

(अनिल कुमार)
प्रभारी सचिव
मण्डी समिति, जहाँगीराबाद

(प्रियंका कुमारी)
उपजिलाधिकारी / सभापति
मण्डी समिति, जहाँगीराबाद



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 33 केवी सब स्टेशन असन्ध (करनाल) हेतु दूसरी कनैक्टीविटी को समायोजित करने के लिये 132 केवी सब स्टेशन असन्ध में एक 33 केवी लाईन बेय का प्रावधान | 06.03.2026 13.03.2026 | Rs. 1,97,996/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन भाटूकलां का, एचवीपीएनएल द्वारा वित्त वर्ष 2024-2025 की पहली छिमाही हेतु 132 केवी सब स्टेशन भाटूकलां में एक अतिरिक्त 1X20/25 एमवीए, 132/33 केवी ट्रांसफार्मर की फीडिंग हेतु 132 केवी ट्रांसफार्मर के सृजन हेतु तथा वित्त वर्ष 2024-2025 की पहली छिमाही में अतिरेकता हेतु एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी सब स्टेशन भाटूकलां में 1X20/25एमवीए, 132/33केवी प्लस (1X10/16 प्लस 1X16/20) एमवीए,132/11केवी ट्रांसफार्मर से 2X20/25 एमवीए 132/33 केवी प्लस (1X10/16 प्लस 16/20) एमवीए, 132/11 केवी ट्रांसफार्मर तक संवर्धन | 09.03.2026 24.03.2026 | Rs. 1,34,32,902/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं। SAMVAD:-13/2026/80/43700/I/1/7 Dt. 10/03/2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भवमा, सोनीपत | जिला सोनीपत में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, सोनीपत तथा ज्यूडिशियल ब्लॉक गन्नौर में ब्लॉक 4 व 6 कोर्ट भवन में दिव्यांगों हेतु सुविधा का प्रावधान व संस्थापन। | 06.03.2026 13.03.2026 | 49.57 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01302200575 kumarsubhash1990@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भवमा, गुरूग्राम | कोर्ट कॉम्पलैक्स गुरूग्राम में वल्नरेब्ल विटनेस कोर्ट की विशेष मरम्मत। | CLOSING DATE 16.03.2026 | 1.02 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भवमा, गुरूग्राम | ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, गुरूग्राम में कोर्ट न.13 का नवीकरण। | CLOSING DATE 16.03.2026 | 1.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई व जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | वाई. डब्ल्यू.एस. (मकै.) डिवीजन, फरीदाबाद के अंतर्गत बनारसी पंप हाउस तथा कोटला पंप हाउस पर 05 टन क्षमता की 02 अदद छः दिशाओं वाली ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) क्रेन की सप्लाई, उत्थापन व कमिशनिंग। | 10.03.2026 24.03.2026 | 14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01722582542 xenproc@gmail.com |
| 5 | सिंचाई व जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | आरडी 110000 से आरडी 122348 तथा 2 और की सरप्लस मिट्टी की नीलामी द्वारा डायवर्शन ड्रेन न. 8 का इसके डिजाईन सेक्शन का पुनर्स्थापन। | CLOSING DATE 16.03.2026 | 272.58 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 6 | सिंचाई व जल संसाधन विभाग हरियाणा, गोहाना | एसएसडबल्यूएल को गहरा करने के लिए गांव छपरा के तालाब व खेतों से भूमिगत 600 एमएम डाया तथा 900 एमएम डाया के आरसीसी एनपी-3 की बिछाई तथा गांव छपरा में 7 अदद शेलो ट्यूबवैल तथा गांव बनवासा में 8 अदद शेलो ट्यूबवैल के लिए आकलन। | 03.03.2026 16.03.2026 | 209.10 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव मुगल माजरा ब्लॉक कुंजपुरा करनाल में बारात घर में ई.आई. का प्रावधान तथा गांव बड़ा गांव ब्लॉक कुंजपुरा करनाल में कश्यप चौपाल में ई.आई. का प्रावधान। | 04.03.2026 12.03.2026 | 2.22 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | कछवाः रायफार्म, गांवः कछवा ब्लाक करनाल स्कीम वीएएनजीवाई में कॉम्युनिटी हॉल के बचे हुए कार्य को पूरा करना। | 07.03.2026 16.03.2026 | 2.47 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव फरमाना मेहलां में पाने वाली जनरल चौपाल का निर्माण+4 कार्य। | 09.03.2026 16.03.2026 | 114.51 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | विभिन्न डायमीटर की सीवर लाईनों का प्रावधान व बिछाई, विभिन्न डायामीटर की मौजूदा सीवर लाईनों का प्रतिस्थापन, 1 अदद इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) का निर्माण तथा अन्य सभी संभावित कार्य+ 1 कार्य। | CLOSING DATE 18.03.2026 | 614.15 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 11 | वन विभाग चरखी दादरी | वन परिसर, चरखी दादरी के पार्किंग शैड का निर्माण। | 09.03.2026 16.03.2026 | 4.31 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |
| 12 | नागर विमानन विभाग, हरियाणा | ग्राऊंड पावर यूनिट नाम "पॉवरवेम्प (मॉडल कूलस्पूल 29 टविन) या समकक्ष मॉडल/ब्रांड, 28 वोल्ट डीसी वर्जन, 4800 एम्पी." के एक टविन पैक (संपूर्ण सेट) का प्रापण। | 10.03.2026 24.03.2026 | | www.haraviation.gov.in | 01722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.etenders.hry.nic.in पर जाएं। PRDH : -11/2026/240/43689/I/1/7 Dt. 10/03/2026



## Government of Jammu & Kashmir
## Office of the Executive Engineer, Trans. Line Maintt. Division-VII, JKPTCL Bemina, Srinagar-190010

Ph. No. 0194-3516481 e-mail: tlmd-vii.sgr@jk.gov.in

***********

### NOTICE INVITING TENDER

**e-NIT No: TLMD-7/ 14 of 2025-26**
**Dated: 10: 03:2026**

For and on behalf of the Managing Director JKPTCL Kashmir, Superintending Engineer O&M Circle-II, JKPTCL PDD Bemina Srinagar invites online e-bids valid for 120 days, from eligible, reputed, experienced and financially sound registered Manufacturers, authorized suppliers, Stockists & Executing agencies who have experience of Supply of Hardware Fittings or any other material to Power Transmission Line works of 132kV & above voltage level as per Terms, Conditions, Technical Specifications and Schedules thereto mentioned in the Standard Bidding Document, for the job detailed below.

The cost of tender documents shall be deposited in the Account of Executive Engineer Transmission Line Maintenance Division-VII, Srinagar bearing CD A/C No. 0367010200000182. Scanned copy of original EMD in the form of CDR/TDR/BG pledged to the Superintending Engineer O&M Circle-II, JKPTCL Srinagar shall be uploaded along with other credentials.

| S. # | Description of Work | Qty | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Lacs) | Cost of Tender Documents (Non-refundable) INR | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of line material suitable for 0.4 ACSR Zebra conductor viz hardware fittings, vibration Dampers, Midspan Compression joints and 120KN disc insulators for 220kv transmission line. | As per BOQ | 55.56 | 1.12 | 1000.00 | 45 days |

The Bidding Documents consisting of Pre-Qualifying Requirements / eligibility criteria, specifications, Bill of Quantities (BOQ), set of Terms and Conditions of the contract and other related details can be seen/downloaded from the J&K State Government's website http://www.jktenders.gov.in, as per Scheduled of dates given below:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Date of Issue of Tender Notice | 10-03-2026 |
| (ii) | Online Start date of downloading of Tender Documents | 10-03-2026 (10:00Hrs.) |
| (iii) | Online Start date & time of e-Bid submission | 11-03-2026 (14:00 Hrs.) |
| (iv) | Online Last date & time of e-Bid submission | 01-04-2026 (14:00 Hrs.) |
| (vi) | Online Techno-Commercial Bids Opening Date & time | 02-04-2026 (12:00Hrs.) |
| (vii) | Date and time of opening of Price e-Bid (Only of the technically qualified Bidders) | The date & time of opening of price e-bids shall be notified separately |
| viii) | Status of TS & AA | Approved |
| ix) | Status of Funds | Available |
| x) | Account head | CAPEX |


1. The Techno-Commercial Bids of all participating Bidders shall be opened online in the office of Superintending Engineer O&M Circle-II, JKPTCL Bemina Srinagar. The date & time of opening of Price Bids shall be notified on J&K Government's website http://www.jktenders.gov.in and conveyed to the Bidders automatically through e-mail message on their e-mail address.
2. Clarifications, if any, can also be sought from the office of the undersigned on e-mail: tlmd7.jkptcl@gmail.com or during office working hours.
3. The Department reserves the right to reject any or all the Bids at any stage without assigning any reason thereof.

Sd/-
Executive Engineer
TLMD-VII Srinagar

DIP/K-NB-3562-25
Dtd : 10-03-2026

## आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच बने हेडन

*अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल से पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर मैथ्यू हेडन को टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। दो बार के वनडे विश्वकप विजेता हेडन ने 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15,066 रन बनाए। टीम से जुड़ने के बाद हेडन ने कहा, अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है, महान बल्लेबाजी खेल पर कब्जा करती है। यही मानक हम गुजरात में लाना चाहते हैं। वह आईपीएल में पहली बार कोचिंग करेंगे। वह मैथ्यू वेड की जगह लेंगे। एजेंसी*



# कई कीर्तिमान लिख गया विश्वकप, पहले के मुकाबले 50 फीसदी ज्यादा लगे छक्के

## पहली बार छह भारतीयों के 200 से ज्यादा रन कुल 780 छक्के लगे, जिनमें भारत के 106

**नई दिल्ली।** टी-20 क्रिकेट का स्तर अब कितना ऊंचा हो गया है, इसका अंदाजा दो दिन पहले समाप्त हुए टी-20 विश्वकप के आंकड़ों से आसानी से लगाया जा सकता है। भारत और श्रीलंका में हुए इस टूर्नामेंट में रनों और छक्कों की बारिश देखने को मिली।

कुल 780 छक्के लगे, जो 2024 के संस्करण में लगे 517 छक्कों से 50.87 प्रतिशत अधिक है। सबसे ज्यादा भारतीय टीम ने 106 छक्के लगाए। यह अब तक के किसी भी टी-20 विश्वकप में सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड है। भारतीय पिचों पर बल्लेबाजों ने खुलकर हाथ खोले और मात्र 35 मैचों में ही 600 छक्के जड़े गए। इस ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नतीजा यह रहा कि पूरे टूर्नामेंट में 14 बार टीमों ने 200 रन का आंकड़ा पार किया। विश्व विजेता भारतीय टीम ने इस मामले में बाजी मारी और सर्वाधिक तीन बार 250 से ज्यादा का स्कोर बनाया। हमारे छह बल्लेबाज ऐसे रहे जिन्होंने 200 से अधिक रन बनाए, जबकि किसी अन्य टीम के तीन से ज्यादा खिलाड़ी इस आंकड़े को नहीं छू सके। इन आंकड़ों ने बताया कि टी-20 क्रिकेट का रोमांच पहले से कई गुना बढ़ गया है। -खेल डेस्क



**इस विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| संजू सैमसन | 05 | 321 |
| ईशान किशन | 09 | 317 |
| सूर्यकुमार | 09 | 242 |
| शिवम दुबे | 09 | 235 |
| हार्दिक पंड्या | 09 | 217 |
| तिलक वर्मा | 09 | 207 |



**संजू सबसे कम मैच खेलकर बने श्रेष्ठ बल्लेबाज :** संजू ने विश्वकप में हुए कुल 9 मैचों में से केवल 5 मैच खेले और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। विश्वकप इतिहास में कोई खिलाड़ी एक से ज्यादा मैच में बाहर होकर यह पुरस्कार नहीं जीता।



**बुमराह का विश्वकप में प्रदर्शन**

| वर्ष | मैच | विकेट | इकॉनमी |
|---|---|---|---|
| 2021 | 05 | 07 | 5.08 |
| 2022 | नहीं खेले | | |
| 2024 | 08 | 15 | 4.17 |
| 2026 | 08 | 14 | 6.21 |

### बुमराह की गेंदबाजी का नहीं मिल रहा तोड़

भारत की सबसे बड़ी ताकत जसप्रीत बुमराह तीसरी बार विश्वकप के सबसे किफायती गेंदबाज रहे। विश्वकप में उन्होंने 6.21 की इकॉनमी से रन दिए। कोई भी अन्य गेंदबाज एक से ज्यादा बार ऐसा नहीं कर सका। वह अजंता मेंडिस (2012) के बाद फाइनल में 4 विकेट लेने वाले पहले हैं।

### शतकवीरों ने तोड़े रिकॉर्ड

इस बार 7 व्यक्तिगत शतक लगे जो पिछले संस्करणों की तुलना में तीन गुना से भी अधिक है। पिछले सभी संस्करणों में कभी दो से ज्यादा शतक नहीं लगे। न्यूजीलैंड के फिन एलन (33) सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। 20 बार खिलाड़ियों ने 25 गेंदों के अंदर अर्धशतक पूरा किया।

**भारत ने छोड़े रिकॉर्ड 15 कैच**
इस विश्वकप में हमारे खिलाड़ियों ने जितना बल्ले और गेंद से प्रभाव डाला, उतना क्षेत्ररक्षण से नहीं कर सके। भारत के पूरे टूर्नामेंट में कुल 15 कैच छोड़े जोकि अंतरराष्ट्रीय टी-20 की किसी भी सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा है।

# टी-20 विश्वकप से पहले कैप्टन कूल से जीत का मंत्र लेकर आए थे सूर्यकुमार

## घर पहुंचे विश्व विजेता कप्तान ने कहा-कपिल, धोनी और रोहित के समूह में शामिल होना गौरव की बात

**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव अब कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं। इस समूह में शामिल होने के लिए सूर्यकुमार ने इन्हीं दिग्गजों से मार्गदर्शन हासिल किया। टी-20 विश्वकप जीतने के बाद मंगलवार को मुंबई स्थित अपने घर पहुंचे सूर्यकुमार ने उस रहस्य का उद्घाटन किया, जिससे उन्हें खिताब जीतने में काफी मदद मिली।

सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि टी-20 विश्वकप शुरू होने से पहले वह कैप्टन कूल यानी महेंद्र सिंह धोनी से मिले थे। धोनी ने उन्हें समझाया कि आपकी टीम बहुत शानदार है। इसमें चैंपियन बनने के सारे गुण हैं। धोनी ने सूर्यकुमार को जीत का अचूक मंत्र देते हुए कहा था, हमें साहस और धैर्य बनाए रखना होगा, जीत अवश्य मिलेगी। सूर्यकुमार ने कहा, विश्वकप जीतने के बाद अब मुझे एहसास हो रहा है कि कपिल, धोनी और रोहित जैसे महान खिलाड़ियों के क्लब में शामिल सुखद और गौरव की बात है। उन्होंने वादा किया कि वह पूरा प्रयास करेंगे कि देश को ज्यादा से ज्यादा उपलब्धियां दिला सकें।

फटाफट क्रिकेट के नए विश्व विजेता कप्तान ने फिर दोहराया कि उनका अगला लक्ष्य 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में देश को स्वर्ण दिलाना और इसके बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में अपने खिताब की रक्षा करना है। एजेंसी



मुंबई पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते कप्तान सूर्यकुमार।

### लगातार खिताब जीतना सुखद एहसास

सूर्यकुमार ने कहा, 2024 के ठीक बाद 2026 का टी-20 विश्वकप जीतना सुखद एहसास है। उन्होंने कहा, जब हमने 2024 का खिताब जीता था, तब सोचा था कि अब 2026 में घर में जीतना वाकई अद्भुत होगा। भारत ने सबसे पहला आईसीसी विश्वकप 1983 में कपिल देव की कप्तानी में जीता था। इसके बाद 2007 में धोनी ने टी-20 और 2011 में वनडे विश्व खिताब देश को दिलाए। 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत दूसरी बार टी-20 का विश्व विजेता बना, तो अब तीसरी बार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह गर्व का क्षण देशवासियों को मिला है।

- ***अब आईपीएल की तैयारी में जुटेंगे...*** *सूर्यकुमार यादव ने कहा, अब उनका लक्ष्य इसी माह से शुरू होने जा रहे आईपीएल की तैयारियां करने पर है। उन्होंने कहा, पहले वह कुछ दिन आराम करेंगे, फिर आईपीएल की तैयारी शुरू कर देंगे। हालांकि, सबसे बड़ा लक्ष्य उनके सामने 2028 के ओलंपिक खेल हैं।*

### विश्व विजेता टीम को ₹131 करोड़ की पुरस्कार राशि देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय नियंत्रण क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एलान किया कि देश को तीसरा टी-20 विश्व खिताब दिलाने वाली सूर्यकुमार यादव की टीम को 131 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। यह राशि 15 खिलाड़ियों समेत कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ में बांटी जाएगी। हालांकि, राशि का ज्यादा हिस्सा खिलाड़ियों के खाते में जाएगा। एजेंसी

**खिलाड़ियों को 6-6 करोड़**

- *2024 में रोहित की अगुवाई में चैंपियन बनी टीम को बोर्ड ने 125 करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी थी। इस बार छह करोड़ की वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार सभी 15 खिलाड़ियों में प्रत्येक को छह-छह करोड़ बांटे जाएंगे, जबकि शेष 41 करोड़ रुपये कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ के खाते में जाएंगे।*

### मिचेल को गेंद मारने पर अर्शदीप पर लगा जुर्माना



**दुबई।** भारतीय पेसर अर्शदीप पर फाइनल मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर आक्रामक और अनुचित रूप से गेंद फेंकने के लिए आईसीसी ने 15 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। इसके अतिरिक्त उन पर एक डीमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने में उनका पहला अपराध था। फाइनल मैच में 11वां ओवर फेंक रहे अर्शदीप ने गेंद रोककर फोलो थ्रू में आक्रामक होकर मिचेल के पैड पर गेंद मार दी थी। अर्शदीप ने आईसीसी पैनल की ओर से लगाए गए जुर्माने को अपनी गलती मानते हुए स्वीकार कर लिया है, जिससे अब इस मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं है। एजेंसी

## न्यूज डायरी



टी-20 विश्वकप जीतने के बाद ईशान किशन का मंगलवार को अपने घर पटना पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। एजेंसी

### आईपीएल 28 से, कल तक जारी होगा कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, आईपीएल का नया सत्र 28 मार्च से 31 मई तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा, कुछ राज्यों में संभावित चुनावों की तिथियों को ध्यान में रखते हुए एक-दो दिन में आईपीएल का कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। आईपीएल का आयोजन दो चरणों में होगा। आईपीएल का कार्यक्रम शुरुआती 20 दिन के लिए जारी होगा। दूसरा, चुनावी तिथियां घोषित होने के बाद। एजेंसी

### मिशन ओलंपिक...अहमदाबाद को 1,331 करोड़ आवंटित

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने राज्य को खेल केंद्र में बदलने और अहमदाबाद को ओलंपिक के लिए विकसित करने के उद्देश्य से 1,331 करोड़ रुपये का बजट खेलों के लिए आवंटित किया है। विधानसभा में मंत्री जीतू वघानी ने बताया कि खेल, युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के लिए कुल 2,006 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जिनमें 1,331 करोड़ केवल खेल विभाग के लिए प्रस्तावित है। एजेंसी

# 2027 विश्वकप पर बुमराह की नजर, खेलेंगे ज्यादा वनडे

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद भारत का अगला बड़ा लक्ष्य अगले वर्ष अक्तूबर-नवंबर में होने वाला वनडे विश्वकप है। भारत को तीसरी बार वनडे विश्व चैंपियन बनना है तो गेंदबाजी के ब्रह्मास्त्र 32 वर्षीय जसप्रीत बुमराह का फिट रहना जरूरी है। यही कारण है कि टीम प्रबंधन अब उन्हें इस विश्वकप के लिए संजोकर रखना चाहता है। संभावना यही है कि अगले 18 माह में बुमराह ज्यादा से ज्यादा वनडे मैचों में खेलेंगे, जबकि ज्यादातर टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखलाओं में उन्हें कार्यभार प्रबंधन के चलते आराम दिया जाएगा।

**आईपीएल के बाद शुरू होंगी वनडे की तैयारियां :** वनडे को विश्वकप तक टी-20 के मुकाबले ज्यादा अहमियत की जाएगी। हालांकि, इस दौरान कई टी-20 शृंखलाओं के साथ ऐची-नागोया में एशियाई खेल भी होने हैं। एशियाड में सूर्यकुमार के टीम की अगुवाई करने की संभावना है। बुमराह समेत अन्य सीनियर भारतीय खिलाड़ी 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में खेलने को उत्सुक हैं, जो टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। भारत की वनडे की तैयारियां आईपीएल के बाद शुरू होंगी। आईपीएल में बुमराह मुंबई इंडियंस के आक्रमण की मुख्य धुरी होंगे। आईपीएल के बाद चयन समिति, उत्कृष्टता केंद्र प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल वनडे विश्वकप की तैयारियों का खाका खीचेंगे, जिसमें बुमराह का कार्यभार प्रबंधन सबसे अहम पक्ष होगा। एजेंसी

### कार्यभार प्रबंधन के चलते कम खेलेंगे टी-20 मैच

**2023 विश्वकप के बाद एक भी वनडे नहीं खेले बुमराह**
19 नवंबर, 2023 को विश्वकप फाइनल हारने के बाद बुमराह ने कुल 42 मैच खेले, जिनमें 21 टेस्ट और इतने ही टी-20 शामिल हैं, लेकिन वह वनडे एक भी नहीं खेले। वनडे क्रिकेट के लिहाज से भारत के तेज गेंदबाजी पूल में ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन समझा जाता है कि मुख्य गेंदबाज बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा (जब भी वह फिट हों) होंगे।

## चार्टर्ड फ्लाइट रद्द, निजी जेट से भेजे जा रहे दक्षिण अफ्रीका और विंडीज के खिलाड़ी

**कोलकाता।** आईसीसी ने भारत में फंसे वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटरों को अलग-अलग निजी जेट से स्वदेश भेजा जा रहा है। कोलकाता से उड़ान भरने वाली खिलाड़ियों की चार्टर्ड फ्लाइट मंगलवार को अचानक रद्द हो गई थी। अपने देश न पहुंच पाने से निराश खिलाड़ियों से आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने खुद बात की और उन्हें सुरक्षित भेजने भरोसा दिलाया। वेस्टइंडीज के कोच सैमी सोमवार को ही रवाना हो गए। अन्य खिलाड़ी धीरे-धीरे भेजे जा रहे हैं। एजेंसी

## सेमीफाइनल के लिए भारत को वेल्स को ड्रॉ पर रोकना होगा

**महिला हॉकी विश्वकप क्वालिफायर्स**

**हैदराबाद।** भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को वेल्स के खिलाफ कम से कम ड्रॉ हासिल करने की कोशिश करेगी। पूल बी में भारत दो मैचों से 4 अंक के साथ शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड के भी चार अंक हैं, लेकिन गोल अंतर में पीछे है।

प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत को जीत या ड्रॉ से अंतिम-4 में प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन हार मिलने पर उसका पहुंचा स्कॉटलैंड-उरुग्वे मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। एजेंसी

### एशियन कप : महिला फुटबाल टीम बाहर

**सिडनी।** भारतीय महिला फुटबाल टीम एएफसी महिला एशियन कप से बाहर हो गई है। उसे मंगलवार को ताइवान ने 3-1 से हराया। मनीषा कल्याण ने 39वें मिनट में भारत का एकमात्र गोल किया। भारतीय कप्तान स्वीटी और गोलकीपर पंथोई चानू मैच के 83वें मिनट में टकरा गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एजेंसी

## 22 साल बाद दिल्ली को तीरंदाजी एशिया कप की मेजबानी

**कोलकाता।** दिल्ली को 2027 के तीरंदाजी एशिया कप की मेजबानी मिली है। देश में 22 साल बाद तीरंदाजी का बड़ा टूर्नामेंट होगा। इससे पहले 2005 में दिल्ली में एशियाई चैंपियनशिप हुई थी। विश्व तीरंदाजी एशिया के अध्यक्ष काजी राजिब उद्दीन अहमद चपोल ने भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा के साथ तीन दिन तक कोलकाता का दौरा किया। इसके बाद मंगलवार को हुई बैठक के बाद भारत को एशिया कप समेत अन्य टूर्नामेंटों की मेजबानी सौंपने का निर्णय लिया गया। एजेंसी

**असर** गांधीनगर में एक अप्रैल से होनी थी चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है

# युद्ध की मार...एशियाई वेटलिफ्टिंग स्थगित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध की मार के चलते देश में पहली बार आयोजित की जा रही एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप को स्थगित कर दिया गया है। यह चैंपियनशिप गांधीनगर में एक से 10 अप्रैल तक आयोजित होनी थी, लेकिन युद्ध के कारण अब इस चैंपियनशिप को 12 से 17 मई तक गांधीनगर में कराने का फैसला लिया गया है। ग्लासगो में इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होने के कारण यह चैंपियनशिप बेहद अहम है।

राष्ट्रमंडल खेलों की एंट्री की अंतिम तिथि 18 मई है। इस कारण अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने चैंपियनशिप को 12 मई से कराने का फैसला लिया है। अगर तब तक भी हालात नहीं सुधरे तो चैंपियनशिप से क्वालिफाइंग का दर्जा जा सकता है। इस चैंपियनशिप में पश्चिम एशियाई देशों को भी शिरकत करनी थी। वेटलिफ्टिंग में इन देशों का अच्छा दखल है।



मीराबाई चानू

### भारत में पहला टूर्नामेंट टला

आईडब्ल्यूएफ ने पश्चिम एशियाई देशों की स्थिति और अन्य देशों के लिए उपजे हवाई यात्रा संकट को ध्यान में रखते हुए चैंपियनशिप को स्थगित करने का फैसला लिया। पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते भारत में किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के स्थगित होने का यह पहला मामला है।

- *इस चैंपियनशिप में ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू को भी शिरकत करनी है। उन्होंने हाल ही में मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 205 किलो वजन उठाकर 48 किलो भार वर्ग में नए राष्ट्रीय कीर्तिमान रचे थे। इस वक्त वह मोदीनगर में इस चैंपियनशिप की तैयारियों में जुटी हैं।*

- *एशियाई चैंपियनशिप में प्रदर्शन से मीरा एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी रणनीति तैयार करेंगी।*

**अमर उजाला**
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए प्रकाशक जुगल किशोर गौड़ द्वारा, अमर उजाला लिमिटेड, 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक जुगल किशोर गौड़ द्वारा अमर उजाला लिमिटेड, सी- 21, 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

## बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

ऑस्कर अवार्ड सेरेमनी का इंतजार बेसब्री से हो रहा है। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में समारोह का आयोजन होगा। फिल्म 'वन बैटल ऑफ्टर अनदर' को 13 नॉमिनेशन के साथ पुरस्कार की रेस में है।

98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह कई खास वजहों को लेकर चर्चा में है। फिल्म 'सिनर्स' ने सबसे ज्यादा 16 श्रेणियों में नॉमिनेशन पाकर रिकॉर्ड बनाया है।

# ऑस्कर के मंच पर होंगी प्रियंका, प्रसारण 16 को

**98वें** ऑस्कर अवाइर्स समारोह का आयोजन 16 मार्च को अमेरिका के कैलिफोर्निया में किया जाएगा। भारतीय फैंस इस बार ऑस्कर सेरेमनी का बेसब्री से इंतजार इसलिए भी कर रहे हैं, क्योंकि इस बार देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा भी समारोह में नजर आएंगी। वह प्रेजेंटर के तौर पर शिरकत करेंगी। मंच पर विजेताओं को अवॉर्ड देती दिखाई देंगी। उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और ऐन हैथवे जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे भी मंच पर होंगे।

**■ प्रसारण का समय**
भारत में समय के अंतर के चलते ऑस्कर का प्रसारण 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से शुरू होगा। पहले रेड कारपेट और फिर मेन इवेंट का प्रसारण किया जाएगा। सुबह 4:30 बजे से जियो हॉटस्टार एप और वेबसाइट पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं। स्टार मूवीज चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। अमेरिका में इसका प्रसारण एबीसी चैनल पर किया जाएगा, जबकि इसे हुलु पर लाइव स्ट्रीम भी किया जा सकता है।




प्रियंका इससे पहले 2016, 2017 और 2023 में भी ऑस्कर में शामिल हुई थीं।

**■ कौन करेगा हॉस्ट?**
समारोह 15 मार्च 2026 को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनिया भर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। इस बार समारोह को मशहूर कॉमेडियन और टीवी होस्ट कॉनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। कॉनन ने पिछले साल भी ऑस्कर होस्ट किया था।

**■ इन फिल्मों पर होगी नजर**
नॉमिनेशंस की बात करें तो इस बार फिल्म 'सिनर्स' सबसे आगे है। फिल्म को रिकॉर्ड 16 नॉमिनेशन मिले हैं और यह कई बड़ी कैटेगरी में मजबूत दावेदार मानी जा रही है। इसके अलावा 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को 13 नॉमिनेशन मिले हैं और यह भी अवॉर्ड की रेस में बताई जा रही है।

## 'टॉक्सिक' के डर से आगे खिसकी वरुण की फिल्म?

वरुण धवन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' अब अपनी तय तारीख पर रिलीज नहीं होगी। इसकी रिलीज डेट बदल गई है।



**मंगलवार** को फिल्म के निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा की। पहले यह फिल्म 5 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भले ही निर्माताओं का कहना है कि उन्होंने रिलीज हालिया घटनाक्रमों और मौजूदा स्थिति को देखते हुए आगे बढ़ाई है। चर्चा है कि यह बदलाव 'टॉक्सिक' से बॉक्स ऑफिस पर टकराव से बचने के लिए किया है। यश की यह फिल्म पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी, अब 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे।

मंगलवार को अभिनेता रणदीप हुड्डा के घर किलकारी गूंजी। अभिनेता की पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया। रणदीप ने तस्वीरें साझा कर यह खुशखबरी दी।

## पिता बने रणदीप हुड्डा घर आई नन्ही परी

**रणदीप हुड्डा** ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की तस्वीरें साझा कीं। अभिनेता ने बताया कि वह एक बेटी के पिता बन गए हैं।



रणदीप ने दो तस्वीरें साझा कीं। जहां एक तस्वीर में बेटी पिता की गोद में नजर आ रही है, वहीं दूसरी में रणदीप-लिन की बेटी के नन्हे हाथ नजर आ रहे हैं।

**■ पिता के जन्मदिन पर बेटी का जन्म :** तस्वीरें साझा करते हुए रणदीप ने लिखा-, 'दादाजी और पोती को जन्मदिन की बहुत बधाई।' बता दें कि 10 मार्च को ही रणदीप हुड्डा के पिता का भी जन्मदिन होता है।

**■ पत्नी को कहा शुक्रिया :** रणदीप ने अपनी पोस्ट में पत्नी लिन लैशराम का भी शुक्रिया किया। उन्होंने लिखा, 'आज जब मैं पिता बना हूं, तो आपका तथा मेरा रिश्ता और गहरा हो गया है, पापा। सबसे जरूरी बात, लिन मुझे पिता बनाने और हमारी छोटी बच्ची को इस दुनिया में लाने के लिए धन्यवाद। रणदीप और लिन ने साल 2023 में शादी की थी।



तेहरान के कूहसर में तेल डिपो पर हमले के बाद सीवेज सिस्टम में तेल फैलने से लगी भीषण आग।


तेहरान में इस्राइल-अमेरिका के हवाई हमले में ध्वस्त इमारत में बचाव कार्य में जुटे जवान।

**भारत में ईंधन आपूर्ति पर युद्ध का सीधा असर साफ दिख रहा है।** कुवैत से होने वाली ईंधन सप्लाई में रुकावट के कारण एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। खासकर होटल-रेस्तरां में उपयोग होने वाले वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों का संकट गहरा गया है।

# कई शहरों में वाणिज्यिक एलपीजी की भारी किल्लत, होटल-रेस्तरां बंद होने का खतरा

## एक हफ्ते से आपूर्ति लगातार बाधित, होटलों में काम करने वालों की नौकरियों पर लटकी तलवार

**नई दिल्ली/मुंबई/कोलकाता/चेन्नई।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव का असर अब भारत में रोजमर्रा के जीवन पर दिखने लगा है। दिल्ली, बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा समेत कई राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडरों की भारी कमी हो गई है। इससे होटल और रेस्तरां के संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। उद्योग संगठनों के अनुसार, अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलूरू और कोलकाता समेत कई शहरों में एक-दो दिनों में बड़ी संख्या में होटल-रेस्तरां बंद करने पड़ सकते हैं।

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बताया कि मुंबई के अलावा पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के शहरों में भी ऐसी ही समस्या सामने आ रही है। शेट्टी ने कहा कि पिछले एक हफ्ते से कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति लगातार बाधित हुई है। सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप है। इसका सर्वाधिक असर छोटे और मध्यम स्तर के रेस्तरां पर पड़ा है, क्योंकि उनके पास सिलिंडरों का स्टॉक नहीं होता है।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा, कई रेस्तरां पहले ही सीमित मेन्यू रखने या अलग-अलग समय पर संचालन करने पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल ज्यादातर रेस्तरां के पास एलपीजी सिलिंडर का महज 1-2 दिन का स्टाक बचा है। नई आपूर्ति नहीं मिली तो बंदी का सामना करना पड़ेगा। इससे घबराहट फैल सकती है। बड़ी संख्या में लोगों की नौकरियां जा सकती हैं। ब्यूरो/एजेंसी


नागपुर में मंगलवार को एक डिपो पर एलपीजी सिलिंडर लोड करते कामगार। *एजेंसी*

### सिलिंडर की प्री-बुकिंग में तेजी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कुछ शहरों में घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की मारामारी देखी जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के डर से दिल्ली के कई इलाकों में घबराहट में एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग बढ़ गई है, जिससे गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें लग रही हैं। दिल्ली के खान मार्केट स्थित किरण गैस सर्विसेज के एक प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मांग करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

### कम ईंधन में तैयार खाने का मेन्यू शुरु

वाणिज्यिक सिलिंडरों की कमी को देखते हुए केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कुछ होटलों में कम गैस में बनने वाले खाने का मेन्यू शुरू कर दिया गया है। एक होटल मालिक ने बताया कि खाड़ी में संघर्ष की वजह से गैस सिलिंडर कम मिल रहे हैं। इसलिए उन्हें गैस बचाने के लिए कुछ सख्त कदम उठाने पड़े हैं। पहले होटल में नाश्ते के आइटम पूरे समय मिलते थे, लेकिन अब गैस बचाने के लिए शाम 4 बजे से 7 बजे तक केवल चाय, कॉफी या जूस ही बेचे जा रहे हैं।

### मुंबई में बंद होने के कगार पर 50 प्रतिशत होटल

वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों की कमी के कारण मुंबई में स्थिति खराब होती जा रही है। उद्योग से जुड़े संगठनों ने बताया कि हालात सामान्य नहीं हुए तो मुंबई के करीब 50 प्रतिशत होटल और रेस्तरां अस्थायी रूप से बंद हो सकते हैं। फिलहाल 20 प्रतिशत छोटे होटल गैस संकट से प्रभावित हैं। वहीं, गुजरात सरकार ने गैस के औद्योगिक इस्तेमाल (फैक्ट्रियों में उपयोग) पर 50 प्रतिशत की कटौती लागू कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि घरों में गैस की कमी न हो।

**गुजरात में गैस के औद्योगिक इस्तेमाल पर 50% कटौती**

■ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से दो अहम मुद्दों पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में रहने वाले तमिल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई की स्थिति की भी जांच की जाए। वहीं, भाजपा के बंगलूरू दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा है। सूर्या ने गैस सिलिंडर की भारी कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि होटल और रेस्तरां के लिए गैस की सप्लाई लगातार जारी रखी जाए।

# अब अमेरिका नहीं, हम तय करेंगे लड़ाई का अंत : आईआरजीसी

## हमलों के बीच पश्चिम के प्रभुत्व को ईरान की सीधी चुनौती

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने कहा कि इस युद्ध का अंत कब होगा, यह फैसला अमेरिका नहीं, बल्कि ईरान करेगा।

आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने ईरानी सरकारी मीडिया से बातचीत में यह चेतावनी भी दी कि यदि हमले जारी रहते हैं तो ईरान की सेनाएं क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित कर सकती हैं। दुश्मन को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। नैनी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। आईआरजीसी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि ईरान केवल सैन्य मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सूचनात्मक युद्ध में भी अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। उन्होंने इस्राइल और अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिरोध का मोर्चा अब पहले से कहीं अधिक संगठित है। ब्यूरो


अमेरिकी सेना के सार्जेंट बेंजामिन पेनिंगटन का सोमवार को शव ले जाते जवान। वह सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर हमले में घायल हुए थे।

**राजनीतिक संदेश :** नैनी का बयान एक राजनीतिक संदेश है, जिसके जरिए ईरान यह दिखाना चाहता है कि वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में अपनी भूमिका कम नहीं होने देगा। यह बयान घरेलू स्तर पर भी संदेश देता है कि सरकार और सेना संघर्ष के मुद्दे पर मजबूत रुख बनाए हुए हैं।

■ **सैन्य संकेत :** नैनी के बयान से लगता है कि ईरान अपनी ड्रोन और भूमिगत मिसाइल भंडार क्षमताओं के बूते युद्ध में लंबा टिकने की तैयारी कर चुका है। ईरान यह संकेत दे रहा है कि यदि उसके खिलाफ हमले जारी रहे तो वह अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन और क्षेत्रीय नेटवर्क के जरिए लंबे समय तक जवाब देता रहेगा। वह विरोधी पक्ष को यह संदेश देना चाहता है कि संघर्ष लंबा खिंचेगा और इसकी कीमत भी बढ़ेगी।

***मनोवैज्ञानिक युद्ध :*** *पिछले कई दशकों से अमेरिका पश्चिम एशिया में एजेंडा सेट करने वाली भूमिका में रहा है। लेकिन ईरान का ताजा दावा दर्शाता है कि वह अब रक्षात्मक रुख की बजाय रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दे रहा है। यह बयान मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य दुश्मन को अनिश्चितता की स्थिति में रखना है।*

# भारत से कृषि निर्यात पर असर, सैकड़ों कंटेनर फंसे

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेषकर कृषि निर्यात पर गहरा असर पड़ा है। मुंबई से सटे रायगढ़ जिले के न्हावा-शेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) पर केले, अंगूर, तरबूज, अनार और प्याज से भरे सैकड़ों कंटेनर फंसे हुए हैं। जेएनपीए देश का सबसे प्रमुख और व्यस्त कंटेनर बंदरगाह है। यह देश के बड़े बंदरगाहों के कुल कंटेनर कार्गो का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा संभालता है। रमजान के पवित्र महीने में केले, अंगूर, खरबूजे, अनार और प्याज के लिए खाड़ी देशों में निर्यात का यह पीक सीजन होता है लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के कारण निर्यातकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्ट की ओर जाने वाले रास्तों पर कंटेनर ट्रकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। निर्यातकों का कहना है कि स्थिति बेहद खराब है और सामान्य होने में समय लगेगा। राज्य के मत्स्य और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने कहा कि वे बुधवार को जेएनपीए का दौरा करेंगे और सरकार को यथास्थिति से अवगत कराने के लिए विधानसभा में यह मुद्दा उठाएंगे। प्रमोद निर्मल नामक एक केला निर्यातक ने बताया कि रमजान के दौरान जेएनपीए से सबसे अधिक फलों का निर्यात ईरान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत और दुबई को होता है। लेकिन, मौजूदा हालात में जहाज नहीं जा रहे हैं। ब्यूरो



5 YEAR WARRANTY+
IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TVS CREDIT | HINDUJA LEYLAND FINANCE | TATA CAPITAL Count on us | HDFC BANK
स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें.
tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter
Call: 1800 315 7777
# 5% instant cashback of up to ₹ 7 500 on HDFC Bank credit card and debit card transactions above ₹ 49 999.99. Valid till 31st March, 2026. ^ T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. + 5 yr. warranty without any additional charges. * Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Delhi.
FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किरारी 9821274603 बवाना-9821276084 कराला-9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पुरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर - 08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: मालका गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ़- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, फ़ज़ीलाबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बाटा रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.
dentsu/au del/01/26